RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 9
लखनऊ, सोमवार, 25 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



शाकिब टी-20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज
स्पोर्ट्स-11

# मोदी आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना का करेंगे शुभारंभ

● प्रधानमंत्री आज पहुंचेगे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी

● सिद्धार्थनगर से प्रदेश के नौ मेडिकल कालेजों का भी करेंगे लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 25 अक्टूबर सोमवार को राष्ट्रीय योजना आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना का शुभारंभ करेंगे। पांच वर्ष तक चलने वाली इस योजना के लिए 64180 करोड़ रुपये का बजट में प्रविधान किया गया है। इसकी घोषणा 2021-2022 के केंद्रीय बजट में की गई थी। 25 अक्टूबर को पीएम वाराणसी के मेहदीगंज में एक बड़ी जनसभा के दौरान इस योजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री 25 अक्टूबर को ही सिद्धार्थनगर से 2329 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 9 मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने रविवार को सिद्धार्थनगर में तैयारियों को परखा।

कुछ दिनों पहले ही भारत ने कोविड-19 के टीकाकरण का सौ करोड़ का लक्ष्य अपने दम पर हासिल कर दुनिया मे रिकॉर्ड बनाया है। पीएम 25 तारीख़ को काशी की धरती से योजना की शुरुआत करेंगे। जो देश को स्वस्थ भारत की ओर आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस योजना से आने वाले वर्षो में समाज के अंतिम तबके तक के लोगों के स्वास्थ्य को सुधारने में भाजपा सरकार की भूमिका घर-घर पहुँचने वाली है। मोदी सरकार ने स्वस्थ भारत के लिये चार स्तरीय रणनीति बनाई है। जिसमें स्वच्छ भारत अभियान, योग, गर्भवती महिलाओं बच्चों की समय पर देखभाल एवं उपचार जैसे उपायों सहित बीमारी की रोकथाम व स्वास्थ्य कल्याण को बढ़ावा देना है।

समाज के वंचित वर्ग के लोगों को सस्ता और प्रभावी इलाज मुहैया कराना है। स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की गुणवत्ता को बढ़ाना। इनमे आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिये एक मिशन मोड पर काम करना भी है। इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2021-22 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य देश के सुदूर हिस्सों में प्राथमिक माध्यमिक और तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य प्रणालियों की क्षमता विकसित करना है। देश में ही अनुसंधान, परीक्षण और उपचार के लिये एक आधुनिक व्यवस्थित तंत्र विकसित करना है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित है और इसके लिये लगभग 64180 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। जिसकी अवधि 5 वर्ष है। इस योजना में 17788 ग्रामीण तथा 11024 शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के विकास के लिये समर्थन प्रदान करना तथा सभी जिलों में एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं की स्थापना एवं 11 राज्यों में 3382 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना करना है। 602 जिलों और 12 केंद्रीय संस्थानों में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक स्थापित करने में सहांयता करना।

प्रधानमंत्री स्वस्थ भारत योजना के तहत नेशनल इंस्टीट्यूशन ऑफ वन हेल्थ, चार नए राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, डब्लूएचओ दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय अनुसंधान मंच, नौ जैव सुरक्षा स्तर तीन की प्रयोगशालाएं तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों में पांच नए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक प्रधानमंत्री पूर्वाह्न करीब साढ़े दस बजे सिद्धार्थनगर में उत्तर प्रदेश के नौ मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह दोपहर करीब एक बज कर पंद्रह मिनट पर वाराणसी में प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना की शुरूआत करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित रहेंगे।प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश में जिन चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करेंगे वह सिद्धार्थनगर, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, देवरिया, गाजीपुर, मिर्जापुर और जौनपुर जिलों में स्थित हैं। केंद्र प्रायोजित योजना के तहत जिला व रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए आठ चिकित्सा महाविद्यालय स्वीकृत किए गए हैं और जौनपुर में एक मेडिकल कॉलेज को राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों के माध्यम से स्थापित किया गया है तथा इसका संचालन भी शुरू हो गया है। इस केंद्र प्रायोजित योजना के तहत पिछड़े और आकांक्षी जिलों के साथ-साथ उन जिलों को वरीयता दी जाती है, जहां सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इस योजना का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता में वृद्धि करना, चिकित्सा महाविद्यालयों के वितरण में मौजूदा भौगोलिक असंतुलन में सुधार करना और जिला अस्पतालों की मौजूदा अवसंरचना का प्रभावी ढंग से उपयोग करना है। योजना के तीन चरणों के अंतर्गत देश भर में 157 नए चिकित्सा महाविद्यालय मंजूर किए गए हैं, जिनमें से 63 चिकित्सा महाविद्यालयों का पहले से ही संचालन किया जा रहा है।

## योगी ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** ने सिद्धार्थनगर और वाराणसी का भ्रमण कर वहां प्रधानमंत्री के 25 अक्टूबर 2021 को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। भ्रमण कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रस्तावित चित्र प्रदर्शनी तथा माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय के मॉडल को देखा। उन्होंने छायाचित्र प्रदर्शनी, बुद्ध का जीवन दृश्य एवं उत्खनित पुरास्थल कपिलवस्तु एक झलक का अवलोकन किया। ( विस्तृत पेज 2 )



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिद्धार्थनगर में कार्यक्रम की समीक्षा के लिए रविवार को पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# चीन ने नया भूमि सीमा कानून पारित किया

● भारत के साथ सीमा विवाद पर असर पड़ने की संभावना

**भाषा।** बीजिंग

**देश** की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को पवित्र और अक्षुण्ण बताते हुए चीन की संसद ने सीमावर्ती इलाकों के संरक्षण और उपयोग संबंधी एक नया कानून अपनाया है जिसका असर भारत के साथ बीजिंग के सीमा विवाद पर पड़ सकता है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक नेशनल पीपल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थाई समिति के सदस्यों ने शनिवार को संसद की समापन बैठक के दौरान इस कानून को मंजूरी दी। यह कानून अगले वर्ष एक जनवरी से प्रभाव में आएगा।

इसके मुताबिक पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता पावन और अक्षुण्ण है। शिन्हुआ के मुताबिक कानून में यह भी कहा गया है कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में मदद देने, सीमावती क्षेत्रों को खोलने, ऐसे क्षेत्रों में जनसेवा और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, उसे बढ़ावा देने और वहां के लोगों के जीवन एवं कार्य में मदद देने के लिए देश कदम उठा सकता है। वह



सीमाओं पर रक्षा, सामाजिक एवं आर्थिक विकास में समन्वय को बढ़ावा देने के लिए उपाय कर सकता है। देश समानता, परस्पर विश्वास और मित्रतापूर्ण वार्तालाप के सिद्धांतों का पालन करते हुए पड़ोसी देशों के साथ जमीनी सीमा संबंधी मुद्दों से निबटेगा और काफी समय से लंबित सीमा संबंधी मुद्दों और विवादों को उचित समाधान के लिए वार्ता का सहारा लेगा।

बीजिंग ने अपने 12 पड़ोसियों के साथ तो सीमा संबंधी विवाद सुलझा लिए हैं लेकिन भारत और भूटान के साथ उसने अब तक सीमा संबंधी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 3,488 किलोमीटर के क्षेत्र में है जबकि भूटान के साथ चीन का विवाद 400 किलोमीटर की सीमा पर है। विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला ने पिछले सप्ताह कहा था कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर घटनाक्रमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन-चैन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और जाहिर तौर पर इसका व्यापक रिश्तों पर भी असर पड़ा है।

# जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करेगी सरकार: शाह

● कहा, किसी को इस प्रदेश में शांति और विकास को बाधित नहीं करने दिया जाएगा

**भाषा।** जम्मू

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सरकार का उद्देश्य जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करने और नागरिकों की हत्याओं पर रोक लगाने का है। उन्होंने कहा कि किसी को इस केंद्रशासित प्रदेश में शांति और विकास को बाधित नहीं करने दिया जाएगा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में 12,000 करोड़ रुपए का निवेश आ चुका है और सरकार का उद्देश्य 2022 के अंत तक कुल 51,000 करोड़ रुपए का निवेश लाने का है, जिससे स्थानीय युवकों को पांच लाख नौकरियां मिलेंगी। शाह जम्मू कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। पांच अगस्त, 2019 को राज्य का विशेष दर्जा समाप्त करने तथा उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने के केंद्र के फैसले के बाद यह उनका यहां का पहला दौरा है।

जम्मू के भगवती नगर में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) का नाम लिए बगैर कहा कि पिछले सात दशक में जम्मू कश्मीर का विकास नहीं कर पाने के लिए तीन परिवार जनता के प्रति जवाबदेह हैं। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। लोगों की तालियों और नारों के बीच गृह मंत्री ने कहा, मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में विकास का नया चरण शुरू हो गया है, लेकिन नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों की ओर से अड़चन पैदा ( शेष पेज 9 )



सीमा डटे बीएसएफ जवानों को मिठाइयां देते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# कोरोना की तीसरी लहर आने का बढ़ा खतरा

● मुंबई में डेल्टा से भी ज्यादा खतरनाक और संक्रामक एवाई.4.2 वैरिएंट के मिले केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**क्या कोरोना** महामारी की तीसरी लहर भारत के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। हालांकि इस पर विशेषज्ञों की राय एक नहीं है और इस पर अलग-अलग विचार हैं- अगर महामारी की तीसरी लहर आती है तो इसका स्वरूप क्या होगा और वायरस की संक्रामकता कितनी होगी।

वैश्विक जीनोम सिक्वेंसिंग करने वाले आईएनएसएसीओजी नेटवर्क ने निगरानी के दौरान मुंबई में कोविड-19 एवाई. 4.2 वैरिएंट मिला है। म्यूटेशन के बाद सामने आए कोरोना वायरस के इस वैरिएंट ने यूरोप में दहशत पैदा कर दी है क्योंकि यह डेल्टा वैरिएंट से अधिक संक्रामक है। एवाई. 4.2 वैरिएंट डेल्टा परिवार के 45 उप-वंशों में से एक है, कई लोगों में डेल्टा प्लस के रूप में चिह्नित किए जाने पर इसे 'नु' के रूप में नामित किए जाने की संभावना है। म्यूटेशन के बाद सामने आए वायरस के इस वैरिएंट के बारे में रिसर्च अभी शुरुआती दौर में है।

अब तक की स्टडी से पता चलता है कि म्यूटेट से तैयार हुआ यह वैरिएंट डेल्टा की तुलना में कहीं अधिक तेजी से संक्रमित करने वाला है। सरकार पहले से ही लोगों को त्योहारी सीजन के दौरान सुरक्षा मानकों में किसी भी तरह की ढील नहीं देने की चेतावनी दे रही है। पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए दुर्गा पूजा के चलते कोविड केसों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, केंद्र और राज्य की सरकारों ने आपात स्थितियों से निबटने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली व्यवस्था को पहले और दूसरी लहर की तुलना में तीसरी लहर के लिए अच्छा ( शेष पेज 9 )

# राज्यकर्मियों को बढ़ा डीए व बोनस देने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरकार** राज्य कर्मचारियों को दीवाली से पहले बोनस व बढ़ा डीए का भुगतान करने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को तीन फीसद बढ़ाने के निर्णय के बाद योगी सरकार अगले एक-दो दिन में इस पर निर्णय लेगी। चुनावी साल में कर्मचारियों को खुश करने के लिए राज्य सरकार भी जल्द इस पर निर्णय कर सकती है। सरकार दीपावली के मौके पर कर्मचारियों को बोनस देती रही है। इसलिए कर्मचारी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि बोनस के साथ उन्हें बढ़ा डीए भी मिल सकेगा। कर्मचारियों को दीपावली से पहले अक्तूबर का वेतन, बढ़ा डीए और बोनस के रूप में वेतन मिलेगा जिससे बाजार में तेज उछाल की उम्मीद की जा रही है। योगी सरकार राज्य कर्मचारियों को अभी मूल वेतन के 28 फीसद ( शेष पेज 9 )

# लालू ने कांग्रेस का उड़ाया मजाक

● कहा, कांग्रेस के लिए उप चुनाव में सीट छोड़ी तो जब्त हो जाएगी जमानत

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी के सहयोगी दल के रूप में कांग्रेस की उपयोगिता पर रविवार को सवाल उठाते हुए उसका उपहास किया। साथ ही, उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि क्या राजद को विधानसभा उपचुनावों में एक सीट कांग्रेस लिए छोड़ देनी चाहिए, ताकि वह वहां अपनी जमानत जब्त करा ले।

यह पूछे जाने पर कि क्या विधानसभा की दो सीटों पर हो रहे उपचुनाव में राजद द्वारा कांग्रेस को एक सीट नहीं दिए जाने को एक तरह से गठबंधन में टूट के तौर पर देखा जाए, इस पर लालू ने कहा, क्या होता है कांग्रेस का गठबंधन? उल्लेखनीय है कि राजद ने उपचुनावों में विधानसभा की दो सीट में एक सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया है। राजद प्रमुख ने कहा, क्या हमें एक सीट (कांग्रेस को) हारने के लिए देनी चाहिए? ताकि वह अपनी जमानत भी जब्त करा ले? उन्होंने कांग्रेस नेता भक्त चरण दास का भी उपहास किया, जो पार्टी के बिहार प्रभारी हैं और राजद पर निशाना साधते रहे हैं। दास ने हाल ही में कहा था कि कांग्रेस अब राज्य में राजद के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा नहीं है और यहां तक कि यह आरोप भी लगाया था कि पर्दे के पीछे उसका भारतीय जनता पार्टी के साथ साठगांठ है।

लालू ने कहा, क्या वह कुछ जानते भी हैं। उन्होंने अपने दोनों बेटों के बीच कथित तौर पर दरार पड़ने को तवज्जो नहीं दिया और दावा किया उनके परिवार में कोई मतभेद नहीं है। राजद प्रमुख की यह टिप्पणी उनके बिहार के ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,821 | |
| निफ्टी | 18,114 | |
| सोना | 46,678 | /10g |
| चांदी | 64,210 | /kg |

## क्विक न्यूज


### टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया

**दुबई।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन और गेंदबाजों के परिस्थितियों के अनुकूल गेंदबाजी करने मे नाकाम रहने के कारण भारत को आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 12 के ग्रुप दो मैच मे रविवार को यहां पाकिस्तान से 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे उसका अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछले 29 वर्षो से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया। भारत ने विश्व कप (वनडे और टी20) मे 1992 के बाद इस मैच से पहले तक सभी 12 मैचो मे जीत दर्ज की थी लेकिन पहले शाहीन शाह अफरीदी (31 रन देकर पांच) की अगुवाई मे पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने उसके बल्लेबाज नही चले और बाद मे रही सही कसर कप्तान बाबर आजम (68 रन) और मोहम्मद रिजवान (78 रन ) की पहले विकेट के लिए अटूट शतकीय साझेदारी ने पूरी कर दी।

# गवाह का दावा: एनसीबी अधिकारी ने शाहरुख खान से बेटे की रिहाई के लिए मांगे 25 करोड़

● एनसीबी अधिकारी ने आरोपों से इनकार करते हुए इसे पूरी तरह से झूठ और दुर्भावनापूर्ण बताया

**भाषा।** मुंबई



**मुंबई** के अपतटीय इलाके में क्रूज पोत से मादक पदार्थ की जब्ती मामले में स्वतंत्र गवाह ने रविवार को दावा किया कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारी और कुछ अन्य लोगों ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान से मामले में गिरफ्तार बेटे आर्यन खान को रिहा करने के लिए 25 करोड़ रुपए की मांग की।

मामले में गवाह प्रभाकर सैल ने मीडिया को बताया कि एनसीबी अधिकारियों ने उनसे नौ से 10 कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए भी कहा। हालांकि, एनसीबी अधिकारी ने आरोपों से इनकार करते हुए इसे पूरी तरह से झूठ और दुर्भावनापूर्ण बताया है। एनसीबी के जोनल निदेशक समीर वानखेडे के नेतृत्व में इस महीने की शुरुआत में एजेंसी ने क्रूज पोत पर नशे का भंडाफोड़ किया था और उसके बाद मामले में तीन अक्टूबर को आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। इस समय आर्यन मुंबई के आर्थर रोड जेल में कैद हैं। हाल में पुणे पुलिस ने क्रूज पोत मादक पदार्थ मामले में एनसीबी के एक और गवाह के. पी. गोसावी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था जो वर्ष 2018 के धोखाधड़ी मामले में कथित तौर लोगों को विदेश में नौकरी की पेशकश करता था। सैल ने रविवार को आरोप लगया कि एनसीबी के अधिकारी, गोसावी और सैम डिसूजा नाम के एक अन्य व्यक्ति ने शाहरुख खान से उनके बेटे को छोड़ने के एवज में 25 करोड़ रुपए की मांग की थी।

सैल, गोसावी के निजी अंगरक्षक के तौर पर काम करता था और छापेमारी की रात उसके साथ था। उसने दावा किया कि आर्यन खान को एनसीबी के कार्यालय लाए जाने के बाद गोसावी ने डिसूजा से मुलाकात की। सैल ने दावा किया उसने गोसावी को फोन पर डिसूजा को 25 करोड़ रुपए की मांग के बारे में बात करते हुए सुना था और मामला 18 करोड़ पर तय हुआ था क्योंकि उन्हें ( शेष पेज 9 )

# एनआइओएस से डीएलएड करने वाले भी दे सकेंगे यूपी टीईटी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इस** बार यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआइओएस) से डीएलएड करने वालों को भी मौका मिलेगा। अभ्यर्थियों को यह मौका कोर्ट के आदेश पर दिया जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन किये जा सकते हैं जबकि परीक्षा 28 नवंबर को प्रस्तावित है। पूर्व में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से इसमें एनआइओएस से डीएलएड करने वालों को बाहर गया था। ऐसे में कुछ अभ्यर्थियों ने कोर्ट में अलग अलग याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान अंतरिम तौर पर कोर्ट ने शामिल करने मे आदेश उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी को दिया था। आयोग के सचिव संजय कुमार उपाध्याय के अनुसार इन याचीगणों का ( शेष पेज 9 )

# गंगा की गुणवत्ता 2014 से बेहतर हुई

● 97 में 68 स्थान स्नान करने के मानदंडों के अनुरूप

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**गंगा** नदी के जल की गुणवत्ता में 2014 से महत्वपूर्ण वृद्धि है। दरअसल, नदी के पूरे प्रवाह क्षेत्र में घुलनशील ऑक्सीजन का स्तर निर्धारित न्यूनतम स्तर से अधिक है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि जैव-रसायन ऑक्सीजन मांग (बीओडी) निगरानी वाले 53 स्थलों में 32 स्थानों पर 2014 में स्नान की प्राथमिक जल गुणवत्ता मानदंड के अनुरूप थे। वहीं, 2021 में कुल निगरानी केंद्र बढ़ कर 97 हो गए, जिनमें 68 स्थान स्नान के लिए बीओडी मानदंड का अनुपालन करने वाले पाए गए। बीओडी, जीवाणु और अन्य सूक्ष्म जीवों द्वारा उपभोग किए जाने वाले ऑक्सीजन की मात्रा का प्रतिनिधित्व करती है। इसकी मात्रा जितनी अधिक होगी, नदी की धारा में उतनी ही तेजी से ऑक्सीजन की मात्रा घटेगी, जिसका मतलब है कि जलीय जीवन के लिए कम मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध है। मिश्रा ने कहा कि गंगा नदी के जल में घुली हुई ऑक्सीजन की मात्रा बेहतर हुई है। उन्होंने कहा, इस समय, गंगा के पूरे प्रवाह क्षेत्र में जल में घुली हुई ऑक्सीजन (डीओ) की मात्रा पांच मिलीग्राम प्रति लीटर के निर्धारित न्यूनतम स्तर से कहीं अधिक है। नदी जल गुणवत्ता 2014 और 2021 के बीच बेहतर हुई प्रदशित हुई है। मिश्रा ने कहा कि जल गुणवत्ता बेहतर करने के लिए उठाए गए कदमों में प्रतिष्ठानों द्वारों प्रदूषण स्रोतों का नियंत्रण या गंगा की मुख्य धारा और सहायक नदियों के तटों पर स्थित शहरों में दूषित जल शोधन संयंत्र का उन्नयन, शवदाह गृहों का निर्माण, तलछट की सफाई, नदी तट पर व बाढ़ के मैदान में ठोस कूड़ा प्रबंधन तथा गंगा नदी में गिरने वाले नालों में कचरा गिरने से रोकना आदि शामिल है।

# सीएम ने परखीं पीएम के कार्यक्रम की तैयारियां

- प्रधानमंत्री आज सिद्धार्थनगर से 2329 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नौ मेडिकल कॉलेजों का करेंगे लोकार्पण
- मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया तथा जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने आज जनपद सिद्धार्थनगर का भ्रमण कर वहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 अक्टूबर 2021 को प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। भ्रमण कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रस्तावित चित्र प्रदर्शनी तथा माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय के मॉडल को देखा। उन्होंने छायाचित्र प्रदर्शनी, बुद्ध का जीवन दृश्य एवं उत्खनित पुरास्थल कपिलवस्तु एक झलक का अवलोकन किया। पुलिस लाइन सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आहूत एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कल 25 अक्टूबर को प्रधानमंत्री सिद्धार्थनगर से 2329 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 9 मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करने के लिए यहां पधारेंगे। उन्होंने अधिकारियों को समस्त तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित जनसभा स्थल पर पेयजलए शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वाहन पार्किंग तथा सुगम यातायात पर पूरा ध्यान दिया जाए। पार्किंग स्थलों पर लाउड स्पीकर की व्यवस्था रखें। बाहर से आने वाले पुलिस कर्मियों के वाहन के लिए पुलिस लाइन में पार्किंग की व्यवस्था करें। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात् कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई करायी जाए। बैठक में इसके पूर्व जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वाहनों की पार्किंग के लिए स्थल चयनित कर लिया गया है। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ सतीश चन्द्र द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य स्वतंत्रदेव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मोदी के संकल्प को पूरा करने में जुटे हैं योगी

- काशी, क्योटो की तर्ज़ पर कर रही विकास लेकिन अपने मूल स्वरूप को रखा है कायम

**वाराणसी, लखनऊ।** काशी, क्योटो की तर्ज़ पर विकास की राह पर है लेकिन अपना मूल स्वरूप कायम रखा है। वाराणसी में बदलते बनारस की चमकती तस्वीर दिखने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने में मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। गंगा हो या शहर की गलियां सभी को संवारा जा रहा है। वाराणसी के हृदयस्थल गोदौलिया से दशास्वमेघ घाट तक जाने वाला मार्ग के दोनों ओर गुलाबी पत्थरों से पाथ वे, गुलाबी पत्थरों से बनी चौड़ी सड़कें, हेरिटेज लाइट के साथ ही पूरी सड़क को हेरिटेज लुक देने की कोशिश की गई है। वाराणसी का गौदोलिया क्षेत्र अब गुलाबी गलियारा सा दिखने लगा है। सड़क के दोनों तरफ़ की प्राचीन इमारतों को उनके मूल स्वरुप के साथ ख़ूबसूरत बनाया गया है। काशी के हेरिटेज़ को ध्यान में रखते हुए दुकानों व भवनों को सजाया सवारा गया है। चित्रकारी की थीम वाराणसी के प्राचीन पौराणिक भवनों के संरचना पर आधारित है। वाराणसी नगर के ऐतिहासिक भवनों एवं किलों में प्रयोग किये गये पत्थर की नक्काशी तथा भवनों की संरचना, डिजाईनों का एचित्रकारी के कार्य में समावेश किया गया है। चुनार के गुलाबी पत्थरों को सड़कों पर बड़े ही करीने से लगाया गया है। सड़क के दोनों किनारों पर खूबसूरत डिज़ाइनर ख बों के पिलर लगे है। सड़क के दोनों ओर चौड़े पाथ वे बने है। जिससे घाट तक जाने वाले पर्यटक और मार्केटिंग करने वालो को काफी सहूलियत हो रही है। आराम करने की भी व्यस्था इस पाथ वे पर है। गुलाबी पत्थरों को तराश कर डिज़ाइनर बेंच बनाए गए है। वाराणसी शहर में प्रसाद योजना फेज-2 एवं स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट तक पर्यटन विकास का काम 10.78 करोड़ में पूरा हुआ है। इसका उद्घाटन पीएम 25 की वाराणसी यात्रा में करेंगे। गोदोलिया से दशश्वमेध घाट तक जाने वाला रास्ता अब आपको बदला-बदला सा नजर आएगा। इस मार्ग के दोनों तरफके भवनों और दुकानों में एकरूपता दिखे इसका ध्यान रखते हुए सुंदरीकरण का काम किया गया है।

# योगी सरकार ने यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर को नया आयाम दिया: स्मृति ईरानी

- प्रदेश भाजपा के विदेश संपर्क विभाग का अप्रवासी भारतीय संवाद कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विदेश संपर्क** विभाग भाजपा उप्र की ओर से अप्रवासी भारतीय एनआरआई संवाद का आयोजन हुआ। इस ऑनलाइन संवाद को भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार मिलकर भारत को विश्वगुरु बनाने का काम कर रही है। यूपी की योगी सरकार किसान हित के लिए बहुत अधिक संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अब तक 1.44 लाख करोड़ गन्ना मूल्य का रिकॉर्ड भुगतान कराया जा चुका है। 36 हजार करोड़ से अधिक किसानों का कर्जा माफ कराया गया है। एमएसपी पर रिकार्ड खरीदारी, किसानों को 79 हजार करोड़ का भुगतान हुआ है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को 37 हजार करोड़ ट्रांसफर हो चुका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर को नया आयाम दिया है। प्रदेश में 4 नए एक्सप्रेस वे बन रहे हैं जो बहुत जल्द लोकार्पित होने वाले हैं। इसके अलावा सड़कों का निर्माण, सुंदरीकरण, चौड़ीकरण, गड्ढामुक्तीकरण का काम हो चुका है। अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, नए एयरपोर्ट व हवाई पट्टी का निर्माण एवं विकास किया जा रहा है। 10 शहरों में मेट्रो परियोजना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की योगी सरकार ने रोजगार के लिए अतिसंवेदनशील है। उन्होंने कहा कि अब तक प्रदेश सरकार द्वारा 4.5 लाख से अधिक काबिल युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। 3.5 लाख से अधिक युवाओं को संविदा पर नियुक्ति दी गई है। 80 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। ओडीओपी योजना से 25 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावा सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, मूलभूत आवश्यकता इत्यादि पर भी कार्य कर रही है। स्मृति ईरानी ने उक्त संवाद में दुनिया के अनेक देशों से जुड़े अप्रवासी भारतीयों से संवाद किया। संवाद करने वालों में शिकागो से पूनम गुप्ता, टेक्सास से अजय अग्रवाल, स्विटजरलैंड से डा. रूबी बख्शी, केनिया से अभिषेक गुप्ता, मिस्र से दीप्ति सिंह, न्यू जर्सी से भार्गव गोर्टी, अहमदाबाद से अनार मेहता, आबू धाबी से अनुरिता उपाध्याय, मेलबर्न से जय शाह, दुबई से श्रीकिर्ती जोशी, अमेरिका से गिरीश शर्मा अन्य कई प्रवासी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विदेश संपर्क विभाग भाजपा के प्रदेश के संयोजक राज राजेश्वर सिंह, सह संयोजक डा मनोज कुमार शाह, विदेश संपर्क विभाग भाजपा के राष्ट्रीय प्रभारी डा विजय चौथाईवाले ने भी अपने विचार रखे।

## एक बार फिर जनता अखिलेश को मंजिल दिखा देगी: सिद्धार्थनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि पिछले दो चुनावों में सपा को गठबंधन के बावजूद जनता असली मंजिल तक पहुंचा चुकी है। रही सही कसर आगामी विधानसभा चुनाव में भी जनता पूरी करने को तैयार बैठी है। मंजिल तो नहीं मिलेगी अलबत्ता जनता सपा को कहीं का नहीं छोड़ने का मन जरूर बना चुकी है इसका अहसास तो अखिलेश को हो ही गया होगा। अखिलेश के ट्वीट पर तंज कसते हुए सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि अपनी सरकार में उन्होंने पूरी क्षमता और हौसला सूबे को दंगे की आग में झोंकने में लगा दिया था। गुंडों और माफिया को लूटने और गुंडागर्दी की खुली छूट दे रखी थी। एक वर्ग विशेष की तुष्टिकरण में ही पूरा ऊर्जा खपा दी। इससे भी मन नहीं भरा तो पिता और चाचा को ही हाशिये पर डाल दिया। यदि वह आगामी विधानसभा चुनाव के मंजिल की चर्चा कर रहे हैं तो 2014 में कांग्रेस और 2019 में बसपा से हाथ मिला कर अपनी पार्टी की दुर्गति देख चुके हैं। लिहाजा पहले अपनी क्षमता का फिर से आंकलन करके जमीनी हकीकत जान लें। असलियत ड्राइंग रूम से निकल कर फाइव स्टार रथ पर सैर करने से पता नहीं चलेंगी। अन्यथा शेर की सवारी करना मूर्खता ही होगी।

## कांग्रेस ने बनाई मतदाता सूची टास्क फोर्स

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में मतदाता सूची पुनरीक्षण और सत्यापन के लिए पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी की अध्यक्षता एवं पूर्व मंत्री सतीश शर्मा के संयोजन में मतदाता सूची टास्क फोर्स का गठन किया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि इस स बन्ध में सभी कांग्रेसजनों एवं पदाधिकारियों से इस टास्कफोर्स को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गयी है।

## दूसरे चरण की धान खरीद पहली नवम्बर से

**लखनऊ।** यूपी में धान खरीद के दूसरे चरण की शुरू अगले महीने पहली नवम्बर से शुरू होगी। पहले चरण में सामन्य खरीद होने के कारण अधिकारियों को दूसरे चरण की खरीद शुरू होने के बाद क्रय केन्द्र में धान खरीद की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद है। दूसरे चरण की खरीद के लिये सरकारी मशीनरी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। राज्य में पहले चरण में धान की सरकारी खरीद शुरू हुई थी। जिन जिलों में खरीद शुरू हुई थी उनमे लखनऊ सम्भाग के हरदोई, लखीमपुर तथा सम्भाग बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ तथा झांसी है। इनमें धान क्रय की अवधि 31 जनवरी 2022 तक रहेगी। दूसरे चरण में लखनऊ सम्भाग के जिला लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव के अलावा चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, मिरजापुर व प्रयागराज मंडलों में एक नवंबर से 28 फरवरी 2022 तक धान की खरीद होगी। विदित हो कि किसानों की सुविधा के लिए क्रय केंद्रों पर सप्ताह के सभी दिन 50 क्विंटल से अधिक धान खरीदने का योगी सरकार पिछले दिनों फैसला ले चुकी है। इससे पहले सप्ताह में चार दिन सोमवार से गुरुवार तक एक किसान से अधिकतम 50 क्विंटल धान तथा शुक्रवार व शनिवार के दिन 50 क्विंटल से अधिक धान की क्रय किए जाने की व्यवस्था थी। इसके साथ ही सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि अगर कोई किसान किसी केंद्र पर एक बार अपना धान बेच लेता है तो उसे अगली बार भी उत्पादित धान की शेष मात्रा उसी केंद्र पर बेचनी होगी। कृषकों को उपज की मात्रा का आंकलन कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 में प्रति हेक्टेयर अनुमानित औसत उत्पादकता के 120 प्रतिशत के आधार पर किया जाएगा। इससे अधिक की आवश्यकता पाए जाने पर डीएम संबंधित प्रस्ताव खाद्य आयुक्त को भेजेंगे।

## मुलायम ने केंद्रीय उर्वरक मंत्री को लिखा पत्र

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं सांसद मुलायम सिंह यादव ने केंद्रीय उर्वरक मंत्री मनसुखराम मण्डालिया को पत्र लिखकर उर्वरक की भारी कमी बताई है। मुलायम सिंह यादव ने कहा कि हमारे संसदीय क्षेत्र जनपद मैनपुरी में डीएपी एवं एनपीके उर्वरक की भारी कमी है। उन्होंने पत्र लिखकर कहा कि जनपद मैनपुरी में डीएपी एवं एनपीके उर्वरक की भारी कमी होने के कारण आलू व सरसों की खेती के दृष्टिगत किसानों के समक्ष भंयकर कठिनाई उत्पन्न हो गई है । जनपद के किसानों की उपरोक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जनपद मैनपुरी में कम से कम 2 रैक डीएपी एवं एनपीके उपलब्ध कराना अतिआवश्यक है।

# भाजपा सरकार किसानों को तबाह करने पर तुल गई है: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार किसानों को तबाह करने पर तुल गई है। उसकी धान की पकी और खड़ी फसल असमय बरसात से बर्बाद हो गई है। क्रय केन्द्रों में खरीद न होने से किसान को अपनी फसल हजार ग्यारह सौ रूपये प्रति कुंतल में बेचना पड़ रहा है। सरकार ने अभी नुकसान का न आकलन कराया है न तत्काल मदद दी है। भाजपा ने किसान की आय तो दुगनी की नहीं, किसान को कर्ज और परेशानी में और डाल दिया है। अगली फसल की तैयारी के लिए वह खाद के लिए मारा मारा फिर रहा है। डबल इंजन सरकार इसे उपलब्ध नहीं करा रही है। भाजपा सरकार को किसान की जिंदगी से कुछ लेना देना नहीं है। उसकी किसान हित की बातें थोथी और झूठ के अलावा कुछ नहीं है। भाजपा सरकार की संवेदनहीनता की हद है कि खाद के लिए किसान घंटों नहीं, कई-कई दिन लाइन लगाने को मजबूर हैं लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रही है। प्रदेश में जितनी उर्वरक की जरूरत है उतनी किसानों को नहीं मिल रही है। प्रदेश के तमाम जनपदों में खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है पर सरकार कान में तेल डाले है। अखिलेश ने कहा कि बुन्देलखण्ड में तो खाद के कानून व्यवस्था का सवाल बन जाने का खतरा है। कोंच जालौन, ललितपुर, झांसी आदि जिलों में सहकारी समितियों में खाद न होने से किसान परेशान है। किसान रात से लाइन लगा रहे हैं।

## सपा महिला सभा की 45 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**लखनऊ।** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने अपनी 45 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पहली सूची जारी कर दी है। महिला सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में निधी यादव, श्रेया वर्मा को उपाध्यक्ष, रचना सिंह यादव एवं समीना खालिद को महासचिव नामित किया गया है।

# बेसिक शिक्षा विभाग की समस्याओं के निराकरण को कमेटी का गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बेसिक** शिक्षक और कार्मिकों की समस्याओं को निस्तारित कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी पहल की है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति शिक्षक व कार्मिक संगठनों से वार्ता करके उनकी मांगों व समस्याओं का जल्द निपटारा करेगी। अपर मुख्य सचिव गृह ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा से लंबित प्रकरणों व मांगपत्रों को विभागीय टिप्पणी व संस्तुति सहित भेजे जाने का निर्देश दिया है। बेसिक शिक्षा विभाग में भर्तियों को लेकर कई माह से घमासान मचा है। 69000 शिक्षक भर्ती में एक वर्ग की अनदेखी को लेकर अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे हैं तो 68500 शिक्षक भर्ती के बचे पदों पर चयन के लिए अभ्यर्थी लगातार धरना दे रहे हैं। अगस्त माह में उप मुख्यमंत्री आवास के सामने प्रदर्शन करने वालों का मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया उन्हें बुलाकर चर्चा की लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकल सका। इसके अलावा शिक्षामित्रों का समायोजन, अनुदेशक व रसोइयों को भी बढ़े मानदेय का अब तक इंतजार है। मृतक शिक्षकों के आश्रितों को लिपिक पद पर ज्वाइन कराने का निर्णय नहीं हो सका है। इसके अलावा जिले के अंदर शिक्षकों का तबादला, समायोजन व पदोन्नति जैसे तमाम प्रकरण लंबित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बनी कमेटी में अपर मुख्य सचिव वित्त एस राधा चौहान व अपर मुख्य सचिव कार्मिक डा. देवेश चतुर्वेदी को सदस्य बनाया गया है जबकि प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार को सदस्य सचिव बनाया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह ने बेसिक शिक्षा विभाग से सभी लंबित प्रकरण तलब किया है, यह भी निर्देश है कि संबंधित मामले में विभागीय राय क्या है यह भी स्पष्ट रूप से लिखा जाए साथ ही संस्तुति के साथ उसे भेजा जाए।

# कांग्रेस की चौथी प्रतिज्ञा यात्रा दीपावली बाद गोरखपुर से शुरू होगी: नसीमुद्दीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस कमेटी कार्यालय नेहरू भवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व सांसद राकेश सचान एवं पूर्व मंत्री व मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी न रविवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा के संबंध में जानकारी देकर बताया कि कांग्रेस उत्तरप्रदेश के विकास के साथ बेरोजगार नौजवानों, किसानों व महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है।

पूर्व मंत्री व मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि मौजूदा समय में तीन स्थानों से प्रतिज्ञा यात्रा का शुभारंभ किया गया है, साथ ही एक यात्रा का शुभारंभ गोरखपुर से दीपावली के बाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाराबंकी से प्रारंभ होने वाली यात्रा लखनऊ, उन्नाव, फतेहपुर, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, जालौन होते हुए 1 नवंबर 2021 को झांसी में संपन्न होगी। सहानपुर से प्रारंभ होने वाली यात्रा मुज़फ़्फ़रनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, बदायूं, अलीगढ़, हाथरस, आगरा से निकलते हुए मथुरा में संपन्न होगी। इसी क्रम में बनारस से निकलने वाली यात्रा चंदौली, मिर्ज़ापुर, सोनभद्र, प्रयागराज, प्रतापगढ़, अमेठी से होते हुए रायबरेली में संपन्न होगी। पूर्व सांसद राकेश सचान ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व उत्तर प्रदेश की प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी द्वारा घोषित सातों प्रतिज्ञाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। कार्यकर्ता जनता के मध्य कांग्रेस की नीतियों व घोषणाओं के साथ वचन हम निभाएंगे के वादे के साथ जमीनी स्तर पर सक्रिय हो चुके है कांग्रेस की विजय सेना उत्तर प्रदेश के पुराने गौरव व वैभव को पुनर्स्थापित करने के लिये प्रतिबद्ध है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी बेरोजगारी, हत्या, अपराध, दुष्कर्म व सत्ता प्रायोजित अपराधों के विरुद्ध जिस तरह न्याय के लिये संघर्ष पथ पर हैं उससे जनता का भरोसा कांग्रेस के साथ देखने को मिलने लगा है।

# भाजपा के राज में भुखमरी बढ़ी: शिवपाल यादव

- भारतीय जन सेवा पार्टी का प्रसपा में विलय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रगतिशील समाजवादी** पार्टी में भारतीय जन सेवा पार्टी के विलय की घोषणा करते हुए प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रसपा की ताकत लगातार बढ़ रही है। स्वामी लक्ष्मी शंकर आचार्य व मुर्तुजा अली जैसे सामाजिक नेताओं द्वारा प्रसपा का दामन थामने से सेकुलर अभियान को गुणात्मक शक्ति मिली है। भाजपा पर करारा प्रहार करते हुए शिवपाल ने कहा कि भाजपा राज की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में गरीबी और भुखमरी बढ़ी है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत 104वें स्थान पर आ गया है जबकि पिछले साल 94वें पायदान पर था । पाकिस्तान, लंका, नेपाल तक की स्थिति हिंदुस्तान से बेहतर है । भाजपा बुनियादी सवालों से देश को भटकाने का काम बड़ी चालाकी से करती है । भुखमरी व कुपोषण के मोर्चे पर भाजपा सरकार पूर्णतया विफल रही है। दो चरणों की परिवर्तन यात्रा से प्रसन्न शिवपाल ने कहा कि कृष्ण जितने मीरा व सूर के हैं उतने ही रहीम व रसखान के हैं। भारतीय संस्कृति विभाजन व नफरत के खिलाफरही है। साम्प्रदायिकता से लड़ना हमारा लोक कर्तव्य है। शिवपाल ने जोर देकर कहा कि राम व कृष्ण के नाम पर साम्प्रदायिकता फैलाना ठीक नहीं, विभाजन की संकुचित राजनीति के परिणाम खतरनाक होते हैं।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 4550 मरीजों को मिला इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आम जनता** को समीप इलाज उपलब्ध कराने को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया गया। मेले के दौरान 4540 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी डा विवेक दुबे ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में कुल 4540 मरीज पंजीकृत हुए। जिसमें पुरुष मरीज 1938, महिला मरीज 1932 व 670 बच्चे थे। इस अवसर पर 98 आयुष्मान कार्ड बने। आरोग्य मेले का आयोजन कोविड से बचाव के सभी प्रोटोकॉल के साथ किया जा रहा है साथ ही 253 लोगों का एंटीजन टेस्ट किया गया जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई।

मेले के माध्यम से गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन परामर्श और जरूरी सेवाएंए परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके फायदे भी बताये जा रहे हैं। ओपीडी सेवाओं के साथ ही टीबी, मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन की सुविधाएँ दी जा रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही गोल्डन कार्ड का वितरण किया जा रहा है। इन मेलों के द्वारा पूर्ण टीकाकरणए उसके बारे में परामर्श दिया जा रहा है।

# पोलियो के खिलाफ एकमात्र बचाव टीकाकरण: मेयर

- भारत पोलियो मुक्त हो चुका है लेकिन अफगानिस्तान व पाकिस्तान से खतरा कायम: भाटिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**हनुमान सेतु** पर विश्व पोलियो दिवस पर साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली के समापन कार्यक्रम की अतिथि महापौर द्वारा किया गया। महापौर ने पोलियो वायरस के खिलाफ एकमात्र बचाव इसका सशक्त टीकाकरण कार्यक्रम है। साथ ही पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो वायरस सक्रिय है। यह पोलियो वायरस इन देशों से आने वाले वयस्कों के माध्यम से आसानी से भारत में प्रवेश कर सकता है। रविवार को रोटरी क्लब लखनऊ द्वारा विश्व पोलियो दिवस पर साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह हनुमान सेतु पर हुआ जिसमें महापौर संयुक्ता भाटिया अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। महापौर ने कहा कि भारत तो 6 वर्ष पहले ही पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है लेकिन आज भी हमको इस अभियान की जरूरत क्यों पड़ रही है क्योंकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो वायरस सक्रिय है। यह पोलियो वायरस इन देशों से आने वाले वयस्कों के माध्यम से आसानी से भारत में प्रवेश कर सकता है। डब्लूएचओ के मुताबिक 2016 में पाकिस्तान ने 20 वन्य पोलियो वायरस के मामले दर्ज किये जबकि अफगानिस्तान में 13 मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ ने यह भी कहा है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से वायरस फैलने का खतरा अधिक रहता है।

## चोरी हुई डिस्पैच पंजिका के साथ निलंबित लेखाधिकारी गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने फर्जी अनुमोदन पत्र तैयार करने में बेसिक शिक्षा कार्यालय देवरिया की चोरी हुई डिस्पैच पंजिका वर्ष 2010-11 को बरामद कर निलम्बित चल रहे वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा देवरिया को गोरखपुर से किया है। गिरफ्तार किए गए जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव निवासी 89 आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर गोरखपुर के रहने वाले हैं जिनके पास से चोरी गयी डिस्पैच पंजिका वर्ष 2010-11 बरामद किया गया है। एसटीएफ के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापकों के फर्जी दस्तावेज के आधार पर नियुक्ति होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। बेसिक शिक्षा कार्यालय देवरिया का वर्ष 2010-11 का डिस्पैच पंजिका चोरी का मुकदमा वरिष्ठ खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा 19 जुलाई 2021 देवरिया में पंजीकृत कराया गया।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम राहुल सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह से बदलकर रोहित सिंह पुत्र जागेन्द्र सिंह (Rohit Singh S/o Jagendra Singh) कर लिया है अब मैं इसी नाम से जाना जाता हूँ-रोहित सिंह पुत्र जागेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भौंरा पोस्ट बनीपारा, कानपुर देहात।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सूदखोरों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**● पूर्व में की गयी शिकायतों का पुलिस ने नहीं लिया कोई संज्ञान**

**●चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज, हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिनहट** थाना क्षेत्र के कमता में काम कर लौट रहे 37 वर्षीय शंभू रावत को लाठी डंडों से लैस सूदखोरों ने पीट पीटकर लहुलुहान कर दिया। मौके पर पहुंचे घरवाले अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही शंभू की सांसें थम गईं। इस मामले में मृतक की पत्नी खुशबू ने लौलाई गांव निवासी राहुल, मनोज, विनोद व लालू के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार चिनहट क्षेत्र के लौलाई गांव निवासी 37 वर्षीय शंभू रावत मकानों में रंगाई पुताई का काम कर परिवार का जीवन यापन करते थे। शंभू के भाई अजीत रावत ने बताया कि उसके भाई शंभू ने कुछ दिनों पहले गांव के ही रहने वाले राहुल से दो लाख रुपए कर्ज लिया था जो उन्हें वापस लौटा दिया था। आरोप है कि राहुल, मनोज, विनोद व लालू दो लाख रुपए के ऐवज में छह लाख रुपए ब्याज मांग रहे थे। ब्याज न अदा करने पर जान से मारने की धमकी भी दिया करते थे।

अजीत के मुताबिक उसके बड़े भाई शंभू रावत रोज की तरह शनिवार को काम कर गए थे कि शाम करीब सात बजे घर लौटते समय राहुल, मनोज, विनोद व लालू ने कमता पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर घेर लिया और लाठी डंडे से पीट पीटकर अधमरा कर दिया। बताया गया कि घरवाले घायल को अस्पताल ले गए जहां मौत हो गई। लौलाई गांव निवासी शंभू रावत अपनी पत्नी खुशबू सहित तीन बच्चों के साथ रहते थे। आरोप है कि ब्याज को लेकर कई बार सूदखोर राहुल शंभू को जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी शिकायत चिनहट पुलिस को दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई थी।

घरवालों का आरोप है एक बार नहीं कई बार नामजद आरोपियों के खिलाफशिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस बस यह कहकर टरका देती थी कि कारवाई की जा रही है। नतीजतन पुलिस की लापरवाही के चलते शंभू की जान चली गई।

## उधारी वसूलने के लिये शोरूम मालिक ने राजगीर और उसकी मां को सड़क पर पीटा

**निगोहां।** उधारी वसूलने को लेकर शनिवार शाम को कस्बे के एक शोरूम मालिक ने बाइक सवार राजगीर को स्टेशन रोड पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बीच बचाव करने पहुंची राजगीर की माँ की भी पिटाई कर दी। ग्रामीणों के हस्तक्षेप करने के बाद शोरूम मालिक के चंगुल से छूटे राजगीर ने पूरे मामले की शिकायत निगोहां थाने पर की। वही पीड़ित का आरोप है कि निगोहां पुलिस शोरूम मालिक के प्रभाव में 24 घण्टे बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही नही कर रही है।घटनाक्रम के अनुसार निगोहां के दखिना शेखपुर गांव के रहने वाले राजगीर अभिषेक रावत ने बताया एक साल पहले निगोहां कस्बे के एक बजाज शोरूम से पल्सर बाइक खरीदी थी। कोरोना संकट से आई आर्थिक तंगी के चलते बकाया के पांच हजार देने में लेट हो गया था। पर बकाया धनराशि जल्द चुकता करने की बात कह रहा था। शनिवार शाम अभिषेक अपनी माँ सावित्री के साथ निगोहा कस्बे आया था। इसी बीच शोरूम मालिक ने बीच सड़क पर उसे पीटना शुरू कर दिया। अभिषेक ने बताया कि शोरूम मालिक से काफी मिन्नतें की पर शोरूम मालिक ने एक न सुनी। बेटे को पिटता देखकर बीच बचाव को आयी उसकी मां की भी शोरूम मालिक ने पिटाई कर दी। इस दौरान उधर से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने शोरूम मालिक से विरोध जताया तो तब जाकर वह शोरूम मालिक के चंगुल से छूटा इसके बाद भागकर निगोहां थाने पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। पर पुलिस ने मामले को दर्ज करना तो दूर मौके पर जाकर जांच पड़ताल करना उचित नही समझा और अगले दिन रविवार को बुलाया। लेकिन कोई कार्यवाही नही की।

# टेकेदार की पिटाई कर 28 हजार रुपये मोबाइल और बाइक लूट ले गए बदमाश

**● पुलिस ने तहरीर में किया खेल, चोरी में दर्ज कर दी एफआईआर**

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**पीजीआई** से घर लौट रहे बाइक सवार बिल्डिंग ठेकेदार की डण्डे से पिटाई कर शनिवार शाम दो बदमाश उसकी बाइक, मोबाइल और 28 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। वारदात के बाद घटनास्थल से गुजर रहे एक अन्य बाइक सवार की मदद से ठेकेदार ने बदमाशों का पीछा भी किया लेकिन कुछ देर में ही दोनों आंखों से ओझल हो गए। उधर कोतवाली पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने पीड़ित की तहरीर में खेल कर लूट की वारदात को चोरी में दर्ज कर दिया। हालांकि इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया पीड़ित की तहरीर पर चोरी की एफआईआर दर्ज की गई है। तहरीर बदलवाने का आरोप निराधार है। वारदात को अंजाम देकर भागे अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। कोराना गांव निवासी राजाराम बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का कार्य करते हैं। राजाराम के मुताबिक शनिवार की शाम करीब 7 बजे वह अपनी बाइक से पीजीआई होकर वापस घर लौटे रहे थे। तभी रास्ते में जंगल के निकट बीच सड़क पैदल चल रहे दो युवकों ने बाइक की स्पीड स्लो करते ही अचानक उन पर हमला बोलकर डण्डे से पिटाई करने लगे। डण्डे के ताबड़तोड़ प्रहार से राजाराम बाइक लेकर सड़क पर गिर पड़े लेकिन इससे पहले कि वह संभल पाते चेहरे पर मास्क लगाए दोनों बदमाशों ने उनका बैग और मोबाइल छीन लिया। फिर धमकाते हुए दोनों लुटेरे राजाराम की ही बाइक लेकर सिसेण्डी रोड की ओर भाग निकले। राजाराम के मुताबिक बैग में 28 हजार रुपये और जरुरी दस्तावेज समेत अन्य सामान रखा हुआ था।

## कम्प्यूटर आपरेटर के परिवार से हुई लूट पचा गई पुलिस

मोहनलालगंज के कुढ़ा गांव निवासी जितेन्द्र कुमार ब्लाक की मनरेगा सेल में कम्प्यूटर आपरेटर हैं। 12 सितम्बर को जितेन्द्र अपनी पत्नी नेहा और डेढ़ साल की बच्ची काव्या को लेकर बाइक से मोहनलालगंज कस्बे में खरीदारी करने आए थे। घर वापस लौटते वक्त चेहरे पर मास्क लगाए अपाची सवार लुटेरे उनकी पत्नी का पर्स छीन ले गए। जितेन्द्र के मुताबिक पर्स में सोने की झुमकी ,बच्ची के पायल, मोबाइल और 18 सौ रुपये रखे थे। शिकायत करने पर पुलिसकर्मियों ने जल्द बरामदगी का भरोसा देकर टरका दिया। बीडीओ अजीत कुमार सिंह की पैरवी भी बेकार गई। लेकिन बयालीस दिन बाद भी जितेन्द्र के परिवार को न्याय नहीं मिल सका है।

## बीमारी से परेशान मजदूर और नशे के लती युवक ने की खुदकुशी

**मोहनलालगंज।** कनकहा इलाके में किडनी की बीमारी से परेशान चल रहे युवक ने शनिवार की रात खुदकुशी कर ली। करवाचौथ से एक दिन पहले ही पत्नी सुनीता का सुहाग उजड़ गया। वहीं मोहनलालगंज में नशे के लती युवक ने भी घर के पीछे खाली पड़े प्लाट में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मोहनलालगंज के कलंदर खेड़ा निवासी उदयराज किडनी की बीमारी से पीड़ित था। बीमारी की वजह से कमाई बन्द थी और तंगहाली इलाज में बाधा बन रही थी। जिसे लेकर परेशान चल रहे उदयराज ने शनिवार की रात घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके परिवार में पत्नी सुनीता के अतिरिक्त तीन मासूम बच्चे हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं मोहनलालगंज के ज्योतिनगर तिराहा निवासी सोनू नशे का लती था। रविवार की सुबह सोनू का शव घर के निकट खाली पड़े प्लाट में बबूल के पेड़ से गमछे के फंदे पर लटकता बरामद किया गया। भाई आशीष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पीएम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

# आईईटी में कल्चरल फेस्ट अंकुरण का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डॉ एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल के निर्देशन में दो दिवसीय टेक्निकल एवं कल्चरल फेस्ट अंकुरण का आयोजन रविवार को किया गया। फेस्ट की ईसीई विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि दो दिवसीय टेक्निकल एवं कल्चरल फेस्ट अंकुरण संस्थान के इलेक्ट्रानिक्स विभाग की सोसाइटी ऑफ इलेक्ट्रॉनिक एक्सप्लोरेशन एंड डेवलपमेंट द्वारा आयोजित किया गया।

उत्सव के अंतर्गत मुख्यतया दो तकनीकी प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में रोबोसॉकर एवं रोबोवॉर शामिल हैं। इन में कुल 20 टीम ने प्रतिभाग किया। इन प्रतिस्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने खुद से बनाये गये बॉट का प्रदर्शन किया। एक तरफजहाँ तकनीकी प्रतिस्पर्धाओं में छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। वहीं दूसरी तरफ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से लोक गायन एवं नृत्यों से युवा पीढ़ी को अवगत कराने का अवसर मिल सका। संस्थान के अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस कार्यक्रम में 1990 बैच के एल्यूमिनस विद्यार्थी भी शामिल हुए। इनमें 1990 बैच के पास आउट प्रशांत सक्सेना, संकेत वर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, नीति सरकार ने अपने अनुभव और यादें छात्रों के साथ साझा किए। कार्यक्रम का संचालन प्रो सुबोध वारिया एवं डॉ आरसीएस चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम समन्वयक छात्र धर्मेश कुमार, मनीष, राज कृष्णन, प्रशांत, अजीत, खुशी और आशीष, सौम्या, सताक्षी, नमन द्वारा सफलता पूर्वक फेस्ट का आयोजन किया गया।

## डेंगू के 24 नए रोगी मिले, आठ घरों को नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में रविवार को 24 नए डेंगू के मरीज पाए गए हैं। इनमें इन्दिरानगर, एनके रोड, अलीगंज, आलमबाग, टूडियागंज, सिल्वर जुबली, चिनहट आदि क्षेत्र शामिल हैं। आज कुल 1407 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 8 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। वहीं जनपद में डेंगू रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारीए लखनऊ के निर्देशानुसार नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा न्यू हैदरगंज, मल्लाही टोला, इस्माइलगंज प्रथम, चिनहट, खरिका प्रथम, गीतापल्ली, त्रिवेणीनगर, फैजुल्लागंज वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।

## क्विक न्यूज

### विषम सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर असमंजस में लविवि छात्र

**लखनऊ।** विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय अभी तक कोई निणर्य नही ले सका है। जबकि आने वाले दो माह के अंदर विषम सेमेस्टर परीक्षा प्रस्तावित है। अभी तक न तो स्टूडेंट्स और न ही शिक्षक को इस बात की जानकारी है कि परीक्षा एमसीक्यू आधारित होगी या पूर्व की तरह। कोरोना काल मे लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से एमसीक्यू सिस्टम लागू किया था। पर कोरोना की दूसरी लहर के समाप्त होने के बाद पढ़ाई को ऑफलाइन कर दिया गया है। ऐसे में सत्र 2021-22 की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। ऑफलाइन कक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित होने लगी हैं। दिसम्बर और जनवरी माह में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं होना है। परीक्षाओं को लेकर छात्रों के मन में यही सवाल है कि परीक्षाएं किस प्रारूप में होंगी। बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक का कह आ है कि विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए कई बार शिक्षकों से पूछा कि फॉर्मेट पर परीक्षाएं होंगी लेकिन सही जवाब नहीं मिला। परीक्षा का फॉर्मेट पता चल जाए तो अच्छे से तैयारी की जा सकती है। वहीं बीकॉम पांचवे सेमेस्टर के छात्र घनश्याम का कहना है कि परीक्षाएं अगर एमसीक्यू आधारित होनी है तो उसके लिए अलग तैयारी करनी होगी और अगर परीक्षाएं थ्योरी आधारित हैं तो उसकी तैयारी करनी होगी। वहीं इस बाबत विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो एएम सक्सेना ने कहा कि विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं का प्रारूप जल्द ही तय कर लिया जाएगा। अगले एक दो दिनों में परीक्षा समिति की बैठक कर निर्णय ले लिया जाएगा कि परीक्षाएं एमसीक्यू पर होगी या थ्योरी प्रणाली पर होंगी।

### एलयू स्नातक की दूसरी ऑनलाइन काउंसिलिंग आज से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की स्नातक के अंतर्गत कुछ पाठ्यक्रमों की बची हुई सीटों पर सोमवार 3 बजे से आनलाइन द्वितीय काउंसिल के तहत द्वितीय च्वाइस फिलिंग शुरू होगी। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है। जिन पाठ्यक्रमों की आनलाइन द्वितीय काउन्सलिंग प्रारम्भ की जा रही है उनमे बीसीए, बीबीए, बीएफए-बीवीए, बीकॉम चार वर्षीय और बीकॉम आनर्स शामिल हैं। काउन्सलिंग के अंतर्गत च्वाइस फिलिंग वही स्टूडेंट्स कर सकते हैं जिनका नाम और रैंक ओवरआल (प्रोविज़नल) मेरिट लिस्ट में है। एक अन्य खबर के मुताबिक परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश के अंतर्गत बीपीएड, एमबीए, एमपीएड, एमएड की च्वाइस फिलिंग प्रारम्भ हो गयी है। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर है। काउन्सलिंग के अंतर्गत च्वाइस फिलिंग उन सभी अभ्यर्थियों को करनी हैं जो प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए है। च्वाइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थी को 200 रूपये आनलाइन जमा करना होगा। वहीं पीजी प्रवेश के अंतर्गत बॉटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबायलॉजी, फिजिक्स, रिनीवल एनर्जी, केमिस्ट्री, फार्मक्यूटिकल केमिस्ट्री, समाजशास्त्र और कामर्स विषयों की प्रोवीजनल कम्प्लीट मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज के में जारी कर दी गयी थी। इन विषयों में उपलब्ध परास्नातक सीटों के सापेक्ष मेरिट के अनुसार सीट आवंटन कर दिया गया है। आवंटन की सूचना अभ्यर्थी के लागइन पर उपलब्ध करा दी गई है। फ़ीस जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर है।

### सीएमएस में अन्तरराष्ट्रीय कामर्स एवं इकोनॉमिक्स सम्मेलन 28 से

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के तत्वावधान में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय युवा कामर्स एवं इकोनॉमिक्स सम्मेलन (आईवाईसीसीई-2021) का आयोजन 28 से 30 अक्टूबर 2021 तक ऑनलाइन किया जा रहा है। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा 28 अक्टूबर, वृहस्पतिवार को बतौर मुख्य अतिथि सम्मेलन का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

### सीबीएसई बोर्डः प्रैक्टिकल परीक्षा की होगी जियो टैगिंग

**लखनऊ।** इस बार केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की टर्म वन परीक्षा से पूर्व ही विद्यालयों को अपने स्तर पर हाईस्कूल और इंटर के प्रैक्टिकल सम्पन्न कराने होंगे। प्रैक्टिकल स्कूल में हो रहे हैं, इसकी प्रमाणिकता के लिए विद्यालय को प्रैक्टिकल रिपोर्ट के साथ ही प्रैक्टिकल के वीडियो, फोटो और जियो टैगिंग रिपोर्ट भी भेजनी होगी। सीबीएसई हाईस्कूल टर्म वन की बोर्ड परीक्षाएं 30 नवम्बर से 11 दिसम्बर एवं 12 वीं की परीक्षाएं एक दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक प्रस्तावित हैं। हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाओं में प्रश्न पत्र हल करने के लिए छात्रों को डेढ़ घंटे का समय मिलेगा। परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र प्रणाली के आधार पर 50 प्रतिशत पाठ्यक्रम के साथ होंगी। वहीं सीबीएसई ने टर्म वन की परीक्षाएं ऑफलाइन कराने का निर्णय लिया है। प्रैक्टिकल भी ऑफलाइन कराए जाएंगे लेकिन इसके लिए छात्रों को किसी अन्य सेंटर में नहीं बल्कि अपने ही सेंटर पर प्रैक्टिकल देना होगा। दूसरे कोरोना महामारी को देखते हुए बोर्ड ने तय किया है कि परीक्षाओं के लिए छात्र.छात्राओं को किसी अन्य परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देने नहीं जाना होगा। सेल्फसेंटर प्रणाली के आधार पर टर्म वन की बोर्ड परीक्षाएं आयोजत की जा रही हैं।

### महिला दुकानदार से चेन लूट ले गए बदमाश

**लखनऊ।** जानकीपुरम इलाके में दिनदहाड़े किराना स्टोर पर बैठी महिला से बेखौफ़बाइक सवार बदमाश चेन लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। सेक्टर तीन जानकीपुरम विस्तार निवासी केन्द्रमल केशरवानी की केशरवानी किराना स्टोर के नाम से दुकान है। रविवार दोपहर करीब दो बजे केन्द्रमल केशरवानी ऊपरी हिस्से में लंच करने चले गए। उनकी पत्नी अनीता केशरवानी दुकान पर बैठ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तभी एक बाइक से आए दो बदमाशों ने पहले दुकान से कुछ खाने के लिए खरीदा और बाहर खड़े रहे। मौका पाते ही एक बदमाश ने अनीता के गले मे झपट्टा मार कर चेन लूट कर भाग निकले।

## रंगदारी मांगने का आरोपी कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**लखनऊ।** वजीरगंज पुलिस ने पांच महीने से धोखाधड़ी और रंगदारी मांगने के आरोप में फार चल रहे कांग्रेस नेता मो. रफीक उर्फअल्लू मियां को शनिवार देर रात फन रिपब्लिक मॉल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की तरफसे शुरू की गई प्रतिज्ञा यात्रा में शामिल होने के लिए अल्लू मियां लखनऊ आए थे। जगदीशपुर निहालगढ़ निवासी मो. रफीक उर्फअल्लू मियां कांग्रेस के साथ लंबे वक्त से जुड़े हैं। उनके खिलाफ आठ मई को कैसरबाग कसाईबाड़ा निवासी वैभव श्रीवास्तव ने धोखाधड़ी, जाली कागज बनाने, रंगदारी मांगने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। अल्लू मियां के साथ उनकी पत्नी मेहरुनिशां और बेटा मो. आदिल रसीद भी आरोपी हैं। एसीपी चौक आईपी सिंह के मुताबिक अल्लू मियां को गिरफ्तार किया गया है।

## एमआरआई की प्रगति पर केजीएमयू में सीएमई का किया गया आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेडियोडायग्नोसिस विभाग की तरफ से एमआरआई में प्रगति पर एक सीएमई का आयोजन किया। जिसमें देश भर के उल्लेखनीय वक्ताओं ने भाग लिया। डॉ नीरा कोहली के अनुसारए संगोष्ठी में एमआरआई की नवीनतम टेक्नीक जैसे गर्भस्थ शिशु की जन्मजात बीमारियों और नवजात बच्चों के मस्तिष्क के एमआरआई विषय पर व्याख्यान हुए।

केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने एमआरआई में उल्लेखनीय तकनीकी प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेखांकित किया कि यह एनएमआर के साथ कैसे शुरू हुआ और आधुनिक एमआरआई तक पहुंच गया है। जो रोगी प्रबंधन को बदल रहा है। डॉ प्रिसिला जोशी ने भ्रूण के मस्तिष्क एमआरआई पर ध्यान केंद्रित करते हुए भ्रूण एमआरआई और यह कैसे प्रबंधन को प्रभावित कर रहा है।

डॉ अनीत परिहार ने रेडियोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की भूमिका पर चर्चा की। डॉ दुर्गेश द्विवेदी ने ट्यूमर एंजियोजेनेसिस के आकलन में परफ्यूज़न एमआरआई में कुछ सबसे हालिया प्रगति के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे रेडियोजीनोमिक्स, कंप्रेस्ड सेंसिंग और समानांतर इमेजिंग ने तेजी से इमेजिंग करना और कैंसर का जल्द पता लगाने में मदद कर रहा है। लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ अनीश मोहिमेन ने शिशु के मस्तिष्क की एमआर इमेजिंग पर चर्चा की, जबकि डॉ गौरव राज ने रेक्टल कैंसर में एमआरआई में हालिया प्रगति को संबोधित किया। अन्य वक्ताओं में डॉ समरेंद्र नारायण, डॉ वैशाली उपाध्याय, डॉ नीरज जैन और डॉ स्विश के सिंह ने विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर चर्चा की।

## आधा दर्जन लोगों पर मारपीट का आरोप

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने गांव के ही करीब आधा दर्जन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बंथरा के नीवां गांव निवासी रामकिशोर के मुताबिक बीती 21 अक्टूबर को रात करीब 9 बजे उनके घर में जन्मदिन समारोह चल रहा था। तभी अचानक लाठी-डंडों के अलावा सरिया व असलहों से लैस होकर वहां पहुंचे गांव के ही कुलदीप, सहज राम, रमेश, प्रदीप, राकेश और सतीश ने मिलकर रामकिशोर के बेटे पंकज, भतीजे अजय और धर्मेंद्र की पिटाई कर दी। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। इस घटना में पंकज अजय और धर्मेंद्र चोटिल हो गए। फिलहाल पुलिस ने रामकिशोर की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## समिति के स्थापना दिवस पर कोरोना योद्धाओं का हुआ सम्मान



**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**कोरोना** काल के मुश्किल दौर में जान की परवाह किए बिना आमजन की मदद के लिए हर पल तत्पर रहे कोरोना योद्धाओं को शिवाय सेवा समिति के पांचवे स्थापना दिवस के मौके पर अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में डॉ. ओपी मिश्र, डॉ. इजहार हुसैन, डॉ. विजय त्रिवेदी, डॉ. अनिल सरकार , डॉ. ललित गुप्ता ,डॉ. आशीष सक्सेना, डॉ. अशरफऔर डॉ. राजेन्द्र सक्सेना शामिल रहे। मोहनलालगंज के मऊ गांव में वंशी बाबा मंदिर परिसर में शिवाय सेवा समिति का स्थापना दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। कोरोना काल के दौरान सामाजिक सरोकारों में बखूबी जिम्मेदारी निभाने को लेकर समिति की कार्यकारिणी को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी ने समिति के उद्देश्य और दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक तिवारी, अरुणेश प्रताप सिंह , अजय मिश्र , नवीन वर्मा, अनुपम मिश्र और मनीष तिवारी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मिलावटखोरी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी: डीएम

**● खाद्य वस्तुओं के मूल्य नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**खाद्य वस्तुओं** यथा तेल, दाल, फल सब्जी आदि के मूल्य नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी द्वारा बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा मिलावटखोरी को बर्दाश्त नहीं किये जाने के निर्देश दिए। यही नहीं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई को पूर्ण कराने के लिए कहा गया। खाद्य वस्तुओं यथा तेल, दाल, फल सब्जी के मूल्य नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में विभिन्न सामग्रियों एवं फल सब्जी एवं खाद्य तेलों में मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण के लिए व्यवसायियों को जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि वह आवश्यक रूप से खाद पदार्थों का भंडारण ना करें। थोक मंडी के मूल्य से अधिक पर बिक्री ना करें। फल सब्जी समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि बरसात के कारण दाम में वृद्धि हुई है जो धीरे धीरे सामान्य की ओर बढ़ रही है। दाल व खाद्य तेल के व्यवसाय से संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया कि दाल के मूल्य में लगातार गिरावट आ रही है। तेल के दाम में भी गिरावट जारी है। जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यवसायियों को यह भी निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जिस प्रकार दलहन के स्टाक का अंकन पोर्टल पर किया जा रहा है उसी प्रकार खाद्य तेलों के लिए भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई को पूर्ण करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों के तहत किसी भी प्रकार की जमाखोरी व मिलावट खोरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## तीन लुटेरे गिरफ्तार, कब्जे से आठ मोबाइल फोन व नकदी बरामद

**लखनऊ।** अलीगंज पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है पुलिस ने बताया कि पकड़े गए लुटेरों ने इलाके में कई लूट की वारदात को अंजाम दिया है पुलिस ने उनके कब्जे से लूट के आठ मोबाइल फोन नकदी व बरामद की है। एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह ने बताया कि इलाके में बढ़ रही लूट की घटनाओं के मद्देनजर एक टीम का गठन कर सर्विलांस के माध्यम से ट्रेस करने का प्रयास शुरू किया गया। इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन लुटेरे किसी लूट की घटना को अंजाम देने के फ़िराक में हैं और वह इलाके में मौजूद हैं। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और तीनों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम लखीमपुर निवासी शौरभ मिश्रा, विकाश राठौर और उपरोक्त निवासी लालता प्रसाद बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गए आठ मोबाइल, पर्स व नकदी बरामद की है।

# महापौर ने किया छठ पूजा स्थल का निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**छठ** पूजा स्थल का महापौर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा झाड़ू लगाकर श्रम दान भी किया गया। निरीक्षण कर वहां मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रविवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने छठ पूजा स्थल का निरीक्षण किया। महापौर ने वहाँ झाड़ू लगाकर श्रम दान भी किया। पूजा स्थल पर पहुंचकर महापौर ने मैदान की स्वच्छ्ता, शौचालय की सफाई, पूजा घाट एवं वहां बने वेदी का भी निरीक्षण कर वहां मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महापौर ने मौजूद अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर घाटों की साफ सफाई एवं नदियों की स्वच्छ्ता भी सुनिश्चित कर लें ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर महापौर संग अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभनाथ राय, महामंत्री मनोज सिंह , वेद प्रकाश राय, आरके श्रीवास्तव, विशेष सचिव गृह अनिल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पीएम की अगवानी के लिए सज-संवर गई काशी

## ●रिंगरोड व हाईवे को भी दुल्हन की तरह सजाया गया

पायनियर समाचार सेवा |वाराणसी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी सोमवार को मेंहदीगंज में रिंगरोड़ समेत 52 सौ करोड़ रुपए से अधिक लागत की योजनाओं का लोकार्पण करने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारी पूरी हो गई हैं। रिंगरोड के किनारे जनसभा हेतु भव्य पंडाल बना हैं। रिंगरोड़ व हाईवे को भी दुल्हन की तरह सजाया गया हैं। प्रधानमंत्री हेलीकाप्टर से जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे। जनसभा स्थल के बगल में ही सांसद आदर्श योजना के तहत द्रितीय चरण में गोद लिया गया पीएम का आदर्श गांव नागेपुर स्थित हैं।

प्लीट का हुआ रिहर्सल- प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल पर रविवार को प्लीट का रिहर्सल किया गया।चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स लगी रही। सभास्थल के आस-पास का पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया हैं। एसपीजी ने संभाली व्यवस्था- प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल को एसपीजी अपने कब्जे में लेकर सुरक्षा की पूरी व्यवस्था संभाल ली हैं। रिंगरोड़ व हाईवे को सजाया गया- मेंहदीगंज के निकट रखौना स्थित हाईवे की सिक्सलेन पर मिल रही रिंगरोड़ की त्रिमुहानी को आकर्षक साज-सज्जा संग सजाया गया हैं।हरियाली के साथ आकर्षक कलाकृतियां व विद्युत लाइटें लगी हैं।आजादी के 75 वां वर्ष का भी चित्र बनाया गया हैं। हेलीकाप्टर के लिए बना तीन हेलीपैड- जनसभा स्थल पर पीएम का हेलीकाप्टर उतरने हेतु 30 मीटर सर्किल के तीन हेलीपैड बनाएं गए हैं।

ब्रीफिंग में पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के साथ व्यवहार कुशलता का पढ़ाया गया पाठ- एडीजी, आईजी, एसपी (ग्रामीण) समेत सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों ने जनसभास्थल पर पुलिसकर्मियों संग ब्रीफिंग किया।सुरक्षा के साथ ही पुलिसकर्मियों को सभा में आने वालों संग कुशलता का व्यवहार करने का पाठ पढ़ाया गया।काला कपड़ा समेत पानी के बोतल को पंडाल के अंदर लेकर आने पर पाबंदी हैं। ट्रैफिक कंट्रोल रूम बना- रखौना हाइवे किनारे पुलिस विभाग द्वारा ट्रैफिक कंट्रोल रूम बनाया गया हैं।कंट्रोल रूम में ड्यूटी के बाबत पुलिसकर्मी पहुंच ड्यूटी प्वाईंट की जानकारी लेते रहे। रिंगरोड़ बनने से जाम का झाम होगा समाप्त, यह हैं सुविधाएं- रिंगरोड़ बनने से हाईवे पर राजातालाब, मोहनसराय में लगने वाले ट्रकों के जाम के झाम से मुक्ति मिलेगी।रखौना से हरहुआ तक बने 16 किमी रिंगरोड़ पर 16 ओवरब्रिज-अंडरपास, 18 बस स्टैंड, एक ट्रक रेस्ट एरिया, एक लूप के बनने के साथ ही जन सुविधा हेतु 16 किमी सर्विस रोड भी बना हैं। पीएम की जनसभा में एक लाख लगी कुर्सियां- मेंहदीगंज में रिंगरोड़ किनारे प्रधानमंत्री की जनसभा हेतु 40 बीघा खेत में 550 फीट चौड़ा व 850 फीट लंबा बने वाटर व फायर फरूफ जर्मन हैंगर पंडाल को 53 सेक्टर (ब्लाक) में बांटकर एक लाख कुर्सियां लगाई गई हैं। प्रधानमंत्री हेतु पंडाल के उत्तर दिशा में 72 फीट लंबा 32 फीट चौड़ा तथा आठ फीट ऊंचा मंच बना हैं। रिंगरोड़ के निकट ही हाईवे की एनएच 19 का वाराणसी-प्रयागराज मार्ग का सिक्सलेन स्थित हैं। सिक्सलेन में ही मिलकर रिंगरोड़ समाप्त हो रहा हैं। पंडाल में लगा तीन सौ हार्न रू प्रधानमंत्री की जनसभा हेतु बने भव्य पंडाल में केसरिया व सफेद रंग के कपड़े लगाए गए हैं। पीएम के कट आफ भी लगे हैं। पीएम की आवाज को पंडाल में बैठी जनता तक पहुंचने हेतु पंडाल में तीन सौ हार्न समेत बड़े-बड़े साउंड लगाएं गए हैं।



## मुख्यमंत्री योगी ने श्री काशी विश्वनाथ और कालभैरव का दर्शन-पूजन कर लिया आर्शीवाद

वाराणसी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देर रात श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में पहुँचकर दर्शन-पूजन किया एवं बाबा की आरती उतारी एवं विधानसभा चुनाव 2022 की जीत का आर्शीवाद लिया। मुख्यमंत्री ने अपने विधानसभा के साढ़े चार साल के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आर्शीवाद से काशी की इस सांस्कृतिक नगरी में विकास की गंगा बहा दी है। जिससे काशी की पहचान विश्व पटल पर जा पहुँची है। बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर एवं बनारस शहर की अरबों की परियोजनाओं का विकास कर काशी पहचान बढ़ायी है। इसलिए पीएम नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार प्रकट करते हैं।

## फिरोजाबाद में सड़क हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में सड़क हादसे में बाइक सवार पिता- पुत्र और रिश्तेदार समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अखिलेश नारायण ने रविवार को बताया कि जिले के थाना पचोखरा क्षेत्र के धर्मपुर जारखी निवासी राजकुमार (45) अपने पुत्र सुखबीर (18) एवं करहल, मैनपुरी निवासी अपने रिश्तेदार कृपाल सिंह (42) के साथ शनिवार देर रात्रि बाइक पर सवार होकर करहल से पचोखरा जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही उनकी बाइक थाना मक्खनपुर क्षेत्र के हाईवे पर इंदुमई के समीप पहुंची, तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने तीनों को रौंद दिया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कृपाल सिंह एवं सुखबीर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि राजकुमार ने आगरा में उपचार के दौरान रविवार को दम तोड़ दिया। एसपी ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## शाहजहांपुर में मामूली विवाद में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**शाहजहांपुर।** जिले में एक ढाबे पर मामूली कहासुनी के बाद एक व्यक्ति ने सीमेंट व्यवसाई की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को हत्या में प्रयुक्त तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने रविवार को बताया कि थाना कोतवाली अंतर्गत केरूगंज स्थित एक ढाबे पर शनिवार देर रात मनीष कुमार (35) अपने दोस्त के साथ गए और ढाबे के बाहर बैठकर खाना खा रहे थे। इसी बीच ढाबे के अंदर से दो व्यक्ति निकले जिनसे मनीष की मामूली कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी रूबल यादव ने तमंचे से मनीष के गोली मार दी। इस घटना के बाद मनीष को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रात में ही आरोपी रूबल यादव तथा मोहब्बत अली को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है।

# लखीमपुर खीरी हिंसा का मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा डेंगू से हुआ पीड़ित

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया क्षेत्र में हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत की घटना के मुख्य आरोपी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा के डेंगू से पीड़ित होने की पुष्टि हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) और तिकुनिया मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के सदस्य अरुण कुमार सिंह ने रविवार को आशीष मिश्रा के डेंगू से पीड़ित होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि बुखार और डेंगू से पीड़ित होने के कारण पूछताछ के लिए चिकित्सकीय रूप से अनुपयुक्त होने की वजह से आशीष मिश्रा को उचित चिकित्सा के लिए वापस जिला जेल भेज दिया गया है। तिकुनिया मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा उर्फ मोनू के डेंगू से पीड़ित होने की आशंका के बाद शनिवार को उनका नमूना जांच के लिए भेजा गया। शनिवार की शाम लखीमपुर खीरी जिला जेल के अधीक्षक पीपी सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ँअभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि वह (आशीष मिश्रा) डेंगू से पीड़ित है। उसका नमूना परीक्षण के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी। रविवार को एएसपी ने आशीष के डेंगू से पीड़ित होने की पुष्टि कर दी। उन्होंने बताया कि शनिवार की देर शाम को ही आशीष को जिला जेल में भेज दिया गया। आशीष मिश्रा सहित तीन अन्य को पूछताछ के लिए शुक्रवार शाम को दो दिन के लिए अदालत से पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया था। इस बीच, शनिवार को गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों मोहित त्रिवेदी, रिंकू राणा और धर्मेंद्र को शनिवार शाम को रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। जांचकर्ताओं ने उनके 14 दिन के पुलिस हिरासत रिमांड के लिए आवेदन दिया। इन तीनों के पुलिस हिरासत रिमांड अर्जी पर सोमवार को सुनवाई होगी। गौरतलब है कि लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया क्षेत्र में तीन अक्टूबर को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के एक बयान से आक्रोशित किसानों द्वारा मंत्री के पैतृक गांव में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध को लेकर भड़की हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी।

### आशीष का नमूना डेंगू की जांच के लिए भेजा गया

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी में तीन अक्टूबर को हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत की घटना के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा का नमूना डेंगू की पुष्टि के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी का पुत्र आशीष लखीमपुर खीरी जेल में है। लखीमपुर खीरी जिला जेल के अधीक्षक पीपी सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया, अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि क्या वह (आशीष मिश्रा) डेंगू से पीड़ित है। उसका नमूना परीक्षण के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में अब तक केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष समेत 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# मुफलिसी में जी रहा 'ब्लॉक प्रमुख' का परिवार

संवाददाता। बस्ती

**पायनियर टीम के पड़ताल में हुआ खुलासा**

● दलित ब्लॉक प्रमुख को परिवार का भरण-पोषण करना हो रहा मुश्किल ● झोपड़ी गिरने के बाद पड़ोस के घर में परिवार ने ले रखा है शरण ● प्रमुख बनाने वालों ने घर बनवाने का किया था वादा, मगर अब पूछते तक नहीं ● खर्च चलाने के लिए हजार पांच सौ मिल जाते हैं : रामकुमार

**...कहने** को तो ब्लॉक प्रमुख हैं, मगर न तो रहने को आशियाना और न परिवार के भरण-पोषण की कोई व्यवस्था। यह सच, बहादुरपुर ब्लॉक के दलित ब्लॉक प्रमुख 'रामकुमार' के परिवार का है। वीआईपी कहे जाने वाले इस प्रमुख परिवार के पास इतनी भी व्यवस्था नहीं हैं, कि वे अपने बच्चों को किसी अच्छे स्कूल में पढ़ा सके, या फिर अपनी पत्नी के लिए एक अच्छी सी साड़ी ला सके। देखा जाए तो पूरे खलीलपटटी ग्राम पंचायत में सबसे दयनीय स्थित ब्लॉक प्रमुख के परिवार की है। प्रमुख का परिवार होने के बावजूद प्रमुख की पत्नी सीतारा का चेहरा मुफलिसी के कारण मुरझाए हुए था। गंदी बनियाइन पहने छोटे-छोटे बच्चे किसी उम्मीद में टकटकी लगाए हुए देखते मिले। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि जिन लोगों ने उन्हें बीडीसी से लेकर ब्लॉक प्रमुख बनाया, अब उन्हीं लोगों ने किनारा कस लिया। जबकि यही लोग प्रमुख बनने से पहले रोज यह कहते हुए नहीं थकते थे कि प्रमुख बनते ही सबसे पहले हम लोग तुम्हारा घर बनवाएंगे, मगर जीतने के बाद एक बार भी यह देखने नहीं आए कि उनका परिवार किस हाल में रह रहा है, और कैसे परिवार का भरण-पोषण हो रहा है। कहते हैं कि कभी कभार हजार पांच सौ खर्चे के लिए मिल जाता है। कहते हैं कि यह सही है, कि जिसके पास पर्चा दाखिला तक की व्यवस्था नहीं थी, आज वह दूसरों के बदौलत ब्लॉक प्रमुख बना हुआ। पत्नी सितारा देवी को तो यह तक एहसास नहीं कि अब वह वीआईपी की पत्नी बन चुकी हैं। कहती हैं, कि ऐसे वीआईपी की पत्नी होने से क्या फायदा जिसका परिवार दूसरे के घर में इज्जत बचाने के लिए शरण लिए हुए है।



रामकुमार के परिवार को देखकर कौन कह सकता है, कि यह ब्लॉक प्रमुख का परिवार है। शासन-प्रशासन और समाज के लिए भले ही रामकुमार ब्लॉक प्रमुख बन गए हैं, मगर इनके पास रहने को झोपड़ी तक नहीं है। पिछले बीस साल में अन्य आवासहीन की तरह इन्हें किसी भी आवास का लाभ तक नहीं मिला। अपनी जाति के ब्लॉक प्रमुख के बनने पर दोनों दलित बस्ती के लोगों में कोई खुशी नहीं नजर आई। बिरादरी के लोग कहते हैं कि ऐसे प्रमुख के होने से क्या फायदा जिसके पास रहने को घर नहीं और ठीक से भोजन करने की व्यवस्था नहीं। अधिकतर लोगों का कहना था, कि सरकार भले ही हम लोगों को आरक्षण देकर प्रधान, प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठा दें, मगर जब तक दलितों का शोषण करने वाले रहेगें, तब तक उन्हें उनका अधिकार नहीं मिलेगा। दलित बस्ती के कुछ नौजवानों का कहना हैं, कि आजादी के इतने साल बीत गए, मगर आज भी दलितों का शोषण और उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। लोग अपने फायदे के लिए पहले भी और अब भी दलितों का इस्तेमाल कर रहे है। दलितों के नाम पर यह लोग अपनी तिजोरी तो भर ले रहे हैं, मगर दलितों को उनके हाल पर छोड़ दे रहे है।

# जुआ कारोबारियों को छोड़ने के आरोपी पांच पुलिसकर्मी निलम्बित

**बस्ती।** बस्ती जिले में जुआ खेलवाने के मुख्य आरोपियों के खिलाफ कार्वाई नहीं करने और पकड़े गए कुछ जुआरियों से बरामद रकम का कुछ हिस्सा हड़प लेने के आरोप में चौकी प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलम्बित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि शनिवार को दक्षिण दरवाजा पुलिस चौकी के कर्मियों ने एक जगह पर जुआ खेलते हुए कुछ लोगों को पकड़ा था। श्रीवास्तव के अनुसार आरोप है कि उनके पास से बरामद की गई पूरी धनराशि को इन पुलिसकर्मियों ने जमा नहीं की थी, साथ ही जुआ खेलवाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की। उन्होंने बताया कि इन आरोपों के प्रथम दृष्ट्या सही पाए जाने पर दक्षिण दरवाजा चौकी प्रभारी राजीव सिंह, हेड मुहर्रिर शक्ति प्रताप सिंह, कांस्टेबल मिथिलेश यादव, सम्पूर्णानन्द, तथा अभिनव रावत को निलम्बित कर दिया गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण की विभागीय जांच की जा रही है।

### छात्रा ने आत्महत्या की

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के खुखुन्दू थाना क्षेत्र के एक गांव में परिजनों की डांट से नाराज छात्रा ने रविवार को फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खुखुन्दू थाना के थानाध्यक्ष (एसएचओ) नवीन चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के बभनी बाबू ग्राम पंचायत के दोघड़ा टोले की रहने वाली गुंजन कुशवाहा (16) कक्षा 11 की छात्रा थी।

# पहाड़ी से चूना मिट्टी निकालने गए दो आदिवासियों की दबकर मौत

संवाददाता। घोरावल/सोनभद्र

**स्थानीय कोतवाली** क्षेत्र के शिल्पी गांव में दीपावली के पूर्व घर की पुताई के लिए पहाड़ी चुना मिट्टी निकालने गए दो आदिवासियों की मिट्टी में दबकर मौत हो गई। घटना के बाद कड़ी मसक्कत के बाद दोनों के शव को किसी तरह ग्रामीणों ने निकालकर बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गुरुवल निवासी राजकुमार कोल उम्र 36 वर्ष पुत्र लालजी कोल व सूरज उम्र 19 वर्ष पुत्र राजाराम कोल शिल्पी रविवार को चुनाहिया पहाड़ी से सफेद मिट्टी निकालने गए थे। जहां अचानक पहाड़ी के मिट्टी के टीले के बैठ जाने से उसमें दोनों दब गए। इस घटना में मौके से दोनों की मौत हो गई। बताया गया कि रविवार को राजकुमार और सूरज सुबह 6 बजे अपने साथियों के साथ गुरुवल से करीब 6 किमी दूर शिल्पी गांव स्थित चुनाहिया पहाड़ी से सफेद मिट्टी निकालने के लिए गए थे। जिसमें जितेंद्र गंगाराम विजय और दिलीप उनके साथ गए थे।

## उप्र के बिजनौर में सौतेले पुत्र ने की शराबी पिता की हत्या

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में सौतेले पुत्र ने शराबी पिता के सिर पर वार कर कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिले के मंडावर थाने के रतनपुर रियाया गांव का कामेन्द्र असम की एक महिला से विवाह कर उसे घर ले आया था। उन्होंने बताया कि उस महिला के पहले पति से मनोज सहित दो बच्चे हैं जो उसके साथ ही आ गए। पुलिस के अनुसार शनिवार रात शराब का आदी कामेन्द्र (48) खूब शराब पीकर आ गया जिस पर उसका पत्नी और मनोज से विवाद हो गया।

# फौजी हत्याकांड का खुलासा

## ● दो गिरफ्तार, घटना में प्रयोग की गई पिकअप को भी पुलिस ने किया बरामद

संवाददाता। अमेठी



**मुंशीगंज पुलिस** व एसओजी अमेठी द्वारा हत्या का खुलासा करते हुए हत्या में प्रयुक्त वाहन के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया है प् हत्या की घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि जिले के मुंशीगंज थानाध्यक्ष संदीप राय व एसओजी प्रभारी धीरेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर पिकअप वाहन संख्या यूपी0 33 टी 9114 में सवार दो अभियुक्त विजय प्रताप सिंह उर्फ गल्लन सिंह पुत्र चन्द्रबहादुर सिंह निवासी पश्चिम दुआरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी व श्याम बिहारी शुक्ला पुत्र चन्डीदत्त शुक्ला निवासी भुसियांवा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को दरपीपुर गरथोलिया रोड़ से समय करीब 07रू30 बजे प्रातरू गिरफ्तार किया गया । घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा कुल 04 टीमों का गठन किया गया था । टीमों द्वारा निरंतर प्रयास कर घटना के बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तलाशी गई जिससे उपयुक्त गाड़ी यूपी 33 टी 9114 को तलाश कर बरामद किया गया । सर्विलांस व एसओजी टीम द्वारा निरंतर प्रयास कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि विजय प्रताप उर्फ गल्लन व उदय प्रताप सिंह की मृतक संतोष सिंह से काफी समय से रंजिश चलती आ रही है । इसी रंजिश के चलते साजिश के तहत अभियुक्तों द्वारा गाड़ी यूपी 33 टी 9114 को खरीदा गया था तथा आपस में बातचीत के लिए 02 अदद नयी मोबाइल फोन 02 अदद नया सिम खरीदा गया था । इन दोनो फोन के द्वारा मृतक संतोष सिंह की रैकी करते हुए मृतक लोकेशन गाडी चालाक अभियुक्त श्याम बिहारी शुक्ला को देते रहे तथा इसी साजिश के तहत अभियुक्त श्याम बिहारी शुक्ला ने 17ण्10ण्2021 को संतोष सिंह ;फौजीद्ध का पीछाकर दीनापुर पुलिया के पास पिकप संख्या यूपी 33 टी 9114 से संतोष सिंह को टक्कर मारकर हत्या कर दी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी ।

# हिंदू अब नहीं जागे तो हिंदुत्व को खतरा

## ●सनातन धर्म की रक्षा के साथ समाज और राष्ट्रहित के लिए एकता जरूरीः आचार्य जय ● चित्रकूट में आयोजित हिन्दू एकता महाकुंभ में जन भागीदारी को लेकर हुई बैठक

**प्रयागराज।** आगामी दिसंबर महीने में चित्रकूट में होने वाले हिन्दू एकता महाकुंभ में जन भागीदारी को लेकर मेजा के लखनपुर स्थित मां विंध्यवासिनी गार्डेन में संगोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि आचार्य जय महाराज चित्रकूट रहे और अध्यक्षता शिवानंद शुक्ला ने की। गौरतलब है कि 15 दिसंबर को चित्रकूट में हिन्दू एकता महाकुंभ का आयोजन होना है। जिसमें समूचे भारत से ऋषि मुनियों का जमावड़ा होना है। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दुत्व की रक्षा के लिए अब जागरूक होना होगा। अन्यथा जिस तरह षड़यंत्र के तहत हिन्दुओं की आस्था विश्वास एवं सहनशीलता पर कुठाराघात हो रहा है। उससे हिन्दू अपने ही देश में रिफ्यूजी का जीवन जीने को विवश हो जाएंगे। हिन्दू एकता महाकुंभ समाज को एकत्रित करते हुए संगठित करेगा। प्रो त्रिपाठी ने कहा कि कोई कार्य तब तक पूर्ण नही होता है जब तक आप एकजुट नही होंगे। आचार्य जय महाराज ने कहा कि सभी हिन्दुओं को जातिगत तथा दलगत भावना से ऊपर उठकर सनातन धर्म की रक्षा एवं समाज और राष्ट्रहित के लिए एकता के साथ एकसूत्र मे बंधना होगा। तभी हम अपने अस्तित्व को बचाने में सफल होंगे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अधिवक्ता अभिषेक तिवारी ने टीका लगाकर किया। इस मौके पर अभिषेक तिवारी ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण किया और उन्हें अंगवस्त्रम पहनाकर भगवान की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी नित्यानंद उपाध्याय सिद्धांत तिवारी तुलसीदास तिवारी पप्पू उपाध्याय सतीश मिश्रा डा अमरेश तिवारी संदीप तिवारी सुनील तिवारी राहुल द्विवेदी वी के मिश्रा दिनकर मिश्रा टुनटुन तिवारी पमपम पाण्डेय धीरज दुबे प्रवीण समदरिया नीरज शुक्ला आकाश तिवारी विपिन शुक्ला विनय शुक्ला राजू पाण्डेय अंकित मिश्रा राजा तिवारी संदीप तिवारी विनीत मिश्रा दीपक गौड़ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।संचालन शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया।



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी – बहादुरपुर, बस्ती।

bdobaha@gmail.com

पत्रांक : 1121 / लेखा / अ0का0नि0 / 2021–22 दिनांक : 21.10.21

## अल्पकालीन निविदा

विकास खण्ड क्षेत्र पंचायत बहादुरपुर के द्वारा पंचम राज्य वित्त / 15वें केन्द्रीय वित्त आयोग के योजनार्तगत प्रस्तावित परियोजनाओं के निर्माण हेतु जिला पंचायत, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहर बन्द निविदाएं नीचे दी गयी शर्तों व प्रतिबन्धों के तहत आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म विकास खण्ड कार्यालय में निविदा प्रकाशित होने के दिनांक से 30.10.2021 तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। सील / मोहर बंद निविदाए दिनांक 30.10.2021 को प्रातः 10:00 बजे 2:00 बजे अपरान्ह तक निविदा बाक्स में जमा की जायेगी तथा दिनांक 30.10.2021 को ही सम्बन्धित निविदा दाता / ठेकेदारों के समक्ष निविदा समिति द्वारा समय 03:00 बजे अपरान्ह खोली जाएगी।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा (कि0मी0 / ई0 में) | कार्य की अनुमानित लागत जी0 एस0 टी0 सहित | धरोहर की (धनराशि लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत टाईड फण्ड से कराये जाने वाले कार्य वर्ष 2021–22 | प्रा0 स्था0 केन्द्र पाल्हा के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 2 | | बबुरहिया ग्राम में हरिजन आबादी के पश्चिम स्थान पर सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 3 | | ग्राम बलुआ समय माता स्थान के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 4 | | ग्राम पंचायत बहादुरपुर में ग्राम हरदेव नाथ में सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 5 | | ग्राम कुसौरा बाजार में सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 6 | | ग्राम कनैला में मंदिर के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 7 | | ग्राम डारीडीहा में मंदिर के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 8 | | विकास खण्ड मुख्यालय पर सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 9 | | ग्राम माझा खुर्द पुलिस चौकी के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 9.57 | 0.1914 | 500 | 03 माह |
| 10 | | बबुरहिया में हरिराम के दुकान से नीरज के स्कूल तक नाली निर्माण कार्य। | 550m | 9.99 | 0.1998 | 500 | 03 माह |
| 11 | | नीरज के स्कूल से बबुरहिया चौराहा होते हुए तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 550m | 9.99 | 0.1998 | 500 | 03 माह |
| 12 | | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर डाक्टर आवास कैम्पस में इन्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 100m | 8.75 | 0.175 | 500 | 03 माह |
| 13 | | ग्राम माझा खुर्द में नदी किनारे स्थित शमसान घाट / अन्त्येष्ठि स्थल के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 1 | 9.99 | 0.1998 | 500 | 03 माह |
| 1 | केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत अनटाईड फण्ड से कराये जाने वाले कार्य वर्ष 2021–22 | ग्राम पिपरौला में धोबी टोला से दक्षिण जाने वाले चक मार्ग पर पुलिया निर्माण 3 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 2 | | प्रतापपुर भेलवल मार्ग पर श्रवण कोहार के खेत के पास 03 मी0 स्पान आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 3 | | महादेवा में चन्द्रशेखर उपाध्याय के घर जाने वाले मार्ग पर 03 मी0 स्पान आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 4 | | पिपरा गौतम मस्त राम के खेत के पास 03 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 5 | | तिलाहवा माइनर पर दयालपुर ग्राम में फूलचन्द्र पाण्डेय के घर के पास 03 मी0. स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 6 | | पिपरा गौतम में दबिला कोहल मार्ग पर 03 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 7 | | ग्राम पंचायत पिपरौला में बन्धे से गांव जाने वाले मार्ग पर 03 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 8 | | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर की बाउन्ड्रीवाल मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 1 | 6.2 | 0.124 | 500 | 03 माह |
| 9 | | ब्लाक बहादुरपुर कार्यालय से रविदास मंदिर तक प्रधानमंत्री सड़क के बायी तरफ पटरी पर इन्टरलाकिंग कार्य। | 170m | 9.32 | 0.1864 | 500 | 03 माह |
| 10 | | ब्लाक बहादुरपुर कार्यालय के सामने प्रधानमंत्री सड़क के दाहिनी तरफ पटरी पर इन्टरलाकिंग कार्य। | 250m | 9.79 | 0.1958 | 500 | 03 माह |
| 11 | | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर पुलिया से खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय तक प्रधानमंत्री सड़क के बायी तरफ पटरी पर इन्टरलाकिंग कार्य। | 80m | 7.8 | 0.156 | 500 | 03 माह |
| 1 | पंचम राज्य वित्त आयोग से कराये जाने वाले कार्य वर्ष 2021–22 | ग्राम पंचायत पिपरागौतम में पुनीत सिंह के घर भोला सिंह के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 2 | | ग्राम अरवापुर में जीतू की दुकान से इन्द्रदेव के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 3 | | ग्राम अरबापुर में ओमप्रकाश के घर से सुनील सिंह के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 4 | | ग्राम पिपरा गौतम बहादुरपुर मार्ग से अरवापुर में शिवसम्पत के पूरवे तक सी0सी0 रोड | 180m | 7.81 | 0.1562 | 500 | 03 माह |
| 5 | | ग्राम कटरूआ सोधिया मार्ग से पप्पू नाउ के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण। | 100m | 4.92 | 0.0984 | 500 | 03 माह |
| 6 | | ग्राम पिपरा गौतम में चन्दो ग्राम से सोनकर बस्ती तक सी0सी0 रोड निर्माण | 150m | 6.52 | 0.1304 | 500 | 03 माह |
| 7 | | ग्राम चन्दो सडक से राम नवल के घर से चन्दो में शत्रुघन के घर होते हुए पंकज के घर तक सी0सी0 रोड | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 8 | | ग्राम पंचायत पिपराखास के ग्राम पाथर भीर पीच से नेबूलाल के घर से पाथर भीर में बड़कन के घर हुये राम मिलन के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण। | 110m | 4.79 | 0.0958 | 500 | 03 माह |
| 9 | | ग्राम पिपरौला में दूसरे पुलिया से राजेन्द्र प्रसाद के घर तक सी0सी0 रोड | 110m | 4.79 | 0.0958 | 500 | 03 माह |
| 10 | | ग्राम पंचायत भेडिया ग्राम लखनपुर में संतोष पाण्डेय के घर से गणेश तिवारी के घर तक सी0सी0 रोड | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 11 | | ग्राम केवचा में पिच रोड से प्रा0 विद्यालय तक सी0सी0 रोड। | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 12 | | ग्राम पंचायत खडौआजाट के ग्राम मदारपुर में पिच रोड कब्रिस्तान से मौर्या के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 13 | | ग्राम पंचायत केंवचा के ग्राम गोपालपुर में काली माता के स्थान से शिव मुरत के घर तक सी0सी0 रोड | 90m | 4.3 | 0.086 | 500 | 03 माह |
| 14 | | ग्राम सैफाबाद में छोटई नाऊ के घर से विजय पाल के खेत तक सी0सी0 रोड | 200m | 8.67 | 0.1734 | 500 | 03 माह |
| 15 | | ग्राम पंचायत रोझिया में जू0हा0 स्कूल से रवि कुमार पाण्डेय के बाग तक सी0सी0 रोड का निर्माण। | 175m | 8.25 | 0.165 | 500 | 03 माह |
| 16 | | ग्राम पंचायत रोझिया में कृष्ण कुमार के घर से रवि कुमार के बाग तक सी0सी0 रोड निर्माण। | 75m | 3.57 | 0.0714 | 500 | 03 माह |
| 17 | | बभनियांव में उजागिर राजभर के घर से दुर्गेश सिंह के घर तक सी0सी0 रोड | 100m | 4.36 | 0.0872 | 500 | 03 माह |
| 18 | | ग्राम पंचायत केंवचा में भोला चौधरी के घर से स्वामी नाथ यादव के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण | 100m | 4.36 | 0.0872 | 500 | 03 माह |
| 19 | | ग्राम पंचायत कचूरे में रामबहाल के घर से उत्तर पिच मार्ग तक सी0सी0 रोड | 230m | 9.96 | 0.0992 | 500 | 03 माह |
| 20 | | ग्राम पंचायत शेखपुरा में रमेश चन्द्र पाण्डेय के घर से जोखू के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण | 150m | 5.61 | 0.1122 | 500 | 03 माह |
| 21 | | ग्राम पंचायत पडरी में गोविद के घर से अनिल चौधरी के घर तक सी0सी0 रोड | 85m | 4.03 | 0.0806 | 500 | 03 माह |
| 22 | | ग्राम पकड़ी छब्बर में कुसौरा गुलरिया पिच मार्ग पर रामगोपाल के खेत से जगदम्बा पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड | 150m | 6.07 | 0.1214 | 500 | 03 माह |
| 23 | | खडौवा जाट में सरहद से कैथोलिया पुलिया तक सी0सी0 रोड | 120m | 4.86 | 0.0972 | 500 | 03 माह |
| 24 | | खडौवा जाट में प्रहलाद के घर से कृपाशंकर के खलगा तक सी0सी0 रोड | 150m | 6.52 | 0.1304 | 500 | 03 माह |
| 25 | | विकास खण्ड / क्षेत्र पंचायत सभा कक्ष का मरम्मत एवं सौन्दरीकरण व फर्नीचर व फाल्ससिंलिंक का कार्य। | 1job | 9.98 | 0.1996 | 500 | 03 माह |
| 26 | | ब्लाक परिसर में प्रमुख कक्ष के मरम्मत व फर्नीचर व फाल्ससिलिंग का कार्य। | 1job | 4.54 | 0.0908 | 500 | 03 माह |

शर्ते :–

1. प्रत्येक कार्य के कालम नं0–06 में अंकित धरोहर की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक / पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट / पे–आर्डर / प्रतिभूति प्रमाण–पत्र जो खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर के नाम बंधक करते हुए निविदाफार्म के साथ संलग्न करना होगा तथा शेष 8 प्रतिशत धनराशि सम्बन्धित कार्य के प्रथम भुगतान में एक मुस्त कटौती कर ली जायेगी।
2. प्रत्येक निविदा 100 रु0 के स्टाम्प पेपर निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
3 बिना धरोहर राशि, निविदा मूल्य एवं प्रमाण–पत्र के डाली गई निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
4. निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग एवं ओबर राइटिंग मान्य नही होगी।
5. निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना होगा।
6. निविदा के किसी या सभी कार्यो को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर में निहित होगा।
7. प्रस्तावित कार्य पंचम राज्य / 15वें0 केन्द्रीय वित्त आयोग के सिद्धांतों के विपरीत कोई परियोजना आती है तो वह तत्काल निरस्त कर दी जाएगी, जिस पर कोई वद नहीं स्वीकार किया जायेगा।
8. निविदा सूचना में अंकित कोई परियोजना यदि किसी अन्य विभाग द्वारा पूर्व निर्मित / प्रस्तावित / निर्माणाधीन अथवा स्वीकृत है तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
9. निविदा की स्वीकृति / अनुबंध धनराशि की उपलब्धता के अनुसार की जायेगी।
10. निविदा दाता को अपना रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र, फर्म का खाता एवं पासबुक की छायाप्रति, आयकर दाता स्वाप्रमाणित प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा साथ ही साथ आधार कार्ड एवं पैन नम्बर भै संलग्न करना होगा। जी0एस0टी0 एवं आयकर स्थायी रजिस्ट्रेशन के रूप में रजिस्टर्ड होना चाहिए।
11. कार्य को समय से पूर्ण करने की जिम्मेदारी सम्बन्धित निविदा दाता की होगी। अन्यथा की दशा में निविदा निरस्त भी की जा सकती है।
12. निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार निर्माण का परिरवर्तन / परिवर्धन / निरस्तीकरण का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। तथा सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी तथा बिना कारण बताएं ही किसी या कारण बताये सभी निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत का अधिकार समक्ष प्राधिकारी / अधोहस्ताक्षरी खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
13. कार्य का निर्माण कार्यदेश होने के पश्चात ही प्रारम्भ करना होगा अन्यथा की दशा में भुगतान सम्भव नहीं होगा।
14. भुगतान के समय बिल से नियमानुसार जी0एस0टी0, आयकर, सेस एवं रायल्टी की कटौती की जायेगी।
15. विकस खण्ड में कार्यरत सम्बन्धित कर्मचारी / अधिकारी / प्रमुख द्वारा अथवा उनके किसी सम्बन्धी / परिवार के लोग निविदा डालने के लिए अधिकृत नहीं होगें।

**अवर अभियन्ता**
**(आर0ई0डी0)**
**बहादुरपुर–बस्ती**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बहादुरपुर–बस्ती**

**रामकुमार**
**प्रमुख**
**क्षे0पं0 बहादुरपुर–बस्ती**

# सौ करोड़ टीके

## महत्वपूर्ण उपलब्धि

**सौ** करोड़ टीके मील का एक बड़ा पत्थर है, पर वायरस के खिलाफ हमारे संघर्ष में अभी आधी विजय मिली है। भारत में सौ करोड़ टीके लग चुके हैं। यह बहुत विशाल उपलब्धि है। दुनिया के केवल दो देश इस रिकार्ड का दावा कर सकते हैं। दूसरा देश चीन है। वह सौ करोड़ के आंकड़े पर जून में तथा 200 करोड़ के आंकड़े पर सितंबर में पहुंचा। भारत सौ करोड़वीं खूराक का उत्सव मना रहा है, पर इसके साथ ही यह स्वीकार भी है कि अभी आधा काम हुआ है। अभी लगभग 100 करोड़ और खूराकों से सुनिश्चित होगा कि देश की वयस्क जनसंख्या का पूर्ण टीकाकरण हो गया है। भारत के सभी वयस्कों के लिए 1.8 अरब खूराकों की जरूरत है। इससे कम कुछ भी अस्वीकार्य है। भारत की 75 प्रतिशत जनसंख्या को एक खूराक मिल गई है जिसका अर्थ 707 मिलियन से अधिक लोग है। अभी 31 दिसंबर तक 70 दिन और बाकी हैं। इस कालखंड में पूरी वयस्क जनसंख्या को पूर्ण कवरेज देने के लिए रोज 12 मिलियन खूराकों की जरूरत है। इसके साथ ही 45 वर्ष से अधिक आयु वाले लगभग 70 मिलियन 'संकटग्रस्त' वयस्क हैं जिनको अभी एक खूराक और मिलनी है। इसके बाद बच्चों का नंबर आता है। जनसंख्या का 35 प्रतिशत 0-14 वर्ष आयुवर्ग समूह में है। जनसंख्या का 41 प्रतिशत हिस्सा 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे हैं। भारत को 12-17 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के टीकाकरण की जरूरत है। खूराकों की इतनी ही संख्या की जरूरत 12 वर्ष से कम आयु वालों को है।

उत्सवों के बीच एक प्रकार की सावधानी जरूरी है। पहला मुद्दा वैक्सीनों



की सप्लाई का है। सौ करोड़ खूराकों में से अधिकांश अंतिम दो या तीन महीनों में आईं। जनवरी में शुरू हुई टीकों की सप्लाई ने साल के पहले अर्धांश में गति नहीं पकड़ी क्योंकि टीकों की सप्लाई के साथ ही सप्लाई श्रृंखला की कुछ समस्यायें सामने आ रही थीं। सरकार को वैक्सीन निर्माताओं से आश्वासन प्राप्त करना पड़ा कि अब सप्लाई की गति कम नहीं होगी। सरकार चाहती है कि वर्ष के अंत तक यह कार्यक्रम पूरा हो जाए। इसका अर्थ है कि टीकाकरण की गति बहुत तेज करनी होगी। यह एक बड़ी लाजिस्टिक चुनौती होगी। सरकार को वैक्सीन के प्रति हिचक व वैक्सीन के प्रति लापरवाही जैसी आम समस्याओं का मुकाबला भी करना होगा। खबरें आ रही हैं कि अब भी स्वास्थ्यकर्मियों को अधिकांशतः सुदूर ग्रामीण इलाकों में लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए समझाना पड़ता है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से ऐसे लोगों के बारे में भी खबरें आ रही हैं जो टीके लगवाने के प्रति लापरवाह हैं। हजारों लोग टीकाकरण केन्द्रों पर अत्यधिक भीड़ के कारण या उनके घर से बहुत दूर होने के कारण दूसरी खूराक नहीं ले सके हैं। सरकार इस समस्या से निपटने के लिए ड्रोनों से वैक्सीन भेजने का का काम कर रही है। बच्चों का टीकाकरण सरकार के लिए इससे भी कठिन काम होगा। आपातकालीन प्रयोग का अधिकार कुछ वैक्सीनों को दिया गया है, लेकिन उनके समकक्षों की मानव प्रयोग रिपोर्टों का अभी अध्ययन भी नहीं हुआ है और वैक्सीनें प्रयोग के लिए जारी कर दी गई हैं। ऐसे में सबसे बड़ी चिन्ता ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकृत माता-पिता की होगी जो अपने बच्चों को टीके लगवाने टीकाकरण केन्द्रों में जाएंगे। इसके साथ ही सरकार को यह भी तय करना है कि क्या बाल रोग विशेषज्ञों को टीकाकरण की अनुमति दी जाएगी या नहीं। इससे टीकाकरण प्रक्रिया को गति मिल सकती है।

# चीन में उइगुरों पर अत्याचार

**शिनजियांग में जो हो रहा है वह चिंताजनक है, मानव विरोधी है और प्रांत में इस्लामी आतंकवाद को नियंत्रित करने की आड़ में चीनी अधिकारियों द्वारा नरसंहार की तरह है।**



**माखन सैकिया**
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



शिनजियांग के पश्चिमी प्रांत में उइगर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों को चीन द्वारा बड़े पैमाने पर हिरासत में लिए जाने से दुनिया भर में निंदा और चिंता पैदा हो गई है। यह अब कोई रहस्य नहीं है कि शी जिनपिंग शासन इन असहाय अल्पसंख्यकों के खिलाफ हथियार उठा रहा है। आज, इस प्रांत में अल्पसंख्यकों पर क्रूर निगरानी परिष्कृत हथियारों, जासूसी और पुलिसिंग के साथ की जाती है, जिसे सीधे बीजिंग द्वारा नियंत्रित किया जाता है। आधिकारिक तौर पर झिंजियांग उइघुर स्वायत्त क्षेत्र (एक्सयूएआर) के रूप में जाना जाता है, यह आज चीन की सबसे बड़ी प्रांतीय इकाई है। यह आधुनिक चीन के क्षेत्र का लगभग छठा हिस्सा है। हालाँकि, हालांकि बीजिंग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है, उइगर मुसलमान इस भूमि को एक्सयूएआर के बजाय पूर्वी तुर्किस्तान कहते हैं। इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में 40 से अधिक देशों ने शिनजियांग में उइगर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों पर चीन द्वारा निरंतर अत्याचार पर चिंता जताते हुए दहाड़ते हुए देखा है। चीन की आलोचना करने वाले बयान पर हस्ताक्षर करने वाले 43 देशों ने झिंजियांग में पुनर्शिक्षा शिविरों के अस्तित्व की विश्वसनीय रिपोर्टों पर कड़ी चिंता व्यक्त की, जिसका बीजिंग स्पष्ट रूप से खंडन करता है। पिछले तीन वर्षों में यह तीसरी बार था कि अमेरिका और उसके सभी यूरोपीय सहयोगियों ने उइगरों के उत्पीड़न पर चीन की आलोचना करने के लिए संरा महासभा की बैठक की मानवाधिकार समिति का इस्तेमाल किया। एक अन्य कम्युनिस्ट राष्ट्र क्यूबा ने 62 देशों के एक समूह के साथ तुरंत जोर देकर कहा कि शिनजियांग चीन का आंतरिक मामला है। हालाकि, क्यूबा भूल रहा है, कि मानवाधिकार उल्लंघन एक अंतरराष्ट्रीय मामला है, और इस तरह के अधिकारों को हासिल करना संयुक्त राष्ट्र चार्टर में ही बहुत कुछ अंकित है। हवाना और अन्य राष्ट्रों द्वारा इस तरह के प्रयास अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं, और लाखों लोगों को परेशान करने वाले संकेत भेजते हैं, जिनमें उइगर भी शामिल हैं, जो न्याय के लिए रो रहे हैं। ठीक है, चीन के दमन के स्थापत्य को समाप्त किया जाना चाहिए।

मुख्य रूप से, उइगरों को बीजिंग में कम्युनिस्टों द्वारा पुनः शिक्षा शिविर में एक अद्वितीय प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है, जिसमें अन्य कष्टप्रद गतिविधियों के अलावा, झिंजियांग के निवासियों के लिए अनिवार्य अवैतनिक श्रम में भाग लेना अनिवार्य है, जिसे 'हशर' के रूप में जाना जाता है। क्षेत्र। अधिकारी उन्हें उनके श्रम के लिए भुगतान नहीं करते हैं और उन्हें अपने परिवहन का खर्च खुद वहन करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, उइगर परिवार जिनके पास एक सक्षम कामकाजी सदस्य नहीं है, उन्हें भी इस प्रणाली से छूट नहीं है। 70 साल से ऊपर के पुरुषों और महिलाओं और 12 साल से कम उम्र के बच्चों को इन भयानक शिविरों में काम करने के लिए घसीटा जाता है। कभी-कभी ऐसा होता है कि उइगर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को केवल एक्सयूएआर में स्थानीय अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए कार्य कोटा को पूरा करने के लिए शिविरों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अलावा, इलाके की पुलिस इंटरनेट के उपयोग पर कड़ी निगरानी रखती है (हालांकि यह लगभग प्रतिबंधित है), खासकर युवाओं द्वारा कुछ विध्वंसक या चरम करने का प्रयास करने के लिए। अफसोस की बात है कि स्थानीय अधिकारियों ने उइगर किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार मूल्य से कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर किया है। यह हजारों उइगर परिवारों को घोर गरीबी की ओर धकेल रहा है। अब यह एक सामान्य प्रवृत्ति बन गई है कि उइगर की अधिकांश संपत्ति, जिसमें खेत और अन्य संपत्ति शामिल हैं, पहले सरकारी एजेंटों द्वारा जब्त की जाती हैं और फिर मुख्य भूमि के विभिन्न हिस्सों से इस क्षेत्र में आने वाले चीनी प्रवासियों को पुनर्वितरित की जाती हैं। और अगर उइगर शिकायत करते हैं या अपनी पैतृक संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने के लिए कानूनी उपायों का सहारा लेने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें एक्सयूएआर में जातीय सद्भाव का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किया जाता है।

एक्सयूएआर में जो सबसे अधिक परेशान करने वाली प्रवृत्ति है, वह उइगर मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता का अत्यधिक दमन है। उन्हें अपनी दाढ़ी भी बढ़ाने की अनुमति नहीं है और वे स्थानीय मस्जिदों में जितने घंटे बिता सकते हैं, वह भी प्रतिबंधित है। चीन की सरकारी एजेंसियों के मुताबिक दाढ़ी रखना चरमपंथी होने की निशानी है. इस क्षेत्र की सबसे दुखद बात यह है कि अधिकांश पुराने उइगर अपने मूल अधिकारों के बारे में जागरूक नहीं हैं। इसके पीछे कारण यह है कि उन्हें ये अधिकार कभी नहीं दिए गए और बुनियादी शिक्षा की कमी यातना की पूरी गाथा में एक बड़ी भूमिका निभाती है। फिर से, शी शासन ने एक आदेश दिया कि शिनजियांग प्रांत में दाढ़ी रखने और निकाह नामक मुसलमानों के पारंपरिक विवाह समारोह का संचालन करने पर सख्ती से प्रतिबंध लगा दिया। वास्तव में, चीनी अधिकारियों ने दाढ़ी रखने और निकाह का अभ्यास करने सहित उइगरों की धार्मिक गतिविधियों पर रिपोर्ट करने वाले व्हिसलब्लोअर के लिए पुरस्कारों की एक प्रणाली की घोषणा की, कुछ 50000 युआन (यूएसडी 7500) से अधिक। यहां तक ??कि उइगर माता-पिता को भी अपने नवजात बच्चों को मुस्लिम नाम देने की अनुमति नहीं है। कई मुस्लिम दुकान मालिकों को होतान प्रान्त में शराब और सिगरेट बेचने के लिए मजबूर किया जाता है ताकि इस क्षेत्र में इस्लाम की भावना को कमजोर किया जा सके। मस्जिदों के बाहर किसी को भी कुरान पढ़ाने की इजाजत नहीं है। और 18 साल से कम उम्र के बच्चे मस्जिद में प्रवेश नहीं कर सकते हैं और अक्सर इमामों को घर पर इस्लाम का अभ्यास करने के लिए दंडित किया जाता है। रमजान के पवित्र महीने के दौरान, हर साल इससे जुड़े लोकप्रिय उत्सवों को एक्सयूएआर में प्रतिबंधित कर दिया जाता है। श्रमिकों को नास्तिकता पर शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए मजबूर किया जाता है। सरकारी सेवकों, छात्रों और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के लिए काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को रमज़ान मनाने की मनाही है।

अंत में, उइगर महिलाओं को कभी-कभी अपने बच्चों का गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया जाता है ताकि उनकी जनसंख्या की वृद्धि पर नजर रखी जा सके। और आज, उइगरों को चीन छोड़ने की अनुमति नहीं है। शिनजियांग में जो हो रहा है वह चिंताजनक है, मानव विरोधी है और प्रांत में इस्लामी आतंकवाद को नियंत्रित करने की आड़ में चीनी अधिकारियों द्वारा नरसंहार की तरह है।

उइगर तुर्क मूल के जातीय समूह के हैं और मुख्य रूप से मुस्लिम हैं। उनमें से ज्यादातर मध्य और पूर्वी एशिया के आसपास रहते हैं। नवीनतम अनुमान के अनुसार, चीन के झिंजियांग क्षेत्र में लगभग 1.2 करोड़ उइगर रहते हैं। वे मुख्य रूप से सुन्नी हैं। हालाँकि उइगरों की उत्पत्ति उइगर विद्वानों और चीनी इतिहासकारों के बीच इतिहास का एक विवादित हिस्सा बन गई है। उइघुर विशेषज्ञों के अनुसार, वे एक सहस्राब्दी से अधिक समय तक तकलामाकन रेगिस्तान के किनारों पर तारिम घाटियों में रहते थे। उनका कहना है कि वे वहां हजारों सालों से रह रहे हैं। लेकिन चीनी विद्वानों का दावा है कि उइगर 9वीं शताब्दी में ही चीन चले गए थे। वास्तव में, उइघुर खगनेट या उइघुर साम्राज्य (टोक्ज़ ओघुज़ देश के रूप में स्व-परिभाषित) ने 8 वीं और 9वीं शताब्दी में वर्तमान झिंजियांग, मंचूरिया, मंगोलिया और आस-पास के क्षेत्रों के विशाल क्षेत्रों पर शासन किया। रिकॉर्ड बताते हैं कि यह मध्यकालीन यूरेशिया में बनाए गए सबसे बड़े साम्राज्यों में से एक था।

9वीं शताब्दी के शुरुआती दशकों में इसकी ऊंचाई पर, यह पश्चिमी मध्य एशिया से कोरिया तक फैला था। चीन ने पहली बार दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में हान राजवंश के दौरान तारिम बेसिन पर नियंत्रण प्राप्त किया। लेकिन एक बार फिर चीन ने प्रारंभिक मध्य युग में तांग राजवंश के शासन के दौरान उस क्षेत्र को नियंत्रित किया। आज चीन का दावा है कि यह क्षेत्र वहां उइगरों की उपस्थिति से बहुत पहले से उसका था।

अंत में, चीन ने 18वीं शताब्दी के मध्य में किंग राजवंश के क्षेत्र के दौरान झिंजियांग पर विजय प्राप्त की, आखिरी साम्राज्य जो कि पौराणिक माओत्से तुंग के तहत चीन के जनवादी गणराज्य के आगमन से पहले अस्तित्व में था। तब से उइगर और पश्चिमी प्रांत में रहने वाले अन्य अल्पसंख्यक चीन के नियंत्रण से बाहर निकलने के लिए विभिन्न स्वतंत्र आंदोलनों का आयोजन कर रहे हैं। बेशक, इन प्रयासों को बीजिंग ने अपनी विशाल सेना के साथ और अब खुफिया तंत्र के साथ बेरहमी से दबा दिया है।

क्या चीन दुनिया की सुनेगा? क्या उइगर में अल्पसंख्यकों को बुनियादी आजादी मिल सकती है? चीन संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों सहित किसी भी अंतरराष्ट्रीय संगठन की कभी नहीं सुनेगा। वर्तमान में, इस बात की कोई आशा नहीं की जा सकती है कि उइगरों को सभ्य जीवन जीने का उनका उचित अधिकार दिया जाएगा। लेकिन फिर बीजिंग खुद को एक विश्व शक्ति के रूप में पेश कर रहा है और तेजी से अमेरिका से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहा है।

अब तक कई वैश्विक मानवाधिकार निकायों और संगठनों ने चीनी सरकार के वर्गीकृत निर्देशों का खुलासा किया है जो अल्पसंख्यकों के खिलाफ नजरबंदी और अन्य मानव विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए परिचालन योजनाएं निर्धारित करते हैं।

# ब्रेक्सिट समझौते के कारण जारी है संकट

> "ब्रेक्सिट समझौते की विफलता के कारण उत्तरी आयरलैंड में नया संकट पैदा हो रहा है।"

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अंतरराष्ट्रीय समझौता एक गंभीर मामला है। उनके लिए बातचीत करने में काफी समय और प्रयास लगता है तथा अंततः वे अंतरराष्ट्रीय कानून का हिस्सा बन जाते हैं। कोई राजनेता समझौते के लिए वार्ता करने के बाद विरले ही यह कहता है कि उसका देश इसके बारे में हमेशा थोड़े 'अस्थायित्व का अनुभव करते हुए इसे समीक्षा के योग्य' मानता था। लेकिन दो साल पहले ब्रेक्सिट होने के बाद ब्रिटेन के प्रमुख ब्रेक्सिट वार्ताकार लार्ड डेविड फ्रास्ट ने यही कहा था। इसका कारण यह था कि वे उस समय भी इस पर बातचीत जारी रखने का प्रयास कर रहे थे।

एक समय था जब उन्होंने ब्रेक्सिट समझौते को 'शानदार समझौता' की संज्ञा दी तथी प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन ने इसे 'असाधारण किस्म का समझौता' बताया था, लेकिन यह बात वर्ष के 2019 चुनाव से पहले की है। अब एक नया संकट उभर कर सामने आ रहा है क्योंकि समझौते का एक हिस्सा उत्तरी आयरलैंड इसका पालन नहीं कर रहा है। इससे ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ के बीच व्यापार युद्ध छिड़ सकता है तथा उत्तरी आयरलैंड में असली युद्ध की शुरुआत हो सकती है। लेकिन समझौता मुख्यतः इस कारण विफल हो रहा है क्योंकि कंजरवेटिव नेतृत्व वाली ब्रिटिश सरकार 2019 में समझौते के समय झूठ बोल रही थी। 2019 में बोरिस जान्सन अपने पद पर नए थे और वे 'ब्रेक्सिट समझौता करने' के लिए बहुत उतावले थे। ऐसा होने पर ही वे चुनाव करवा कर संसद में बहुमत की उम्मीद कर सकते थे।

इसलिए उन्होंने यूरोपीय संघ के साथ ब्रेक्सिट-पश्चात व्यापार संबंध समझौता किया जिसका संबंध मुख्यतः उत्तरी आयरलैंड से था। लेकिन वास्तव में यह




उनकी सरकार की इच्छा के अनुकूल नहीं था। एक साल पहले सत्ता के संघर्ष में पराजित होने के पहले जान्सन का दाहिना हाथ समझे जाने वाले डोमिनिक कमिंग्स ने पिछले सप्ताह कहा कि वे तथा कुछ अन्य सहयोगियों ने जान्सन से ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करवाये जिसका पालन करने का उनका कोई इरादा नहीं था। उनके अनुसार, 'यूरोपीय संघ से वार्ताओं के दौरान हम सर्वोत्तम विकल्पों से दूर हो गए। हमने जान्सन को थोड़ा धोखा देने को कहा क्योंकि वे लेबर पार्टी नेता जेरेमी कार्बिन के सामने झुकने को तैयार नहीं थे।' जल्दी चुनाव की स्थिति में ऐसा हो सकता था, अतः जान्सन इसके लिए तैयार हो गए।

कंजरवेटिवों ने कार्बिन को दिसंबर, 2019 चुनाव में भारी पराजय दी तथा ब्रिटेन ने अंततः जनवरी, 2020 में यूरोपीय संघ छोड़ दिया या अधिकांश सीमा तक ऐसा किया। समझौते के बारे में जो चीज नापसंद थी उसका संबंध अधिकांशतः उत्तरी आयरलैंड से था जो कस्टम के उद्देश्य से यूरोपीय संघ में बना रहा। इसका कारण यह था कि समझौते के समय ब्रिटेन तथा आयरिश गणतंत्र यूरोपीय संघ के सदस्य थे अतः दोनों के बीच सीमायें खुली रह सकती थीं। वहां कोई चेकपोस्ट नहीं थे, आवागमन पर कोई नियंत्रण नहीं था तथा कोई कस्टम ड्यूटी नहीं थी। इसके कारण राष्ट्रवादी अपनी इच्छा से आवागमन करते हुए स्वयं को आयरिश नागरिक मान सकते थे, जबकि उनके विरोधियों का विश्वास था कि वे ब्रिटेन में रहते हैं। अब वहां पूर्ण स्वतंत्रता के लिए जनता का आंदोलन जारी रह सकता है, जबकि उत्तरी आयरलैंड में ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ से आने वाली वस्तुओं व सेवाओं पर उत्तरी आयरलैंड के बंदरगाहों पर यूरोपीय संघ की कस्टम जांच होगी। वर्तमान में यही स्थिति है।

इस कारण उत्तरी आयरलैंड के बंदरगाहों पर कस्टम में भारी विलंब हो रहा है तथा यूरोपीय संघ ने केवल खाद्य पदार्थों और दवाइयों को सभी नियंत्रणों से मुक्त रखा है। यह अच्छी बात थी, पर जान्सन ने हाल ही में नई मांग की है। वे चाहते हैं कि यूरोपीय न्यायालय का क्षेत्राधिकार अब संधि के संभावित उल्लंघनों से समाप्त कर दिया जाए। लार्ड फ्रास्ट ने धमकी दी है कि यदि यूरोपीय संघ ऐसा नहीं करता है तो वे पूरी संधि 'स्थगित' कर देंगे।

यूरोपीय संघ के अधिकारियों को संदेह है कि जान्सन संधि को समाप्त करने के लिए यह बहाना बना रहे हैं ताकि वे व्यापार युद्ध का दोष यूरोपियनों पर डाल कर उनको उत्तरी आयरलैंड में युद्ध का दोषी भी ठहरा सकें।

ब्रिटेन में अनेक मोर्चों पर मामला और खराब हो रहा है तथा वह जनता का ध्यान दूसरी ओर भटकाना चाहता है। क्या वह वास्तव में ऐसा करने में सफल होगा? संभवतः वह स्वयं भी अभी इसका जवाब नहीं जानता है।

## आप की बात

### लज्जाजनक घटना

**2012** में निर्भया कांड ने देश की बदनामी सारी दुनिया मे कर दिया। बलात्कारी पकड़े गए। लंबी कानूनी प्रक्रिया में 8 वर्ष बाद उनको मौत की सजा मिली।उस समय भी अस्पतालों पर इलाज में कोताही बरतने के आरोप लगे थे। शुक्रवार को दिल्ली में पुनः रंजीत नगर इलाके में एक सात वर्षीय मासूम लड़की जो लंगर लेने गई थी। उसके साथ एक युवक ने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। बच्ची को मारपीट कर लहूलुहान कर भाग निकला। खून से लथपथ लौटी अपनी बेटी को चिकित्सकीय उपचार के लिये दिल्ली के अलग अलग अस्पतालों ने मारा मारा फिरता रहा, लेकिन किसी ने इलाज नही किया। पुलिस का मामला बता कर सभी दूसरे अस्पतालों में टालते रहे। देश के कर्णधारों को सोचना चाहिये।देश एक अरब कोरोना वैक्सीन लगा कर गौरवान्वित हो रहा है। वहीं सरकारी अस्पतालों में गरीब लोगों को इलाज नही मिलता। पीड़ितों को टरकाया जाता है। मानवीय संवेदनाएं शायद मर चुकी है। जो बीमार और पीड़ित का इलाज न कर उनको टरकाया जाता है। सबसे देश के लिये लज्जा का विषय है। कोई भी नेताशाह और नौकरशाह लाखो रुपये महीने वेतन लेने के बाद जमीन पर नही चलता। यदि हमारा सक्रिय तन्त्र होता तो इस तरह की घटनाएं न होतीं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### सुकर्णोपुत्री की घर वापसी

**इंडोनेशिया** के बाली के सिंगराजा शहर में सुकमावती सुकर्णोपुत्री 26 अक्टूबर को औपचारिक रूप से इस्लाम छोड़ कर अपने पूर्वजों के मूल धर्म में वापसी करेंगी। सुकर्णोपुत्री इंडोनेशिया के संस्थापक राष्ट्रपति सुकर्णो और उनकी तीसरी पत्नी फातमावती की बेटी हैं। वह इंडोनेशिया की 5वीं राष्ट्रपति मेगावती सोकर्णोपुत्री की बहन भी हैं। उनके इस फैसले की काफी सराहना हो रही है। इस अवसर को 'सुधी वधानी' नाम से बड़े धूम धाम से मनाया जाना है। सुकमावती का यह फैसला उन्हें देश के दिग्गज लोगों में से एक बनाता है। यह कदम उन लाखों करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है, जो इस्लाम छोड़ वापस अपने मूल (हिंदू) धर्म को अपनाना चाहते हैं। ख़ास बात यह है कि वर्ष 2018 में उनके द्वारा एक कविता पाठ को इस्लाम की तौहीन बता उन्हें सार्वजनिक माफी मांगने पर मजबूर किया गया था। इसके अतिरिक्त उनकी दादी न्योमन राय सिरिम्बेन ने भी उन्हें हिंदू धर्म में वापसी के लिए प्रभावित किया है, जो एक हिंदू हैं। उनके इस धर्म परिवर्तन को प्राचीन हिंदु संत की भविष्यवाणी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। जिसके तहत इंडोनेशिया को इस्लाम के चंगुल से मुक्त होने और पुनः उसके मूल हिंदू धर्म के वर्चस्व की बात कही गई है।

– **युवराज पल्लव,** हापुड़

### अनगिनत उत्सव

**जितने** उत्सव और त्योहार हमारे देश में मनाए जाते हैं संभवतः किसी मुल्क में नहीं मनाए जाते। हमारे पूर्वज कुछ काम ऐसे कर गए हैं, जो हमारे डीएनए में उत्सव और त्योहार बनकर बह रहे हैं। हमें समझना चाहिए कि ये केवल हुड़दंग नहीं है। त्योहार हमें आपस में जोड़ते हैं और विश्राम के लिए पड़ाव देते हैं। आज व्यावसायिक जगत में इतनी चुनौतियां व प्रतिस्पर्द्धा हो गई है कि यदि शीर्ष पर पहुंचकर थक गए तो आप सफलता की दुनिया में भूतपूर्व ही नहीं, स्वर्गीय हो जाएंगे। कुछ लोगों के मन में तो यह बात बैठ गई है कि आगे बढ़ना है तो दूसरे को पीछे नहीं छोड़ना, उसे समाप्त ही कर देना है। ऐसे प्रतिस्पर्द्धी माहौल में त्योहार विराम देते हैं, शांति देते हैं। रचनात्मक सोचने का मौका और दूसरों के साथ खिलवाड़ न करने का संदेश देते हैं। खासतौर पर यह संदेश देते हैं कि जो भी करें, पूरी तरह डूबकर करें। भक्ति ऐसा ही उत्सव है जो हमें डूबो देता है। जैसे ही हम तल्लीन होते हैं, कर्म और कर्ता एक हो जाते हैं! हमें आगामी दीपावली का त्योहार इसी भावना के साथ मनाना है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**नीतीश** कुमार प्रदेश की जनता का सामना करने से डरते हैं। इसीलिए वह चुनाव प्रचार के लिए हेलिकॉप्टर से यात्रा करते हैं।

– **तेजस्वी यादव**
राजद नेता

**जो** देश वहां (अफगानिस्तान में) 20 साल से लड़ रहे थे, वहां जो हो रहा है उसके लिए प्राथमिक जिम्मेदारी वहन करते हैं।

– **व्लादिमीर पुतिन**
रूस के राष्ट्रपति





**जब** आप पेट्रोल-डीजल खरीदते हैं तो याद रखें कि मोदी सरकार ने टैक्स के जरिए 23 लाख करोड़ रुपये कमाए हैं।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेत्री

# धर्मनिरपेक्षता भाजपा की संवैधानिक, नैतिक प्रतिबद्धता

## ● भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्षता को सियासी सुविधा का साधन बनाने वाली सियासत ने पंथनिरपेक्षता की मूल संवैधानिक भावना के साथ राजनीतिक छल किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए धर्मनिरपेक्षता संवैधानिक और नैतिक प्रतिबद्धता है लेकिन छद्म धर्मनिरपेक्ष सिंडिकेट ने इसका वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की मुफ्त रसोई गैस, आवास और नकदी हस्तांतरण जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का बहुत बड़ा लाभ अल्पसंख्यक समुदाय को भी मिला है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के बाद अल्पसंख्यक मतों के राजनीतिक सौदागरों ने अल्पसंख्यकों को ठगने और उनके मत हासिल करने के लिए हथकंडे अपनाए और भय का माहौल तैयार किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अल्पसंख्यकों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए विकास और सम्मान सुनिश्चित करने के मकसद से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सभी का प्रयास के मंत्र पर काम कर रही है। धर्मनरिपेक्षता के छद्म राजनीतिक चैंपियनों ने अल्पसंख्यकों के सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक सशक्तीकरण को जानबूझकर नजरअंदाज किया। जिन राजनीतिक दलों ने देश में सबसे लंबे समय तक शासन किया उसने धर्मनिरपेक्षता को राजनीतिक सहूलियत के हिसाब से इस्तेमाल किया और बांटने की राजनीति की। अल्पसंख्यकों को धर्मनिरपेक्षता का नकाब पहनने वाले राजनीतिक दलों से सावधान रहने की जरूरत है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग इस सच्चाई को समझ चुके हैं और इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों का समर्थन कर रहे हैं। भाजपा सम्मान के साथ विकास और बिना भेदभाव के विकास पर विश्वास करती है।

## एकता, भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत : गडकरी



**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि एकता, भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत है और यही तथ्य देश को विश्व गुरु बनाने के लिए सबसे अहम कारक रहा। लोकमत मीडिया समूह द्वारा उसके नागपुर संस्करण के स्वर्ण जयंती उत्सव के मौके पर आयोजित एक अंतर-धार्मिक सम्मेलन के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द के समक्ष वैश्विक चुनौतियां तथा भारत की भूमिका विषय पर संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता गडकरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति वास्तविक तौर पर धर्मनिरपेक्ष है। उन्होंने कहा कि सभी संस्कृतियों, धर्मों, समुदायों और विचारधाराओं का सम्मान करना भारतीय परंपरा रही है जो किसी धर्म से जुड़ा मसला नहीं है। गडकरी ने कहा, एकता, भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत है और यही तथ्य हमें विश्व गुरु बनाने के लिए समर्थ बनाता है, जिसका पूर्वानुमान स्वामी विवेकानंद ने जताया था। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने कहा कि सभी को मिलकर साथ चलने और एक-दूसरे का सम्मान करने की जरूरत है क्योंकि सभी समुदाय महत्वपूर्ण है। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने वीडियो संदेश में कहा, धर्म जोड़ता है, जबकि लोग इसका उपयोग तोड़ने के औजार के तौर पर कर रहे हैं और ऐसा होने के पीछे का कारण पारस्परिक संवाद की कमी होना है। योग गुरु बाबा रामदेव, कार्डिनल ओस्वाल्ड ग्रेसियास और अजमेर शरीफ दरगाह के हाजी सैयद सलमान चिश्ती के अलावा अहिंसा विश्वभारती आचार्य लोकेश मुनि समेत अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।



सूरत में करवा चौथ पर्व के अवसर पर विवाहित महिलाएं अनुष्ठान करतीं हुई

## कोलकाता मेट्रो ने गैर-वातानुकूलित डिब्बों को कहा अलविदा

**कोलकाता।** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने रविवार को गैर-वातानुकूलित डिब्बों को औपचारिक रूप से विदाई दे दी। इन डिब्बों में से कुछ डिब्बे 1984 में देश की पहली भूमिगत रेलवे की स्थापना के समय से ही सेवा में थे। वर्ष 1984 में आज ही के दिन परिचालन शुरू करने वाली कोलकाता मेट्रो ने गैर-वातानुकूलित डिब्बों को हटाने की प्रक्रिया को यादगार बनाने के लिए महानायक उत्तम कुमार स्टेशन पर डाउन द मेमोरी लेन नामक एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया। कोलकाता मेट्रो के महाप्रबंधक मनोज जोशी ने संवाददाताओं से कहा, इन डिब्बों की विदाई के हिस्से के रूप में हमने एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया है, जिसमें मेट्रो रेलवे के अतीत, वर्तमान और भविष्य को दर्शाया जाएगा।

## अहमदाबाद में करीब दो हजार लोगों को घर पर टीका दिया गया

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर मे कोविड-19 से बचाव के लिए शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से नगर निकाय द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत 2,000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगो को उनके घर जाकर टीके की खुराक दी गई। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) द्वारा शुरू किए गए महा टीकाकरण अभियान के तहत सात अक्टूबर से 50 साल से अधिक उम्र के लोगों और 18 साल से अधिक उम्र के दिव्यांगों का घर-घर जाकर टीकाकरण किया जा रहा है। एएमसी के अधिकारी ने बताया, अबतक, कुल 2,077 लाभार्थियों ने कोविड-19 के टीके की पहली या दूसरी खुराक घर पर ही लेने की सुविधा का लाभ उठाया है।

## भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत का दूसरे चरण का समुद्री परीक्षण शुरू


**नई दिल्ली।** भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत (आईएसी) विक्रांत के दूसरे चरण का समुद्री परीक्षण रविवार को शुरू हुआ। योजना के तहत अगले साल अगस्त में इसे नौसेना में शामिल किया जाना है। भारत में बना अबतक का सबसे बड़ा और जटिल युद्धपोत करीब 40 हजार टन वजनी है और अगस्त महीने में इसने सफलतापूर्वक पांच दिन की समुद्री यात्रा पूरी की थी। पहले चरण के परीक्षण के बाद नौसेना ने कहा कि युद्धपोत पर लगी प्रणालियों का प्रदर्शन संतोषजनक पाया गया। अधिकारी ने बताया, स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत विक्रांत रविवार को दूसरे चरण के समुद्री परीक्षण के लिए कोच्चि से रवाना हुआ। इस युद्धपोत के निर्माण पर करीब 23 हजार करोड़ रुपए की लागत आई है और इसके निर्माण के साथ भारत उन देशों की सूची में शामिल हो गया है जो स्वयं आधुनिक विमानवाहक युद्धपोतों का निर्माण कर सकते हैं।

## आने वाले महीनों में राकांपा में कई दलबदलुओं की वापसी होगी: जयंत पाटिल

**ठाणे।** महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री और राकांपा की राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने रविवार को दावा किया कि कई नेता जो पहले भाजपा में शामिल हुए थे, वे आने वाले महीनों में पार्टी में लौट आएंगे। वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के जन संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपनी ठाणे यात्रा के दौरान पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, अतीत में, कई नेता राकांपा छोड़कर भाजपा में चले गए थे। हालांकि, उनमें से कई घर लौटना चाहते है और इसकी तैयारी कर रहे है। आने वाले महीनों में, आप उनमें से कई को राकांपा में लौटते देखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार विपक्ष से हिसाब चुकता करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

## देश भर के अधिकतर किसान एव यूनियन कृषि कानूनों के समर्थन में खड़े हैं : तोमर

**भाषा।** भोपाल



**केन्द्रीय कृषि** मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने रविवार को कहा कि देश भर के अधिकांश किसान एवं किसान यूनियन केन्द्र के तीन नए कृषि कानूनों के समर्थन में खड़े हैं और कुछ ही लोगों को इस मामले में मतभेद है।

मंत्री ने कहा कि वे जो भी प्रस्ताव लेकर आएंगे, उस पर केंद्र सरकार चर्चा जरूर करेगी। तोमर ने खंडवा लोकसभा के ग्राम गुड़ीखेड़ा और पंधाना में चुनावी सभा में भाग लेने जाते वक्त एक सवाल के जवाब में मीडिया से कहा, तीनों कृषि कानून, किसानों के भले के लिए लाए गए हैं और देश भर के अधिकांश किसान इन कृषि कानूनों के समर्थन में खड़े हैं। अधिकतर यूनियन भी इन कानूनों के समर्थन में खड़े हैं।

उन्होंने आगे कहा, कुछ लोगों को इस मामले में मतभेद है। उनसे भी हमने संवेदनशीलता के साथ चर्चा की है और आने वाले कल में जब भी वे चाहेंगे और प्रस्ताव लेकर आएंगे तो सरकार उनके प्रस्तावों पर चर्चा जरूर करेगी। डीएपी खाद की कमी की चर्चा पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में तोमर ने कहा, सामान्य तौर पर डीएपी उर्वरक की थोड़ी कमी है, क्योंकि हम डीएपी को आयात करते हैं और उसके भाव भी बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सीजन में जब डीएपी के भाव बढ़े थे तो एक बैग पर 1200 रूपए सब्सिडी देने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्णय लिया था, जिससे किसानों पर भार न पड़े। तोमर ने बताया कि अभी फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डीएपी खाद की कीमतों में वृद्धि हुई है और 1650 रुपए प्रति बैग डीएपी पर सब्सिडी देने का निर्णय हुआ है। उन्होंने कहा, डीएपी को मंगाया जा रहा है और कोशिश की जा रही है कि इसकी आपूर्ति ठीक से की जाए। तोमर ने कहा, मैं आपके माध्यम से किसानों से आग्रह करना चाहता हूं कि डीएपी आ रहा है और डीएपी मिलेगा। लेकिन हम सब लोगों को जो अन्य विकल्प हैं, उन विकल्पों का भी उपयोग करते रहना चाहिए।

## शोपियां में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौतः पुलिस

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू** कश्मीर के शोपियां जिले में रविवार को आतंकवादियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के बीच गोलीबारी में कथित रूप से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना पर कश्मीर घाटी की मुख्य धारा की पार्टियों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और मामले की जांच की मांग की। मारे गए व्यक्ति की पहचान शाहिद अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया, सुबह करीब साढ़े 10 बजे अज्ञात आतंकवादियों ने शोपियां में बाबापोरा में सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के नाका दल पर हमला किया। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ ने गोलीबारी का जवाब दिया और दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि आगे के विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहले गोली मारो की नीति लोगों को और दूर करेगी। उन्होंने कहा, उसे गोली मारी गई और उसके झोले में कोई हथियार या विस्फोटक नहीं था, वह फल और सब्जी लेकर जा रहा रहा था। यह पहले गोली मारो की नीति लोगों को और दूर करेगी। यह कश्मीर के लोगों और युवाओं को दोस्त बनाने का तरीका नहीं है। दरअसल उमर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की शनिवार की उस टिप्पणी का संदर्भ दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि वह कश्मीर के युवाओं को दोस्त बनाना चाहते हैं। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह दुखद है कि सशस्त्र बल कश्मीर में इतनी अधिक छूट के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने कहा, एक और निर्दोष कश्मीरी शोपियां में कथित तौर पर सीआरपीएफ द्वारा मारा गया। यह दुखद है कि सशस्त्र बल बहुत कम संयम दिखाते हैं। मैं उसके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं।

## क्विक न्यूज

### निजी टीवी चैनलों को त्योहारों के दौरान लोगों को कोविड-19 से बचने के बारे में जागरूक करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों को ऐसे संदेश प्रसारित करने के लिए कहा है जो लोगों को कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने और त्योहारों के मौसम में एहतियात बरतने के लिए प्रोत्साहित करें। भारत ने कोविड वैक्सीन की 100 करोड़ से अधिक खुराक देने का मील का पत्थर हासिल कर लिया है, लेकिन विशेष रूप से त्योहारों के दौरान सतर्क रहना महत्वपूर्ण है, जिन्हें अत्यधिक सावधानी के साथ मनाया जाना चाहिए। मीडिया लोगों को कोविड-19 मानदंडों का पालन करने की आवश्यकता के बारे में सूचित करने में सबसे आगे रहा है। शनिवार को जारी परामर्श में कहा गया है, आने वाले त्योहारों के संदर्भ में, निजी सेटेलाइट टीवी चैनलों को ऐसे संदेश और अन्य सामग्री प्रसारित करने की सलाह दी जाती है, जो लोगों को कोविड के उचित व्यवहार का पालन करने, सावधानी बरतने, सार्वजनिक सभा तथा भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने और पाबंदियों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

### नेताजी से जुड़े स्थानों को बढ़ावा देने की योजना तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आजाद हिंद सरकार के गठन की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के तहत देश भर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस से जुड़े स्थलों को यात्रा कार्यक्रमों के जरिए बढ़ावा देने की योजना तैयार की है। पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 21 अक्टूबर 1943 को बोस ने सिंगापुर में आजाद हिंद की अस्थाई सरकार के गठन की घोषणा की थी। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के उत्तरार्ध के दौरान अनंतिम निर्वासित सरकार के तहत भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने के लिए संघर्ष शुरू किया था। भारत में बोस से जुड़े स्थलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार का कदम राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का पहला प्रयास है। एक अधिकारी ने कहा, ऐसे स्थलों की पहचान की जा चुकी है। हमने मनपसंद यात्रा कार्यक्रम तैयार किए हैं, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस से जुड़े गंतव्यों को शामिल किया गया है। नेताजी से संबंधित स्थानों को बढ़ावा देने के लिए यात्रा कार्यक्रम टूर ऑपरेटरों को दिया जाएगा।

### नवलखा को तलोजा जेल के अंडा सेल में भेजा गया, स्वास्थ्य प्रभावित होने का दावा

**मुंबई।** एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को नवी मुंबई स्थित तलोजा जेल के अंडा सेल (उच्च सुरक्षा बैरक) में भेज दिया गया है। नवलखा की साथी सहबा हुसैन ने रविवार को यह बात कही और दावा किया कि इस वजह से 70 वर्षीय नवलखा की पहले से ही खराब तबीयत और बिगड़ गई है। हुसैन ने एक बयान में दावा किया कि नवलखा को 12 अक्टूबर को नियमित बैरक से अंडा सर्कल में स्थानांतरित कर दिया गया था। हुसैन ने पूछा कि नवलखा को उनके विचारों के लिए कब तक सताया जाएगा और अधिकारी उनकी विचारधारा को तोड़ने के लिए किस हद तक जाएंगे। बयान में आगे कहा गया है कि एल्गार परिषद मामले के आरोपियों को जेल में छोटी और बुनियादी जरूरतों के लिए भी अपमान सहन करना पड़ता है। अंडा सर्कल में वह जेल के हरियाली वाले क्षेत्र में सैर करने और ताजी हवा से वंचित है और उनका स्वास्थ्य और खराब हो गया है।

### देश की समृद्ध सांस्कृतिक, भाषाई धरोहर को बचाना जरूरी : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने रविवार को देश की समृद्ध सांस्कृतिक और भाषाई धरोहर को बचाने की जरूरत पर जोर दिया तथा लोगों से आग्रह किया कि इस लिहाज से वैयक्तिक और सामूहिक स्तर पर प्रयास किए जाएं। उपराष्ट्रपति ने पिछले साल अक्टूबर में आयोजित सातवें विश्व तेलुगू साहित्य सम्मेलन पर आधारित एक पुस्तक का डिजिटल विमोचन किया। पुस्तक को जानेमाने गायक एस. पी. बालासुब्रमण्यम को समर्पित करते हुए इसके संपादकों, लेखकों और प्रकाशकों को बधाई देते हुए नायडू ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए ऐसी अनेक पहलों का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार नायडू ने कहा कि इंटरनेट और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उभरने से लोगों को भाषाओं के संरक्षण तथा विकास के नए अवसर मिलते हैं। उन्होंने इन प्रौद्योगिकियों के प्रभावी इस्तेमाल की जरूरत बताई।

## केरल : ओमान में सड़क हादसे में मारे गए व्यक्ति का परिवार को अबभी मुआवजे का इंतजार

**भाषा।** कोच्चि

**केरल की** शिजी शिजू के पति की 10 साल पहले ओमान में एक दुर्घटना में मौत हो गई थी, लेकिन आज तक शोक संतप्त परिवार को मुआवजे का एक पैसा भी नहीं मिला है। परेशान होकर महिला ने मदद के लिए केरल उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। शिजी शिजू उस समय गर्भवती थीं, जब 2010 में उनके पति पुलिककोटिल वरुथुन्नी शिजू अल एकटिस्यून ट्रेडिंग कंपनी में काम करने के लिए विदेश गए थे। अगले ही साल सड़क पर पुलिककोटिल पर एक क्रेन गिर गया और उनकी मौत हो गई। हादसे के समय वह 36 साल के थे और एक छह महीने की बच्ची एंजेल रोज़ के पिता थे। जिस बच्ची को वह कभी नहीं देख पाए। पुलिककोटिल की मौत को 10 साल से भी अधिक समय हो गया है। पुलिककोटिल की बड़ी बेटी अजीना अब 12वीं कक्षा में पढ़ती है जबकि उनकी छोटी बेटी पांचवीं कक्षा में पढ़ाई करती है। शिजी जोकि त्रिशूर के नंबाझिक्कड में अपने माता-पिता के घर में रहती है, अपनी दोनों बेटियों के पालन-पोषण के लिए सप्ताह में छह दिन एक निजी लैब में लगभग 8,500 रुपए के मामूली वेतन पर आठ घंटे से अधिक काम करती है।



मुंबई में विवांता अस्पताल द्वारा आयोजित एक मुफ्त टीकाकरण अभियान के दौरान लाभार्थियों को मेडिक्स वैक्सीन की खुराक देते हुए

## राजस्थान तीसरी लहर का मुकाबला करने में सक्षमः गहलोत

**भाषा।** जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को कहा कि अगर कोरोना वायरस की तीसरी लहर आती है तो अब राजस्थान उसका मुकाबला करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। सरकार ने कोरोना वायरस महामारी की भयावह चुनौती को अवसर में बदलते हुए राज्य में व्यापक स्तर पर उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की हैं तथा राजधानी जयपुर से गांव-ढाणी तक चिकित्सा अवसंरचना को मजबूत किया गया है। गहलोत ने राज्य में चिकित्सा संस्थानों में एनआईसीयू, पीआईसीयू, आईसीयू, ऑक्सीजन उत्पादन एवं तरल चिकित्सकीय ऑक्सीजन संयंत्र के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में करीब 231.66 करोड़ रूपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण एवं लगभग 50.61 करोड़ रूपए की लागत के कार्यों का शिलान्यास किया। सीएम ने कहा कि कोविड-19 महामारी अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है तथा ब्रिटेन, रूस सहित दुनिया के कई मुल्कों में कोरोना के हालात फिर गंभीर हो गए हैं। कई राज्यों में भी मामले बढ़ने लगे हैं, ऐसे में, सजगता और सतर्कता बेहद जरूरी है। राज्य सरकार ने पहली और दूसरी लहर में महामारी का बेहतरीन प्रबंधन कर लोगों का जीवन बचाया है।

## भाजपा को महाराष्ट्र में विपक्षी दल के रूप में बहुत कुछ करना शेष है : पंकजा मुंडे

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी की वरिष्ठ नेता पंकजा मुंडे ने कहा है कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार के पतन के प्रति आसक्त नहीं है और राज्य में एकमात्र प्रमुख विपक्षी दल होने के नाते भाजपा को जनता के लिए बहुत कुछ करना शेष है। महाराष्ट्र में भाजपा के प्रमुख नेताओं में से एक होने के साथ ही वह पार्टी की राष्ट्रीय सचिव भी हैं। वर्ष 2014 से 2019 तक महाराष्ट्र में भाजपा नीत गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहीं मुंडे ने कहा कि पार्टी को राज्य में एक मजबूत, सक्रिय और रचनात्मक विपक्ष के रूप में काम करना है।महाराष्ट्र में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की गठबंधन सरकार है, जिसे महा विकास आघाडी गठबंधन कहा जाता है। यह सुविधाभोगी और स्वार्थ से बंधी गठबंधन सरकार है, न कि लोक कल्याण की सरकार,... इस (एमवीए) सरकार के भाग्य की चिंता करने के बजाय, हम (भाजपा) विपक्ष की अपनी वर्तमान भूमिका पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## बांग्लादेश की आजादी के लिए 1971 के युद्ध से शक्ति संतुलन भारत के पक्ष में हुआ : मेनन

**भाषा।** बेंगलुरु



**पूर्व** विदेश सचिव शिवशंकर मेनन ने रविवार को कहा कि वर्ष 1971 के युद्ध ने उपमहाद्वीप में शक्ति संतुलन भारत के पक्ष में कर दिया क्योंकि इसने पाकिस्तान की दो मोर्चों पर खतरा उत्पन्न करने की क्षमता खत्म कर दी। उस युद्ध के बाद ही बांग्लादेश का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश सफल कहानी के तौर पर सामने है जो प्रति व्यक्ति आय और मानव विकास संकेतक के मामले में भारत और पाकिस्तान से भी आगे निकल गया है। वर्ष 1971 के युद्ध में भारत की जीत के 50 साल पूरा होने पर यहां आयोजित स्वर्णिम विजय वर्ष संगोष्ठी में मेनन ने कहा, भारतीय उपमहाद्वीप में पाकिस्तान की दो मोर्चों पर खतरा उत्पन्न करने की क्षमता खत्म होते ही शक्ति संतुलन भारत के पक्ष में झुक गया और हार के सालों बाद भी पाकिस्तान के पास पारंपरिक युद्ध छेड़ने का विश्वास नहीं रहा। पूर्व

### ● युद्ध का सकारात्मक प्रभाव राजनीतिक असर से अधिक था

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की भूमिका निभा चुके पूर्व राजनयिक मेनन ने कहा कि इस युद्ध से करीब तीन दशक तक भारत और पाकिस्तान के बीच शांति बनी रही, यह शांति तब तक बनी रही जब तक पाकिस्तान ने यह नहीं सोचा कि परमाणु हथियार से संतुलन को बदला जा सकता है और करगिल समस्या पैदा करने की कोशिश की, हालांकि वह फिर से असफल रहा। मेनन के मुताबिक इस युद्ध ने पाकिस्तान को सबक दी कि वह पारंपरिक युद्ध में या चीन व अमेरिका की शह पर भारत से नहीं जीत सकता। इसका नतीजा रहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद और जिहादी तंजीमों के जरिए गैर पारंपरिक हिंसा को नीति के तौर पर अंगीकार किया। पाकिस्तान ने इसे राज्य की नियमित नीति बना दिया, खासातौर पर 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ जिहाद में इसका प्रयोग करने के बाद...। उन्होंने कहा कि युद्ध का सकारात्मक प्रभाव निश्चित तौर पर बांग्लादेशी राजनीतिक असर से अधिक था।



सूरत में करवा चौथ पर्व के अवसर पर विवाहित महिलाएं अनुष्ठान करतीं हुई

# नई ऊर्जा से आगे बढ़ रहा है देश: मोदी

**मन की बात**

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि अपने नागरिकों को कोविड-19 रोधी टीकों की 100 करोड़ खुराक देना भारत के सामर्थ्य और सबके प्रयास के मंत्र की शक्ति को दर्शाता है और इस उपलब्धि के बाद देश नए उत्साह और नई ऊर्जा से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 82वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता को लेकर वह आश्वस्त थे क्योंकि वह देशवासियों की क्षमताओं से भलीभांति परिचित हैं।


उन्होंने कहा, हमारे टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता, भारत के सामर्थ्य को दिखाती है, सबके प्रयास के मंत्र की शक्ति को दिखाती है। टीकों की 100 करोड़ खुराक के बाद आज देश नए उत्साह, नई ऊर्जा से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सफलता का उन्हें दृढ़ विश्वास था क्योंकि वह अपने देश, अपने देश के लोगों की क्षमताओं से भलीभांति परिचित हैं। उन्होंने कहा, मैं जानता था कि हमारे स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों के टीकाकरण में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 100 करोड़ खुराक का आंकड़ा बहुत बड़ा जरूर है लेकिन इससे लाखों छोटे-छोटे प्रेरक और गर्व से भर देने वाले अनेक अनुभव व कई उदाहरण जुड़े हुए हैंष

उन्होंने कहा, हमारे स्वास्थ्य-कर्मियों ने अपने अथक परिश्रम और संकल्प से एक नई मिसाल पेश की है। उन्होंने नवोन्मेष के साथ अपने दृढ़ निश्चय से मानवता की सेवा का एक नया मानदंड स्थापित किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर उत्तराखंड के बागेश्वर की एक महिला स्वास्थ्यकर्मी पूनम नौटियाल से बात



की और टीकाकरण के दौरान उन्हें हुई कठिनाइयों पर चर्चा की। उन्होंने नौटियाल से कहा, आज मैं सिर्फ आपका ही आभार व्यक्त नहीं कर रहा हूं बल्कि हर उस भारतवासी का आभार व्यक्त कर रहा हूं, जिसने सबको टीके-मुफ्त टीके अभियान को कामयाबी दी। महिला पुलिसकर्मियों की संख्या में वृद्धि की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में जहां इनकी संख्या 1.5 लाख के करीब थी, वहीं 2020 तक इसमें दोगुने से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे और भी ज्यादा संख्या में महिलाएं पुलिस सेवा में शामिल होंगी और देश की पुलिस सेवा की नई पीढ़ी का नेतृत्व करेंगी। उन्होंने कहा, पहले यह धारणा बन गई थी कि सेना और पुलिस जैसी सेवा केवल पुरुषों के लिए ही होती है। लेकिन आज ऐसा नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या दोगुनी हो गई है। 2014 में जहां इनकी संख्या 1.5 लाख के करीब थी, वहीं 2020 तक इसमें दोगुने से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है और यह संख्या अब 2.15 लाख तक पहुंच गई है। ज्ञात हो कि मोदी 2014 में पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों में भी पिछले सात सालों में महिलाओं की संख्या लगभग दोगुनी हुई है और आज देश की बेटियां कठिन से कठिन कर्तव्य भी पूरी ताकत और हौसले से पूरा कर रही हैं। इस क्रम में उन्होंने सबसे कठिन माने जाने वाले प्रशिक्षणों में एक विशिष्ट जंगल युद्ध कमांडो के प्रशिक्षण का उल्लेख किया और कहा कि आगे जाकर यह प्रशिक्षित बेटियां कोबरा बटालियन का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने कहा कि आज हवाई अड्डों से लेकर मेट्रो स्टेशनों तक या सरकारी दफ्तरों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की जांबाज महिलाएं हर संवेदनशील जगह की सुरक्षा करते दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा, इसका सबसे सकारात्मक असर हमारे पुलिस बल के साथ-साथ समाज के मनोबल पर भी पड़ रहा है। महिला सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी से लोगों में, विशेषकर महिलाओं में सहज ही एक विश्वास पैदा होता है। वे उनसे स्वाभाविक रूप से खुद को जुड़ा महसूस करती हैं। महिलाओं की संवेदनशीलता की वजह से भी लोग उन पर ज्यादा भरोसा करते हैं।




अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फेस का मास्क पहने लोग कोरोना वैक्सीन की एक अरब खुराक पूरी होने का जश्न मनाते हुए।

## संयुक्त राष्ट्र को व्यावहारिक रूप में विश्व संघ बनाने की जरूरत: मिश्र

**भाषा।** जयपुर

**संयुक्त राष्ट्र** को व्यावहारिक रूप में एक विश्व संघ बनाने की जरूरत पर बल देते हुए राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि इसके लिए शांति और सद्भावना के साथ-साथ राष्ट्रों के समान रूप से विकास को गति प्रदान करने में विश्व निकाय को सहयोगी बनना होगा। मिश्र रविवार को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर भारत एवं संयुक्त राष्ट्र विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज वंचित वर्ग और कम विकसित देशों को यह विश्वास दिलाने की जरूरत है कि संयुक्त राष्ट्र उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी, आतंकवाद जैसी वैश्विक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के बदलते प्रतिमानों के चलते आज संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था और प्रक्रिया में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को बनाए रखने के लिए सुरक्षा परिषद जैसे संस्थानों में आवश्यक सुधार एवं विस्तार समय की मांग है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने तो हमेशा इसके उद्देश्यों और सिद्धांतों का पुरजोर समर्थन किया है। मिश्र ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है और हमारा संविधान मानव अधिकारों का वैश्विक दस्तावेज है। उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के संयुक्त राष्ट्र अध्ययन उत्कृष्टता केन्द्र को विषय विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सुझावों का दस्तावेजीकरण कर इन्हें उचित मंच पर रखा जाना चाहिए। मिश्र ने इस अवसर पर डॉ. विनय कौड़ा द्वारा सम्पादित पुस्तक इण्डिया एण्ड यूएन इन द ट्वण्टी फर्स्ट सेन्चुरी पुस्तक का लोकार्पण भी किया।

## मुस्लिम युवती से प्रेम संबंध के चलते हिंदू युवक की हत्या

**विजयपुरा ( कर्नाटक )।** कर्नाटक के विजयपुरा में एक मुस्लिम परिवार ने अपनी बेटी से कथित प्रेम संबंध रहने के चलते एक हिंदू युवक की हत्या कर दी और उसके शव को गांव के खेत में कुंए में फेंक दिया। 34 वर्षीय रवि निम्बारगी 21 अक्टूबर से लापता था और अगले दिन युवक के परिवार ने मुस्लिम युवती के रिश्तेदारों द्वारा उसकी हत्या किए जाने का शक जताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मामले की जांच के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया। विजयपुरा जिले के बालागनुर गांव के एक कुंए से रविवार सुबह रवि का शव बरामद किया गया। पुलिस ने युवती के भाई, उसके एक रिश्तेदार को हत्या, आपराधिक साजिश और सबूत नष्ट करने के आरोपों में गिरफ्तार किया है। रवि के रिश्तेदार शशिधर ने संवाददाताओं से कहा कि युवक-युवती के पिछले करीब दो साल से प्रेम संबंध थे। उन्होंने कहा कि आरोपियों और अन्य रिश्तेदारों ने प्रेमी जोड़े को कई बार अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।

## कांग्रेस विधायक सचिन बिरला कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

**भाषा।** भोपाल/बड़वाह

**खंडवा लोकसभा सीट** से ठीक छह दिन पहले कांग्रेस को करारा झटका देते हुए मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बड़वाह विधानसभा सीट के कांग्रेस विधायक सचिन बिरला रविवार को कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए हैं। वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की बड़वाह के ग्राम बेडिया में चुनावी सभा में भाजपा में शामिल हुए। चौहान ने अंगवस्त्र पहनाकर विधायक बिरला का स्वागत किया। बिरला ने वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर बड़वाह सीट से भाजपा प्रत्याशी हितेन्द्र सिंह सोलंकी को करीब 30,500 मतों से हराया था।

हालांकि, बड़वाह विधानसभा क्षेत्र खरगोन जिले में आता है, लेकिन यह खंडवा लोकसभा सीट का हिस्सा है, जहां पर 30 अक्टूबर को उपचुनाव होना है। खंडवा लोकसभा सीट के अलावा, मध्य प्रदेश में तीन अन्य विधानसभा चुनावों पर भी 30 अक्टूबर को उपचुनाव हो रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने मुझे अपार स्नेह और आशीर्वाद देकर विधायक बनाया और मेरा एक ही सपना रहा कि इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कर सकूं। बिरला ने कहा, जब मैं विकास को लेकर (मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष) कमलनाथ जी से मिलता था तो उनके पास समय नहीं था, लेकिन जब भाजपा की सरकार बनी और क्षेत्र की विकास योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से मिला तो उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए। इस क्षेत्र की सिंचाई परियोजनाओं को लेकर स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर मुझे जनता की सेवा करने का मौका दिया उसके लिए मैं मुख्यमंत्री चौहान का आभारी हूं।

मुख्यमंत्री ने भाजपा में बिरला का स्वागत करते हुए कहा, आज सचिन बिरला ने देश और प्रदेश का बंटाधार करने वाली कांग्रेस को छोड़कर क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा का दामन थामा है। उनका मैं स्वागत करता हूं कि उन्होंने क्षेत्र की जनता की भलाई के लिए निर्णय लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आज मिस्टर बंटाधार (दिग्विजय सिंह) चुनाव प्रचार पर निकले है।

## क्विक न्यूज

### टीआरएस की पूर्ण सत्र की बैठक केसीआर का पार्टी अध्यक्ष तय

**हैदराबाद।** टीआरएस के पूर्ण सत्र की बैठक के लिए तैयारी पूरी हो गई है जो 25 अक्टूबर को होनी है और इसके मुख्य एजेंडे मे पार्टी अध्यक्ष का चुनाव शामिल है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का पार्टी के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है क्योंकि केसीआर के अलावा किसी अन्य ने इसके लिए नामांकन दाखिल नहीं किया है। टीआरएस के राज्यसभा सदस्य संतोष कुमार ने ट्वीट किया, टीआरएस पार्टी के अस्तित्व मे आने के 20 वर्ष मनाने के लिए समारोह कल से शुरू होगे। टीम केसीआर के साथ हाईटेक्स मे कल होने वाली टीआरएस पूर्ण सत्र की बैठक की तैयारियां देखने के लिए दौरा किया। जिस पार्टी ने 2001 मे सिर्फ राव के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी, उसने अपने अस्तित्व के 20 साल पूरे किए है। टीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने पहले कहा था कि पार्टी के नियमो के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष का चुनाव हर दो साल मे होना चाहिए और साथ ही पार्टी का स्थापना दिवस मनाने के लिए हर साल 27 अप्रैल को पार्टी का पूर्ण सत्र आयोजित करने की परंपरा है। हालांकि, 2019 मे लोकसभा चुनाव और पिछले दो वर्षो मे कोविड-19 महामारी के कारण पिछले 3 वर्षो से दोनो ही नही हो सके।

### चीन का मुकाबला करने के लिए पूर्व राजनयिक ने भारत में बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया

**बेंगलुरु।** पूर्व वरिष्ठ राजनयिक जी पार्थसारथी ने रविवार को चीन का मुकाबला करने के लिए आसियान देशो के साथ रणनीतिक संबंध विकसित करने के वास्ते भारत मे बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जिनमें से अधिकांश बौद्ध अनुयाई है। म्यांमा का उदाहरण देते हुए पार्थसारथी ने कहा कि चीन उस देश के लिए बंगाल की खाड़ी में एक नौसैनिक बंदरगाह बना रहा है, जो भारतीय सीमाओ के लिए एक सुरक्षा चुनौती है। हालाकि, म्यांमा मे राजदूत के रूप मे कार्य कर चुके पार्थसारथी ने विश्वास जताया कि म्यांमा, भारत को नुकसान नही पहुंचा सकता। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध मे भारत की जीत की 50वी वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए बेंगलुरु मे आयोजित स्वर्णिम विजय वर्ष सम्मेलन के दौरान पार्थसारथी ने कहा, एक बात वे (म्यांमा के अधिकारी) कहते है कि हम आपको कैसे नुकसान पहुंचा सकते है। आप बुद्ध की भूमि है और वे बुद्ध के अनुयाई है। उन्होंने कहा, यह पूरा क्षेत्र बौद्ध अनुयायियों से भरा हुआ है और हम इस तथ्य का पूरा फायदा नही उठा पा रहे है। यहां तक कि हम लोगो को पर्यटन के लिए भारत नही बुला पा रहे है। इसलिए, मुझे लगता है कि इस क्षेत्र मे संभावनाएं तलाशने की जरूरत है।

### त्रिपुरा में विरोधियों के साथ भाजपा करती है मारपीट: ममता

**सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि त्रिपुरा मे यदि राजनीतिक विरोधी रैलियां निकालने का साहस करते है तो भाजपा उन्हें पीटती है और महिला सांसद को भी नही बख्शा जाता है। वह त्रिपुरा की राजधानी अगरतला के समीप शुक्रवार को एक जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सुष्मिता देव पर कथित रूप से हमला करने का जिक्र कर रही थी। तृणमूल कांग्रेस इस पूर्वोत्तर राज्य मे 2023 मे होने वाले विधानसभा चुनाव मे भाजपा को सत्ता से हटाने की कोशिश मे जुटी है। पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकताओं पर हमले संबंधी पार्टी के दावे पर तृणमूल सुप्रीमो ने कहा, पश्चिम बंगाल मे शांति है और यह मरघट की शांति नही है। बनर्जी ने यहां एक रैली मे कहा, इसके विपरीत उनके राज्य (त्रिपुरा) मे हो रही चीजे देखिए। जो भी भाजपा के विरोध मे रैलियां निकालने का साहस करता है, उसे लाठी-डंडो से पीटा जाता है। वे(भाजपा वाले) घायल तृणमूल कार्यकर्ताओ का इलाज भी नही होने देते है।

### लद्दाख में मध्यम तीव्रता का भूकंप झटका

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख मे रविवार को मध्यम तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। इसकी तीव्रता 4.2 दर्ज की गई। भूकंप का झटका केंद्र शासित प्रदेश के करगिल क्षेत्र में पूर्वाह्न 11 बजकर 29 मिनट पर आया और इसका केंद्र 140 किलोमीटर की गहराई मे स्थित था। अधिकारियो ने कहा कि इससे किसी नुकसान की कोई खबर नही है। हिमालई क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील है।

### सिक्किम का स्थाई परिसर तीन वर्षों के भीतर तैयार होगा:सुभाष

**गंगटोक।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), सिक्किम के स्थाई परिसर के अगले तीन वर्षो के भीतर तैयार होने की उम्मीद है और इसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। वर्ष 2010 मे शुरुआत के बाद से ही एनआईटी, सिक्किम का संचालन अस्थाई परिसर से किया जा रहा है। राज्य के दो दिवसीय दौर पर पहुंचे सरकार ने घोषणा की कि दक्षिण सिक्किम के यांगयांग मे स्थित सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसर के दूसरे चरण का निर्माण भी अगले ढाई वर्षो मे पूरा हो जाएगा।



बोधगया में बौद्धभिक्षुओं ने पवित्र बोध वृक्ष के नीचे पूजा की।

## गरीबों को न्याय तक पहुंच मिले, वरिष्ठ अधिवक्ता दें मुफ्त कानूनी सहायता

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यू यू ललित ने रविवार को वरिष्ठ अधिवक्ताओं से गरीबों और समाज में हाशिए पर चले गए वर्गों के लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता मुहैया कराने की अपील की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें न्याय तक गुणवत्तापूर्ण पहुंच मिले। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित ने कर्नाटक राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा कलबुर्गी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह बात कही। इस कार्यक्रम का विषय सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में अधिकारों के महत्व- 2020 था।

न्यायमूर्ति ललित ने कहा, केवल पैनल के वकीलों को प्रशिक्षण देना पर्याप्त नहीं होगा। समस्या का समाधान यह है कि कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं को कानूनी सहायता को पसंद के रूप में लेना होगा और नि:शुल्क मामलों में पेश होते रहना चाहिए ताकि विधिक सहायता मांगने आए व्यक्ति को यह आश्वासन दिलाया जा सके कि उसे बिना किसी गड़बड़ी के गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। गरीबों और वंचित तबके के लोगों को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों को कानूनी सहायता प्रदान करने का मतलब यह नहीं है कि वह खराब स्तर की हो, इसे बेहतर गुणवत्ता और मानक का होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ने महिलाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, महिलाओं को इस हद तक सशक्त किया जाना चाहिए कि वह हम सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें। न्यायमूर्ति ललित ने राज्य में कानूनी साक्षरता फैलाने के लिए ऑफ-कैंपस कानूनी सेवा क्लीनिक की स्थापना और एक ग्राफिक उपन्यास के विमोचन के संबंध में कर्नाटक राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना की।

## राजस्थान में दो पक्षो में हुए खूनी संघर्ष में दो की मौत, पांच अन्य घायल

**जयपुर।** जयपुर के घाटगेट इलाके में शनिवार को पारिवारिक विवाद के चलते दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में एक गर्भवती महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। लालकोठी थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि घाटागेट इलाके में पारिवारिक विवाद के चलते कुछ युवकों ने अपने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, इस हमले में पिता को बचाने आई उसकी गर्भवती बेटी पर भी युवकों ने चाकुओं से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान साबिर खां (60) और उसकी बेटी नफीसा (36) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि खूनी संघर्ष में हमलावर युवकों सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए है। सात लोगों के खिलाफ हत्या सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## विदेशी भी जुड़ रहे गुजरात के प्रौद्योगिकी विवि के वेद व प्राचीन भारत विज्ञान पाठ्यक्रमों से

**अहमदाबाद।** वेदों, उपनिषदों, कौटिल्य के अर्थशास्त्र और प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों के बारे में अधिकाधिक जानने के लिए सउद्दी अरब, कुवैत, तंजानिया और आस्ट्रेलिया जैसे देशों से लोग गुजरात के एक राजकीय विवि द्वारा हाल में शुरू किए गए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से जुड़े हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

गुजरात प्रौद्योगिकी विवि (जीटीयू) को प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणालियों से जुड़े तीन महीने के 12 ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों के लिए 889 विद्यार्थियों से पंजीकरण के वास्ते आवेदन मिले हैं। यह गुजरात सरकार का विश्वविद्यालय है जो अभियांत्रिकी, वास्तुशिल्प, प्रबंधन, फार्मेसी और कंप्यूटर साइंस जैसे विविध विषयों का अध्ययन कराता है। भारत के 21 राज्यों के अलावा सउदी अरब, कुवैत, तंजानियां और आस्ट्रेलिया के विद्यार्थियों ने इन पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है जिन्हें धरोहर नामक जीटीयू सेंटर फोर इंडियन नॉलेज सिस्टम और भीष्म स्कूल ऑफ इंडिक स्टडीज ने शुरू किया है। भीष्म स्कूल ऑफ इंडिक स्टडीज प्राचीन भारतीय ज्ञान के प्रचार के लिए काम करने वाला एक संगठन है।

ये ऑनलाइन पाठ्यक्रम वेदों, उपनिषदों, पुराणों, प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, वास्तुशिल्प, कला, संस्कृति एवं परंपरा, कौटिल्य के अर्थशास्त्र एवं राजनीतिक विज्ञान, भारतीय नरेश एवं सम्राट, धर्म, क्लासिक साहित्य एवं भारतीय प्रवासियों के वैश्विक पदचिह्न जैसे विषयों से जुड़े हैं। इन पाठ्यक्रमों से संबद्ध अधिकारियों के अनुसार वेद अध्ययन विषय छात्रों की पहली पसंद है तथा 238 लोगों ने उसमें प्रवेश लिया है। उन्होंने कहा कि प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर लोकप्रियता के लिहाज से कौटिल्य के अर्थशास्त्र एवं राजनीतिक विज्ञान तथा प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्रमश: दूसरी एवं तीसरी पसंद हैं।

## चीन को अगला दलाई लामा चुनने का कोई अधिकार नही है : तवांग बौद्धमठ के प्रमुख

**तवांग (अरुणाचल प्रदेश)।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग बौद्धमठ के प्रमुख ने कहा है कि चीन को अगले दलाई लामा को चुनने में शामिल होने का कोई अधिकार नहीं है, खासकर इसलिए कि वह धर्म में विश्वास ही नहीं करता तथा उत्तराधिकारी का चयन करना तिब्बती लोगों का पूर्ण रूप से आध्यात्मिक मामला है। चीन की सीमा से सटे करीब 350 साल पुराने बौद्धमठ के प्रमुख ग्यांगबुंग रिनपोचे ने यह भी कहा कि चीन की विस्तारवादी नीति का विरोध करना जरूरी है तथा भारत को इस पड़ोसी देश से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। एलएसी पर चीन के आक्रामक रवैए की ओर इशारा करते हुए रिनपोचे ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार के दौरान कहा कि भारत शांति एवं समृद्धि में विश्वास करता है, लेकिन इस तरह के आक्रामक रुख से निपटने के लिए उसे जमीनी हालात के आधार पर अपना दृष्टिकोण तय करना चाहिए। दुनिया में तिब्बत के ल्हासा के पोताला महल के बाद दूसरे सबसे बड़े बौद्धमठ के प्रमुख ने कहा कि केवल वर्तमान दलाई लामा एवं तिब्बती लोगों को ही तिब्बती आध्यात्मिक नेता के उत्तराधिकारी के बारे में फैसला करने का अधिकार है तथा चीन की इसमें कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि तवांग और लद्दाख जैसे क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा, चीन की सरकार धर्म में विश्वास ही नहीं करती है। जो सरकार किसी धर्म में विश्वास नहीं करती है , वह कैसे अगला दलाई लामा तय कर सकती है। उत्तराधिकार योजना धर्म और आस्था का मामला है, यह थोड़े ही कोई राजनीतिक मामला है। रिनपोचे ने कहा, चीन को अगले दलाई लामा को चुनने की प्रक्रिया में शामिल होने का कोई हक नहीं है। केवल वर्तमान दलाई लामा और उनके अनुयायियों को ही इस मुद्दे पर फैसला करने का अधिकार है। तवांग बौद्धमठ के प्रमुख का बयान पूर्वी लद्दाख सीमा पर भारत एवं चीन के बीच गतिरोध के बीच आया है। यह बौद्धमठ जिस क्षेत्र में है उसपर चीन अपना दावा करता है। हालांकि, भारत का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश उसका अभिन्न एवं अविभाज्य अंग है। रिनपोचे ने कहा कि तिब्बती लोग इस मुद्दे पर चीन के किसी भी फैसले को कभी स्वीकार नहीं करेंगे और इसमें शामिल होने का उसका प्रयास तिब्बती धरोहर पर कब्जा करने तथा तिब्बती लोगों पर नियंत्रण रखने की कोशिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा, तिब्बत के लोगों का दिल जीतना चीन के लिए मुश्किल है। चीन सख्ती से तिब्बत को नियंत्रित कर रहा है। प्रशासन बाहर के लोगों को तिब्बतियों से मिलने भी नहीं दे रहा है।




पटना में विश्व पोलियो दिवस पर जागरूकता मार्च में रोटरी सदस्यों ने भाग लिया।

# आयात पर निर्भरता घटाए कपड़ा मशीनरी क्षेत्र: पीयूष गोयल

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय मंत्री** पीयूष गोयल ने कपड़ा मशीनरी क्षेत्र से आयात पर निर्भरता घटाने को कहा है। उन्होंने कपड़ा मशीनरी क्षेत्र में 100 चैंपियनों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि कपड़ा इंजीनियरिंग उद्योग तथा सरकार के सम्मिलित प्रयासों से क्षेत्र की आयात पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। वाणिज्य एवं उद्योग, कपड़ा, उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री ने शुक्रवार को कपड़ा मशीनरी विनिर्माताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कपड़ा मशीनरी विनिर्माताओं से कहा कि वे पहले से तैयार सुविधाओं के जरिए काम करें और क्षेत्र को गतिशील बनाएं। विदेशों के 15 कपड़ा मशीन विनिर्माता, 20 घरेलू विनिर्माता और सात कपड़ा मशीनरी और संबद्ध उद्योग के संघ इस परिचर्चा में शामिल हुए। इस परिचर्चा का मकसद मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत देश में कपड़ा इंजीनियरिंग उद्योग की वृद्धि के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का विकास करने की संभावित रणनीति बनाना था। गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय पूंजीगत सामान नीति विनिर्माण क्षेत्र की नीति है। सरकार ने पूंजीगत सामान के उत्पादन को 2025 तक 101 अरब डॉलर पर पहुंचाने के लिए यह नीति बनाई है। पूंजीगत सामान का उत्पादन मूल्य के हिसाब से 2014-15 में 31 अरब डॉलर था। गोयल ने कपड़ा उद्योग से नवोन्मेषण वाली भागीदारी करने को कहा। एक बयान में कहा गया है कि गोयल ने भारतीय कपड़ा मशीनरी क्षेत्र में 100 अग्रणी इकाइयों के विकास पर जोर दिया, जिनकी दुनियाभर में पहचान हो। मंत्री ने कहा कि भारत को कपड़ा मशीनरी उत्पादन के क्षेत्र में वैश्विक खिलाड़ी बनने का प्रयास करना चाहिए। गुणवत्ता और मात्रा के हिसाब से ऐसी मशीनरी का उत्पादन करना चाहिए, जिनकी दुनिया को जरूरत है। गोयल ने कहा, हम आयात के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन कपड़ा मशीनरी उद्योग तथा सरकार के सम्मिलित प्रयासों से आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत है। यदि हम गुणवत्ता पर ध्यान देते हैं, तो बड़े बाजारों में पकड़ बना सकते हैं और ऊंची उत्पादकता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक और उन्नत कपड़ा मशीनरी पारिस्थितिकी तंत्र से देश के असंगठित कपड़ा उद्योग को भी फायदा होगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार में सुगमता, निर्यात और रोजगार को बढ़ावा देकर भारतीय कपड़ा उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना (एटीयूएफएस) की समीक्षा की। कपड़ा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 438 परियोजनाओं की लागत 4.3 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**भाषा।** नई दिल्ली

**बुनियादी ढांचा** क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 438 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की ताजा सितंबर, 2021 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,670 परियोजनाओं में से 438 की लागत बढ़ी है, जबकि 563 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।रिपोर्ट में कहा गया है, इन 1,670 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,66,048.11 करोड़ रुपए थी, जिसके बढ़कर 25,96,907.70 करोड़ रुपए पर पहुंच जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 19.89 प्रतिशत या 4,30,859.59 करोड़ रुपए बढ़ी है।

रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर, 2021 तक इन परियोजनाओं पर 12,54,512.40 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 48.31 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 380 पर आ जाएगी। रिपोर्ट में 808 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है।

## क्विक न्यूज

### एंड्रयू यूल एंड कंपनी ने अलग-अलग फ्लेवर में आजादी अमृत चाय पेश की

**नई दिल्ली।** एंड्रयू यूल एंड कंपनी ने भारत की आजादी के 75वें साल के उपलक्ष्य में अलग-अलग फ्लेवर में आजादी अमृत चाय पेश की है। इस संबंध में जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने शुक्रवार को आजादी अमृत चाय पेश किया। यह चाय इलायची, अदरक, मसाला और सामान्य फ्लेवर में उपलब्ध है। यह जल्द ही खुदरा बिक्री के लिए संसद के टी बोर्ड काउंटर, ट्राइफेड के आउटलेट, उद्योग भवन और केंद्र सरकार के अन्य कार्यालयों में 75 रुपए प्रति 100 ग्राम पैक की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगा। गौरतलब है कि देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है।

### कपड़ा क्षेत्र में ब्रांड इंडिया के निर्माण के लिए सरकार-उद्योग को साथ काम करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** सरकार और उद्योग को कपड़ा एवं परिधान क्षेत्र में ब्रांड इंडिया का निर्माण करने के लिए साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)-कियर्ने की संयुक्त रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सरकार को घरेलू कपड़ा क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए उचित अवसर, साधन, प्राधिकरण आदि स्थापित करने पर ध्यान देना चाहिए। रिपोर्ट में उद्योग के लिए विनिर्माण प्रतिस्पर्धा के मामले में वैश्विक सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने की जरूरत को भी रेखांकित किया गया है। साथ ही सेवा के स्तर में वृद्धि, डिजाइन में क्षमता, नवाचार और स्थिरता आदि में अधिक निवेश की जरूरत पर भी जोर दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2019 में 36 अरब डॉलर से आगे 65 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत को पांच प्रमुख क्षेत्रों में सावधानीपूर्वक रणनीति बनाने की आवश्यकता होगी। इनमें परिधान, कपड़े, घरेलू वस्त्र, कृत्रिम फाइबर एवं धागे और टेक्निकल टेक्सटाइल क्षेत्र शामिल हैं।

### खाद्य तेल: भंडार की सीमा संबंधी आदेश पर कार्रवाई की समीक्षा के लिए राज्यों के साथ बैठक करेगा केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने रविवार को कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान मांग में होने वाली वृद्धि को ध्यान में रखते हुए वह खाद्य तेलों की कीमतों पर नजर रखे हुए है और 25 अक्टूबर को एक बैठक कर भंडार रखने की सीमा के अपने आदेश पर राज्यों द्वारा की गई कार्वाई की समीक्षा करेगा। गौरतलब है कि केंद्र ने गत 10 अक्टूबर को घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने और उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए, कुछ आयातकों और निर्यातकों को छोड़कर, खाद्य तेलों और तिलहनों के व्यापारियों पर 31 मार्च तक के लिए भंडारण सीमा तय कर दी थी। राज्य सरकारों और केंद्र शासित क्षेत्रों को अपने यहां उपलब्ध भंडार और खपत के पैटर्न को ध्यान में रखते हुए खाद्य तेलों और तिलहन पर लगाए जाने वाले भंडार की सीमा तय करने के लिए कहा गया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार, 25 अक्टूबर, 2021 को सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के साथ बैठक करेगा।

### 'आने वाली तिमाहियों में मजबूत जीडीपी वृद्धि की उम्मीद'

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई ने रविवार को कहा कि आर्थिक पुनरुद्धार के जोर पकड़ने के साथ उसे आने वाली तिमाहियों में मजबूत जीडीपी वृद्धि की उम्मीद है। उद्योग मंडल द्वारा ट्रैक किए गए क्यूईटी (क्विक इकोनॉमिक ट्रेंड्स) के 12 प्रमुख आर्थिक और कारोबारी संकेतकों में से नौ ने सितंबर 2021 में क्रमिक वृद्धि में तेजी दिखाई है जबकि अगस्त में छह संकेतकों में ऐसा हुआ था। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष प्रदीप मुल्तानी ने कहा, हाल के महीनों में प्रमुख आर्थिक और कारोबारी संकेतकों में तेजी से पता चलता है कि आर्थिक पुनरुद्धार गति पकड़ रहा है और आने वाली तिमाहियों में मजबूत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने सुझाव दिया कि इस समय, देश में खपत और निजी निवेश को समर्थन देने के लिए कच्चे माल की ऊंची कीमतों और कच्चे माल की कमी जैसी समस्याओं को दूर करने की जरूरत है। पीएचडीसीसीआई ने कहा कि माल एवं वस्तु कर (जीएसटी) संग्रह, शेयर बाजार, यूपीआई लेनदेन, निर्यात, विनिमय दर, विदेशी मुद्रा भंडार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दर ने अगस्त 2021 की तुलना में सितंबर 2021 में सकारात्मक क्रमिक वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा, बेरोजगारी का परिदृश्य सितंबर 2021 में सुधरकर 6.9 प्रतिशत हो गया, जो उससे पिछले महीने में 8.3 प्रतिशत था।

### सीएससी को पुराने वाहनों की बिक्री पर एनओसी जारी करने की अनुमति मिली

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा संचलित सीएससी ई-गवर्नेंस इंडिया लिमिटेड (सीएससी एसपीवी) ने रविवार को कहा कि उसे पुराने वाहनों की बिक्री के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने को लेकर अधिकृत किया गया है। सीएससी ने इस सुविधा को पूरे भारत में उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के साथ समझौता किया है। यह सेवा देश में चार लाख सीएससी फ्रेंचाइजी में उपलब्ध होगी। सीएससी एसपीवी की तरफ से जारी एक बयान के अनुसार केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने एनसीआरबी के निदेशक रामफल पवार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस सेवा की शुरुआत की। बयान में कहा कि इस सुविधा से नागरिकों को निकटतम सीएससी केंद्र से एनओसी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सीएससी इस सुविधा के बारे में लोगों के बीच जागरूकता भी पैदा करेगा।

### कोयला आपूर्ति में बिजली क्षेत्र को प्राथमिकता से हिंदुस्तान जिंक कुछ हद तक प्रभावित: सीईओ

**नई दिल्ली।** घरेलू कोयले की आपूर्ति में बिजली क्षेत्र को प्राथमिकता देने से हिंदुस्तान जिंक पर कुछ हद तक असर पड़ा है। वेदांता समूह के एक शीर्ष अधिकारी यह बात कही। उन्होंने कहा, हालांकि कंपनी ने मार्च तक के लिए कोयले के आयात का अनुबंध कर फिलहाल इस समस्या का हल निकाल लिया है। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत का हिस्सा रखने वाली कोल इंडिया लि. ताप बिजली संयंत्रों में कोयले की कमी को देखते हुए उन्हें अस्थाई रूप से आपूर्ति में प्राथमिकता दे रही है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण मिश्रा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि कंपनी की वार्षिक कोयले की खपत लगभग 20 लाख टन है और वह अपने संयंत्रों में आयातित और घरेलू दोनों ईंधन का उपयोग करती है।



मोरीगांव जिले के बुद्धा मायोंग गांव में मछली पकड़ते ग्रामीण

## भारत का डब्ल्यूटीओ में प्रस्ताव, भंडार को स्थिर स्तर पर रखने वाला देश ही दे मत्स्य पालन सब्सिडी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत ने** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को सौंपे प्रस्ताव में कहा है कि कोई भी सदस्य देश उस स्थिति में अपने मछुआरों को सब्सिडी दे सकता है जबकि वह भंडार को जैविक रूप से स्थिर स्तर पर रखता है। भारत ने यह प्रस्ताव पिछले महीने दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा भारत का प्रस्ताव है कि दूर समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने (अपने समुद्र तट से 200 नॉटिकल माइल आगे) वाले देश मत्स्य पालन सब्सिडी करार के अस्तित्व में आने के बाद 25 साल तक सब्सिडी नहीं दे सकेंगे।

दूर समुद्री क्षेत्र या किसी अन्य देश के क्षेत्र में मछली पकड़ना भंडार की स्थिरता की दृष्टि से एक बड़ी समस्या है। इससे समुद्र में मछलियां घट जाती हैं। इस करार पर जिनेवा में 164 सदस्यों के बीच विचार-विमर्श चल रहा है। अधिकारी ने कहा कि इन वार्ताओं का मकसद सब्सिडी अनुशासन है, जिससे देशों को अत्यधिक मछली पकड़ने से रोका जा सके। भारत द्वारा डब्ल्यूटीओ में जो प्रस्ताव सौंपा गया है वह महत्वपूर्ण है। भारत ने इसके मौजूदा मसौदे को असंतुलित बताया है। अधिकारी ने कहा, मत्स्य पालन सब्सिडी पर मौजूदा मसौदा असंतुलित है और इसे बातचीत के लिए स्वीकार नहीं किया जा सकता। मसौदे में भारत द्वारा प्रस्तावित सुझावों को शामिल करने के बाद ही इसे बातचीत के लिए स्वीकार किया जा सकता है। डब्ल्यूटीओ में सदस्य देश मसौदे के आधार पर वार्ता करते हैं जिसके बाद किसी करार को अंतिम रूप दिया जाता है।अधिकारी ने कहा कि मौजूदा मसौदा जिस पर वार्ता हो रही है वह विकासशील और अल्पविकसित देशों के लिए अनुकूल नीति प्रदान नहीं करता है।

## रिलायंस का हरित ऊर्जा कारोबार ले रहा है आकार, कर-पूर्व लाभ में 10फीसद योगदान देगा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) ने अपने हरित ऊर्जा कारोबार को आकार देने के लिए सौर, बैटरी और हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश की खातिर कई भागीदारियां की हैं। इनका अगले पांच साल में कंपनी के पूर्व-कर लाभ में लगभग 10 प्रतिशत का योगदान रह सकता है। एक रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है।गौरतलब है कि कंपनी ने आरईसी, नेक्सवेफ, स्टर्लिंग एंड विल्सन, स्टिसाल और अंबरी के साथ 1.2 अरब डॉलर की कुल लागत वाली साझेदारियों की घोषणा की है।

ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने एक रिपोर्ट में कहा है, इन निवेश के साथ रिलायंस ने सौर, बैटरी और हाइड्रोजन के माध्यम से पूरी तरह से एकीकृत एंड-टू-एंड नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण शुरू करने के लिए विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी संबंधी पोर्टफोलियो हासिल कर लिया है।

## लागत बढ़ोतरी की वजह से इस्पात उत्पादों पर अधिभार लगा सकती है जेएसडब्ल्यू स्टील

**नई दिल्ली।** उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की भरपाई को जेएसडब्ल्यू स्टील दीर्घावधि के मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के लिए अपने इस्पात उत्पादों की बिक्री पर अधिभार लगाने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यदि ऐसा होता है, तो जेएसडब्ल्यू स्टील घरेलू इस्पात बाजार में अधिभार की अवधारणा शुरू करने वाली पहली कंपनी होगी। जेएसडब्ल्यू स्टील के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) शेषागिरी राव ने कहा कि उत्पादन की लागत पर भारी दबाव है। जुलाई-सितंबर में तिमाही आधार पर प्रति टन इस्पात उत्पादन की लागत 19 प्रतिशत या 6,600 रुपए बढ़ी है।

# कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की दिशा: विश्लेषक

**शेयर समीक्षा**

**भाषा।** नई दिल्ली



**कंपनियों के** तिमाही परिणाम इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। इसके अलावा डेरिवेटिव्स निपटान की वजह से भी बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वैश्विक बाजारों के रुख से भी स्थानीय बाजार दिशा लेंगे।

स्वस्तिका इनवेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, यदि हम अगले सप्ताह के लिए संकेतकों की बात करें, तो कंपनियों के तिमाही नतीजे और अक्टूबर माह के वायदा एवं विकल्प निपटान से बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। मीणा ने कहा कि सोमवार को बाजार रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने बताया कि सप्ताह के दौरान टेक महिंद्रा, अंबुजा सीमेंट, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, अडाणी पोर्ट्स, एलएंडटी, बजाज ऑटो, आईटीसी, मारुति सुजुकी, डीएलएफ, इंडिगो और टाटा पावर के तिमाही नतीजे आएंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, सोमवार को बाजार रिलायंस और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा। इसके अलावा वैश्विक रुख पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। आईसीआईसीआई बैंक का सितंबर तिमाही का एकल शुद्ध लाभ 5,511 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड पर पहुंच गया है। डूबा कर्ज घटने से बैंक का शुद्ध लाभ बढ़ा है। बैंक का तिमाही नतीजा शनिवार को आया था। अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का तिमाही परिणाम शुक्रवार को आया था। सैमको सिक्योरिटीज में इक्विटी शोध प्रमुख एशा शाह ने कहा, इस सप्ताह बाजार को कुछ संघर्ष करना पड़ेगा और यह सीमित दायरे में रहेगा। मासिक निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 484.33 अंक या 0.79 प्रतिशत नीचे आया।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.42 लाख करोड़ रुपए घटा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,42,880.11 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 484.33 अंक या 0.79 प्रतिशत नीचे आया। शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 45,523.33 करोड़ घटकर 5,76,836.40 करोड़ रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 45,126.6 करोड़ के नुकसान से 16,66,427.95 करोड़ पर और टीसीएस का 41,151.94 करोड़ की गिरावट के साथ 12,94,686.48 करोड़ पर आ गया। सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 8,890.95 करोड़ घटकर 4,65,576.46 करोड़ और एचडीएफसी बैंक की 2,187.29 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 9,31,371.72 करोड़ रह गई। इस रुख के उलट कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,747.78 करोड़ बढ़कर 4,30,558.09 करोड़ पर पहुंच गया।

# पेज का का शेष

## जम्मू-कश्मीर...

करने की कोशिश की जा रही हैं। मैं यहां आपको यह विश्वास दिलाने आया हूं कि कोई अड़चन पैदा नहीं कर पाएगा और शांति तथा विकास को अवरुद्ध नहीं कर सकेगा। कश्मीर में इस महीने आतंकवादियों द्वारा 11 आम नागरिकों की हत्या की घटनाओं की ओर इशारा करते हुए शाह ने कहा कि कुछ लोग केंद्रशासित प्रदेश में सुरक्षा हालात को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं लेकिन मैं उन्हें तथ्यों और आंकड़ों के साथ जवाब देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, 2004 से 2014 के बीच कुल 2,081 आम नागरिक मारे गए और सालाना औसत मृत्यु का आंकड़ा 239 था। 2014 से इस साल सितंबर तक दुर्भाग्य से 239 आम नागरिकों की जान चली गई यानी प्रति वर्ष 30 लोगों की मृत्यु हुई। आंकड़े कम हुए हैं लेकिन हम संतुष्ट नहीं हैं। शाह ने कहा, हम ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं कि एक भी व्यक्ति की जान नहीं जाए और आतंकवाद का सफाया हो जाए। उन्होंने कहा कि विकास का नया चरण शुरू हुआ है, जिसे कोई नहीं रोक सकता। शाह ने कहा, जम्मू कश्मीर प्रधानमंत्री के दिल में बसता है और उनकी सरकार में कोई अन्याय, भेदभाव या तुष्टीकरण नहीं होगा। शाह ने कहा कि जम्मू के लोगों को दरकिनार करने का समय समाप्त हो गया है और अब कश्मीर तथा जम्मू दोनों का साथ में विकास होगा। उन्होंने कहा, जम्मू ने कई साल तक भेदभाव का दंश झेला है। अब किसी के साथ अन्याय नहीं होगा और कश्मीर तथा जम्मू दोनों का साथ में विकास होगा और विकसित जम्मू कश्मीर भारत को मजबूत करेगा। शाह ने केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद से उठाए गए अनेक कदम गिनाते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में पांच लाख रोजगार का सृजन किया गया, वहीं 25,000 लोगों को पिछले दो साल में सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से नौकरियां दी गई हैं। तीन परिवारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे पूछ रहे हैं कि सरकार जम्मू कश्मीर को क्या देगी। उन्होंने कहा, हमने जम्मू कश्मीर को क्या दिया है, उसकी लंबी सूची है और लोग भलीभांति जानते हैं, लेकिन राज्य की जनता उनसे जवाब मांग रही है कि सात दशक तक पूर्ववर्ती राज्य पर शासन के बावजूद उन्होंने जम्मू कश्मीर को क्या दिया है। क्या आपने अपने परिवार के सदस्यों के अलावा किसी के बारे में सोचा है। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के कुछ ही समय बाद उन्होंने 55,000 करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज दिया, जिसमें से 33,000 करोड़ पहले ही अनेक विकास परियोजनाओं पर खर्च किए जा चुके हैं। शाह ने कहा, आज मैंने 15,000 करोड़ रुपए की अनेक परियोजनाओं की आधारशिला रखी है। इन तीन परिवारों ने मिलकर अपने पूरे शासनकाल में मिलकर भी इतना विकास नहीं किया है।

## कोरोना की...

प्रदर्शन करने की उम्मीद है। म्यूटेशन से तैयार हुए नए एवाई.4.2 को ब्रिटेन, रूस (अगले सप्ताह से मास्को में लॉकडाउन शुरू होगा) और पिछले सप्ताह इज़राइल में कोविड -19 मामलों में तेजी से बढ़ोतरी का कारण माना जा रहा है। ब्रिटेन ने लगभग 50,000 नए कोविड संक्रमण दर्ज किए हैं, जो तीन महीने के उच्च स्तर को चिह्नित करते हैं। इस बीच में वहां अस्पताल में भर्ती और मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि एवाई.4.2 के अत्यधिक संक्रमित करने संबंधित निष्कर्षों को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है अभी इसके संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी कि इस वैरिसंट में बीमारी या मृत्यु का कितना अधिक जोखिम है। बीते 21 अक्टूबर को अमेरिका की सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने कहा कि उसके आंकड़ों में अब तक एवाई.4.2 के 10 से कम मामले दर्ज हैं, लेकिन ब्रिटेन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने एवाई.4.2 के दूसरे नाम वीयूई-21ओसीटी-01 के 15,120 मामले पाए हैं। इस वैरिएंट का पता पहली बार जुलाई में चला था। दिल्ली में सीएसआईआर इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी) के निदेशक डॉ. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि एवाई.4.2 भारत में संशोधित रूप में मौजूद है, लेकिन इसकी संख्या 0.1 फीसदी से कम है। आईएनएसएसीओजी जीनोमिक निगरानी अभ्यास में शामिल मुख्य प्रयोगशालाओं में से आईजीआईबी एक है। रिपोर्टों के अनुसार, डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भारत में एवाई.4.2 की अधिक जानकारी और सटीक संख्या की जानकारी जल्द ही उपलब्ध होगी। एवाई.4.2 डेल्टा वैरिएंट से निकला है जिससे अब तक लाखों लोगों को प्रभावित करने वाला सबसे खतरनाक रूप माना जाता रहा है। इस वर्ष की शुरुआत से ही जीनोम सिक्वेंसिंग से डेल्टा वैरिएंअ का बारीकी से अध्ययन किया गया है और इसकी प्रजाति का विस्तार एवाई.39 तक हो गया है। ब्रिटेन के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा इस सप्ताह के शुरू में एवाई.4.2 के संक्रमणम की घोषणा से पहले एवाई.4 को पिछले तीन महीनों में भारत सहित कई महाद्वीपों में तेजी से कोविड संक्रमण फैलाने का कारण माना जाता था। ब्रिटने स्वास्थ्य अधिकारियों ने जांच के तहत एवाई.4.2 वैरिएंट को नए संस्करण के रूप में नामित किया है जो डेल्टा की तुलना में मामूली रूप से बढ़ी हुई वृद्धि दर प्रतीत होता है। एवाई.4.2 डेल्टा वैरिएंट के परिवार और उसके म्यूटेशन से तैयार हुए एवाई.4 से म्यूटेट हुआ है। इसमें स्पाइक म्यूटेशन ए222वी और वाई145एच हैं जो वायरस को मानव कोशिकाओं में अधिक आसानी से प्रवेश करने में मदद करते हैं। एवाई.4.2 पर सबसे बड़ा आंकड़ा रखने वाले ब्रिटेन ने का तुलनात्मक विश्लेषण शुरू करते हुए कहा कहै कि महामारी खत्म अभी नहीं हुई है। हाल के अध्ययनों से पता चला है कि भारत में कोविड शील्ड के रूप में बेची जाने वाली ऑक्सफोर्ड वैक्सीन डेल्टा के खिलाफ प्रभावी है।

## राज्यकर्मियों को...

की दर से डीए का भुगतान कर रही है। तीन फीसद डीए बढ़ने से यह 31 फीसद हो जाएगा। शासन केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों का डीए तीन फीसद बढ़ाये जाने का आदेश जारी करने का इंतजार कर रहा है। आदेश मिलने के बाद डीए बढ़ाने के बारे में कार्रवाई की जाएगी। सोमवार या मंगलवार तक राज्य सरकार भी बढ़े डीए व बोनस देने की घोषणा कर सकती है।

## लालू ने...

लिए रवाना होने से पहले आई है, जहां दो सीट पर मौजूदा विधायकों के निधन के बाद उपचुनाव होने जा रहे हैं और उसमें राजद का सीधा मुकाबला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) से है। लालू, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिलने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में इलाज करा रहे हैं और वह लंबे वक्त बाद बिहार लौटेंगे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 अक्टूबर को होने वाले उपचुनावों में राजद के लिए प्रचार करने पर फैसला डॉक्टरों से सलाह लेने के बाद लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुशेश्वर स्थान से अपने उम्मीदवार को मैदान में उतारने के राजद के फैसले ने कांग्रेस को नाराज कर दिया है। कांग्रेस ने 2020 में इस सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था। विधानसभा चुनावों में राजद के अच्छे प्रदर्शन की तुलना में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन ने लालू की पार्टी के नेताओं के एक वर्ग को गठबंधन में राष्ट्रीय पार्टी (कांग्रेस) की भूमिका पर सवाल उठाने का मौका दे दिया है। राजद का मानना है कि कांग्रेस को उसकी वास्तविक क्षमता से ज्यादा संख्या में सीटें दे दी गई थीं।

## गवाह का...

आठ करोड़ रुपए समीर वानखेडे को देने थे। इस बीच, एनसीबी ने कहा कि वानखेडे ने आरोपों को सिरे से खारिज किया है। एजेंसी ने कहा कि मामला अदालत में विचाराधीन है और सैल को अगर कुछ कहना है तो अदालत में अर्जी देनी चाहिए। मुंबई में एनसीबी के उप महानिदेशक (डीडीजी) मुथा अशोक जैन ने बयान जारी कर कहा कि सोशल मीडिया के जरिए उन्हें पता चला है कि सैल मामले में गवाह है। बयान में उन्होंने कहा, जैसा कि वह (सैल) मामले में गवाह हैं और मामला माननीय अदालत के समक्ष विचाराधीन है, उन्हें कुछ कहना है तो अदालत के समक्ष अनुरोध करना चाहिए, बजाय कि सोशल मीडिया के जरिए बात कहने की। उन्होंने कहा कि हलफनामे में कुछ लोगों के खिलाफ सतर्कता (विजिलेंस) संबंधी आरोप भी हैं जो प्रभाकर सैल द्वारा दूसरे लोगों से सुनी गई बातों पर आधारित है। बयान में कहा गया, मुंबई के जोनल निदेशक समीर वानखेडे ने विशेष तौर पर इन आरोपों को खारिज किया है। हलफनामे की कुछ सामग्री सतर्कता से जुडी है, इसिलए हम उन्हें एनसीबी निदेशक को भेज रहे हैं और उनसे आगे की जरूरी कार्वाई करने का अनुरोध कर रहे हैं। इस बीच, क्रूज पोत पर मादक पदार्थ की बरामदगी मामले को लगातार फर्जी बता रहे महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रवक्ता नवाब मलिक ने कहा कि सैल का दावा बहुत गंभीर है और उन्होंने इसकी जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की। बीड में पत्रकारों से बातचीत में मलिक ने अपने आरोप को दोहराया कि वानखेडे मुंबई फिल्म उद्योग से वसूली करने और आतंकित करने में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वह सैल के दावे की एसआईटी जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और गृह मंत्री से सोमवार को मुलाकात करेंगे। शिवसेना सांसद संजय राउत ने ट्वीट किया, आर्यन खान मामले में गवाह से एनसीबी द्वारा कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाना स्तब्ध करने वाला मामला है। ऐसी भी खबर है कि बड़ी राशि की मांग की गई। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि ये मामले महाराष्ट्र को बदनाम करने के लिए बनाए गए हैं। ऐसा लग रहा है कि यह सच साबित हो रहा है। पुलिस को स्वत: संज्ञान लेना चाहिए। महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल लोंधे ने कहा कि सैल के आरोप पार्टी के दावे को पुख्ता करते हैं कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया वह एजेंसियों के राजनीतिक दुरुपयोग के खिलाफ उचित कार्रवाई करे।

## एनआइओएस से...

परीक्षाफल उच्च न्यायालय इलाहाबाद और खंडपीठ लखनऊ के अंतिम निर्णय के अधीन होगा। वहीं एनआइओएस से प्रशिक्षित अन्य अभ्यर्थियों को इसमें शामिल होने का अवसर नहीं दिए जाने से उनमें परीक्षा नियामक के प्रति आक्रोश है। उनका कहना है कि यह भर्ती परीक्षा नहीं है, सिर्फ पात्रता परीक्षा होने के कारण उन्हें सम्मिलित किया जाना चाहिए था।

# पाक ने भारत को दी मात

## सुपर-12 ग्रुप दो मैच में 10 विकेट से हारी टीम इंडिया

भाषा। दुबई




**बल्लेबाजों** के लचर प्रदर्शन और गेंदबाजों के परिस्थितियों के अनुकूल गेंदबाजी करने में नाकाम रहने के कारण भारत को आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 के ग्रुप दो मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान से 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे उसका अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछले 29 वर्षों से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया।

भारत ने विश्व कप (वनडे और टी20) में 1992 के बाद इस मैच से पहले तक सभी 12 मैचों (वनडे में सात और टी20 में पांच) में जीत दर्ज की थी लेकिन पहले शाहीन शाह अफरीदी (31 रन देकर पांच) की अगुवाई में पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चले और बाद में रही सही कसर कप्तान बाबर आजम (52 गेंद पर नाबाद 68, छह चौके, दो छक्के) और मोहम्मद रिजवान (55 गेंदों पर नाबाद 78, छह चौके तीन छक्के) की पहले विकेट के लिए अटूट शतकीय साझेदारी ने पूरी कर दी। भारत ने सात विकेट पर 151 रन बनाए थे लेकिन पाकिस्तान ने 17.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 152 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज करके अपने विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की।

भारत ने टॉस गंवाया और इसके एक समय वह तीन विकेट पर 31 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। विराट कोहली (49 गेंदों पर 57 रन, पांच चौके, एक छक्का) ने ऋषभ पंत (30 गेंदों पर 39 रन, दो चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 53 रन की साझेदारी की जिससे भारत सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया। इसके उलट पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने शुरू से ही भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। कोहली के गेंदबाजों से लेकर क्षेत्ररक्षण की सजावट में वह आक्रामकता नहीं दिखी जिसके कारण उन्हें दुनिया के सफल कप्तानों में गिना जाता है। विश्व कप के बाद टी20 की कप्तानी छोड़ने का मन बना चुके कोहली को यह हार वर्षों तक सालती रहेगी। रिजवान ने भुवनेश्वर के पहले ओवर में ही चौका और छक्का लगाया। कोहली को पावरप्ले में ही वरुण चक्रवर्ती को गेंद सौंपनी पड़ी। पाकिस्तान ने पहले छह ओवरों में बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए। बाबर और रिजवान का फुटवर्क, प्लेसमेंट और टाइमिंग बहुत अच्छा था जिसके सामने भारत के तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की एक नहीं चली। इन दोनों ने स्ट्राइक रोटेट करके भारत पर दबाव बनाया। भारत के दोनों स्पिनरों ने आठ ओवर में 61 रन लुटाए जबकि तेज गेंदबाजों में पैनापन नहीं दिखा। बाबर जल्द ही अपने आक्रामक रंग में उतर आए। उन्होंने रविंद्र जडेजा पर छक्के से शुरुआत की और फिर चक्रवर्ती के एक ओवर में दो छक्के लगाए। इनमें से दूसरे छक्के से उन्होंने अर्धशतक भी पूरा किया। भारतीय स्पिनरों को ओस के कारण गेंद पर पकड़ बनाने में परेशानी हो रही थी। रिजवान ने 41 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और जल्द ही वह अपने कप्तान की बराबरी पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने मोहम्मद शमी पर छक्का और दो चौके लगाकर 18वें ओवर में अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले भारत के लिए शुरुआत किसी भी तरह से अनुकूल नहीं रही। कोहली ने टॉस गंवाया और भारत ने उसके बाद 13 गेंद और छह रन के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा (शून्य) और केएल राहुल (तीन) के विकेट गंवा दिए। रोहित की बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के सामने कोण लेकर अंदर आती गेंद पर कमजोरी फिर खुलकर सामने आई। अफरीदी ने उन्हें पहले ओवर में पगबाधा आउट करने के बाद अगले ओवर की पहली गेंद पर राहुल की गिल्लियां बिखेरी। सूर्यकुमार यादव (आठ गेंदों पर 11) को हसन अली (44 रन देकर दो) ने विकेट के पीछे रिजवान के हाथों कैच कराया जिससे पावरप्ले के बाद भारत का स्कोर तीन विकेट पर 36 रन हो गया। कोहली का अफरीदी पर कॉउ कार्नर पर लगाया गया छक्का दर्शनीय था, लेकिन सूर्यकुमार के आउट होने के बाद उन्हें भी संभलकर खेलना पड़ा। पंत के लेग स्पिनर शादाब खान पर शार्ट फाइन लेग पर लगाए गए चौके से भारत नौ ओवर में 50 रन के पार पहुंचा। पंत ने हसन अली पर पारी के 12वें ओवर में एक हाथ से लगातार गेंदों पर स्क्वायर लेग और लांग ऑफ पर छक्के जड़े। लेकिन जब वह खतरनाक नजर आ रहे थे तब उन्होंने शादाब खान (22 रन देकर एक) की गेंद हवा में लहराकर आसान कैच थमा दिया। इससे रन गति फिर धीमी पड़ गई। भारत 15 ओवर में तिहरे अंक तक पहुंच पाया। भारत ने बीच के नौ ओवरों में 64 रन बनाए और पंत का विकेट गंवाया। उसने अंतिम पांच ओवरों में तीन विकेट के एवज में 51 रन जोड़े। कोहली ने पाकिस्तान ने 45 गेंदों में अर्धशतक जमाया लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे रविंद्र जडेजा (13 गेंदों पर 13) संघर्ष करते नजर आए। कोहली 19वें ओवर में आउट हुए और इस तरह से पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप में लगातार चौथी पारी में नाबाद नहीं रह पाए। हार्दिक पंड्या भी 11 रन बना पाए।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया



भाषा। शारजाह

**युवा** बल्लेबाज चरित असालांका के 49 गेंद में नाबाद 80 रन और भानुका राजपक्षा के आक्रामक अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर 12 चरण ग्रुप एक के मैच में रविवार को बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया।

श्रीलंका का मध्यक्रम लड़खड़ा गया था लेकिन समय पर वापसी करते हुए उसने 172 रन का लक्ष्य सात गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। असालांका और राजपक्षा (31 गेंद में 53 रन) ने 8 . 4 ओवर में पांचवें विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। इस मैच से पहले आठ वनडे और चार टी20 खेल चुके असालांका ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और पांच छक्के लगाए।

दसवें ओवर में आए 30 वर्ष के राजपक्षा ने 31 गेंद की पारी में तीन चौके और तीन छक्के जड़े। बांग्लादेश के लचर क्षेत्ररक्षण ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों का काम आसान कर दिया। लिटन दास ने राजपक्षा औरर असालांका दोनों के कैच टपकाए।इससे पहले श्रीलंका की शुरूआत खराब रही थी और चौथी ही गेंद पर नासुम अहमद ने कुसल परेरा को पवेलियन भेजा। इसके बाद हालांकि असालांका ने महेदी हसन के साथ पारी को आगे बढाया। शाकिब अल हसन ने पाथुम निसांका (24) और अविष्का फर्नांडो (0) को आउट करके श्रीलंकाई पारी को झटके दिए। श्रीलंका ने नौ रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए।इसके बाद हालांकि असालांका और राजपक्षा ने पारी को संभाला। इससे पहले सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम और मुशफिकुर रहीम के अर्धशतकों की मदद से बांग्लादेश ने चार विकेट पर 171 रन बनाए। बांग्लादेश का स्कोर आठवें ओवर में दो विकेट पर 56 रन था जिसके बाद नईम और रहीम ने 8 . 3 ओवर में 73 रन की साझेदारी की। नईम ने 52 गेंद में छह चौकों की मदद से 62 रन बनाए जबकि रहीम 37 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 57 रन बनाए।

बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों नईम और लिटन दास ने बड़े शॉट खेलने के लिए कुछ ओवरों तक इंतजार किया। दोनों की साझेदारी मजबूत होती दिख रही थी लेकिन दास को छठे ओवर में लाहिरू कुमारा ने पवेलियन भेज दिया। फुल लैंग्थ गेंद को खेलने के प्रयास में दास ने दासुन शनाका को मिड आफ में कैच थमाया। इसके बाद गेंदबाज और बल्लेबाज में तीखी बहस हो गई और अंपायर को दखल देना पड़ा। कुमारा आक्रामक अंदाज में दास की तरफ बढे। दोनों के बीच बहस हुई और सिर आपस में लगभग टकरा ही गए थे कि दोनों को अलग करना पड़ा। स्टार हरफनमौला शाकिब अल हसन ने सातवें ओवर में चरित असलांका को दो चौके लगाए लेकिन अगले ओवर में चमिका करूणारत्ने की गेंद पर बोल्ड हो गए। पावरप्ले के आखिर में स्कोर एक विकेट पर 41 रन था और दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 72 रन हो गया। रहीम ने 11वें ओवर में वानिंदु हसरंगा को छक्का लगाया और 13वें ओवर में बिनुरा फर्नांडो को छक्का जड़ा। नईम ने 14वें ओवर में 44 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। रहीम ने 15वें ओवर में हसरंगा को दो चौके लगाए। दोनों ने पांच ओवर में 46 रन जोड़े। बांग्लादेश ने आखिरी पांच ओवर में 53 रन बनाए। नईम 17वें ओवर में फर्नांडो को पूल शॉट खेलने के प्रयास में कैच दे बैठे।

## टी-20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने शाकिब

भाषा। शारजाह



**बांग्लादेश** के स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर टी20 विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। शाकिब ने रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ सुपर 12 मैच में पथुम निसांका को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। शाकिब ने इस मैच से पहले 28 मैचों में 39 विकेट लिए थे। ओमान के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट लेने वाले शाकिब ने पहले निसांका को आउट करके अफरीदी को पीछे छोड़ा और फिर अविष्का फर्नांडो के रूप में अपना 41वां विकेट हासिल किया। अफरीदी ने 34 मैचों में 39 विकेट लिए थे। शाकिब टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं।

## क्विक न्यूज

### मास्टर्स चैंपियन मात्सुयामा ने जोजो गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता

**चीबा (जापान)।** मास्टर्स चैंपियन हिदेकी मात्सुयामा ने चौथे दौर के आखिरी नौ होल में तीन बर्डी और एक ईगल लगाकर पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ रविवार को यहां पीजीए टूर जोजो गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने 18वें होल में ईगल लगाकर पांच शॉट के बड़े अंतर से शानदार जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 15 अंडर 265 रहा। जापान में पीजीए टूर में यह उनका पहला खिताब है। अमेरिका के दो खिलाड़ी ब्रैडन स्टील और कैमरन ट्रिंगि 10 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। स्टील ने चौथे दौर में 66 जबकि ट्रिंगि ने 69 का कार्ड खेला। ब्रिटिश ओपन चैम्पियन कोलिंस मोरिकावा ने आखिरी दौर में 69 का कार्ड खेला और वह मात्सुयामा से 10 शॉट पीछे संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे।

### खालिद जामिल किसी आईएसएल क्लब के पहले भारतीय मुख्य कोच बने

**गुवाहाटी।** खालिद जामिल को आगामी सत्र से पहले नार्थईस्ट यूनाईटेड एफसी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस तरह से वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के इतिहास में किसी क्लब के पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने वाले पहले भारतीय बन गए है। जामिल ने पिछले सत्र मे गोंड नुस से जिम्मेदारी संभाली थी और उनके अंतरिम कोच रहते हुए नार्थईस्ट की टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी। इस बीच टीम लगातार नौ मैचो मे अजेय रही थी। पूर्व मिडफील्डर 44 वर्षीय जामिल इससे पहले मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के भी कोच रह चुके है।

### पूर्व चैंपियन वर्धन, बालू ने मुख्य ड्रा में प्रवेश किया

**नई दिल्ली।** पूर्व चैंपियन विष्णु वर्धन और शर्मदा बालू ने आसान जीत दर्ज करके रविवार को यहां फेनेस्टा राष्ट्रीय हार्डकोर्ट टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष और महिला एकल के मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। विष्णु ने अजय मलिक को 6-2, 6-। से जबकि शर्मदा बालू ने किरण कलकल को 6-।, 6-2 से हराया। परीक्षित सोमनानी और सिद्धार्थ विश्वकर्मा ने भी पुरुष एकल के मुख्य ड्रा मे जगह बनाई। परीक्षित ने जगमीत सिंह को 6-3, 6-2 से और लखनऊ के सिद्धार्थ ने लोहित अक्ष बत्रीनाथ को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। क्वालीफाईंग के अंतिम दौर के मैचो में श्रुति अहलावत ने अंजलि राठी को 6-2, 6-। से जबकि सुदीप्त सेन ने ईश्वरी अनंत को 6-3, 6-0 से हराया। फरहत अलीन कमर ने सोनाशी भटनागर को 6-3, 6-3 से और शेफाली अरोड़ा ने राधिका यादव को 6-4, 6-0 से पराजित किया।



रूबैक्स में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग विश्वचैम्पियनशिप में र्मनी के लिसा ब्रेननौएर, स्वर्ण पदक के साथ जर्मनी के रजत पदक विजेता फ्रांज़िस्का ब्रूसेए बाएं और जर्मनी के कांस्य पदक विजेता मिके ग्रोगर के साथ जश्न मनाते हुए

## मेलबर्न रेनेगेड्स की जीत में हरमनप्रीत चमकीं डब्ल्यूबीबीएल में शेफाली के लिए निराशाजनक दिन



**मेलबर्न।** भारत की टी20 कप्तान हरमनप्रीत कौर के हरफनमौला खेल से मेलबर्न रेनेगेड्स ने रविवार को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स को सात विकेट से हराया। हरमनप्रीत ने अपने चार ओवरों में 17 रन देकर दो विकेट लेने के बाद नाबाद 35 रन की पारी खेली जिससे उनकी टीम ने जीत के लिए मिले 119 रन के लक्ष्य को 18 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच 32 साल की हरमनप्रीत ने 29 गेंदों की नाबाद पारी में एक चौका और दो छक्के जड़े। सिडनी की टीम ओर से खेल रही भारत की युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के लिए हालांकि यह निराशाजनक दिन रहा। वह खाता खोले बगैर मेलबर्न की कप्तान सोफी मोलिनेक्स की गेंद पर आउट हो गई। सिडनी सिक्सर्स में शेफाली की भारतीय टीम की साथी राधा यादव ने दो ओवर में 12 रन खर्च कर एक विकेट लिया, लेकिन यह मेलबर्न को रोकने के लिए काफी नहीं था। दिन के एक अन्य मैच में पूनम यादव ने दो ओवर में 19 रन लुटा दिए लेकिन उनकी टीम ब्रिसबेन हीट बारिश से प्रभावित मैच में एडिलेड स्ट्राइकर्स को पांच विकेट से हराने में सफल रही।

## एशियाई चैम्पियन पूजा रानी क्वार्टर फाइनल में

**हिसार।** गत एशियाई चैम्पियन पूजा रानी ने पांचवीं महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के 81 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हरियाणा की रानी ने केरल की पार्वती पी को प्री क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दौर में हराया। रानी के पंच में इतना दम था कि रैफरी ने पहले ही दौर में मुकाबला रूकवा दिया। विश्व युवा चैम्पियन हरियाणा की नीतू और असम की अंकुशिता बोरो ने क्रमश: 48 और 66 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। नीतू ने पश्चिम बंगाल की पूरबी करमाकर को 5 . 0 से हराया। वहीं अंकुशिता ने पंजाब की अमनदीप कौर को मात दी। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की मंजू रानी ने भी 48 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने उत्तराखंड की शोभा कहाली को 5 . 0 से हराया। तमिलनाडु की एस कालाइवानी ने गुजरात की शीतल दतानिया को मात दी। हरियाणा की परवीन और मध्यप्रदेश की मंजू बम्बोरिया ने 63 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## बीसीसीआई को नई आईपीएल टीमों से सात से 10 हजार करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद

भाषा। दुबई

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को सोमवार से यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो नई टीमों की नीलामी प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रत्एक फ्रेंचाइजी से 7000 करोड़ रुपए से 10,000 करोड़ रुपए तक मिलने की उम्मीद है। अभी हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई नीलामी की बोली का तकनीकी मूल्यांकन करने के बाद सोमवार को ही सफल बोली लगाने वालों की घोषणा करेगा या नहीं। ऐसी 22 कंपनियां हैं, जिन्होंने 10 लाख रुपए के निविदा (टेंडर) दस्तावेज लिए हैं। नई टीमों के लिए आधार मूल्य 2000 करोड़ रुपए रखा गया है। ऐसे में केवल पांच से छह गंभीर बोली लगाने वालों के होने की उम्मीद है। बीसीसीआई फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाने के लिए तीन कंपनियों।व्यक्तियों के कॉन्सॉर्टियम (समूह) को भी अनुमति दे रहा है। इस नीलामी में बोली लगाने वाले किसी व्यक्ति या कंपनी के मामले में, उस विशेष इकाई का वार्षिक कारोबार न्यूनतम 3,000 करोड़ रुपए होना चाहिए और कॉन्सॉर्टियम के मामले में तीनों संस्थाओं में प्रत्एक का वार्षिक कारोबार 2,500 करोड़ रुपए होना चाहिए। ऐसे में भारत के सबसे अमीर लोगों में शामिल गौतम अडानी और उनके अडानी समूह से अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाने की उम्मीद है। अडानी समूह अगर बोली लगाता है तो उसके नई फ्रेंचाइजी के मालिक बनने की संभावना अधिक होगी।

# बोलोग्ना को हराकर एसी मिलान शीर्ष पर

एपी। मिलान

**ज्लाटन** इब्राहिमोविच और इस्माइल बेनेकर के अंतिम मिनटों में दागे गोल की बदौलत एसी मिलान की टीम सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में बोलोग्ना को 4–2 से हराकर शर्मसार होने से बच गई क्योंकि विरोधी टीम आधे घंटे से अधिक समय तक नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी। मैदान पर अधिक खिलाड़ी होने के बावजूद ऐसा लग रहा था कि मिलान की टीम को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा लेकिन बेनेकर ने 84वें और फिर इब्राहिमोविच ने 90वें मिनट में गोल दागकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले राफेल लियाओ ने 16वें मिनट में मिलान को बढ़त दिलाई जबकि डेविड कैलेब्रिया ने 35वें मिनट में स्कोर 2–0 कर दिया। बोलोग्ना के गोल का खाता 49वें मिनट में इब्राहिमोविच ने आत्मघाती गोल करके खोला जबकि मुसा बोरो ने 52वें मिनट में स्कोर 2–2 कर दिया। बोलोग्ना की टीम ने 20वें मिनट में ही एक खिलाड़ी गंवा दिया जब डिफेंडर एडामा सुमाओरो को लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया। बोलोग्ना को 58वें मिनट में एक और झटका लगा जब रॉबर्टो सोरियानो को भी लाल कार्ड दिखाया गया और टीम को बाकी बचा मुकाबला नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस जीत से मिलान की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

### एथलेटिक बिलबाओ ने विलारीयाल को हराया

**मैड्रिड (एपी)।** विलारीयाल को स्पेनिश फुटबॉल लीग में शनिवार को एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ।–2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चैंपियन्स लीग में यंग ब्वायज के खिलाफ पिछले मैच में 4–। की जीत दर्ज करने वाले विलारीयाल को स्पेनिश लीग में लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है और टीम अंक तालिका में 13वें स्थान पर चल रही है। इस बीच विलारीयाल के गेरार्ड मोरेनो को मांसपेशियों में चोट के कारण पहले हाफ के बीच में ही मुकाबले से हटना पड़ा। डिफेंडर युआन फॉयथ भी मांसपेशियों में समस्या के कारण दूसरे हाफ में हट गए। एथलेटिक के लिए दोनों हाफ में राउल गार्सिया और इकेर मुनियन ने एक–एक गोल किया जिससे टीम 16 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है। वह शीर्ष पर चल रहे रीयाल सोसीदाद से चार अंक पीछे है। एथलेटिक के एलेक्स बेरेनगुएल की 82वें मिनट में पेनल्टी किक को विलारीयाल के गोलकीपर गेरोनिमो रुली ने रोक दिया। विलारीयाल की ओर से एकमात्र गोल फ्रांसिस कोकेलिन ने 32वें मिनट में किया।

### इंग्लिश प्रीमियर लीग में चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी जीते



**लंदन (एपी)।** खिताब के दावेदारों में शामिल चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल मुकाबलों में शनिवार को अपने मुख्य स्ट्राइकरों के बिना खेलते हुए जीत दर्ज की। दोनों टीमों ने कुल मिलाकर 11 गोल दागे।

चेल्सी की टीम अपने चोटिल स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकु और टिमो वर्नर के बिना उतरी लेकिन इसके बावजूद मेसन माउंट की हैट्रिक की बदौलत नॉर्विच को 7–0 से रौंदकर सत्र की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में सफल रही। माउंट के अलावा चेल्सी की ओर से कैलम हडसन ओडोई, रीसी जेम्स और बेन चिलवेल ने भी एक–एक गोल किया। नॉर्विच के मैक्स आरोन्स ने दूसरे हाफ में एक आत्मघाती गोल भी दागा। सिटी की टीम सत्र ब्रेक के दौरान सर्जियो एगुएरो की जगह समान स्तर के खिलाड़ी से अनुबंध करने में नाकाम रही थी और स्टार स्ट्राइकर के बिना खेल रही है लेकिन टीम को ब्राइटन को 4–। से हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। सिटी की ओर से फिल फोडेन ने दो गोल दागे।

### लिली को ब्रेस्ट ने बराबरी पर रोका

**पेरिस (एपी)।** गत चैंपियन लिली को फ्रेंच फुटबॉल लीग में शनिवार को ब्रेस्ट ने।–। से ड्रॉ पर रोका। मैच के दोनों गोल पहले हाफ में हुए। कनाडा के फारवर्ड जोनाथन डेविड ने 18वें मिनट में मेजबान टीम लिली को बढ़त दिलाई जब उन्होंने जोस फोंटे के थ्रो इन को गोल में पहुंचाया। रोमेन फेवरे ने 31वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागकर ब्रेस्ट को बराबरी दिलाई। मौजूदा सत्र में लिली के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और टीम 11 मैचों के बाद शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन से 12 अंक पीछे है। पीएसजी ने अभी एक मैच कम खेला है और टीम रविवार को मार्सेल से भिड़ेगी। लिली की टीम अंक तालिका में नौवें जबकि ब्रेस्ट की टीम 18वें स्थान चल रही है। शनिवार के एक अन्य मैच में नांतेस ने क्लेयरमोंट को 2–। से हराया।

# टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन का गठन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** टेनिस बॉल क्रि केट एसोसिएशन का गठन हुआ। जिसकी मान्यता उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट ने दी। उत्तर प्रदेश ओलिम्पिक एसोसिएशन और मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स से सम्बद्ध टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त है। इसकी जानकारी देते हुए इस एसोसिएशन के चैयरमैन डॉ. एहसान ज़ैदी ने बताया कि हमने इसका गठन लखनऊ में टेनिस बॉल क्रिकेट को बढ़ाने और इससे खिलाड़ियों को जनपदीय, मण्डलीय, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कराने के लिए किया गया है और जल्द ही हम लखनऊ में विद्यालय स्तर पर टेनिस बॉल क्रिकेट की प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे। इसीलिये हमने विभिन्न विद्यालयों के खेल अध्यापको को इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए आमंत्रित किया हैं। इस अवसर पर पीआर पाण्डे,मोंटफोर्ट कॉलेज, सुषमा सिंह,मेहबूब खान,राजेश सिंह,आदिल खान इरम कॉलिज, आशीष सिंह हॉर्नर कॉलेज, कलीम अहमद जयपुरिया स्कूल, रोचक जागरण पब्लिक स्कूल, राकेश दुबे कॉनोसा कॉलेज, आज़म खान, संदीप, वाकिफ़ रासफि ल अकैडमी आदि खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे। एसोसिएशन के सचिव मुशाहिद अल्लाह खां ने मीटिंग में आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# कुछ लोग बांग्लादेश की छवि खराब करने में लगे हैं: हसीना

**●पिछले दिनों दुर्गा पूजा पंडालों, मंदिरों व हिन्दुओं पर हमले से देश में तनाव की स्थिति**

**भाषा** । ढाका

**प्रधानमंत्री** शेख हसीना ने रविवार को कहा कि निहित स्वार्थ वाले कुछ तबके बांग्लादेश की छवि को खराब करने तथा सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने के लिए दुष्प्रचार फैला रहे हैं। देश में पिछले दिनों दुर्गा पूजा पंडालों और कुछ मंदिरों तथा हिंदुओं पर हमले के बाद तनाव पैदा हो गया था।

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा उत्सवों के दौरान सोशल मीडिया पर कथित ईशनिंदा वाले पोस्ट सामने आने के



बाद हिंसा शुरू हो गई थी और 13 अक्टूबर से हिंदू मंदिरों पर हमले तेज हो गए थे। 17 अक्टूबर की रात को एक भीड़ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के 66 घरों को नुकसान पहुंचाया और कम से कम 20 घरों को जला दिया। प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि कोई बांग्लादेश की छवि खराब नहीं कर सकता। कुछ घटनाएं हम अक्सर घटते देखते हैं जिन्हें साजिशन अंजाम दिया जाता है। मंशा के साथ यह किया जा रहा है ताकि बांग्लादेश की छवि खराब हो।

दक्षिण बांग्लादेश में पायरा पुल का उद्घाटन करने के दौरान हसीना ने कहा कि निहित स्वार्थ वाले कुछ तबके सांप्रदायिक विभाजन के मकसद से दुष्प्रचार फैला रहे हैं। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

उन्होंने लोगों से देश को अस्थिर करने के प्रयासों के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि हम कितना भी अच्छा काम कर लें, एक वर्ग है जो बांग्लादेश को बदनाम करने की सोच रखता है। वे चाहते क्या हैं? वे इस देश में सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया चलने नहीं देना चाहते।

# पाक के कबायली इलाके में दो गुटों में झड़प, 10 की मौत

**भाषा** । पेशावर

**पश्चिमोत्तर** पाकिस्तान के कबायली इलाके में जंगल की जमीन पर कब्जे को लेकर दो प्रतिद्वंद्वी गुटों में हुई गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि झड़प शनिवार को दोपहर बाद तब शुरू हुई जब सूबे की राजधानी पेशावर से 251 किलोमीटर दूर खुर्म जिले के तेरी मेगल गांव के रहने वाले गैदू कबीले के लोगों ने गांव में जलावन की लकड़ी चुन रहे पेवार कबीले के सदस्यों पर गोलियां चला दी। अधिकारियों ने बताया कि खुर्म जिले के ऊपरी सबडिविजन में जंगल पर मालिकाना हक को लेकर दोनों कबीलों के बीच गत कुछ महीनों से तनाव चल रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोगों की मौत शनिवार को हुई जबकि छह अन्य लोगों की मौत आज (रविवार) तब हुई जब पेवार कबीले के लोगों ने जवाबी हमला किया। बंदूकधारियों ने खाई में छिपकर हमला किया। इस दौरान भारी हथियार और यहां तक रॉकेट लांचर का इस्तेमाल दोनों पक्षों द्वारा किया गया।

गौरतलब है कि पश्चिमोत्तर पाकिस्तान स्थित खुर्म जिला पड़ोसी अफगानिस्तान से लगता है जहां पर अपराध में बंदूकों का इस्तेमाल और आतंकवादी हमले अकसर होते रहते हैं। उन्होंने बताया कि कबीलों के बुजुर्ग और सरकारी अधिकारी गैदू और पेवार कबीले में समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं।

पुलिस और अर्धसैनिक बलों को इलाके में भेजा गया है। खबर लिखे जाने तक दोनों कबीलों में संघर्ष चल रहा था।




रिचमंड में एक रैली में भाग लेते अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा

# एर्दोआन ने अमेरिकी राजदूत समेत 10 राजदूतों को हटाने का आदेश दिया

**एपी** । इस्तांबुल

**तुर्की** के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने शनिवार को कहा कि उन्होंने 10 विदेशी राजदूतों को अवांछित व्यक्ति घोषित करने का आदेश दिया जिन्होंने जेल में बंद एक परोपकारी कारोबारी की रिहाई की मांग की है।

अंकारा में अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी समेत दस देशों के राजदूतों ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक बयान जारी कर कारोबारी और परोपकारी उस्मान कवाला के मामले के निस्तारण की मांग की है जो एक अपराध के मामले में दोषी करार नहीं दिए जाने के बाद भी 2017 से जेल में हैं। बयान को धृष्टता करार देते हुए एर्दोआन ने कहा कि उन्होंने राजदूतों को अवांछित घोषित करने का आदेश दिया है। उन्होंने एक रैली में कहा कि मैंने अपने विदेश मंत्री को निर्देश दिया



और कहा कि आप इन 10 राजदूतों को अवांछित व्यक्ति घोषित करने के विषय को तत्काल संभालें। एर्दोआन ने कहा कि वे तुर्की को पहचानेंगे, जानेंगे और समझेंगे। जिस दिन वे तुर्की को नहीं समझेंगे, वे यहां से चले जाएंगे। राजदूतों में नीदरलैंड, कनाडा, डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड, नॉर्वे और न्यूजीलैंड के राजनयिक भी शामिल हैं। उन्हें मंगलवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया था। किसी राजनयिक को पर्सोन नॉन ग्रेटा (अवांछित व्यक्ति) घोषित करने का आशय सामान्य रूप से होता है कि व्यक्ति के उसके मेजबान देश में आगे बने रहने पर प्रतिबंध होता है। कवाला (64) को 2013 में राष्ट्रव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों से जुड़े आरोपों में पिछले साल बरी कर दिया गया था, लेकिन फैसले को बदल दिया गया और इसमें 2016 के सत्तापलट के प्रयासों से जुड़े आरोपों को शामिल कर दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय पयर्वेक्षकों और मानवाधिकार समूहों ने कई बार कवाला और कुर्द राजनेता सेलाहत्तिन डेमिरतस की रिहाई की मांग की। यूरोप की मानवाधिकार अदालत ने 2019 में कवाला की रिहाई की मांग करते हुए कहा था कि उनका दोष साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है और उन्हें कैद में उनका मुंह बंद करने की खातिर रखा गया है।



न्यू ओरलेंस में आयोजित बू परेड में विभिन्न वेशभूषा में शामिल हुए लोग

# कमला के अभूतपूर्व उदय को बताती भारतीय पत्रकार की नई किताब

**भाषा** । वाशिंगटन

**वाशिंगटन** के एक भारतीय पत्रकार और लेखक ने कमला हैरिस के पहली महिला उपराष्ट्रपति बनने और कई वर्जनाओं को तोड़ते हुए इस प्रक्रिया में उनके अभूतपूर्व उदय का वर्णन करती अपनी एक नई किताब में उनके कुछ अनछुए तथ्यों को उजागर करने का प्रयास किया है।

उदाहरण के लिए हैरिस का पूरा नाम कमला देवी हैरिस है और उनके नाम के मध्य में देवी कैसे आया क्योंकि जब वह पैदा हुई थीं तो उनके जन्म प्रमाण पत्र में अय्यर उपनाम जुड़ा था। लेखक चिदानंद राजघट्टा ने अपनी पुस्तक कमला हैरिस : फेनोमेनल वुमन में ऐसी ही दिलचस्प बातों का खुलासा किया है। यह किताब इस महीने के आखिर में लोगों के बीच आएगी।

लेखक लिखते हैं कि जब कमला छोटी थीं तो कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में हैरिस के माता-पिता करीबी मित्रों में अर्थशास्त्री और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समकालीन लॉर्ड मेघनाद देसाई, अमर्त्य सेन और अजीत सिंह थे। हैरिस (57) का जन्म 20 अक्टूबर



1964 को कैलिफोर्निया के ओकलैंड में हुआ था। उनकी मां श्यामला गोपालन एक पारंपरिक तमिल ब्राह्मण परिवार से थीं। वह 19 साल की उम्र में 1958 में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में पोषण और एंडोक्रायोनोलॉजी का अध्ययन करने के लिए भारत से अमेरिका आ गई। यहीं पर उनकी मुलाकात हैरिस के पिता डोनाल्ड हैरिस से हुई, जो ब्रिटिश जमैका के एक अफ्रीकी मूल के अमेरिकी थे।

हार्पर कोलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक में राजघट्टा लिखते हैं कि हैरिस जब छोटी थीं तब डोनाल्ड ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में फेलोशिप के तहत पढ़ाई की। पुस्तक हैरिस की मां के परिचय से शुरू होती है। लेखक के पिता लगभग उसी समय अमेरिका आए थे जब श्यामला गोपालन यहां आई थीं। राजघट्टा के पिता ने कंसास राज्य में कृषि और डेयरी विज्ञान का अध्ययन किया। लेखक ने बताया कि कहानी इतनी दिलचस्प थी कि हैरिस के बड़े होने, उनके जीवन और करियर का बयां करने में यह लंबी कथा बनती गई। राजघट्टा ने कहा कि यह एक प्रकार की जीवनी है, लेकिन व्यापक दायरे में यह भारतवंशी-अमेरिकी समुदाय के इतिहास की पड़ताल करती है और अश्वेत अमेरिकियों के साथ भारत के संबंध, जिसमें जॉर्ज वॉशिंगटन कार्वर, बुकर वाशिंगटन, और वेब डुबॉइस और महात्मा गांधी जैसे अश्वेत कार्यकर्ताओं के बीच आदान-प्रदान शामिल है। महात्मा गांधी के सहयोगी मेडेलीन स्लेड (मीराबाई) और चार्ली एंड्रयूज ने हावर्ड में व्याख्यान दिया, जिसने मार्टिन लूथर किंग जूनियर के पूर्व के नागरिक अधिकार कार्यकर्ता की पीढ़ी को प्रभावित किया। तीन सौ से अधिक पृष्ठों वाली यह पुस्तक मताधिकार आंदोलन और महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व और प्रभुत्व में आने वाली बाधाओं को भी दर्शाती है।

# भ्रामक सूचनाओं को रोकने में जुटा फेसबुक

**भाषा** । न्यूयॉर्क

**फेसबुक** के आंतरिक दस्तावेज बताते हैं कि कंपनी अपने सबसे बड़े बाजार भारत में भ्रामक सूचना, नफरत वाले भाषण और हिंसा पर जश्न से जुड़ी सामग्री की समस्या से संघर्ष कर रही है। अमेरिकी मीडिया में आई खबर के मुताबिक सोशल मीडिया के शोधकर्ताओं ने रेखांकित किया है कि ऐसे समूह और पेज हैं जो भ्रामक, भड़काऊ और मुस्लिम विरोधी सामग्री से भरे हुए हैं।

न्यूयॉर्क टाइम्स में शनिवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक फेसबुक के शोधकर्ताओं ने फरवरी 2019 में नए उपयोकर्ता अकाउंट बनाए ताकि देखा जा सके कि केरल के निवासी के लिए सोशल मीडिया वेबसाइट कैसा



दिखता है। अखबार के मुताबिक, अगले तीन सप्ताह तक अकाउंट को सामान्य नियम के तहत चलाया गया। समूहों से जुड़ने, वीडियो और साइट के नए पेज को देखने के लिए फेसबुक की कलन विधि (अल्गोरिद्म) द्वारा की गई सभी अनुशंसाओं का अनुपालन किया गया। इसका नतीजा रहा है कि उपयोगकर्ता के सामने नफरत वाले भाषण, भ्रामक सूचना और हिंसा पर जश्न मनाने की बाढ़ आ गई, जिसका दस्तावेजीकरण फेसबुक ने अपनी आंतरिक रिपोर्ट में किया है और उस महीने के अंत में संबंधित रिपोर्ट प्रकाशित की गई।

न्यूयॉर्क टाइम्स और एसोसिएटेड प्रेस सहित समाचार संगठनों के समूह को प्राप्त हुई रिपोर्ट के मुताबिक आंतरिक दस्तावेज दिखाते हैं कि कंपनी अपने सबसे बड़े बाजार में भ्रामक सूचना, नफरत फैलने वाले भाषण और हिंसा का जश्न मनाने वाली सामग्री से संघर्ष कर रही है।

फेसबुक की रिपोर्ट के हवाले से न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि भारत में मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं में से केवल पांच भाषाओं में ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आधार पर सामग्री का विश्लेषण करने की सुविधा है, लेकिन इनमें हिंदी और बांग्ला भाषा अब तक शामिल नहीं है।

## मैक्सिको में प्रशांत तट पर तूफान रिक ने जोर पकड़ा

**मैक्सिको सिटी** । मैक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तट पर शनिवार को तूफान रिक ने जोर पकड़ा और इसके सोमवार को मैदानी इलाकों की ओर बढ़ने की संभावना है। यूएस नेशनल हरिकेन सेंटर ने बताया कि मैदानी हिस्से से टकराने से पहले रिक 120 मील प्रति घंटे (195 किलोमीटर प्रति घंटा) की रफ्तार वाले भीषण तूफान का रूप ले सकता है। तूफान के लाजारो कार्डेनास और मंजानिलो बंदरगाह के बीच कहीं टकराने की आशंका है। तूफान की पहचान तटीय रिसॉर्ट जिहुआतानेजो के दक्षिण में लगभग 195 मील (315 किलोमीटर) की दूरी पर हुई। हवाओं की रफ्तार 85 मील प्रति घंटे (135 किलोमीटर प्रति घंटे) थी और यह उत्तर-उत्तर-पश्चिम में सात मील प्रति घंटे (11 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से बढ़ रहा था। केंद्र ने चेतावनी दी कि रिक के प्रभाव से अचानक बाढ़ आ सकती है और भूस्खलन हो सकता है।

## अमेरिका का उ. कोरिया से वार्ता शुरू करने का आग्रह

**सियोल** । अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक ने रविवार को उत्तर कोरिया से और मिसाइल परीक्षणों से परहेज करने और देशों के बीच परमाणु वार्ता फिर से शुरू करने का आग्रह किया। उत्तर कोरिया ने बुधवार को घोषणा की थी कि उसने एक ऐसी मिसाइल का परीक्षण किया है, जो पनडुब्बी से दागी जा सकती है। पिछले दो वर्षों में इस तरह के आधुनिक हथियार का यह पहला परीक्षण है। उत्तर कोरिया मामलों के शीर्ष अमेरिकी अधिकारी सुंग किम ने उत्तर कोरिया के हालिया मिसाइल परीक्षणों को लेकर दक्षिण कोरियाई अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह बात कही। यह परीक्षण वाशिंगटन और प्योंगयांग के बीच परमाणु कूटनीति में लंबे समय से चल रहे गतिरोध के बीच किया गया है। किम ने उत्तर कोरिया का उल्लेख करते हुए संवाददाताओं से कहा, हम उत्तर कोरिया से इन उकसावे और अन्य अस्थिर करने वाली गतिविधियों को रोकने और इसके बजाय बातचीत में शामिल होने का आह्वान करते हैं।

## चीन में गैस विस्फोट में दो लोगों की मौत, सात घायल

**बीजिंग** । चीन के बंदरगाह शहर डालियान में एक आवासीय इमारत में हुए गैस विस्फोट में रविवार को दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सरकारी सीजीटीएन-टीवी की खबर के मुताबिक विस्फोट के बाद भयंकर आग लग गई थी जिस पर अब काबू पा लिया गया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट की वजह का पता लगाया जा रहा है। एक हफ्ते में यह ऐसा दूसरा विस्फोट है। चीन के उत्तर-पूर्वी लियाओनिंग प्रांत की राजधानी शेनयांग में 21 अक्टूबर को एक रेस्त्रां में गैस विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई थी और 47 अन्य घायल हो गए थे। ऑनलाइन साझा की गई वीडियो फुटेज में तीन मंजिला इमारत को ध्वस्त होते और इलाके में मलबा बिखरे हुए देखा जा सकता था। विस्फोट से आसपास की इमारतों पर भी असर पड़ा और रेस्त्रां के पास खड़ी गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई थीं।

## चीन ने उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया

**बीजिंग** । चीन ने अंतरिक्ष मलबे को कम करने वाली प्रौद्योगिकियों का परीक्षण और सत्यापन करने के लिए रविवार को एक नया उपग्रह सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। इसे दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। शिजियान-21 नाम के इस उपग्रह को लॉन्ग मार्च-3बी वाहक रॉकेट की मदद से प्रक्षेपित किया गया और यह सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार उपग्रह का उपयोग मुख्य रूप से अंतरिक्ष में मलबे को कम करने वाली प्रौद्योगिकियों के परीक्षण और सत्यापन के लिए किया जाएगा।

## यूगांडा में रेस्तरां में विस्फोट, एक की मौत

**कंपाला** । यूगांडा की राजधानी कंपाला के उपनगर में एक रेस्तरां में शनिवार को विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि स्थानीय समयानुसार रात नौ बजे विस्फोट के बाद बम निरोधक दस्ते को तैनात किया गया। जांच टीम यह पता लगाएगी कि विस्फोट को किसी ने जानबूझकर अंजाम दिया या यह दुर्घटनावश हुआ। युगांडा अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण देश है और कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के प्रयासों के तहत पूरे देश में रात के समय कर्फ्यू लागू है। हालांकि ब्रिटेन सरकार ने अक्टूबर में जारी यात्रा परामर्श में कहा था कि चरमपंथी इस पूर्वी अफ्रीकी देश में हमले कर सकते हैं, जो पहले भी ऐसी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। परामर्श में कहा गया था, विदेशियों के आगमन वाले स्थानों को निशाना बनाया जा सकता है। शनिवार को जिस रेस्तरां में विस्फोट हुआ, उस इलाके में आम तौर पर भीड़ भाड़ रहती है।

## मेक्सिको में 2,000 से अधिक शरणार्थी निकले

तपाचूला (**मेक्सिको**)। दक्षिण मेक्सिको में 2,000 से अधिक शरणार्थी मुख्यत: मध्य अमेरिकी नागरिकों ने शनिवार को एक शहर से बाहर निकलना शुरू कर दिया, जहां वे कथित तौर पर फंसे हुए थे। शरणार्थी अमेरिकी सीमा की ओर जा रहे हैं और उन्हें रोकने की कोशिश में पुलिस के साथ उनकी मामूली झड़पें हुई जिसमें एक बच्चे को सिर में मामूली चोट आई लेकिन इसके बावजूद शरणार्थी आगे की ओर बढ़ रहे हैं। होंडुरास, अल सल्वाडोर और हैती के हजारों शरणार्थी आवश्यक कागजों के लिए दक्षिण तपाचूला शहर में इंतजार कर रहे हैं। इन दस्तावेजों से उन्हें यात्रा करने की अनुमति मिल सकती है लेकिन इस प्रक्रिया में देरी हो गई है। तपाचूला से शनिवार को निकले शरणार्थियों में हैती के नागरिक शामिल नहीं हैं। हैती से हजारों शरणार्थी सितंबर में डेल रियो, टेक्सास में अमेरिकी सीमा पर पहुंचे थे।

## ताइवान में 6.5 तीव्रता का भूकंप आया

**ताइपे** । ताइवान के उत्तर-पूर्वी हिस्से में रविवार को 6.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे राजधानी ताइपे में इमारतें हिल गईं। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। केंद्रीय मौसम ब्यूरो के अनुसार भूकंप दोपहर एक बजकर 11 मिनट (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 11 मिनट) पर आया और इसका केंद्र उत्तर-पूर्वी तट के पास ताइपे से करीब 35 किलोमीटर (22 मील) दूर यिलान शहर के पास था। ब्यूरो ने बताया कि भूकंप की पहली घटना के कुछ सेकंड बाद 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। ताइपे मेट्रो प्रणाली ने अस्थाई रूप से सेवा निलंबित कर दी है। तत्काल किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# इंग्लैंड आने वाले यात्रियों के लिए सस्ता कोविड परीक्षण

**भाषा** । लंदन

**इंग्लैण्ड** की यात्रा प्रतिबंध सूची से अलग रखे गए देशों के वैसे यात्री अब यहां आने के लिए अत्यधिक महंगे पोलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) परीक्षण के बजाय कोविड-19 के लेटरल फ्लो टेस्ट (एलएफटी) का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिन्हें टीके की पूरी खुराक दी जा चुकी है। नया नियम रविवार से प्रभावी हो गया, जो देश के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देगा।

ब्रिटेन के अन्य हिस्सों - वेल्स, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड - में भी आने वाले हफ्तों में टीका लगवा चुके यात्रियों के लिए इसी तरह के एलएफटी नियम लागू किए जाने की उम्मीद है। सरकार ने कहा है कि भारत सहित 100 से अधिक देशों में टीका लगवा चुके यात्रियों को भी इंग्लैंड में पूरी तरह से टीका लगाए गए निवासियों के समान माना जाएगा। इसका मतलब यह है कि प्रतिबंधित सूची से बाहर के देशों से इंग्लैंड पहुंचने वाले यात्री दूसरे दिन या उससे पहले ही पीसीआर के बजाय एलएफटी का इस्तेमाल कर सकते हैं। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज से इंग्लैंड आने वाले पात्र यात्री, जिन्होंने कोविड-रोधी टीके लगवा लिए हैं, वे सस्ते एलएफटी का लाभ उठा सकते हैं। इस परीक्षण में जल्दी परिणाम प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से यात्रा उद्योग को मजबूती मिलेगी और जनता छुट्टियों का आनंद लेने यहां पहुंच सकती है। यह हमारे अविश्वसनीय टीकाकरण कार्यक्रम के कारण संभव हो सका है। ब्रिटेन के परिवहन मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि आगमन के बाद के परीक्षणों के नियमों में बदलाव से यात्रियों को अधिक विकल्प और बहुत ही कम समय में तेज परिणाम मिलेंगे। टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता का ही परिणाम है कि इससे हम उद्योग और उपभोक्ताओं को बढ़ावा दे सकते हैं। जिन यात्रियों ने यात्रा के लिए पहले ही पीसीआर करा लिया है उन्हें दूसरे टेस्ट से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी।

## पाक में टीके की 10 करोड़ से ज्यादा खुराक दी गई

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान में नौ महीने में 10 करोड़ से ज्यादा कोविड-19 टीके की खुराक दी गई है। रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 3.82 करोड़ से ज्यादा लोगों को टीके की दोनों खुराक जबकि 6.83 लोगों को टीके की एक खुराक मिली है। बयान में बताया गया कि दो फरवरी से टीकाकरण अभियान शुरू होने के बाद से टीके की 100,016,587 खुराक दी गई है। स्वास्थ्य मामलों के विशेष सहायक डॉक्टर फैसल सुल्तान ने शनिवार को 10 करोड़ का आंकड़ा करने पर सहयोग के लिए लोगों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि टीके की खरीद करना एक बड़ा काम था और जिसे बेहद पेशेवर तरीके के किया गया। अंतरराष्ट्रीय टीका गठबंधन कोवैक्स ने पाकिस्तान को उसकी 20 प्रतिशत आबादी के लिए मुफ्त में टीके उपलब्ध कराने की प्रतिबद्ध जताई है। इसी बीच पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 591 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर।,268,536 हो गई। वहीं 18 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 28,377 हो गई।

## चीन में कोविड-19 के 43 नए मामले

**बीजिंग** । चीन में कोविड-19 के 43 नए मामले सामने आए हैं जिनमें चार लोग स्थानीय मरीजों के संपर्क में आने से संक्रमित हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बीजिंग में चार और व्यक्तियों के संक्रमित होने के कारण शहर में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 13 हो गई है। नगरपालिका स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि उत्तरी उपनगरीय जिले चांगपिंग स्थित बेइकिजिया नगर में एक ही आवासीय परिसर में रहने वाले ए चार लोग संक्रमितों के संपर्क में आए थे।

# अमेरिका में कश्मीरी पंडित समुदाय ने घाटी में लक्षित हत्याओं की निंदा की


**भाषा** । वाशिंगटन

**अमेरिका** में रह रहे कश्मीरी पंडितों ने घाटी में हाल के दिनों में आतंकवादियों द्वारा आम लोगों की चुन-चुनकर की गई हत्या की कड़ी निंदा की और भारत सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया।

कश्मीरी पंडितों के समुदाय ने यहां के मशहूर नेशनल मॉल में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां पर प्रतिभागियों ने कहा कि लक्षित हत्याएं विशेष तौर पर भयानक हैं और स्थानीय स्तर पर आतंकवाद को पाकिस्तान से संसाधन और प्रेरणा मिलती है। वाशिंगटन डीसी इलाके की कश्मीरी पंडित कार्यकर्ता डॉ. शकुन मलिक ने कहा, पाकिस्तान से संचालित आतंकवादियों द्वारा कश्मीर घाटी में की जा रही अल्पसंख्यकों की हत्याओं को रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को कश्मीर घाटी में रह रहे स्थानीय अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने चाहिए जो भविष्य में भी निशाने पर हैं।

यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में समुदाय ने कहा कि मक्खन लाल बिंदरू की हत्या ने वर्ष 1990 की खौफनाक यादों को ताजा कर दिया है जब करीब पांच लाख कश्मीरियों को अपनी जान बचाने के लिए घाटी छोड़नी पड़ी थी। बिंदरू प्रमुख कश्मीरी पंडित और श्रीनगर की मशहूर दवा की दुकान के मालिक थे जिनकी इस महीने के शुरू में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी।

# फैशनेबल ढंग से करें संवाद



**डॉ. सुनीता गुप्ता कोंवर** कहती हैं कि विक्रेता ब्रांड जागरूकता और स्मृति में बने रहने के लिए सर्च एडवरटाइजिंग, ईमेल मार्केटिंग और सर्च इंजन मार्केटिंग जैसे डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।

फैशन मार्केटिंग वो जगह है जहां फैशन और व्यवसाय ब्रांड के मूल दर्शन और उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करने, लक्षित दर्शकों से जुड़ने, बिक्री और राजस्व बढ़ाने के कोशिश में सक्रिय रहते हैं। फैशन उद्यमियों को विपणन संचार प्रवृत्तियों के बारे में पूर्णतया अवगत होना चाहिए और अपने ब्रांड को शीर्ष विकल्प के रूप में ग्राहकों के लिए स्थापित करना चाहिए। अन्य क्षेत्रों के विपरीत, फैशन संचार अभियान अपने लक्ष्यों व उद्देश्यों को उनकी शुरुआत के बाद कम समय में हासिल करने में सक्षम होना चाहिए। इस कारण, शार्ट सर्किल फैशन मार्केटिंग अभियानों की मुख्य विशेषता है।

फैशन उद्योग अत्यधिक गतिशील है, जिसमें रुझान तेजी से विकसित हो रहे हैं। कई नए ब्रांडों के प्रवेश से प्रतिस्पर्धा भी कड़ी है। फैशन उद्योग को पुन: परिभाषित करने वाले कुछ विपणन संचार रुझान यहां दिए जा रहे हैं।

डिजिटल बदलाव की तीव्रता ने फैशन संचार परिदृश्य को पुन: परिभाषित किया है। ब्रांड जागरूकता और स्मृति में बने रहने के लिए मार्केटिंग पेशेवर तेजी से डिजिटल टूल जैसे सर्च विज्ञापन, ईमेल मार्केटिंग, सर्च इंजन मार्केटिंग आदि का लाभ उठा रहे हैं। फिर भी, किसी अन्य चैनल पर मोबाइल उपकरणों से बढ़ते ट्रैफिक के कारण मोबाइल-अनुकूल वेबसाइट, विज्ञापन और लैंडिंग पेज फैशन उद्योग के शीर्ष रुझानों में से एक बन गए हैं।

मोबाइल मार्केटिंग ग्राहकों को चलते-फिरते वैयक्तिक, स्थान और समय के प्रति संवेदनशील जानकारी प्रदान करती है। फिर भी, डिजिटल मंच का उदय किसी भी तरह से पारंपरिक मार्केटिंग के लिए मौत की घंटी नहीं है। जहां डिजिटल मंच जुड़ाव और पहुंच को बढ़ावा देने में मदद करते हैं, वहीं पारंपरिक मीडिया जागरूकता और याद्दाश्त का निर्माण करता है। दोनों माध्यम एक साथ फलेंगे-फूलेंगे क्योंकि फैशन ब्रांड मूर्त परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनी संचार रणनीतियों को बढ़ाते हैं।

कोविड-19 ने डिजिटलीकरण को उत्प्रेरित किया है, जिससे फैशन शो के डिजिटल होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। डिजाइनर नए कलेक्शन को प्रदर्शित करने के लिए कंप्यूटर एडेड मॉडल का उपयोग करने के लिए तकनीकी कंपनियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इन आयोजनों की मुख्य विशेषता संवर्धित वास्तविकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नवीन तकनीकों का उपयोग करना है ताकि क्यूरेटेड अनुभव प्रदान किए जा सकें। उदाहरण के लिए,

> ई-कॉमर्स की पैठ, उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रसार और सोशल मीडिया की बढ़ती खपत ने विपणक को मौजूदा प्लेटफार्मों को अधिक प्रभावी ढंग से मुद्रीकृत करने और उनसे अपने आरओआई को अधिकतम करने के लिए अपनी मार्केटिंग संचार रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया है।

द फैब्रिक ऑफ रियलिटी ने प्रदर्शनी हॉल की ओर एक फ्यूचरिस्टिक संग्रहालय में नीचे जाने वाले मेहमानों को बैंगनी कालीन का तजुर्बा कराया।

फैशन, संगीत और ग्राफिक्स के मिश्रण समेत, शो का हॉलमार्क 360-डिग्री का जबरदस्त अनुभव था। इसने एनिमेटेड वीडियो बनाने के लिए डिजिटल विशेषज्ञों और डिजाइनरों के बीच सहयोग की शक्ति का भी लाभ उठाया।

दक्षता बढ़ाने, सस्ती लागत सुनिश्चित करने और फैशन संचार अभियानों पर निवेश करने पर लाभ (आरओआई) को अधिकतम करने के लिए प्रौद्योगिकी भी रामबाण के रूप में उभरी है। एआई जैसी प्रौद्योगिकियां विपणक को अपने लक्षित दर्शकों के व्यवहार और खरीद पैटर्न की समझ हासिल करने , उन्हें विभाजित करने और तदनुसार अपनी रणनीति बनाने में में मदद करती हैं।

सामाजिक खरीदारी अपेक्षाकृत नए फैशन मार्केटिंग रुझानों में से एक है। फैशन ब्रांड अपने सोशल मीडिया हैंडल को अपनी वेबसाइटों से जोड़ रहे हैं ताकि दर्शक एक क्लिक पर कभी भी और कहीं भी खरीदारी कर सकें।

फैशन ब्लॉगर/ व्लॉगर्स नए बाजारों तक पहुँचने, अग्रणी पीढ़ी तक अपनी पहुंच बढ़ाने और व्यवसायों के लिए बिक्री बढ़ाने में मदद करते हैं।

लाइव स्ट्रीमिंग एक और निरंतर विकासशील तरीका है। लाइव स्ट्रीमिंग वीडियो फैशन ब्रांडों को उसी समय में अपने उपकरणों से घटनाओं को देखने में नेटिजन्स को सक्षम बनाकर अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद करते हैं। फैशन संचार रणनीति को तीसरे पक्ष के खिलाड़ियों पर निर्भर होने के बजाय अपने आधिकारिक लाइवस्ट्रीम चैनल स्थापित करने के लिए तैयार किया जाना चाहिए, यूट्यूब के अलावा, इंस्टाग्राम लाइव, फेसबुक लाइव, वीमियो लाइवस्ट्रीम, स्ट्रीमशार्क और यूस्ट्रीम शानदार लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हैं।

ई-कॉमर्स की पैठ, उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रसार और सोशल मीडिया की बढ़ती खपत ने विपणक को मौजूदा प्लेटफार्मों को अधिक प्रभावी ढंग से मुद्रीकृत करने और उनसे अपने आरओआई को अधिकतम करने के लिए अपनी मार्केटिंग संचार रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया है। फिर भी, सशक्त कहानी कहने और भावनाओं के साथ शानदार सामग्री सफल मार्केटिंग अभियानों का प्रमुख घटक बनी रहेगी।

**लेखक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफआर्ट एंड डिजाइन में फैशन बिजनेस मैनेजमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर व कोर्स लीडर हैं।**

# डिजिटल भूमिकाओं के लिए तैयार करें इंजीनियरों को

**नारायण महादेवन** का कहना है कि देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना समय की मांग है।



नारायण महादेवन
फाउंडर, ब्रिजलैब्ज

ऑक्सफोर्ड लैंग्वेज डिक्शनरी के अनुसार, इंजीनियर शब्द का अर्थ उस व्यक्ति से है जो इंजन, मशीनों या संरचनाओं का डिजाइन, निर्माण या रखरखाव करता है। इसी तरह, इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वह शाखा है जो इंजन, उपकरणों और सुविधाओं के डिजाइन, निर्माण और उपयोग से संबंधित है। इस शब्द की उत्पत्ति संरचनात्मक या भवन चमत्कारों से जुड़े लोगों के बारे में बताने, उन्हें परिभाषित करने के लिए हुई थी। हालांकि, समय के साथ, इंजीनियर की परिभाषा का विस्तार हुआ है।

आज, हमारे पास इंजीनियरिंग के कई क्षेत्र हैं - सिविल से लेकर मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सॉफ्टवेयर तक। हर क्षेत्र में तीव्र डिजिटलीकरण होने से, प्रत्येक इंजीनियरिंग क्षेत्र से भविष्य के इंजीनियरों को डिजिटल भूमिकाओं के लिए तैयार करना महत्वपूर्ण है। भारत में, इंजीनियरिंग कोर्स सिद्धांतों, रटंत शिक्षण और उच्च अंक प्राप्त करने तक सीमित हैं, जिनमें से कोई भी नौकरी पाने में फायदेमंद नहीं है बल्कि उन्होंने इंजीनियरिंग स्नातकों की नौकरी की संभावनाओं को सीमित ही कर दिया है।

पूरे भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों में अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना समय की मांग है। कंपनियां आजकल ऐसे कर्मचारियों की तलाश करती हैं जो अपनी भूमिकाओं के साथ नवीन और प्रयोगधर्मी हों। व्यावहारिक ज्ञान की कमी के कारण, भारत में इंजीनियर उपलब्ध जॉब प्रोफाइल के लिए उपयुक्त नहीं हैं। यह उन कारणों में से एक है कि इतनी बड़ी संख्या में इंजीनियरों को पैदा करने के बावजूद भारत ने तकनीकी नवाचार का नेतृत्व करने में पीछे है क्योंकि यहां प्रयोगात्मक होने को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है, यहां नए विचारों को इंजीनियरिंग संस्थानों में बढ़ने में अवसर नहीं दिया जाता है।

पाठ्यक्रम को बदलने के अलावा, भारतीय इंजीनियरों को भावी तकनीकों के लिए तैयार करने हेतु उन्हें कौशल प्रदान करना और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इंजीनियरिंग संस्थानों को अपने प्रशिक्षण- आधार को परियोजना-आधारित शिक्षा में स्थानांतरित करके समस्या-समाधान व महत्वपूर्ण चिंतन-कौशल को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। भविष्य के भारतीय इंजीनियरों को तकनीक-प्रेमी बनाने के लिए कुछ अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं।

**बूट कैम्प**

ज्यादातर इंजीनियर अपने कॉलेज के दौरान बूट कैंप के लिए जाते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण है जिनमें अक्सर इंजीनियरिंग स्नातकों को डिग्री के दौरान बूट कैंप और इंटर्नशिप में अधिक सीखने के अवसर मिलते हैं। यही कारण है कि कुछ कंपनियां ऐसे सीवी पसंद करती हैं जिनके पास बूट कैंप का अनुभव है क्योंकि इसका मतलब बेहतर कौशल है। इसलिए, इंजीनियरों के लिए अधिक बूट कैम्प को प्रोत्साहित करना एक और विकल्प है।

**आईटी लैब**

जब प्रतिभा के निर्माण और पोषण की बात आती है, तो यह केवल इंजीनियरिंग संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं होती है। कंपनियों को ऐसे अवसरों के साथ आगे आने की जरूरत है जहां छात्र शुरू से अंत तक अनुप्रयोगों के निर्माण की प्रक्रिया सीख सकें। यह उन्हें तकनीक-आधारित उत्पाद बनाने की यात्रा के अन्य हिस्सों के साथ-साथ एक विचार के साथ उभरने, इसे डिजाइन करने और परियोजना प्रबंधन की प्रक्रिया से अवगत कराएगा। इसलिए, युवा इंजीनियरों को आईटी प्रयोगशालाओं में ले जाना उन्हें बेहतर कार्यबल बनाने का एक तरीका है।

कल के इंजीनियरों के लिए, समूची शिक्षा और प्रशिक्षण प्रक्रिया के भीतर से बदलाव आना होगा। संक्षेप में, जिस तरह से इंजीनियरिंग और इंजीनियर अन्य क्षेत्रों में शामिल हो गए हैं, इन क्षेत्रों के बेहतर भविष्य के लिए तकनीकी प्रगति को शामिल करना महत्वपूर्ण है। भारत ने गूगल और फेसबुक जैसे तकनीक दिग्गजों को सीईओ दिए हैं। अब समय आ गया है कि हम उस स्तर के इंजीनियरिंग उत्पाद बनाना शुरू करें जो दुनिया भर के बाजारों की जरूरतों को पूरा करते हों।

# डिजिटल रूप से समृद्ध होने का समय

**डिजिटल पाठ्यक्रम के उपयोग ने अगले कुछ वर्षों में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, लघु ऋण और वाणिज्य जैसे विभिन्न वर्गों में आमूलचूल बदलाव की उम्मीदें बढ़ा दी हैं**



हमने हाल ही में भारत में इंटरनेट सेवाओं के शुभारंभ की 26वीं वर्षगांठ मनाई है। पिछले 26 वर्षों में, हमारे देश ने अनेक डिजिटल प्रौद्योगिकी आयामों को छुआ है। इंडियास्टैक उनमें से एक है, जो समग्र डिजिटल विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह देश को एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा प्रदान करने हेतु अनेक डिजिटल प्रौद्योगिकी परियोजनाओं का एक संयोजन है। आज भी इसने देश की कई जटिल समस्याओं का समाधान किया है। इंडियास्टैक का मंत्र है कागज रहित, गैर-उपस्थिति, गैर-मुद्रा सेवा और लेनदेन प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना।

स्टैक सूचना प्रौद्योगिकी में एक आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है, जिसमें सॉफ्टवेयर, वेब ऐप या मोबाइल ऐप बनाने वाली संगत प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। स्टैक के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम, सर्वर, प्रोग्रामिंग भाषा, डेटाबेस और अन्य संबंधित तकनीकी पहलुओं का सुसंगत होना आवश्यक है। भारत सरकार ने इंडियास्टैक को पहचान, सत्यापन और भुगतान सहित विभिन्न सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करते हुए पूरे देश के लिए विकसित किया है। वर्तमान में उपलब्ध बुनियादी सेवाएं हैं आधार प्रमाणीकरण, आधार ई-केवाईसी, इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर, डिजिलॉकर, यूपीआई और डिजिटल सहमति (वर्तमान में विकास के अधीन)। इसकी सेवाओं ने हमारे देश को फिनटेक में अग्रणी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है। यह लॉन्च किया जाने वाला एकमात्र स्टैक है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है, और जिसमें शासन, प्रौद्योगिकी और नियामकों का उचित संयोजन है। साल 2009 में दो संस्थानों - भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई)- की स्थापना के साथ फिनटेक अस्तित्व में आया। 2012 में, यूआईडीएआई ने ई-केवाईसी को सक्षम करके व्यवसायियों के लिए उपभोक्ता सत्यापन की सुविधा प्रदान की। 2015 में, सीसीआई ने आधार धारकों के लिए डिजिटल हस्ताक्षर की सुविधा के लिए एक ई-साइन एपीआई की शुरुआत की। एनपीसीआई द्वारा 2016 में डिजिटल सार्वजनिक भुगतान प्रणाली यूपीआई की शुरुआत एक क्रांतिकारी कदम साबित हुई। उसी वर्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक संगठन, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (छ्मळ्क) ने भी आम जनता को डिजिलॉकर सेवाएं प्रदान करके दस्तावेजों व प्रमाणपत्रों का डिजिटल सत्यापन सुनिश्चित किया। इस विकास की मेहरबानी है कि अब भौतिक दस्तावेजों को ले जाना अनावश्यक हो गया है। ये सभी सेवाएं भारत सरकार की इंडियास्टैक योजना का हिस्सा हैं। इसमें शामिल सेवाओं के कारण योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचा। किसान, वरिष्ठ नागरिक, या बीपीएल परिवार, सभी को 100 फीसदी भत्ता, पेंशन और अन्य लाभ सीधे उनके खातों में मिलते हैं। अब दूर-दराज के इलाकों के लोग यूपीआई एप की मदद से अपने मोबाइल फोन से वित्तीय लेनदेन कर सकते हैं।

**- प्रभात सिन्हा, आईटी विशेषज्ञ और इनोवेट एंड सीज योर सक्सेस के अमेजॉन बेस्टसेलर लेखक हैं।**

# सभी के लिए शिक्षा



**आंचल जैन** का कहना है कि एलजीबीटीक्यूआईए प्लस युवाओं को मान्यता और समर्थन देने वाली नीतियों और प्रथाओं की कमी और मौजूदा सुरक्षा उपायों को लागू करने में विफलता उन्हें शारीरिक व मनोवैज्ञानिक जोखिम में डालती है, जिससे उनकी शिक्षा में उन्नति प्राप्त करने की क्षमता सीमित हो जाती है

आज के समय में, स्कूल समानता को प्राथमिकता दे रहे हैं और एक ऐसा वातावरण प्रदान करने पर काम कर रहे हैं जहां सभी बच्चे सीख सकें, आगे बढ़ सकें और सफल हो सकें। यह सुनिश्चित करने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण या अभिन्न हो सकती है कि एलजीबीटीक्यूआईए प्लस. छात्रों को उनके लिए समर्थन और वकालत करके एक सुरक्षित वातावरण में बढ़ने और सीखने का समान अवसर मिले। शोध के आधार पर, एलजीबीटीक्यूआईए प्लस के लगभग 96 प्रतिशत छात्रों का मानना है कि उनके शैक्षणिक संस्थान में कम से कम एक वयस्क समर्थन, समझ और आश्वासन देता है।

एलजीबीटीक्यूआईए प्लस् युवाओं को मान्यता व समर्थन देने वाली नीतियों व प्रथाओं की कमी और मौजूदा सुरक्षा उपायों को लागू करने में विफलता का मतलब है कि इन छात्रों को अपने बड़े होने के सबसे प्रभावशाली वर्षों के दौरान बदमाशी, बहिष्करण और भेदभाव का लगातार सामना करना पड़ेगा। यह उन्हें शारीरिक और मनोवैज्ञानिक जोखिम में डालता है जिससे उनकी शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। इसलिए, समावेशी स्कूलों के महत्व के बारे में दिशानिर्देशों को उजागर करना महत्वपूर्ण है जो एलजीबीटीक्यूआईए प्लस. समुदाय के अधिकारों का समर्थन करते हैं।

**समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम विकसित करना**

इतिहास और घटनाओं में लेस्बियन, गे , उभयलिंगी, ट्रांसजेंडर, क्वीर / क्वेश्चनिंग, इंटरसेक्स, एजेंडर/ एरोमेंटिक / ́असेक्सुअल व्यक्तियों के प्रति पूर्वाग्रह को खत्म करने और सकारात्मक प्रतिनिधित्व करने वाले पाठ विकसित करके एक तरह से शिक्षक एक सकारात्मक क्लासरूम वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। यूनिसेक्स या लिंग-तटस्थ या जेंडर न्यूट्रल नामों की एक और विशेषता हो सकती है! कक्षा में क्वीर वैज्ञानिकों, ऐतिहासिक शख्सियतों या गणितज्ञों के बारे में बातचीत को सामान्य बनाएं। उस बातचीत को समावेशी पाठ्यक्रम वाले स्कूलों में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्र प्रतिकूल स्कूली अनुभवों से जोड़ सकते हैं और स्कूल समुदाय से संबंधित होने की अपनी भावना को मजबूत कर सकते हैं।

**भावनात्मक भलाई पर ध्यान दें**

स्कूल सुरक्षात्मक कारकों को विकसित करने और समझने तथा एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों पर उनके प्रभाव संबंधी प्रयासों को अक्सर संस्थागत चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। स्कूल नेटवर्किंग, सहायक शिक्षकों, दबंग-रोधी रणनीतियों जैसे सुरक्षात्मक कारकों की भूमिका पर प्रारंभिक शोध ने एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के आशाजनक तरीके दिखाए हैं।

**सकारात्मक वातावरण विकसित करें**

सहायक शिक्षक एलजीबीटीक्यूआईए प्लस बच्चों के लिए एक जीवन-रेखा हैं, और स्कूल अक्सर एकमात्र ऐसा स्थान होता है जहां वे ऐसे साथियों और वयस्कों से जुड़ सकते हैं जो अस्वीकृति को घटा सकते हैं और स्वीकृति प्रदान कर सकते हैं। जैसा कि जॉन डेवी ने बताया है, " स्कूल हमारे समाज का प्रतिबिंब हैं" यह महत्वपूर्ण है कि स्कूल एक सुरक्षित और सहायक शिक्षण का माहौल बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाएं। यह सरल तरीकों से किया जा सकता है जैसे गलियारों में "सुरक्षित स्थान" संकेत या इंद्रधनुष के झंडे लगाना। स्कूल स्कूल असेंबली में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में बात कर सकते हैं, पुस्तकालय आदि में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस प्रतिनिधित्व के साथ किताबें प्रदर्शित कर सकते हैं। समय के साथ, ये छोटी चीजें दूसरों के दृष्टिकोण में बदलाव लाने में मदद करेंगी।



आंचल जैन
पर्सनल केयर क्वाडीनेटर,
आदित्य बिरला वर्ल्ड एकेडमी

**जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करें**

जब यौन रूझान और लिंग पहचान के बारे में छात्रों को पढ़ाने और एलजीबीटीक्यूआईए प्लस व्यक्तियों और परिवारों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात आती है, तो इसकी शुरूआत के लिए यौन शिक्षा एक सामान्य क्षेत्र है। फिलहाल, यौन शिक्षा कार्यक्रमों में शायद ही कभी, यौन रुझान और लिंग पहचान शामिल होते हैं, और जब वे ऐसा करते हैं, तो सामग्री अक्सर भ्रामक और बेहद नकारात्मक होती है। इसलिए, इस स्थान को एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समावेशी यौन शिक्षा को लागू करने के लिए समस्त हितधारकों की ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है। इस पर काम करते समय हमें कानूनी पहलुओं पर भी गौर करने की आवश्यकता हो सकती है।

**छात्र सहायता समूहों को प्रोत्साहन दें**

एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों के लिए प्राइड क्लब और इसी तरह के अन्य छात्र समूह, विशेष रूप से मददगार वयस्कों के साथ छात्रों को जोड़ने का अत्यावश्यक मंच हैं। लगातार मिलते साक्ष्यों से पता चलता है कि कैंपस में गे-स्ट्रेट एलायंस (जीएसए) होने से छात्र के स्वास्थ्य, कल्याण और शैक्षणिक उपलब्धि पर एक लंबा और स्वस्थ प्रभाव पड़ता है। छात्र-नेतृत्व वाले जीएसए, एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्र-उत्पीड़न से निपटने में स्कूलों की सहायता कर सकते हैं, विविधता संबंधी संवाद को बढ़ावा दे सकते हैं और स्कूल में क्वीर और ट्रांस युवाओं के लिए एक संपन्न सुरक्षित स्थान-निर्माण को स्वीकृति दे सकते हैं।

**कर्मचारियों और शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करें**

स्कूलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके कर्मचारी एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों को प्रभावित करने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने हेतु प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए सांस्कृतिक कौशल प्रशिक्षण व सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे शिक्षण-अवसरों को लागू करने की क्षमता में प्रतिस्पर्धी और आश्वस्त हैं। स्कूलों को बदमाशी, भेदभाव और बहिष्करण से संबंधित अपनी उन नीतियों की भी जांच करनी चाहिए, जो कर्मचारियों के लिए सभी प्रकार के दुर्व्यवहार का जवाब देने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती हैं। स्कूलों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि व्यावसायिक प्रशिक्षण में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस विविध और अतिव्यापी पहचान वाले छात्र शामिल हों, क्योंकि यह वास्तव में फर्क डालने में मदद कर सकता है!

6 अभिमत
चीन में उइगुरों पर अत्याचार

12 विविध
डिजिटल रूप से समृद्ध होने का समय

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 9
लखनऊ, सोमवार, 25 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



शाकिब टी-20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

स्पोर्ट्स-11

# मोदी आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना का करेंगे शुभारंभ

● प्रधानमंत्री आज पहुंचेगे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी

● सिद्धार्थनगर से प्रदेश के नौ मेडिकल कालेजों का भी करेंगे लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 25 अक्टूबर सोमवार को राष्ट्रीय योजना आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना का शुभारंभ करेंगे। पांच वर्ष तक चलने वाली इस योजना के लिए 64180 करोड़ रुपये का बजट में प्रविधान किया गया है। इसकी घोषणा 2021-2022 के केंद्रीय बजट में की गई थी। 25 अक्टूबर को पीएम वाराणसी के मेहदीगंज में एक बड़ी जनसभा के दौरान इस योजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री 25 अक्टूबर को ही सिद्धार्थनगर से 2329 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 9 मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने रविवार को सिद्धार्थनगर में तैयारियों को परखा।

कुछ दिनों पहले ही भारत ने कोविड-19 के टीकाकरण का सौ करोड़ का लक्ष्य अपने दम पर हासिल कर दुनिया मे रिकॉर्ड बनाया है। पीएम 25 तारीख़ को काशी की धरती से योजना की शुरआत करेंगे। जो देश को स्वस्थ भारत की ओर आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस योजना से आने वाले वर्षो में समाज के अंतिम तबके तक के लोगों के स्वास्थ्य को सुधारने में भाजपा सरकार की भूमिका घर-घर पहुँचने वाली है। मोदी सरकार ने स्वस्थ भारत के लिये चार स्तरीय रणनीति बनाई है। जिसमें स्वच्छ भारत अभियान, योग, गर्भवती महिलाओं बच्चों की समय पर देखभाल एवं उपचार जैसे उपायों सहित बीमारी की रोकथाम व स्वास्थ्य कल्याण को बढ़ावा देना है। समाज के वंचित वर्ग के लोगों को सस्ता और प्रभावी इलाज मुहैया कराना है। स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की गुणवत्ता को बढ़ाना। इनमे आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिये एक मिशन मोड पर काम करना भी है। इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2021-22 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य देश के सुदूर हिस्सों में प्राथमिक माध्यमिक और तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य प्रणालियों की क्षमता विकसित करना है। देश में ही अनुसंधान, परीक्षण और उपचार के लिये एक आधुनिक व्यवस्थित तंत्र विकसित करना है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित है और इसके लिये लगभग 64180 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। जिसकी अवधि 5 वर्ष है। इस योजना में 17788 ग्रामीण तथा 11024 शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के विकास के लिये समर्थन प्रदान करना तथा सभी जिलों में एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं की स्थापना एवं 11 राज्यों में 3382 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना करना है।

## योगी ने परखीं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद सिद्धार्थनगर का भ्रमण कर वहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 अक्टूबर 2021 को प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। भ्रमण कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रस्तावित चित्र प्रदर्शनी तथा माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय के मॉडल को देखा। उन्होंने छायाचित्र प्रदर्शनी, बुद्ध का जीवन दृश्य एवं उत्खनित पुरास्थल कपिलवस्तु एक झलक का अवलोकन किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिद्धार्थनगर में कार्यक्रम की समीक्षा के लिए रविवार को पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पुलिस लाइन सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आहूत एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कल 25 अक्टूबर को प्रधानमंत्री सिद्धार्थनगर से 2329 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 9 मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करने के लिए यहां पधारेंगे। उन्होंने अधिकारियों को समस्त तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित जनसभा स्थल पर पेयजलए शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वाहन पार्किंग तथा सुगम यातायात पर पूरा ध्यान दिया जाए।

# चीन ने नया भूमि सीमा कानून पारित किया

● भारत के साथ सीमा विवाद पर असर पड़ने की संभावना



**भाषा।** बीजिंग

**देश** की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को पवित्र और अक्षुण्ण बताते हुए चीन की संसद ने सीमावर्ती इलाकों के संरक्षण और उपयोग संबंधी एक नया कानून अपनाया है जिसका असर भारत के साथ बीजिंग के सीमा विवाद पर पड़ सकता है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक नेशनल पीपल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थाई समिति के सदस्यों ने शनिवार को संसद की समापन बैठक के दौरान इस कानून को मंजूरी दी। यह कानून अगले वर्ष एक जनवरी से प्रभाव में आएगा।

इसके मुताबिक पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता पावन और अक्षुण्ण है। शिन्हुआ के मुताबिक कानून में यह भी कहा गया है कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में मदद देने, सीमावती क्षेत्रों को खोलने, ऐसे क्षेत्रों में जनसेवा और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, उसे बढ़ावा देने और वहां के लोगों के जीवन एवं कार्य में मदद देने के लिए देश कदम उठा सकता है। वह सीमाओं पर रक्षा, सामाजिक एवं आर्थिक विकास में समन्वय को बढ़ावा देने के लिए उपाय कर सकता है। देश समानता, परस्पर विश्वास और मित्रतापूर्ण वार्तालाप के सिद्धांतों का पालन करते हुए पड़ोसी देशों के साथ जमीनी सीमा संबंधी मुद्दों से निबटेगा और काफी समय से लंबित सीमा संबंधी मुद्दों और विवादों को उचित समाधान के लिए वार्ता का सहारा लेगा।

बीजिंग ने अपने 12 पड़ोसियों के साथ तो सीमा संबंधी विवाद सुलझा लिए हैं लेकिन भारत और भूटान के साथ उसने अब तक सीमा संबंधी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 3,488 किलोमीटर के क्षेत्र में है जबकि भूटान के साथ चीन का विवाद 400 किलोमीटर की सीमा पर है। विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला ने पिछले सप्ताह कहा था कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर घटनाक्रमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन-चैन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और जाहिर तौर पर इसका व्यापक रिश्तों पर भी असर पड़ा है।

# जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करेगी सरकारः शाह

● कहा, किसी को इस प्रदेश में शांति और विकास को बाधित नहीं करने दिया जाएगा

**भाषा।** जम्मू

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सरकार का उद्देश्य जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करने और नागरिकों की हत्याओं पर रोक लगाने का है। उन्होंने कहा कि किसी को इस केंद्रशासित प्रदेश में शांति और विकास को बाधित नहीं करने दिया जाएगा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में 12,000 करोड़ रुपए का निवेश आ चुका है और सरकार का उद्देश्य 2022 के अंत तक कुल 51,000 करोड़ रुपए का निवेश लाने का है, जिससे स्थानीय युवकों को



सीमा डटे बीएसएफ जवानों को मिठाइयां देते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

पांच लाख नौकरियां मिलेंगी। शाह जम्मू कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। पांच अगस्त, 2019 को राज्य का विशेष दर्जा समाप्त करने तथा उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने के केंद्र के फैसले के बाद यह उनका यहां का पहला दौरा है। जम्मू के भगवती नगर में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) का नाम लिए बगैर कहा कि पिछले सात दशक में जम्मू कश्मीर का विकास नहीं कर पाने के लिए तीन परिवार जनता के प्रति जवाबदेह हैं। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। लोगों की तालियों और नारों के बीच गृह मंत्री ने कहा, मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में विकास का नया चरण शुरू हो गया है, लेकिन नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों की ओर से अड़चन पैदा करने की कोशिश की जा रही हैं।

# कोरोना की तीसरी लहर आने का बढ़ा खतरा

● मुंबई में डेल्टा से भी ज्यादा खतरनाक और संक्रामक एवाई.4.2 वैरिएंट के मिले केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**क्या कोरोना** महामारी की तीसरी लहर भारत के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। हालांकि इस पर विशेषज्ञों की राय एक नहीं है और इस पर अलग-अलग विचार हैं- अगर महामारी की तीसरी लहर आती है तो इसका स्वरूप क्या होगा और वायरस की संक्रामकता कितनी होगी। वैश्विक जीनोम सिक्वेंसिंग करने वाले आईएनएसएसीओजी नेटवर्क ने निगरानी के दौरान मुंबई में कोविड-19 एवाई. 4.2 वैरिएंट मिला है। म्यूटेशन के बाद सामने आए कोरोना वायरस के इस वैरिएंट ने यूरोप में दहशत पैदा कर दी है क्योंकि यह डेल्टा वैरिएंट से अधिक संक्रामक है। एवाई. 4.2 वैरिएंट डेल्टा परिवार के 45 उप-वंशों में से एक है, कई लोगों में डेल्टा प्लस के रूप में चिह्नित किए जाने पर इसे 'नु' के रूप में नामित किए जाने की संभावना है। म्यूटेशन के बाद सामने आए वायरस के इस वैरिएंट के बारे में रिसर्च अभी शुरुआती दौर में है। अब तक की स्टडी से पता चलता है कि म्यूटेट से तैयार हुआ यह वैरिएंट डेल्टा की तुलना में कहीं अधिक तेजी से संक्रमित करने वाला है। सरकार पहले से ही लोगों को त्योहारी सीजन के दौरान सुरक्षा मानकों में किसी भी तरह की ढील नहीं देने की चेतावनी दे रही है। पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए दुर्गा पूजा के चलते कोविड केसों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, केंद्र और राज्य की सरकारों ने आपात स्थितियों से निबटने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली व्यवस्था को पहले और दूसरी लहर की तुलना में तीसरी लहर के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।

# लालू ने कांग्रेस का उड़ाया मजाक



● कहा, कांग्रेस के लिए उप चुनाव में सीट छोड़ी तो जब्त हो जाएगी जमानत

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी के सहयोगी दल के रूप में कांग्रेस की उपयोगिता पर रविवार को सवाल उठाते हुए उसका उपहास किया। साथ ही, उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि क्या राजद को विधानसभा उपचुनावों में एक सीट कांग्रेस लिए छोड़ देनी चाहिए, ताकि वह वहां अपनी जमानत जब्त करा ले। यह पूछे जाने पर कि क्या विधानसभा की दो सीटों पर हो रहे उपचुनाव में राजद द्वारा कांग्रेस को एक सीट नहीं दिए जाने को एक तरह से गठबंधन में टूट के तौर पर देखा जाए, इस पर लालू ने कहा, क्या होता है कांग्रेस का गठबंधन? उल्लेखनीय है कि राजद ने उपचुनावों में विधानसभा की दो सीट में एक सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया है। राजद प्रमुख ने कहा, क्या हमें एक सीट (कांग्रेस को) हारने के लिए देनी चाहिए? ताकि वह अपनी जमानत भी जब्त करा ले? उन्होंने कांग्रेस नेता भक्त चरण दास का भी उपहास किया।

## पंजाब कांग्रेस में इस तरह की अराजकता पहले कभी नहीं देखीः मनीष तिवारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पाकिस्तानी पत्रकार अरूसा आलम के साथ दोस्ती को लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं और उनके (सिंह) बीच तीखी नोकझोंक के बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने रविवार को कहा कि उन्होंने पार्टी की प्रदेश इकाई में इस तरह की अराजकता कभी नहीं देखी। तिवारी ने नेताओं द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ अप्रिय भाषा के इस्तेमाल पर अप्रसन्नता जताई। तिवारी ने सवाल किया कि क्या पार्टी को लगता है कि लोग प्रतिदिन इस तरह की चीजें होने से निराश नहीं होते हैं। पंजाब के उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा था कि यह पता लगाने के लिए जांच की जाएगी कि क्या आलम के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध हैं, जिसके बाद अमरिंदर सिंह ने रंधावा पर व्यक्तिगत आक्षेप करने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू ने शनिवार को अमरिंदर सिंह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि राज्य में एक भी अधिकारी की तैनाती अरूसा आलम को पैसे या तोहफे दिए बिना नहीं हुई।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,821 | |
| निफ्टी | 18,114 | |
| सोना | 46,678 | /10g |
| चांदी | 64,210 | /kg |

## क्विक न्यूज

### टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया

**दुबई।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन और गेंदबाजों के परिस्थितियों के अनुकूल गेंदबाजी करने मे नाकाम रहने के कारण भारत को आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 12 के ग्रुप दो मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान से 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे उसका अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछले 29 वर्षो से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया। भारत ने विश्व कप (वनडे और टी20) मे 1992 के बाद इस मैच से पहले तक सभी 12 मैचो मे जीत दर्ज की थी लेकिन पहले शाहीन शाह अफरीदी (31 रन देकर पांच) की अगुवाई में पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने उसके बल्लेबाज नही चले और बाद मे रही सही कसर कप्तान बाबर आजम (68 रन) और मोहम्मद रिजवान (78 रन ) की पहले विकेट के लिए अटूट शतकीय साझेदारी ने पूरी कर दी।

# गवाह का दावाः एनसीबी अधिकारी ने शाहरुख खान से बेटे की रिहाई के लिए मांगे 25 करोड़

● एनसीबी अधिकारी ने आरोपों से इनकार करते हुए इसे पूरी तरह से झूठ और दुर्भावनापूर्ण बताया

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** के अपतटीय इलाके में क्रूज पोत से मादक पदार्थ की जब्ती मामले में स्वतंत्र गवाह ने रविवार को दावा किया कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारी और कुछ अन्य लोगों ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान से मामले में गिरफ्तार बेटे आर्यन खान को रिहा करने के लिए 25 करोड़ रुपए की मांग की। मामले में गवाह प्रभाकर सैल ने मीडिया को बताया कि एनसीबी अधिकारियों ने उनसे नौ से 10 कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए भी



कहा। हालांकि, एनसीबी अधिकारी ने आरोपों से इनकार करते हुए इसे पूरी तरह से झूठ और दुर्भावनापूर्ण बताया है। एनसीबी के जोनल निदेशक समीर वानखेडे के नेतृत्व में इस महीने की शुरुआत में एजेंसी ने क्रूज पोत पर नशे का भंडाफोड़ किया था और उसके बाद मामले में तीन अक्टूबर को आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। इस समय आर्यन मुंबई के आर्थर रोड जेल में कैद हैं। हाल में पुणे पुलिस ने क्रूज पोत मादक पदार्थ मामले में एनसीबी के एक और गवाह के. पी. गोसावी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था जो वर्ष 2018 के धोखाधड़ी मामले में कथित तौर लोगों को विदेश में नौकरी की पेशकश करता था। सैल ने रविवार को आरोप लगया कि एनसीबी के अधिकारी, गोसावी और सैम डिसूजा नाम के एक अन्य व्यक्ति ने शाहरुख खान से उनके बेटे को छोड़ने के एवज में 25 करोड़ रुपए की मांग की थी। सैल, गोसावी के निजी अंगरक्षक के तौर पर काम करता था और छापेमारी की रात उसके साथ था। उसने दावा किया कि आर्यन खान को एनसीबी के कार्यालय लाए जाने के बाद गोसावी ने डिसूजा से मुलाकात की। सैल ने दावा किया उसने गोसावी को फोन पर डिसूजा को 25 करोड़ रुपए की मांग के बारे में बात करते हुए सुना था और मामला 18 करोड़ पर तय हुआ था क्योंकि उन्हें आठ करोड़ रुपए समीर वानखेडे को देने थे।

## एनआइओएस से डीएलएड करने वाले भी दे सकेंगे यूपी टीईटी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इस** बार यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआइओएस) से डीएलएड करने वालों को भी मौका मिलेगा। अभ्यर्थियों को यह मौका कोर्ट के आदेश पर दिया जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन किये जा सकते हैं जबकि परीक्षा 28 नवंबर को प्रस्तावित है। पूर्व में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से इसमें एनआइओएस से डीएलएड करने वालों को बाहर गया था। ऐसे में कुछ अभ्यर्थियों ने कोर्ट में अलग अलग याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान अंतरिम तौर पर कोर्ट ने शामिल करने मे आदेश उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी को दिया था। आयोग के सचिव संजय कुमार उपाध्याय के अनुसार इन याचीगणों का परीक्षाफल उच्च न्यायालय इलाहाबाद और खंडपीठ लखनऊ के अंतिम निर्णय के अधीन होगा।

# गंगा की गुणवत्ता 2014 से बेहतर हुई

● 97 में 68 स्थान स्नान करने के मानदंडों के अनुरूप

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**गंगा** नदी के जल की गुणवत्ता में 2014 से महत्वपूर्ण वृद्धि है। दरअसल, नदी के पूरे प्रवाह क्षेत्र में घुलनशील ऑक्सीजन का स्तर निर्धारित न्यूनतम स्तर से अधिक है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि जैव-रसायन ऑक्सीजन मांग (बीओडी) निगरानी वाले 53 स्थलों में 32 स्थानों पर 2014 में स्नान की प्राथमिक जल गुणवत्ता मानदंड के अनुरूप थे। वहीं, 2021 में कुल निगरानी केंद्र बढ़ कर 97 हो गए, जिनमें 68 स्थान स्नान के लिए बीओडी मानदंड का अनुपालन करने वाले पाए गए। बीओडी, जीवाणु और अन्य सूक्ष्म जीवों द्वारा उपभोग किए जाने वाले ऑक्सीजन की मात्रा का प्रतिनिधित्व करती है। इसकी मात्रा जितनी अधिक होगी, नदी की धारा में उतनी ही तेजी से ऑक्सीजन की मात्रा घटेगी, जिसका मतलब है कि जलीय जीवन के लिए कम मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध है। मिश्रा ने कहा कि गंगा नदी के जल में घुली हुई ऑक्सीजन की मात्रा बेहतर हुई है। उन्होंने कहा, इस समय, गंगा के पूरे प्रवाह क्षेत्र में जल में घुली हुई ऑक्सीजन (डीओ) की मात्रा पांच मिलीग्राम प्रति लीटर के निर्धारित न्यूनतम स्तर से कहीं अधिक है। नदी जल गुणवत्ता 2014 और 2021 के बीच बेहतर हुई प्रदशित हुई है। मिश्रा ने कहा कि जल गुणवत्ता बेहतर करने के लिए उठाए गए कदमों में प्रतिष्ठानों द्वारों प्रदूषण स्रोतों का नियंत्रण या गंगा की मुख्य धारा और सहायक नदियों के तटों पर स्थित शहरों में दूषित जल शोधन संयंत्र का उन्नयन, शवदाह गृहों का निर्माण, तलछट की सफाई, नदी तट पर व बाढ़ के मैदान में ठोस कूड़ा प्रबंधन तथा गंगा नदी में गिरने वाले नालों में कचरा गिरने से रोकना आदि शामिल है।

# नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी गांवों में घुसा

**आलापुर, अम्बेडकरनगर।** बाढ़ प्रभावित गांव माझा कम्हरिया ,अराजीदेवारा,सिद्धनाथ गांव में कल रात से नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है बाढ़ आने की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इन इलाकों में पहले ही किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी थी जो कुछ बची थी अब अचानक बाढ़ का पानी आ जाने की वजह से तैयार फसल भी बर्बाद हो रही है गांव में पशुओं के चारे का संकट पैदा हो गया है। चिकित्सा व्यवस्था न होने की वजह से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है आने जाने के लिए लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। माझा कम्हरिया सहित अन्य गांव में मुख्य रास्ते से ऊपर पानी बह रहा है।किसानों



की तैयार हो चुकी फसल तबाह हो चुकी है। ग्रामीणों ने उचित मुआवजे एवं प्रशासन द्वारा तुरंत राहत वितरण एवं पशुओं के चारे की मांग की है। जल स्तर बढ़ने की वजह से जहरीले जीव जंतुओं का भी खतरा बढ़ गया है। नौजवान भारत सभा के मित्रसेन ने मांग की है कि इन इलाकों में तुरंत राहत वितरण ,जानवरों के चारे, स्वास्थ्य सेवा हेतु मेडिकल कैंप ,नाव को दुरुस्त किया जाए जिससे लोगों को राहत मिल सके महंगाई की वजह से लोगों के खाने पीने का संकट पैदा हो गया है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पानी बढ़ने की सूचना पर नायब तहसीलदार आलापुर, क्षेत्रीय लेखपाल त्रिपुरारी नायक अरुण कुमार आदि लोग पहुँचकर मौके का जायजा लिया इस दौरान पूर्व प्रधान कमला यादव, बृजेश कुमार यादव, राजेश्वर, सन्तोष, रामभवन निषाद, रामाज्ञा वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## नेपाल के बैराजो से छोड़े गये पानी से सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने लगा

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा व नेपाल राज्य के बैराजों से छोड़े गए पानी से सरयू नदी का बढ़ा जलस्तर आज रविवार को दो बजे दिन से घटना शुरू हुआ है अभी भी नदी खतरे का लाल निशान से 47 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।बेमौसम आयी बाढ़ से मांझा क्षेत्र के किसानों का भारी नुकसान हुआ पिछले दिनों आयी बाढ़ से किसानों की बची खुची धान की फसलें बर्बाद हो गयी। नदी का जलस्तर आज दिन में दो बजे तक खतरे के निशान से 57 सेंटीमीटर ऊपर था जो दो बजे के बाद से शाम 5 बजे तक 47 सेंटीमीटर पर आकर स्थिर हो गया है। मांझा क्षेत्र में किसानों की धान की तैयार कटने वाली हजारों बीघा फसलें चौपट हो गयी।वहीं पर नदी की बाढ़ उतरने के बाद किसानों ने मांझा क्षेत्र को समतलीकरण करके खेती लायक भूमि तैयार की थी और दूसरी तरफ तरबूज खीरा ककड़ी खरबूज लौकी आदि सब्जियों हेतु खेत को ट्रेक्टर से पैसा लगाकर समतलीकरण कर खाद आदि डाला गया था जो सब बह गया।मांझा क्षेत्र के किसान पितृ विसर्जन के बाद खेती का काम नदी का पानी कम होते ही शुरू कर देते हैं।लेकिन इस बार अचानक बेमौसम आयी बाढ़ ने सब कुछ बर्बाद कर दिया।नदी का जलस्तर अभी प्रति दिन घट बढ़ रहा है। अभी पूरी तरह से यह नही कहा जा सकता कि बाढ़ की विभीषिका कब समाप्त होगी।

## एनआईओएस प्रशिक्षण डिप्लोमा धारक को सहायक अध्यापक भर्ती में नियुक्ति देने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रुखाबाद को निर्देश दिया है कि एनआईओएस से डीएलएड में डिप्लोमा धारक याची को छह हफ्ते में नियुक्ति आदेश जारी करें। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने दीपक कुमार शुक्ल की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र ने बहस की।

## हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

● स्वास्थ्य शिविर में कार्डियोलॉजी के मरीजों की हुई जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**कायस्थ पाठशाला** और मेदांता अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कायस्थ पाठशाला मुख्यालय में किया गया। जिसका उद्घाटन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजीत कुमार और के पी ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने फीता काटकर किया। सुबह नौ बजे से अपरान्ह तक लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 240 लोगों ने जांच कराई। शिविर में रेस्पिरेट्री सिस्टम एवं कार्डियोलॉजी के मरीजों की भी जांच की गई। जिसमें रेस्पिरेटरी सिस्टम के 78 एवं कार्डियोलॉजी के 162 मरीजों ने जांच कराया।



फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते न्यायमूर्ति अजीत कुमार, जितेंद्र नाथ सिंह।

डा एस के तनेजा की अगुवाई में आठ सदस्य वाली टीम ने आज शिविर में मरीजों की जांच की। जिसमें डा ईशान नंदन नीलम प्रिया अजय राज मुरारी मिश्रा अनुभव शामिल रहे। इस मौके पर कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि इस तरह के शिविर स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। जान है तो जहान है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। ऐसा मानना है कि इंसान को स्वस्थ रहना चाहिए और सदैव अपने शरीर की समय समय पर जांच भी करवाते रहना चाहिए। जिससे उसके अंदर विकसित विकारों को दूर किया जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने न्यायमूर्ति अजीत कुमार का अभिनंदन करते हुए उन्हें अंग वस्त्रम एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। साथ ही मेदान्ता की टीम को भी सम्मानित किया।

## महिलाओं के साथ पुरूषों में भी दिखा करवा चौथ का उल्लास

**अम्बेडकरनगर।** पति के दीर्घजीवी होने के लिए मनाए जाने वाले पवित्र करवाचौथ का उल्लास महिलाओं के साथ पुरुषों में भी देखने को मिला। मालूम हो महिलाएं पर्व से सम्बंधित सामग्रियों के साथ अपने साज श्रृंगार की सामानों को बाजारों में खरीदारी करती नजर आयी तो पतिदेव भी साज सज्जा के साथ कपड़े और जरूरी सामान खरीदते नजर आए। करवाचौथ को लेकर ग्रामीण इलाकों की बाजारों में कपड़े गहने की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही जिससे बाजारों में काफी चहल पहल दिखी। करवाचौथ का उल्लास सबसे अधिक उन महिलाओं में दिख रहा था जो पहली बार व्रत को निभाने के लिए लालायित है। आज देर शाम चाँद का दर्शन कर पति के हाथों व्रत का पारण करवाचौथ रहने वाली महिलाओं को करना है व्रत धारण करने वाली महिलाओं ने बताया कि व्रत में किसी भी प्रकार की कमी न रहे इसलिए अच्छे और बढ़िया पकवानों को तैयार किया जाएगा।

## फेसबुक पर हिन्दू महिलाओं के खिलाफ टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**किछौछा, अम्बेडकरनगर।** फेसबुक पर हिंदू महिलाओं पर की गयी टिप्पणी को लेकर पुलिस ने बसखारी कस्बा निवासी अदनान खान पुत्र जंग बहादुर खान के खिलाफ रामलीला अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता की तहरीर पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर रविवार को जेल भेज दिया गया।

वही हिन्दू देवी देवताओं के साथ महिलाओं पर फेसबुक पर किये गये टिप्पणी को लेकर हिन्दू युवाओं में काफी नाराजगी देखी गयी थी। जिसके कारण पुलिस प्रशासनिक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को जेल भेज दिया। जबकि आरोपी युवक अदनान खान ने अपनी सफाई में बताया कि उसकी फेसबुक आईडी किसी ने हैककर यह हरकत की है मैं निर्दोष हूं तथा मेरे ऊपर जो आरोप लग रहे हैं वह निराधार हैं। वही इस संदर्भ में बसखारी थानाध्यक्ष श्रीनिवास पाण्डेय ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया तत्पश्चात वहां से जेल भेज दिया गया।

## दीपोत्सव को लेकर विवि प्रशासन ने कसी कमर

● अयोध्या के घाटों पर चिन्हीकरण के कार्य ने गति पकड़ी ●दीपोत्सव तैयारियों के स बन्ध में कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने दिए दिशा निर्देश



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए अयोध्या के घाटों पर दीपों को बिछाने एवं रामायण कालीन प्रसंग को उकेरने के लिए चिन्हीकरण के कार्यों में तेजी लाई गई है। शनिवार देर शाम कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के राम की पैड़ी पर निरीक्षण के उपरांत चिन्हीकरण के कार्य ने गति पकड़ी। नोडल अधिकारी प्रो. शैलेन्द वर्मा के नेतृत्व में 32 घाटों पर दीए बिछाने एवं रामायण कालीन प्रसंगों को आच्छादित किए जाने के लिए शनिवार से चिन्हीकरण का कार्य किया जा रहा है जो 30 अक्टूबर तक चलता रहेगा। 01 नव बर को घाटों पर स्वयंसेवकों द्वारा अंतिम रूप दिया जायेगा। उसके पश्चात दीए बिछाने का कार्य किया जायेगा। उत्तर प्रदेश सरकार व अवध विश्वविद्यालय एवं अन्य के सहयोग से 03 नव बर को होने वाले दिव्य दीपोत्सव को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्यों में गति पकड़ ली है।

28 अक्टूबर को विवि के संत कबीर सभागार में दीपोत्सव के समन्वयकोंए स्वयंसेवकोंए एनसीसी कैडेटों व अन्य पदाधिकारियों के साथ कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। स्वयंसेवकों को 30 अक्टूबर तक दीपोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए विवि द्वारा परिचय.पत्र का वितरण कर दिया जायेगा। 01 नव बर को अयोध्या के राम की पैड़ी पर सभी स्वयंसेवकों को विवि एवं जिला प्रशासन के सहयोग से नि:शुल्क टी.शर्ट वितरित की जायेगी। नोडल अधिकारी ने बताया कि दीपोत्सव को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय स्तर से तैयारियां तेज कर दी गई है। 30 नव बर तक घाटों पर दीपोत्सव की आकर्षक छवि चित्राकंन द्वारा दिखने लगेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा की जा रही है। 9 लाख दीए बिछाने का लक्ष्य है। जिसमें 7 लाख 51 हजार दीए प्रज्ज्वलित किए जायेंगे।

### क्विक न्यूज

## सुरक्षित रहने के लिए कानून का पालन महत्वपूर्ण

**प्रयागराज।** मौजूद समय में मोटर वाहन बीमा पॉलिसी की हर साल की लागत जो न केवल आपके प्रिय वाहन को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण है। बल्कि कानून द्वारा अनिवार्य भी है। पॉलिसी बाजार डॉट कॉम के सीबीओ जीआई तरुण माथुर ने कहा वास्तव में आप हर साल नो क्लेम बोनस का प्रभावी ढंग से उपयोग करके अपनी मोटर बीमा पॉलिसी के वार्षिक प्रीमियम का आधा हिस्सा बचा सकते हैं। मौजूदा मानदंडों के अनुसार एक वर्ष के लिए क्लेम नहीं करते हैं तो आप अपने प्रीमियम पर बीस प्रतिशत का नो क्लेम बोनस पा सकते हैं। बाद के दो वर्षों में बिना किसी दावे के यह बोनस पच्चीस प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तीन साल के लिए पैंतीस फीसदी चार साल के लिए पैंतालीस फीसदी और अंत में पांच साल के लिए बिना किसी क्लेम के प्रीमियम पर पचास फीसदी की छूट मिलती है। स्वभाविक है कि आप हर साल होने वाले इस खर्चे को बचाने के तरीकों के बारे में सोचते हैं। जरूरी है कि आपको अपने मोटर वाहन की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करना चाहिए। यह संतुलित एवं सुनिश्चित करता है कि बीमा प्रीमियम आपके हाथ से बाहर न जाए आपको सही बीमा कवर मिले। संचित एनसीबी समाप्त हो जाता है और आपको अगले पॉलिसी नवीनीकरण पर पूरा प्रीमियम भुगतान करना होगा।

## गलत रिपोर्ट के चलते भूमिहीन को नहीं मिला पट्टा

**जाना बाजार।** राजस्व विभाग के लेखपाल की गलत आ या रिपोर्ट के चलते भूमिहीन पात्र व्यक्ति को कृषि आवंटन का पट्टा नहीं मिल पा रहा है। अपनी पात्रता लिए पट्टा पाने के लिए बरसों से राजस्व विभाग सहित मु यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके जमीन की मांग करता चला आ रहा है। और अपनी आर्थिक स्थिति का दंश झेलते हुए भुखमरी की कगार पर पहुंच चुका है। तहसील क्षेत्र बीकापुर की ग्राम पंचायत नारायनपुर निवासी जगदंबा प्रसाद पुत्र देवी प्रसाद प्रजापति ने अपनी स्थिति बयां करते हुए बताया कि वह कई वर्षों से ग्राम में कृषि कार्य हेतु पट्टे पर भूमि मांग रहा है। पट्टा पाने के लिए उसने अधिकारियों के चौखट बरसों से खटखटाते हुए थक हार गया है ।फिर भी अपनी वह हार नहीं मानी। उसने बताया कि ग्राम में 1976 के बाद से आज तक किसी ग्राम प्रधान व लेखपाल ने पट्टे का आवंटन नहीं किया है। जबकि गांव में कृषि आवंटन हेतु सरकारी भूमि कई बीघा खाली पड़ी है। जगदंबा के प्रार्थना पत्र पर आरोप लगाया कि राजस्व कर्मी जमीन न होने की गलत आ या रिपोर्ट लगाकर भेज देता है ।इसी के चलते उसे पट्टा आवंटन नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी से संज्ञान में लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्यवाही कराने की मांग की है। उसने यह भी बताया कि उसके पास कोई भूमि नहीं है जिसके चलते हो भुखमरी की कगार पर है।

## हिन्दुत्व की रक्षा के लिए अब होना होगा जागरूक: प्रो त्रिपाठी

**प्रयागराज।** आगामी दिसंबर महीने में चित्रकूट में होने वाले हिन्दू एकता महाकुंभ में जन भागीदारी को लेकर मेजा के लखनपुर स्थित मां विंध्यवासिनी गार्डेन में संगोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि आचार्य जय महाराज चित्रकूट रहे और अध्यक्षता शिवानंद शुक्ला ने की। गौरतलब है कि 15 दिसंबर को चित्रकूट में हिन्दू एकता महाकुंभ का आयोजन होना है। जिसमें समूचे भारत से ऋषि मुनियों का जमावड़ा होना है। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दुत्व की रक्षा के लिए अब जागरूक होना होगा। अन्यथा जिस तरह षड़यंत्र के तहत हिन्दुओं की आस्था विश्वास एवं सहनशीलता पर कुठाराघात हो रहा है। उससे हिन्दू अपने ही देश में रिफ्यूजी का जीवन जीने को विवश हो जाएंगे। हिन्दू एकता महाकुंभ समाज को एकत्रित करते हुए संगठित करेगा। प्रो त्रिपाठी ने कहा कि कोई कार्य तब तक पूर्ण नही होता है जब तक आप एकजुट नही होंगे। आचार्य जय महाराज ने कहा कि सभी हिन्दुओं को जातिगत तथा दलगत भावना से ऊपर उठकर सनातन धर्म की रक्षा एवं समाज और राष्ट्रहित के लिए एकता के साथ एकसूत्र मे बंधना होगा। तभी हम अपने अस्तित्व को बचाने में सफल होंगे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अधिवक्ता अभिषेक तिवारी ने टीका लगाकर किया।

## क्षमतावान फसलें किसानों के लिए वरदान



● खेम्सी मधुमेह के रोगियों के लिए है वरदान: डॉ रैगर

**अयोध्या।** आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि, कुमारगज, अयोध्या में चल रहे अखिल भारतीय समन्वित क्षमतावान फसल अनुसंधान नेटवर्क के तहत लगी फसलों के निरिक्षण एवं परियोजना की गतिविधियों के अवलोकन हेतु राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय याति प्राप्त वैज्ञानिक डा. एचएल रैगर परियोजना समन्वयक ने विवि के अन्य स बन्धित वैज्ञानिको डाँ ओ पी वर्मा ए परियोजना अन्वेषक, डाँ एस सी विमल विभागाध्यक्ष, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन ए डाँ शम्भू प्रसाद गुप्ता, उप निदेशक शोध, पूर्व परियोजना अन्वेषक डाँ सीबी यादव (रिटा.) ओपी सिंह के साथ . साथ विभाग के अन्य वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने परीक्षणों का बारीकी से आकलन किया। इस परिप्रेक्ष्य में डा रैगर ने माननीय कुलपति महोदय से क्षमतावान फसलों की महत्ता पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया । इस समय खरीफ में खे सी तथा तिपतिया सेम का परीक्षण लगा हुआ है। खेम्सी के हरे फलों में 12.14 प्रतिशत प्रोटीन पाया जाता है । इसमें नर और मादा पौधे अलग-अलग होते हैं। अच्छी आमदनी प्राप्त करने के लिए नर और मादा पौधों का अनुपात 18 रखना चाहिए। यह पोषक एवं औषधीय गुणों से भरपूर होने के कारण बहुत तेजी से प्रचलित होता जा रहा है। इसकी तकनीकी जानकारी के अभाव में सीमित क्षेत्रों में ही इसकी खेती की जा रही है।

## पोलियो को उखाड़ फेंकने में रोटरी का बड़ा योगदान: गुलाटी

● भारत स्काउट एन्ड गाइड के कैडेट के साथ रोटरी ने निकाली विशाल धन्यवाद साइकिल रैली

**प्रयागराज।** विश्व पोलियो दिवस पर भारत स्काउट एन्ड गाइड के कैडेट के साथ रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने रविवार को विशाल रोटरी धन्यवाद साइकिल रैली निकाली। मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष रोटेरियन सतपाल गुलाटी ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। जिसमें भारत स्काउट के कैडेट और रोटरी प्लैटिनम के सदस्यों ने खुद साइकिल चलाई। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के मंडल अध्यक्ष रोटेरियन समर राज गर्ग के नेतृत्व में साइकिल रैली आयोजित हुई। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि विश्व से पोलियो को उखाड़ फेंकने में रोटरी का बहुत बड़ा योगदान है। इसी उपलक्ष्य में धन्यवाद रैली निकाली गयी। रैली भारत स्काउट से होते आरंभ हुई और कई



साइकिल रैली में हिस्सा लेते भारत स्काउट एन्ड गाइड के कैडेट।

इलाकों से होती हुई सुभाष चौराहा सिविल लाइन्स पहुंची। जहाँ सिविल लाइन्स व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा ने लाल झंडी दिखाकर रैली का समापन किया। रोटरी प्लैटिनम क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन रितेश सिंह और अन्य रोटेरियन सदस्यों और भारत स्काउट के सैकड़ों कैडेट ने रैली में साइकिल चलाई और विशाल रोटरी धन्यवाद रैली का हिस्सा बने। प्रेस एवं मीडिया प्रभारी रोटेरियन मनीष गर्ग ने बताया कि साइकिल रैली में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को टी शर्ट प्रदान की गई। रोटेरियन प्रमोद बंसल का सहयोग रहा। विशाल साइकिल रैली में रोटेरियन पूनम गुलाटी राजीव खत्री पीयूष अग्रवाल संजय तलवार संजय सिंह डॉक्टर प्रतीक पांडेय डॉक्टर नितिन शर्मा डॉक्टर आंजनेय शुक्ला मयंक जायसवाल नितिन चोपड़ा विकल्प अग्रवाल ज्योति सिंह सिविल लाइन व्यापार मंडल के महामंत्री शिव शंकर सिंह मुनिराज पटेल आदि उपस्थित रहे। भारत स्काउट एंड गाइड के शिक्षक शशांक पांडेय और प्रीति पुरी ने रैली हेतु कैडेट्स को निर्देशित किया। धन्यवाद ज्ञापन रोटरी प्लैटिनम के सचिव शशांक जैन ने किया।

## मील का पत्थर साबित करने का होगा प्रयास

**प्रयागराज।** कतर का नवीनतम फीफा विश्व कप टूर्नामेंट आयोजन स्थल अल थुमामा स्टेडियम का फुटबाल क्लब अल रेयान और अल साद के बीच हुए आमिर कप फाइनल मुकाबले से पहले शुक्रवार तेईस अक्टूबर की रात को अनावरण किया गया। स्टेडियम के कतरी वास्तुकार इब्राहिम एम जैदाह ने डिजाइन किया। उद्घाटन फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की उपस्थिति में हुआ। 2022 विश्व कप की मेजबानी के रास्ते में एक और मील का पत्थर स्थापित किया। इन्फेंटिनो ने स्टेडियम को कलात्मक करार देते हुए कहा कि वह मध्य पूर्व में पहला फीफा विश्व कप देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। फुटबॉल की दुनिया को विस्मित करना जारी रखे हुए है और यह तब तक नहीं रुकेगा जब तक फीफा विश्व कप समाप्त नहीं हो जाता। पहला फीफा अखिल अरब फुटबॉल टूर्नामेंट यहीं आयोजित होते हुए देखने के लिए और अब से सिर्फ एक साल बाद मध्य पूर्व में पहला फीफा विश्व कप देखने का इंतजार नहीं कर सकता।

## जेईई में अनुभव को मिली एआईआर 498 रैंक

**प्रयागराज।** फिटजी सेंटर के फोर ईयर क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र अनुभव श्रीवास्तव ने एआईआर 498 रैंक पाकर गोरखपुर में शीर्ष स्थान हासिल किया है। गोरखपुर केंद्र में अब तक मेरिट लिस्ट में कुल सत्रह छात्रों का जेईई एडवांस 2021 में चयन हुआ है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम राहुल सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह से बदलकर रोहित सिंह पुत्र जागेन्द्र सिंह (Rohit Singh S/o Jagendra Singh) कर लिया है अब मैं इसी नाम से जाना जाता हूँ–रोहित सिंह पुत्र जागेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भौंरा पोस्ट बनीपारा, कानपुर देहात।

## प्रेग्नेंसी में न करें लापरवाही, जानें क्या खाएं, क्या नहीं

● डॉ डोना इंद्रानी मथुकुडा (श्रीलंका) ने दिए टिप्स!

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**डॉ सोनी** होम्योपैथी अकबरपुर, मे प्रैक्टिस कर रही डॉ डोना इंद्रानी मथुकुडा का कहना है कि प्रेग्नेंसी में महिलाओं को अपनी डाइट में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और गुड फैट जैसे सभी न्यूट्रिशन शामिल करने चाहिए. आइए जानते हैं कि प्रेग्नेंसी के समय क्या खाना चाहिए और किन चीजों से बिल्कुल परहेज करनी चाहिए। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपना खास खयाल रखने की जरूरत होती है. इस समय खानपान से लेकर सही वजन पर भी ध्यान देना चाहिए. डॉ डोना इंद्रानी का कहना है कि इस समय महिलाओं को अपनी डाइट में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और गुड फैट



जैसे सभी न्यूट्रिशन शामिल करने चाहिए. आइए जानते हैं कि प्रेग्नेंसी के समय क्या खाना चाहिए और किन चीजों से बिल्कुल परहेज करनी चाहिए।

जरूरी न्यूट्रिशन- इस समय कैल्शियम से भरपूर चीजें खानी चाहिए। इसके लिए आप डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां, टोफू फलियां, अंजीर, कम फैट वाला दूध और डेयरी प्रोडक्ट शामिल कर सकती हैं। विटामिन ठ12, आयरन, ओमेगा 3 और फोलेट के लिए फलियां, हरी सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और फिश खाएं। इसके अलावा बाजरा, रागी, ओट्स, ब्राउन राइस, दाल और घी डाइट में शामिल करें। प्रेग्नेंसी में ज्यादा फाइबर वाले फल खाने चाहिए।

आप सेब, नाशपाती, संतरा, अमरूद, जामुन, आडू और बेरीज खा सकती हैं. इससे आपका ब्लड शुगर और एनर्जी लेवल सही रहेगा. रोज सुबह नींबू पानी पीना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। इन चीजों से करें परहेज- ज्यादा कैलोरी वाली चीजें, प्रोसेस्ड या पैकेज्ड फूड, अल्कोहल, ज्यादा कैफीन, आर्टिफिशियल स्वीटनर, कच्चा अंडा और कच्ची मछली खाने से बचें। एक समय बहुत सारा खाने की बजाए थोड़ा-थोड़ा करके कई बार में खाएं। अपने मन से कोई भी दवा ना लें। इन चीजों का रखें ध्यान- इसके अलावा आप नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। हमेशा एक्टिव रहने की कोशिश करें. ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं और खाने में सलाद जरूर खाएं. प्रेग्नेंसी में ज्यादा तला-भुना खाना और जंक फूड नहीं खाना चाहिए।

## शांतिभंग के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय टाण्डा में शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गये अभियुक्तों को बिना न्यायालय में प्रस्तुत किये ही चुपके से पुलिस के कहने पर वारंट जारी कर थाने से सीधे जेल भेज कर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की जम कर अवहेलना की जारही है। जबकि माननीय उच्च न्यायालय का विस्तृत आदेश दिनांक 11 जून 2021 को इस संबंध में किरिमनल मिसलिनीएस रिट पिटीशन न0 16386 सन 2020 शिव कुमार वर्मा आदि बनाम स्टेट यू पी आदि में जस्टिस सूर्य प्रकाश केसरवानी, जस्टिस शमीम अहमद द्वारा विस्तृत आदेश धारा 151,107,116 सी आर पी सी में अभियुक्तों को जेल भेजने को अबैध हिरासत मानते हुये सम्बन्धित मजिस्ट्रेट पर विभागीय कार्यवाही व 25000 रुपये अर्थ दंड लगाते हुए विस्तृत व्याख्या की थी लेकिन यहां तो न्यायालय की गरिमा का ही प्रश्न खड़ा हो गया है। जहां न्यायालय पर अभियुक्त ही पेश नही किये जाते चुपके से चालानी रिपोर्ट लेकर पुलिस आती है और वारन्ट लेकर चली जाती है। अभियुक्त थाने के अंदर ही रहता है। टाण्डा न्यायालय में यह परंपरा बन गयी है अभियुक्त अधिवक्ता जमानत प्रपत्र लेकर न्यायालय का चक्कर लगाते हैं और उन्हें कुछ नही बताया जाता बाद में पता चलता है कि अभियुक्त जेल चला गया एक तरह से यह छल कपट किया जा रहा है।

ताजा मामला बीते शनिवार का है जहां पर बीते शुक्रवार की रात्रि में टाण्डा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरा गूजर में एक धार्मिक भंडारे में जहां पर ग्राम के रामजी उपाध्याय आदि व रामजीत यादव आदि के बीच कहासुनी में मॉर्पित हो जाती है जिसमें दोनो पक्षों को चोटे आती है पुलिस दोनो पक्षों का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद लंबी डील के बाद एक पक्ष रामजी यादव की पत्नी शोभावती की तहरीर पर मु आ स 225/2021 धारा 323,504,506,336 आई पी सी के तहत मात्र एक पक्ष का मुकदमा दर्ज कर रामजीत यादव व पप्पू यादव को थाने में बैठा लेने के बाद उनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका की धारा 151,107,116 सी आर पी सी के तहत गिरफ्तारी दिखाते हुए चालानी रिपोर्ट उपजीलमजिस्ट्रेट टाण्डा के न्यायालय में लेजाकर बिना अभियुक्तों को पेड़ किये वारन्ट प्राप्त कर थाने से ही जेल भेज देती है जबकि पप्पू यादव की तहरीर पर कोई मुकदमा नही दर्ज करती है।न्यायालय पर देर शाम तक सभियुक्त के अधिवक्ता हेलाल अशरफजमानत के कागजात व ज़मानत दारों के साथ चक्कर लगाते रहते हैं लेकिन न तो चालानी रिपोर्ट पता चलती है न ही अभियुक्त बाद में पता चलता है कि जेल भेज दिए गए।जब कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा न्यायालय को उक्त सम्बंधित मुकदमे में सुनवाई व जमानत हेतु जो दिशा निर्देश दिए गए हैं। उसके पालन को कौन कहे यहाँ तो अभियुक्त ही न्यायालय के समक्ष नही पेश होते है। जिससे न्यायालय की गरिमा का प्रश्न उठ रहा है। टाण्डा तहसील में तो मजिस्ट्रेट का कार्य ससम्बन्धित अहलमद ही देखता है। जबकि ऐसे मामलों में एस डी एम को सुनवाई कर निर्णय देना चाहिये न कि पुलिस के फोन पर कार्य करना चाहिये ।इसके पूर्व भी कोतवाली पुलिस द्वारा इसी तरह एक अभियुक्त राहुल अग्रवाल को भी जेल भेजा गया था जिसमे राहुल के अधिवक्ता जगदीश प्रसाद गुप्ता ने न्यायालय के बाहर लगे सी सी टी वी कैमरे की फुटेज जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी थी जिसे उपलब्ध नही कराया गया इसके पूर्व अलीगंज व बसखारी थानों से भी बिना अभियुक्त के न्यायालय में प्रस्तुत हुए चुपके से वारन्ट जारी कर दिया गया था। इस सम्बंध में अभियक्त रामजीत यादव आदि के अधिवक्ता हेलाल अशरफ का आरोप है कि जिस तरह कानून व हाईकोर्ट के आदेश का उलंघन टाण्डा एस डी एम न्यायालय पर हो रहा है उसकी मिशाल कहीं नही मिलती। इस तरह के कार्य से न्यायालय की गरिमा भी तार तार हो रही वह सोमवार को इस मसमले को अधिवक्ता संघ के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। कई बार इस तरह किये गए कार्य से अधिवक्ताओं में आक्रोश देखा जा रहा है। जबकि एस डी एम के फ़ैज दारी अहलमद धीरज श्रीवास्तव ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति नोटिस बोर्ड और चस्पा की थी। उसके बाद भी जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं ।

# सौगातों से निहाल होगी काशी

● पीएम के आगमन को देखते हुए रिंगरोड व हाईवे को भी दुल्हन की तरह सजाया गया

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी सोमवार को मेंहदीगंज में रिंगरोड़ समेत 52 सौ करोड़ रुपए से अधिक लागत की योजनाओं का लोकार्पण करने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारी पूरी हो गई हैं।
रिंगरोड के किनारे जनसभा हेतु भव्य पंडाल बना हैं। रिंगरोड़ व हाईवे को भी दुल्हन की तरह सजाया गया हैं। प्रधानमंत्री हेलीकाप्टर से जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे। जनसभा स्थल के बगल में ही सांसद आदर्श योजना के तहत द्रितीय चरण में गोद लिया गया पीएम का आदर्श गांव नागेपुर स्थित हैं। प्लीट का हुआ रिहर्सल- प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल पर रविवार को प्लीट का रिहर्सल किया गया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स लगी रही।
सभास्थल के आस-पास का पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया हैं। एसपीजी ने संभाली व्यवस्था- प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल को एसपीजी अपने कब्जे में लेकर सुरक्षा की पूरी व्यवस्था संभाल ली हैं। रिंगरोड़ व हाईवे को सजाया गया- मेंहदीगंज के निकट रखौना स्थित हाईवे की सिक्सलेन पर मिल रही रिंगरोड की त्रिमुहानी को आकर्षक साज-सज्जा संग सजाया गया हैं। हरियाली के साथ आकर्षक कलाकृतियां व विद्युत लाइटें लगी हैं। आजादी के 75 वां वर्ष का भी चित्र बनाया गया हैं। हेलीकाप्टर के लिए बना तीन हेलीपैड-जनसभा स्थल पर पीएम का हेलीकाप्टर उतरने हेतु 30 मीटर सर्किल के तीन हेलीपैड बनाएं गए हैं। ब्रीफिंग में पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के साथ व्यवहार कुशलता का पढ़ाया गया पाठ- एडीजी, आईजी, एसपी (ग्रामीण) समेत सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों ने जनसभास्थल पर पुलिसकर्मियों संग ब्रीफिंग किया। सुरक्षा के साथ ही पुलिसकर्मियों को सभा में आने वालों संग कुशलता का व्यवहार करने का पाठ पढ़ाया गया।काला कपड़ा समेत पानी के बोतल को पंडाल के अंदर लेकर आने पर पाबंदी हैं।





**रिंगरोड़ बनने से जाम का झाम होगा समाप्त, यह हैं सुविधाएं-** रिंगरोड़ बनने से हाईवे पर राजातालाब, मोहनसराय में लगने वाले ट्रकों के जाम के झाम से मुक्ति मिलेगी। रखौना से हरहुआ तक बने 16 किमी रिंगरोड़ पर 16 ओवरब्रिज-अंडरपास, 18 बस स्टैंड, एक ट्रक रेस्ट एरिया, एक लूप के बनने के साथ ही जन सुविधा हेतु 16 किमी सर्विस रोड भी बना हैं।

## पीएम की जनसभा में एक लाख लगीं कुर्सियां

मेंहदीगंज में रिंगरोड़ किनारे प्रधानमंत्री की जनसभा हेतु 40 बीघा खेत में 550 फीट चौड़ा व 850 फीट लंबा बने वाटर व फायर फरूफजर्मन हैंगर पंडाल को 53 सेक्टर (ब्लाक) में बांटकर एक लाख कुर्सियां लगाई गई हैं। प्रधानमंत्री हेतु पंडाल के उत्तर दिशा में 72 फीट लंबा 32 फीट चौड़ा तथा आठ फीट ऊंचा मंच बना हैं। रिंगरोड़ के निकट ही हाईवे की एनएच 19 का वाराणसी-प्रयागराज मार्ग का सिक्सलेन स्थित हैं। सिक्सलेन में ही मिलकर रिंगरोड समाप्त हो रहा हैं। **ट्रैफिक कंट्रोल रूम बना-** रखौना हाइवे किनारे पुलिस विभाग द्वारा ट्रैफिक कंट्रोल रूम बनाया गया हैं। कंट्रोल रूम में ड्यूटी के बाबत पुलिसकर्मी पहुंच ड्यूटी प्वाईंट की जानकारी लेते रहे। **पंडाल में लगा तीन सौ हार्न-** प्रधानमंत्री की जनसभा हेतु बने भव्य पंडाल में केसरिया व सफेद रंग के कपड़े लगाए गए हैं। पीएम के कट आफभी लगे हैं। पीएम की आवाज को पंडाल में बैठी जनता तक पहुंचने हेतु पंडाल में तीन सौ हार्न समेत बड़े-बड़े साउंड लगाएं गए हैं। हवा के लिए पंखा भी लगा हैं। बिजली पावर हेतु बड़े-बड़े जनरेटर इंजन लगे हैं। फायर बिग्रेड की गाड़ी समेत नगर निगम का सचल शौचालय गाड़ी व पानी हेतु जलकल विभाग का टैंक भी पहुंचा हैं। मंच पर लगी हैं 32गुणा12 की एलईडी स्क्रीन, **गणेश जी की दिख रही फोटो-** प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल पर बने मंच पर 32म12 फीट साइज की एलईडी स्क्रीन लगी हैं।इसके साथ ही पंडाल में भी पीएम को नजदीक से देखने हेतु 12म8 फीट के 20 एलईडी स्क्रीन लगाएं गए हैं, जिससे दूर बैठे लोग भी आसानी से पीएम को देख सके।स्क्रीन पर गणेश भगवान की फोटो दिख रही हैं।सुरक्षा के बाबत पंडाल में सीसी कैमरे भी लगाएं गए हैं।मंच पर आठ एसी भी लगाया गया हैं। जनसभा स्थल के पास लगे बड़े-बड़े होल्डिंग- प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल के पास लोकार्पित होने वाली योजनाओं के बाबत बड़े-बड़े होल्डिंग लगाएं गए हैं। भाजपा नेता भी अपना-अपना बैनर लगाएं हैं। प्रधानमंत्री ने 30 नवंबर को किया था हाईवे की सिक्सलेन का लोकार्पण- मेंहदीगंज गांव से दो किमी दूर पश्चिम की ओर वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर स्थित खजुरी गांव में पिछले वर्ष 30 नवंबर को प्रधानमंत्री का आगमन हुआ था। प्रधानमंत्री द्वारा जनसभा को सम्बोधित करने के साथ ही वाराणसी-प्रयागराज के बीच 2447 करोड़ की लागत से बनी 73 किमी लंबी बनी सिक्सलेन सड़क का लोकार्पण किया गया था।

## क्विक न्यूज

### आरपार का संघर्ष करेगा व्यापार मंडल



**मऊ।** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की बैठक रविवार को रौजा बाजार स्थित कैम्प कार्यालय पर हुआ। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर आरपार का संघर्ष लड़ने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि शहर के विभिन्न व्यापारिक समस्याओं को लेकर व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल को सौंपेंगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि सईदी रोड के चौड़ीकरण का कार्य टेण्डर होने के बाद भी ठप पड़ा हुआ है। बार-बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी बिजली विभाग द्वारा बिजली के पोल को नहीं हटाया जा रहा है। इसके कारण सईदी रोड के चैड़ीकरण का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा है। जिला महामंत्री गोपालकृष्ण बरनवाल ने कहा कि नगर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण आम नागरिकों, ग्राहकों एवं व्यापारियों को काफी परेशानी होती है।

### काशी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती के दौरान भारत टी-20 को विजयी भव : का आर्शीवाद दिया

**वाराणसी।** काशी में दशाश्वमेध घाट स्थित गंगा सेवा निधि द्वारा होने वाली विश्व प्रसिद्ध मां गंगा की नैत्यिक महाआरती शनिवार की शाम टीम इंडिया के नाम रही। मां गंगा से काशी वासी व गंगा सेवा निधि ने मां गंगा के तट पर दीपों से विजयी भव: लिख कर काशी से टीम इंडिया को शुभकामनाएं दीं। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने टीम इंडिया व कल होने वाली इंडिया पाकिस्तान मैच के लिए भी टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संस्था के सचिव हनुमान यादव, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।टीम इंडिया के पाकिस्तान से टी20 के पहले मुकाबले में जीत के लिए गंगा आरती में दीपमालाओं के साथ प्रार्थना की गई तो वहां मौजूद लोग भी आस्था के सागर के साथ क्रिकेट के बुखार में डूब गए। टी 20 वर्ल्ड कप में भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से होने वाला है। जिसके पहले दुवाओं और प्रार्थना का दौर शुरू हो चुका है।वाराणसी के विश्व प्रसिद्ध दशाश्वमेध गंगा घाट किनारे होने वाली दैनिक संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं और भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों ने गंगा आरती के दौरान दीपमालाओं से विजयी भव: सजाकर और टीम इंडिया के खिलाड़ियों की तस्वीरों को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए प्रार्थना और उत्साहवर्धन किया।

### सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन पर जोर

**मीरजापुर।** समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपने सैनिकों की तैनाती बूथ पर करने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष विजय यादव फौजी की अध्यक्षता में सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय यादव फौजी ने पदाधिकारियों से कहा कि विधानसभा का चुनाव 2022 में होगा आप लोग चुनाव को देखते हुए सैनिको की तैनाती बूथ पर करने का काम करेंगे। उन्होने कहा कि प्रदेश में अत्याचार व छिनैती की घटनाएं बढ़ी है। व्यापारी सुरक्षित नहीं रह गया है। प्रदेश सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने की काम की जिम्मेदारी आपकी है। जनता भाजपा सरकार को हटाने का मन बना लिया है। 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। बैठक में राजेशए रंजीतए हीरालाल यादवए दिनेश पटेलए शिवधन पटेलए दिनेश यादवए बृजेश कुमारए अवधेश मौर्याए बच्चन यादवए महेश यादव आदि मौजूद रहे।

### जीना इसी का नाम है का विमोचन ऑनलाइन सम्पन्न

**मिर्ज़ापुर।** अनिल अंकित द्वारा लिखी गई पुस्तक जीना इसी का नाम है का विमोचन ऑनलाइन मिर्जापुर से किया गया। आजादी के 75वें वर्षगांठ को ध्यान में रखते हुए इस पुस्तक में अनिल अंकित ने 75 कविताएं शामिल की हैं। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एटीसी लॉजिस्टिक्स नई दिल्ली के सीईओ विकास शेखर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिर्जापुर के वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर के मशहूर व्यंगकार श्री गिरीश पंकज और लोकबंधु राजनारायण स्मरण पीठ के निदेशक गोपाल जी राय दिल्ली से ऑनलाइन उपस्थित रहे। पुस्तक के रचयिता अनिल अंकित की उपस्थिति में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि तथा अध्यक्ष ने ष्जीना इसी का नाम हैष् पुस्तक का ऑनलाइन विमोचन किया।

### भासपा व सपा का संयुक्त महासभा से लाभः संतोष




**मऊ।** भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉण् संतोष कुमार पाण्डेय ने जिले के नौ ब्लाकों का दौरा करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि गरीबों के उत्पीड़न के खिलाफ आरपार का संघर्ष किया जाएगा। साथ ही साथ यह भी दावा किया कि 27 अक्टूबर को हलधरपुर में आयोजित भासपा और सपा की संयुक्त महासभा मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. संतोष पाण्डेय ने दावा किया कि भासपा व सपा की संयुक्त महासभा का प्रभाव पूर्वांचल समेत पूरे उत्तर प्रदेश में दिखाई देगा। 27 अक्टूबर को हलधरपुर में आयोजित अति दलित अति पिछड़ा महापंचायत होगा। डॉण् पाण्डेय ने जिले के नौ ब्लाकों का गहनता के साथ दौरा करते हुए गहन सम्पर्क किया। पाण्डेय ने कहा कि भाजपा के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए समाजवादी पार्टी और भासपा यहां महापंचायत आयोजित करने जा रहा है। कहा कि महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, सरकारी संस्थानों के निजीकरण समेत विभिन्न से जनता जूझ रही है। पाण्डेय ने दावा किया कि उनकी पार्टी सत्ता में आएगी तो घरेलू बिजली कनेक्शन का बिल माफ किया जाएगा। साथ ही साथ 5 वर्ष तक कनेक्शन व बिजली बिल माफ किया जाएगा।

### यूथ बिग्रेड की बैठक में दिया गया निर्देश

**मीरजापुर।** मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड हर बूथ पर यूथ अभियान के तहत अपने पदाधिकारियों को बूथ रक्षक बनाकर दिशा निर्देश जारी किया है। बकायदे पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष अतीक खां की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह बाते कही गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अतीक खां ने कहा कि यूथ बिग्रेड का संगठन बूथ स्तर तक खड़ी करके गॉव.गॉव के मजरों व शहर के मुहल्ले में समाजवादी पार्टी के उपलब्धियों को बताने का कार्यपार्टी के पदाधिकरी करेंगे। उन्होने कहा कि हर बूथ पर यूथ अभियान के तहत पदाधिकारियो को बूथ रक्षक बनाया गया है। उन्होने लगे हाथ भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है।

### पी के सिन्हा को मिला सर्वश्रेष्ठ सीईओ पुरस्कार



**सोनभद्र।** कोल इंडिया की दो अग्रणी अनुषंगी कंपनियों नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक प्रभात कुमार सिन्हा को जियोमाइनटेक भुवनेश्वर द्वारा उत्कृष्ट कॉर्पोरेट प्रबंधन एवं नवाचार के लिए सर्वश्रेष्ठ सीईओ पुरस्कार 2020-21 से सम्मानित किया गया। श्री सिन्हा का खनन के क्षेत्र में लगभग 38 वर्षों का अनुभव है। वह एक कुशल खनन इंजीनियर होने के साथ ही उत्कृष्ट प्रबंधकीय कौशल भी रखते हैं। श्री सिन्हा के निर्देशन में एनसीएल व एमसीएल ने उत्पादन प्रेषण उत्पादकता तथा अन्य सभी महत्वपूर्ण मानकों में अभूतपूर्व ऊंचाई प्राप्त की है। दिसंबर 2017 से एनसीएल के सीएमडी हैं एवं एनसीएल लगातार तब से अपने उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त कर रही है। श्री सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ सीईओ पुरस्कार 2020-21 भुवनेश्वर में आयोजित जियोमाइनटेक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान संगोष्ठी के दौरान आईआईटी आईएसएम धनबाद के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डी.डी. मिश्रा ने दिया।

### गड्ढामुक्त सड़क अभियान के सपने पर पानी फेर रहे अधिकारी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गड्ढा मुक्त सड़कों के सपने को उनके अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पलीता लगा दिया है। सड़कों का आलम यह है कि सड़कों के लिए जो बजट तय होता है उसकी बंदरबांट ऊपर से नीचे तक हो जाती है। उसकी दुश्वारियां जनता को झेलती पड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र के आराजीलाइन रोहनिया विधानसभा के अंतर्गत आता है। सेक्टर नम्बर एक से ग्राम सभा भोजूबीर से ग्राम सभा मानापुर तक जिसकी लम्बाई कुल 600 मीटर है। यह रोड जिला पंचायत से बनी है, पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट गड्ढा मुक्त सड़क के तहत अभी हाल ही में बनारस से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए जो टेंडर जारी हुआ, उसमे इस सड़क का उल्लेख ही नही हुआ है। आखिर ऐसा क्यों हुआ। जबकि इस सड़क कि हालत बेहद खस्ता है।

### सूचना व जन सम्पर्क विभाग की प्रदर्शनी आज से

**सोनभद्र।** प्रदेश सरकार के सफलता पूर्वक साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं कार्यक्रमों उपलब्धियों आदि से सम्बन्धित प्रदर्शनी जिसमें सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास एवं इरादे नेक काम अनेक शीर्षक के अन्तर्गत मुफ्त वैक्सिनेशन मुफ्त ईलाज युवाओं को नौकरी से सम्बन्धित प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन दिनांक 25 अक्टूबर 2021 दिन सोमवार को समय मध्यान्ह 12.00 बजे किया जायेगा। यह प्रदर्शनी 25 से 27 अक्टूबर 2021 तक लगायी जायेगी।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की जनसभा 30 अक्टूबर को

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष मोर्चा के अध्यक्ष भाजपा के ब्लॉक प्रमुखों की बैठक जिलाध्यक्ष अजीत चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बूथ सत्यापन सदस्यता अभियान मतदाता पुनरीक्षण आगामी अन्य कार्यक्रमों व प्रदेश अध्यक्ष के 30 अक्टूबर को जनपद सोनभद्र आगमन पर तैयारी की समीक्षा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि 30 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष का आगमन एकता दिवस की पूर्व संध्या पर हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष दो कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। एकता दिवस की पूर्व संध्या पर हाइडिल मैदान मे एक सभा को संबोधित करेंगे एवं शक्ति केन्द्र संयोजक व शक्ति केन्द्र प्रभारी मण्डल अध्यक्ष व मण्डल प्रभारी की कार्यशाला सब्जी मण्डी में दोपहर दो बजे से होनी है। सभी कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के स्वागत व कार्यक्रम को सफल बनाने मे लगे।

## संविधान की अवहेलना कर लोगो का हो रहा उत्पीड़न : भाकपा माले


**सकलडीहा,चंदौली।** तहसील प्रशासन और तहसील कर्मियों की तानाशाही के खिलाफ भाकपा माले और इंकलाबी नौजवान सभा का शनिवार को 34वें दिन धरना प्रदर्शन अनिश्चित कालीन जारी है। इस दौरान वक्ताओं ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की तानाशाही सहित अधिकारियों की मनमानी पर जमकर भड़ास निकाला। चेताया कि मांगे पूरा होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले नेता तेजू राजभर ने कहा कि लोगों के बढ़ते आक्रोश से प्रदेश सरकार को जमीनी हकीकत की जानकारी होगयी है।

## सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ और कालभैरव का दर्शन पूजन कर विधानसभा चुनाव 2022 का लिया आर्शीवाद

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देर रात काशी विश्वनाथ मंदिर एवं काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में पहुँचकर दर्शन-पूजन किया एवं बाबा की आरती उतारी एवं विधानसभा चुनाव 2022 की जीत का आर्शीवाद लिया। मुख्यमंत्री ने अपने विधानसभा के साढ़े चार साल के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आर्शीवाद से काशी की इस सांस्कृतिक नगरी में विकास की गंगा बहा दी है। जिससे काशी की पहचान विश्व पटल पर जा पहुँची है। बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर एवं बनारस शहर की अरबों की परियोजनाओं का विकास कर काशी पहचान बढ़ायी है। इसलिए पीएम नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार प्रकट करते हैं।





## गड्ढों में तब्दील सड़क के अनुरक्षण की ग्रामीणों ने की मांग

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा बीजपुर के पुनर्वास प्रथम के बीजपुर बैढन मार्ग व मुख्य बाजार परिक्षेत्र स्थित बीजपुर रेनुकूट मार्ग जगह जगह गड्ढों में तब्दील हो जाने के कारण इन मार्गो पर यात्रा करने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चाहे राहगीर पैदल दोपहियां वाहन अथवा चार पहियां वाहन से यात्रा कर रहे होते हैं उन्हें हर दशा में गड्ढों में तब्दील सड़क के मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। पुनर्वास प्रथम परिक्षेत्र स्थित बीजपुर बैढ़न बाई पास मार्ग पर यदि गौर किया जाय तो एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के तत्वावधान में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के काफी मशक्कत के बाद सड़क तो अवश्य बन गया है लेकिन जगह जगह सड़क पुन: उसी रूप में छूट जाने के कारण वहां पहले से भी ज्यादा उबड़ खाबड़ सड़क हो गया है। इस बावत जब सड़क बनाने वाले ठीकेदार से बातें की गई तो उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर सड़क बनाने का कार्य नहीं किया गया है वहाँ वन विभाग द्वारा जंगल की जमीन बताकर कार्य को रोकवा दिया गया है। मामला जो भी हो लेकिन सड़क के किनारे बसे बस्ती के लोग जहां अभी भी सड़क से उड़ने वाली धूल को फाकने को मजबूर हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफराहगीरों को काफी मुसीबतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

## पुलिस कमिश्नर का निर्देश, शहर की सीमाओं पर हो कड़ी चेकिंग

● थानाध्यक्ष शाम में 2-2 घंटे करेंगे ट्रैफिक रेगुलेट

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**प्रधानमंत्री के** प्रस्तावित कार्यक्रम और आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस कमिश्नर वाराणसी ए सतीश गणेश ने सभी अधीनस्थों संग वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर तैयारियों की समीक्षा की। पुलिस कमिश्नर ने असमाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि 25 अक्टूबर को वीवीआईपी के आगमन के दृष्टिगत कमिश्नरेट वाराणसी के सभी थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी सुबह 6 बजे से अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील होकर रोडसाईड अवैध पार्किंग के लिए प्रभावी कार्रवाई करते हुए यातायात का सुगम संचालन सुनिश्चित करायेंगे। बैठक में उपस्थित सभी थाना अध्यक्षों से वार्ता की गयी और उनके द्वारा वीवीआईपी आगमन व आगामी त्यौहारों के संबंध में किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली गयी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। इसके अलावा कमिश्नरेट वाराणसी की सीमाओं पर प्रभावी चेकिंग के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके अलावा प्रतिदिन सभी थाना प्रभारी / थानाध्यक्ष सुबह एवं शाम 2-2 घण्टे क्षेत्र में रहकर ट्रैफिक को रेगुलेट करना सुनिश्चित करेगें। एम्बुलेंस को प्राथमिकता प्रदान की जाय। यदि कहीं कोई एम्बुलेंस जाम में फसी है तो ग्रीन कारीडोर बनाकर उसे निकलवाने के लिए निर्देशित किया गया।सीपी ने सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग किये जाने के लिए भी निर्देशित किया।

## पहाड़ी से चूना मिट्टी निकालने गए दो आदिवासियों की दबकर मौत

संवाददाता। घोरावल/सोनभद्र

**स्थानीय कोतवाली** क्षेत्र के शिल्पी गांव में दीपावली के पूर्व घर की पुताई के लिए पहाड़ी चुना मिट्टी निकालने गए दो आदिवासियों की मिट्टी में दबकर मौत हो गई। घटना के बाद कड़ी मसक्कत के बाद दोनों के शव को किसी तरह ग्रामीणों ने निकालकर बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गुरुवल निवासी राजकुमार कोल उम्र 36 वर्ष पुत्र लालजी कोल व सूरज उम्र 19 वर्ष पुत्र राजाराम कोल शिल्पी रविवार को चुनाहिया पहाड़ी से सफेद मिट्टी निकालने गए थे। जहां अचानक पहाड़ी के मिट्टी के टीले के बैठ जाने से उसमें दोनों दब गए। इस घटना में मौके से दोनों की मौत हो गई। बताया गया कि रविवार को राजकुमार और सूरज सुबह 6 बजे अपने साथियों के साथ गुरुवल से करीब 6 किमी दूर शिल्पी गांव स्थित चुनाहिया पहाड़ी से सफेद मिट्टी निकालने के लिए गए थे। जिसमें जितेंद्र गंगाराम विजय और दिलीप उनके साथ गए थे। करीब आठ बजे तक सभी पहाड़ी से सफेद मिट्टी घर की पुताई के लिए की खुदाई कर रहे थे। खुदाई करके जितेंद्र गंगाराम विजय और दिलीप बाहर आ चुके थे। लेकिन पहाड़ी के टीले के अंदर अभी राजकुमार और सूरज थे। हादसा उसी समय हो गया। अचानक पथरीली मिट्टी के ऊपर से बैठने से दोनों मिट्टी के अंदर दब गए। अब बाकी साथियों को समझ में नही आया कि क्या किया जाय। हालांकि घटना की जानकारी गांव में आग की तरह फैल गई। मौके से ग्रामीण दबे लोगों को निकालने में जुट गए। गुरुवल के ग्राम प्रधान सतीश ने बताया कि कड़ी मसक्कत के बाद ग्रामीणों की सहायता से करीब 9 एक को बजे और दूसरे को 11 बजे निकलने में सफलता मिली।

## जिला स्तरीय श्रम बन्धु की बैठक में जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकारए असंगठित क्षेत्र के श्रमिको को अधिक से अधिक पात्र श्रमिको को लाभान्वित कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय श्रम बन्धु समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि श्रम विभाग के द्वारा मात्र श्रमिको को पंजीकृत कराकर इतिश्री न समझा जाये बल्कि असंगठित क्षेत्र पंजीकृत श्रमिको को योजनाओ को अधिक से अधिक लाभ भी दियाला जाये। उन्होने कहा कि श्रम विभाग द्वसा संचालित सभी योजनाओ का लाभ पंजीकृत निर्माण श्रमिको के लिये ही है। अतएव अधिक से अधिक श्रमिको को लाभान्वित किया जाये। कहा कि जिस विभाग द्वारा श्रमिको का पंजीकरण लक्ष्य के सापेक्ष कम है उनसे समन्वय स्थापित कर पंजीकरण सुनिश्चित कराया जायें।

## 28 अक्टूबर से सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों में लगेगा दीपावली मेला

● सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा पटरी, फुटपाथ वेंडरों की दुकानों के साथ विभाग के भी लगाये जायेंगे स्टाल

संवाददाता। मीरजापुर

नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में दीपावली के पूर्व आगामी 28 अक्टूबर से जनपद के समस्त नगर पालिकाओध् नगर पंचायत में भव्य दीपावली मेला का शुभारम्भ किया जायेगा। मेले का समापन आगामी 3,04 अक्टूबर को होगा। जिसकी तैयारियो के लिये जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर मेला के तैयारियो के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि त्यौहारो के अवसर पर दीपावली त्यौहार को उल्लासपूर्वक मनाये जाने के परिपेक्ष्य में एवं नगर के पंजीकृत पटरी,फुटपाथ वेंडरो, रेहड़ी दुकानदारों विक्रेताओ को सामाग्री विक्रय कर अपनी आय अतिरिक्त रूप से बढ़ाने एवं प्लेटफार्म स्थानीय स्तर पर नियोजित रूप से आकर्षक मेला आयोंजित कर उनके आमदनी को बढ़ाने के उद्देश्य एवं दीपावली खरीददारी करने वालो को एक ही स्थान पर सभी समानो को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दीपावली मेला कराने का आयोजन निर्णय लिया गया हैं। उन्होने कहा कि त्यौहारो में विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधिया क्रियान्वित होती है अतएवं इन्हें सुरक्षित व व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाना आवश्यक हैं।

## डीएम व एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

संवाददाता। मीरजापुर

**शासन के** निर्देशानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना मड़िहान एवं देहात कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह संयुक्त रूप से पहुँचकर आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनी गई तथा निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना दिवस मड़िहान में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के पहुँचने के बाद लगभग 10:40 मिनट तक भारी संख्या में लेखपालो के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये अनुपस्थित 30 लेखपालों का एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही 3 दिवस में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। पिछले थाना दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रो के निस्तारण के बारे में जानकारी करने पर डीएम द्वारा बैजनाथ पुत्र केवला प्रसाद के मोबाइल नम्बर पर उनके जमीन विवाद के निस्तारण के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि अभी तक उनके यहॉ मौके पर कोई राजस्व व पुलिस कर्मी नही गया जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया।

## प्रियंका के तूफान में उड़ेगी भजपा : प्रमोद तिवारी

संवाददाता। चन्दौली



**कांग्रेस नेता** प्रमोद तिवारी अपने एक दिवसीय दौरे पर चन्दौली पहुँचे जहाँ कार्यकर्ताओं को ने उनका जोरदार स्वागत किया । इस दौरान प्रमोद तिवारी योगी सरकार के साथ सपा के गठबंधन पर भी हमलावर दिखेंण् कहा कि जब जनता मन बना लेती है तो न सरकार काम आती है और न ही गठबंधन ।
यूपी में चुनावी बिगुल बज चुकी है सभी पार्टियाँ तैयारियों में जुट गई हैं । वहीं रविवार को कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी चन्दौली एक दिवसीय दौरे पर थें जहां उन्होंने बयान देते हुए कहा कि देश के सविधान को बचाने की लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है । उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता की लड़ाई की तरह ही यह दूसरी लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है जिसके लिए जनता लगातार कांग्रेस के साथ जुड़ रही है । अब भाजपा का जाना तय हो गया है उन्होंने प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी और प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि न कभी गांधी परिवार झुका है न ही कभी रुका है। प्रियंका को तीन दिनों तक बंद रखा गया था । लेकिन न गांधी परिवार झुका और न ही रुका । इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि लखीमपुर में गिरफ्तारी प्रियंका के विरोध के बाद की गई । प्रियंका के सामने योगी सरकार को झुकना पड़ा। वहीं सपा और ओमप्रकाश के गठबंधन के सवाल पर कहा कि जब जनता मन बना लेती है तो न सरकार काम आती है न गठबंधन काम आता हैण् बढ़ती मंहगाई से जनता एकदम त्रस्त हैण् उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सविधान और संस्थान दोनो ही बेचे जा रहे है जिसे रोकने के लिए हमारा गठबंधन अब जनता से सीधे होने जा रहा हैण् और अब महंगाई के बाद कांग्रेस की प्रियंका का तुफान रुकने वाला नहीं हैं ।

## युवक और किशोरी के नरकंकाल मामले का खुलासा

# किशोरी के पिता और परिजनों ने की थी दोनों की हत्या

● दोनों के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग को लेकर किशोरी के परिजन बने हत्यारे

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**कोतवाली** पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम बल्लापुर के मजरा भिखरियापुर में बीते मंगलवार को धान के खेत से बरामद युवक और किशोरी के कंकाल की सनसनीखेज घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने पड़ोसी ग्राम सिरधरपुर से मृतका के पिता और चाचा को दबोच लिया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने किशोरी और युवक की गला दबाकर हत्या कर देने और दोनों के शव धान के खेत में फेंककर तेजाब से जलाकर सुबूत नष्ट कर देने का जुर्म कुबूल किया है।



पुलिस ने गिरफ्तार मृतका के पिता और चाचा के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर अदालत भेजा है।

घटनाक्रम के अनुसार ग्राम भिखरियापुर में बीते मंगलवार को प्रातः एक पालतू कुत्ता अपने मुंह में हाथ के पंजे का कंकाल दबाकर बीते तीन दिनों से लापता युवक के दरवाजे जा पहुंचा था। बाद में युवक के परिजन कुत्ते के पीछे पीछे राम सिंह के धान के खेत में पहुंचे। जहां फसल के बीच में एक युवक और एक किशोरी का कंकाल पड़ा मिला था। दोनों नर कंकालों की पहचान गांव के ही युवक बालकिशन पुत्र राम सिंह तथा सरला पुत्री राम कुमार के रूप में हुई थी।

खास बात यह है कि बीते 14 अक्टूबर को जहां रामकुमार ने गांव के ही बालकिशन पर अपनी पुत्री सरला को बहला.फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। वही राम सिंह ने मृतका सरला के पिता रामकुमार पर उसके पुत्र बालकिशन की पिटाई कर उसे गायब कर देने का आरोप लगाया था।

दो.दो नर कंकाल पड़े होने की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस के साथ उप पुलिस अधीक्षक आशुतोष कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय मौके पर पहुंचे थे और कोतवाली पुलिस को घटना का जल्द खुलासा करने का सख्त निर्देश दिया था। बाद में अपने पुत्र बाल किशन के अस्थि पंजर का पोस्टमार्टम कराने और अंतिम संस्कार करने के बाद पिता राम सिंह कोतवाली आया और उसने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी। तहरीर में राम सिंह ने गांव के ही रामकुमार और उसके भाई जयपाल तथा भतीजे गोविंदए राम सागर व लालचंद पुत्र गण खेमकरन पर उसके पुत्र बाल किशन तथा अपनी पुत्री सरला की हत्या कर उसी के खेत में फेंक देने एवं तेजाब डालकर शव जला देने का आरोप लगाया था। राम सिंह ने यह भी कहा था कि हत्या में शामिल सभी लोग अपने घरों से पलायन कर गए हैं। पुलिस ने रामसिंह से घटना के बाबत अलग से भी सघन पूछताछ की थी। सीओ आशुतोष कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल घटनास्थल पर भी पहुंचा था और बारीकी से छानबीन की थी।

आज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने पड़ोस के ही ग्राम सिरधरपुर के निकट किशोरी के पिता रामकुमार और चाचा जयपाल पुत्र चेतराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने जुर्म कुबूल करते हुए बताया कि उन्होंने परिवार के कई अन्य सदस्यों के साथ बाल किशन और उसकी स्वयं की पुत्री सरला को पकड़ लिया और गला घोट कर दोनों की हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद उन्होंने दोनों के शव धान के खेत में फेंक दिए और सुबूत नष्ट करने की मंशा से दोनों शवों पर तेजाब और कीटनाशक डाल दिया। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि इतनी बड़ी जघन्य घटना में कई लोग शामिल हैं। गिरफ्तार दोनों लोगों से पूरी जानकारी मिल गई है। घटना में शामिल सभी अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## जालसाज ने पूर्व थानाध्यक्ष बनकर की ठगी

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के व्लाक अध्यक्ष के फोन से पैसे निकाल कर कथित जालसाज नें पूर्व थानाध्यक्ष बन हजारों का चूना लगा दिया। मामले के सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर दी गयी । पुलिस जाँच पड़ताल कर रही है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के मंझना निवासी आलोक गंगवार नें बताया कि वह सपा के व्लाक अध्यक्ष है। 23 अक्टूबर की शाम उनके फोन पर जबलपुर पाल सिंह दारोगा के नाम से फोन आया। उसने बताया कि वह पूर्व थानाध्यक्ष बोल रहा है। कहा कि 30 हजार रूपये तुम्हारे खाते में डाल रहा हूँ। उसे फोन पे से निकाल कर मेरे खास प्रधान जी को दे देना। पहले कथित थानाध्यक्ष नें दो रूपये भेजे उसके कुछ देर बाद आलोक के खाते से ही 15900 रूपये निकल गये। जानकारी होनें पर आलोक के पैरों तले जमीन खिसक गयी। आलोक नें थाना पुलिस को तहरीर दी। आलोक गंगवार से और कथित (जालसाज) का एक आडियो भी वायरल हो रहा है।

## लुटेरों ने लोडर रोक सेल्समैन से की पांच लाख की लूट

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**बेहटा** मुजावर थाना क्षेत्र के अशायस संपर्क मार्ग पर बीती रात लुटेरों ने सड़क पर बल्ली डाल कर लोडर रोक लिया। लोडर रुकते ही लुटेरों ने तमंचे के बल पर सेल्समैन से 5 लाख करीब की नगदी तथा 3 मोबाइल फोन लूट लिए । घटना की सूचना पर सीओ आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ितों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। नगर के संडीला मार्ग निवासी नरेंद्र गुप्ता पुत्र रघुवीर सहाय किराना का व्यापार करते है। व्यापार के चलते आस.पास के गांवो में किराना का माल सप्लाई करता है। वहीं नरेंद्र का सेल्समैन गाँवो में जाकर दुकानदारों से बकाया रकम वसूल कर नरेंद्र के पास जमा करते हैं। गत शनिवार देर शाम सेल्समैन कल्लू राठौर निवासी ग्राम पखरापुरए बउवा निवासी ग्राम शीतलगंज तथा चालक श्रवण कुमार निवासी मोहल्ला गणेश गंज बांगरमऊ तीनो लोडर से किराना का सामान लेकर गाँवो में सप्लाई करने गए थे। माल सप्लाई के साथ ही सेल्समैन ने दुकानदारो से 4 लाख 75 हज़ार रुपये भी वसूल किये थे। रुपये वसूलने के बाद रात करीब साढ़े नौ बजे तीनो लोडर से वापस लौट रहे थे। रास्ते में अशायस संपर्क मार्ग पर लुटेरों ने यूकेलिप्टस की बल्ली डालकर लोडर रोक लिया। लोडर रुकते ही लुटेरों ने तमंचे के बल पर सेल्समैन से 4 लाख 75 हज़ार की नकदी तथा तीन मोबाइल फोन लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे असलहे लहराते हुए भाग गए। घटना के बाद पीड़ित किसी तरह बेहटा मुजावर थाने पँहुचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही बेहटा पुलिस तथा सीओ आशुतोष कुमार मौके पर पहुंच घटना की बारीकी से जांच शुरू की।

## स्वास्थ्य मेले में 1816 रोगी हुए उपचारित

**उन्नाव।** मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन जिले के सभी 42 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेला में 133 चिकित्सकए 367 पैरामेडिकल कर्मियों ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण जांच कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया। आरोग्य स्वास्थ्य मेला में 1816 रोगियों को उपचारित किया गया। इनमें 929 पुरुषए 656 महिलाये एवं 231बच्चे शामिल थे। आरोग्य स्वास्थ्य मेला में 100 आयुषमान कार्ड बनाए गए। 361 लोगों का कोविड टीकाकरण किया गया। चिकित्सकों द्वारा नेत्र के 3ए बुखार के 85ए मलेरिया रैपिड किट से 24 की जांच भी की गयीए सभी निगेटिव पाए गए। स्वास्थ्य मेला में लीवर के 45 सांस रोगी 144 गैस्ट्रो के 177 डायबिटीज 28 स्किन के 293 संदिग्ध क्षय रोगी 2 एनीमिया के 28 हाइपरटेंशन के 21 गर्भवती महिला 37 की जांचए कुपोषित बच्चे 10 मिलेए जिन्हे उपचारित किया गया।

## रामगंगा के उफान में समाए 23 मकान, खतरे के निशान पर गंगा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**विगत** दिनों बेमौसम बरसात नें एक तरफआलू और धान आदि की फसल को तवाह कर ही दिया है। इसके गंगा और साथ ही बरसात होनें से गंगा और रामगंगा नदी पूरे जोर पर है। गंगा और रामगंगा के उफन को देखकर ग्रामीणों की धड़कनें तेज है। वहीं जिला प्रशासन की तरफसे अभी कोई ठोस कदम नही उठाया गया।

दरअसल तहसील अमृतपुर के ग्राम अल्हादादपुर भटौली में बाढ़ का पानी आ जाने से कटान तेज हो गया। कटान के भय से ग्रामीण अपने घरों को उजाड़कर सुरक्षित स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नदी का कटान काफी तेज गति से हो रहा है। दरअसल रामगंगा की जद में आनें वाले मुख्य गाँव में लगभग 23 आवास बाढ़ में समा गये है। कुछ को ग्रामीणों नें हाथ से तोड़ा लेकिन जब बाढ़ अधिक बढ़ी और मकान कटता दिखा तो ग्रामीणों नें जेसीब मंगाकर अपने आवास तोड़े। क्षेत्रीय लेखपाल नागेन्द्र और कानून-गो मंगल सिंह मौके पर आये और जाँच की। उनका कहना था कि खलियान की 52 डिसमिल भूमि पर ग्रामीणों के रहनें की व्यवस्था करायी जायेगी।

राजेपुर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के गांव कड़क्का बांध, विचपुरिया, मौलागंज, जुगराजपुर, रामपुर, शीशराम की मड़ैया, अंबरपुर, चित्रकूट, जस्सूपुर पट्टी, पट्टी दारापुर, चाचूपुर, जमापुर, सबलपुर, भुडिया भेड़ा, अलीगढ़ व कुतलुपुर के दर्जनों गांव में गंगा राम गंगा का पानी घुस गया है। वहीं प्राथमिक विद्यालय जमापुर, प्राथमिक विद्यालय रामपुर जुगराजपुर आधा दर्जन विद्यालय में बाढ़ का पानी घुसा है। बदायूं मार्ग चित्रकूट पर 5 फुट तक पानी सड़क पर बह रहा है, पानी बढ़ने से किसानों की सैकड़ों बीघा धान की फसलें नष्ट हो गई हैं।

## आबकारी और पुलिस के अभियान में शराब तैयार करने वाली सामग्री के साथ 2 गिरफ्तार

संवाददाता। उन्नाव

**थाना** अजगैन क्षेत्र के ग्राम जनसार में आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में अवैध शराब तैयार करने वाली सामग्री के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुवे दोनो को जेल भेज दिया।

जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र कुमार के अनुसार अमित कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 हसनगंज एवं राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र .4 पुरवा मय स्टॉफ तथा थाना अजगैन पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम जनसार में दबिश दी गयी। जहां से भरी मात्रा में अवैध शराब तैयार करने हेतु रखे गये अवैध विदेशी मदिरा टेट्रा पैक के 144 पौवेए 2200 नकली क्यूआर कोडए दुबारा प्रयोग होने योग्य 60 ढक्कनए टूटे हुए 61 ढक्कनए विभिन्न ब्राण्ड की 12 खाली शीशियां तथा प्लास्टिक की दो बोतलों में भरा हुआ पानी मौके से मिला। उन्होंने बताया मौके से मयंक जायसवाल पुत्र अरुण जायसवाल व अरुण जायसवाल पुत्र हरी प्रसाद जायसवाल को गिरफ्तार किया गया। बताया दोनो गिरफ्तार अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम धारा 60 व आईपीसी की धारा 419৺420৺467৺468৺259৺260 के अन्तर्गत कार्यवाही करके जेल भेजा गया।

### दबंगो ने व्यापारी से की मारपीट लूट ले गए दुकान का कैश

**सफीपुर उन्नाव।** मामूली कहासुनी पर दबंगो ने दुकान में घुसकर कपडा व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। मारपीट करने के साथ ही दुकान की गुल्लक से नकदी उठा लूट ले गये। पुलिस ने घायल व्यापारी की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

क़स्बा के नाना राव पेशवा मार्ग पर कृपा शंकर गौड़ की क़स्बा सफीपुर में रेडीमेड कपडे की दुकान है। शनिवार शाम कृपाशंकर गौड़ अपनी दुकान पर बैठा था तभी क़स्बा पसियाना निवासी भीमा ठेलिया पर लकड़ी लाद कर ले जा रहा था। ठेलिया की टक्कर से दुकान में बाहर लगे कपडे लकड़ी में फसकर गिर गये जिस पर कपडा व्यापारी ने नाराजगी व्यक्त की थी। जिसके बाद दोनों पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद भीमा पासी अपने पुत्र रवीए दीपक सहित कुछ अन्य साथियो के साथ वापस आकर लाठी डाँडो व धारदार हथियार से हमला बोल दिया और दुकान की गुल्लक में रखे बाइस हजार रुपया लूट ले गये। मारपीट में कपडा व्यापारी को गंभीर चोटे आयी थी।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एनएच-2 शुक्ला ढाबा के समीप देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक लगभग 35 वर्षीय अज्ञात महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वही सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय के मर्च्युरी हाउस में रखवा दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतका की पहचान नही हो सकी है।

### किशोरी की मौत

**फतेहपुर।** बुधवन गांव निवासी रामलाल उर्फ पुच्चू की पुत्री मांशी शनिवार की शाम गांव के ही शिववृत पाण्डेय की चक्की चावल आटा पिसवाने गई थी बताते है कि इसी दौरान उसका डुपट्टा चक्की के पटे में फंस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## एक ही परिवार के पांच की हालत बिगड़ी, पिता-पुत्र की मौत

● गोभी की सब्जी खाने के बाद हुई परिवार वालों की तबियत खराब

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**गोभी** की सब्जी खानें से एक ही परिवार के पांच लोगों की हालत बिगड़ गयी। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पंहुचे। जहाँ ग्रामीण और उनके मासूम पुत्र को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि उनकी दो पुत्रियों और एक पुत्र की हालत गंभीर बनी हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम जसुपुर गढिया निवासी 45 वर्षीय इरशाद पुत्र हामीद शाम को बाजार से गोभी लाया था। उसकी पत्नी नन्ही बिटिया नें सब्जी बनायी और परिजन नें शाम तकरीबन 7. 30 बजे खाना खाया। जिससे अचानक इरशाद के साथ ही उसके 13 वर्षीय पुत्र माजिद, 18 वर्षीय पुत्री माजिदा, 11 वर्षीय पुत्री साजिदा, 6 वर्षीय पुत्र लल्ला की हालत बिगड़ गयी। खाना उसकी पत्नी नन्ही आदि नें नही खाया था। हालत बिगड़ते देख नन्ही देवी नें सूचना अपने नवाबगंज वीरपुर नादी निवासी भाई बाजिद खां को दी। जिससे वह मौके पर पंहुचे।

ग्रामीणों आदि की मदद से परिजन उसके 6 वर्षीय पुत्र लल्ला को आवास विकास के एक बाल रोग चिकित्सक के पास पंहुचे तो उसे चिकित्सक नें मृत घोषित कर दिया। वहीं ग्रामीण इरशाद और उसके पुत्र माजिद, पुत्री माजिदा व साजिदा को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सक नें इरशाद को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश गौतम नें बताया कि सूचना मिली है। जाँच की जा रही है।

## दिव्यांगजनों के लिए आयोजित होगा कैम्प

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशों के तहत जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने बताया कि समस्त विकास खण्डों में दिव्यांगजनों के यू0डी0आई0डी0 कार्ड बनाये जाने एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से दिव्यांगजनों को लाभान्वित किये जाने हेतु चिन्हान्कन शिविर का आयोजन प्रात: 10.30 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक कोविड-19 महामारी से बचाव एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकास खण्डवार आयोजित होने वाले शिविरों का विवरण निम्नवत् है- दिनांक 26 अक्टूबर को विकास खण्ड रसूलाबाद परिसर में आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 27 को ब्लाक झींझक परिसर में, 28 को ब्लाक सन्दलपुर परिसर में, 29 को विकास खण्ड राजपुर में, 30 को ब्लाक अमरौधा में, 9 नवम्बर को ब्लाक मैथा में, 10 नवम्बर को ब्लाक मलासा में, 11 को डेरापुर ब्लाक में, 12 को विकास खण्ड सरवनखेड़ा परिसर में, 16 को विकास खण्ड अकबरपुर परिसर में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित शिविरों के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी द्वारा विभागवार सौंपें गये दायित्वों का विवरण निम्नवत् है- जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा चिकित्सीय टीम को समय से शिविर स्थल पर उपस्थित रहने, यू0डी0 आई0डी0 कार्ड बनाये जाने हेतु ऑनलाइन कराने व आशा के माध्यम

से दिव्यांगजनों को शिविर स्थल पर लाना। समस्त उपजिलाधिकारी द्वारा अधीनस्थ कार्मिकों के माध्यम से शिविरों का प्रचार-प्रसार करना तथा दिव्यांगजनों के यू0डी0आई0डी0कार्ड बनाये जाने हेतु शिविर स्थल पर लाना। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान व अपने अधीनस्थ कार्मिकों के माध्यम से शिविरों का प्रचार -प्रसार व दिव्यांगजनों को शिविर स्थल पर लाने की व्यवस्था करना। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा सहायक विकास अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) को निर्धारित तिथि पर समय से लाभार्थियों की उपस्थिति एवं अन्य आवश्यक सहयोग करना। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से शिविरों का प्रचार-प्रसार एवं दिव्यांगजनों को शिविर स्थल पर लाना। समस्त अधिशाषी अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्र से सम्बन्धित दिव्यांगजनों को शिविर स्थल पर पहुँचाने हेतु आवश्यक व्यवस्था करना। समस्त खण्ड विकास अधिकारी द्वारा शिविर में आने वाले स्टॉफव दिव्यांगजनों के बैठने, पेयजल एवं यू0डी0आई0 डी0 कार्ड हेतु ऑनलाइन की व्यवस्था करना तथा ग्राम प्रधानों के माध्यम से 02 दिवस पूर्व समस्त ग्राम पंचायतों में मुनादी करना।

## डेंगू बुखार की रोकथाम में नकारा साबित हो रहा स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता। पुखरायां/रूरा, कानपुर देहात

**अमरौधा** ब्लाक के कमलपुर गांव में डेंगू व बुखार पर रोकथाम पाने सारे प्रयास नाकाम साबित हो रहे हैंस बताते चलें कि अमरौधा ब्लॉक के कमलपुर गांव में डेंगू जैसी महामारी बीमारी से संजीव 45 वर्ष गुरुवार को दम तोड़ दिया था स वही आज रविवार को अमरौधा ब्लॉक की स्वास्थ्य टीम कमलपुर गांव पहुंची 50 मरीजों को दवा वितरण की वही 10 मलेरिया 8 शुगर की जांच की एबताते चलें कि पंचायत भवन स्वास्थ्य टीम ने दवा वितरण का मलेरिया और शुगर की जांच भी की व ब्लॉक से आई टीम श्याम सिंह फार्मासिस्ट सोमवती लैफ टेक्नीशियन रचना यादव स्टाफ नर्स ग्रामीणों को दवा वितरण कर जांच भी की स ग्रामीण प्रशांत सिंह समर सिंह पप्पू उर्फ और मोहन सिंह गिरजा शंकर चतुर सिंह रानी देवी रामशरण सूरज सिंह शिव सिंह कमला देवी कल्लू करण सिंह कालिंद्री सोनू वही ग्राम प्रधान ममता देवी ने बताया की गांव में बुखार और जुखाम के मरीज अधिक हैं लेकिन ब्लॉक से स्वास्थ टीम तो आ गई लेकिन अभी तक इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद ब्लॉक से कोई बड़ा डॉक्टर नहीं आया स वहीं रूरा क्षेत्र के इँजुआरामपुर गॉव निवासी किशोर भोला(14) पुत्र महेन्द्र उर्फ भोला की मृत्यु कानपुर नगर के निजी अस्पताल में होने पर कस्बे के पालीवालनगर व इंजुआरामपुर गॉव में हडकम्प मचा हुआ है। रूरा क्षेत्र में डेंगू के प्रसार से कई लोगों की मौत के बावजूद स्वास्थ्य विभाग कुँभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

## स्वच्छ जल डॉल्फिन दिवस: गंगा मैराथन में दो सैकड़ा से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

संवाददाता। फतेहपुर

**जिला** गंगा सुरक्षा समिति द्वारा स्वच्छ जल डाल्फिन दिवस के अवसर पर गंगा मैराथन का आयोजन किया गया। गंगा मैराथन को कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों प्रतिभाग किया। गंगा मैराथन में पटेल नगर, वर्मा चौराहा, ज्वालागंज होते हुए स्टेडियम तक 05 किमी0 की दूरी तय की गयी। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर अभिषेक यादव, द्वितीय स्थान पर बब्लू कुमार, तृतीय स्थान पर कुलदीप तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रीती देवी, द्वितीय स्थान पर शालू यादव तथा तृतीय स्थान पर प्रयांशी कृष्णा सिंह को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, करण सिंह पटेल विधायक बिन्दकी, रामानुज त्रिपाठी प्रभागीय निदेशक सदस्य संयोजक जिला गंगा सुरक्षा समिति, नामित सदस्य शैलेन्द्र शरण सिम्पल जिला संयोजक नमामि गंगे आदि लोगों ने जनजागरूकता अभियान में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बिन्दकी ने गंगा की महत्ता तथा उसमें पायी जाने वाली डाल्फिन के बारे में जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने गंगा को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। प्रभागीय निदेशक ने स्वच्छ जल डाल्फिन दिवस के अवसर पर आयोजित गंगा मैराथन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नमामि गंगे के अन्तर्गत विभाग द्वारा गंगा को स्वच्छ रखने के लिए काफी प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके तहत लोगों में जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है ताकि गंगा के प्रति लोगों में जनसहभागिता की भावना जाग्रत हो सके। मुख्य विकास अधिकारी नें प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है तथा गंगा को स्वच्छ बनाये रखने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। जिला संयोजक ने गंगा की स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलायी। कार्यक्रम का संचालन गंगा बचाओ सेवा समिति के मंत्री राजेन्द्र साहू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुराग श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा अधिकारी, मनोज यादव, जिला युवा कल्याण अधिकारी, आरएस वर्मा जिला सूचना अधिकारी, आर.एल सैनी क्षेत्रीय वन अधिकारी, विपिन पटेल, मनोज सोनी, आशीष अग्रहरि, देवदत्त सिंह, दीपक कुमार, मंयक पटेल आदि मौजूद रहे।

## सामुदायियक रेडियो ने स्कूल में प्रतियोगिता का किया आयोजन

संवाददाता। रसूलाबाद कानपुर देहात

**कानपुर देहात** के एक मात्र सामुदायिक रेडियो वक्त की आवाज़ 91०2 एफ एम ने न्यू देलही पब्लिक विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया।जहाँ एक ओर कोरोना के कारण लम्बे समय तक के लिए विद्यालय बंद हो गए थे वही बच्चों ने घर मे अपनी पढ़ाई अनवरत जारी रखी जिसका जीता जागता उदाहरण न्यू देलही पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आज सोचो और खेलो प्रतियोगिता में दिया। प्रतियोगिता में तीन टीमो में नौ बच्चों ने प्रतिभाग किया।जिसमें पहले राउंड में सामान्य ज्ञान के सवालों का जवाब तीनो टीम के बच्चों ने अच्छी तरह से दियाएदूसरे राउंड में अंगेजी के सवालो ने टीम बी को भ्रमित किया और नतीजा ये निकला कि तीसरे राउंड में टीम ऐ और टीम सी ही पहुँच सकी।तीसरे राउंड में गणित के सवालो के आगे टीम बी को शिकस्त खानी पड़ी और टीम ऐ के छात्र राघव पाण्डेयएतरुण मिश्राए नित्या यादव और आकांक्षा पाल ने विजय हासिल की।प्रतियोगिता के समापन के समय विद्यालय के संस्थापक एस पी द्विवेदी ने बताया कि जिस तरह से कोरोना वायरस के कारण बच्चे अपने विद्यालय में एक लम्बे समय तक नही जा सके परन्तु आज के प्रोग्राम सोचो और खेलो में हिस्सा लेने वाले छात्रों में टीम ऐ के राघव पाण्डेयएतरुण मिश्रएनित्य यादव आकांशा पाल एटीम बी दीपक यादवएसौम्य पालए सेजल पाल और टीम सी विपिन पालएवैष्णवी मिश्र एआराध्या तिवारी ने आज जाहिर कर दिया कि कोरोना वायरस उनकी पढ़ाई को बिल्कुल भी प्रभावित नही कर सका।सोचो और खेलो प्रतियोगिता के सवालो को वक्त की आवाज़ से जे हरी पाण्डेय ने छात्रों से पूछा।

## जब जिलाधिकारी ने चाक चला कर बनाये मिट्टी के दीये



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**दीपावली** पर मिट्टी के बर्तन खरीदनें के लिए प्रेरित करनें के उद्देश्य से जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें शहर में सुनहरी मस्जिद के निकट कुम्हरों के घर पंहुच लोगों के चीन की सामग्री का विरोध करनें की अपील की। बल्कि कुम्हार की चाक चलाते हुए मिट्टी के दीपक बनाने में भी हाथ आजमाये। उनकी इस पहल की खूब चर्चा हो रही है ।

रविवार को डीएम कुम्हारी कला के प्रोत्साहन हेतु चाक पर बर्तन बनाने संबन्धी कार्यक्रम का आयोजन सुनहरी मस्जिद फर्रुखाबाद के निकट किया गया था। डीएम ने स्वयं चाक चलाकर मिट्टी के दिये बनाये और जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि दीपावली के त्यौहार पर कुम्हार द्वारा बनाए गए दिये अवश्य खरीदे क्यों कि दिये ऐसी कम्युनिटी बनाती है जिनका पूरी साल का रोजगार इसी पर निर्भर रहता है। दीपावली पर मिट्टी कि दिये खरीद कर चीनी सामग्री का विरोध करें, ताकि कुम्हार वर्ग को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी – बहादुरपुर, बस्ती।

bdobaha@gmail.com

पत्रांक : 1121/लेखा/अ0का0नि0/2021–22 दिनांक : 21.10.21

## अल्पकालीन निविदा

विकास खण्ड क्षेत्र पंचायत बहादुरपुर के द्वारा पंचम राज्य वित्त/15वें केन्द्रीय वित्त आयोग के योजनार्तगत प्रस्तावित परियोजनाओं के निर्माण हेतु जिला पंचायत, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहर बन्द निविदाएं नीचे दी गयी शर्तों व प्रतिबन्धों के तहत आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म विकास खण्ड कार्यालय में निविदा प्रकाशित होने के दिनांक से 30.10.2021 तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। सील/मोहर बंद निविदाए दिनांक 30.10.2021 को प्रातः 10:00 बजे 2:00 बजे अपरान्ह तक निविदा बाक्स में जमा की जायेगी तथा दिनांक 30.10.2021 को ही सम्बन्धित निविदा दाता/ठेकेदारों के समक्ष निविदा समिति द्वारा समय 03:00 बजे अपरान्ह खोली जाएगी।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा (कि0मी0/ई0 में) | कार्य की अनुमानित लागत जी0 एस0 टी0 सहित | धरोहर की (धनराशि लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत टाईड फण्ड से कराये जाने वाले कार्य वर्ष 2021–22 | प्रा0 स्था0 केन्द्र पाल्हा के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 2 | | बबुरहिया ग्राम में हरिजन आबादी के पश्चिम स्थान पर सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 3 | | ग्राम बलुआ समय माता स्थान के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 4 | | ग्राम पंचायत बहादुरपुर में ग्राम हरदेव नाथ में सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 5 | | ग्राम कुसौरा बाजार में सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 6 | | ग्राम कनैला में मंदिर के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 7 | | ग्राम डारीडीहा में मंदिर के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 8 | | विकास खण्ड मुख्यालय पर सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 7.83 | 0.1566 | 500 | 03 माह |
| 9 | | ग्राम माझा खुर्द पुलिस चौकी के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | 1 | 9.57 | 0.1914 | 500 | 03 माह |
| 10 | | बबुरहिया में हरिराम के दुकान से नीरज के स्कूल तक नाली निर्माण कार्य। | 550m | 9.99 | 0.1998 | 500 | 03 माह |
| 11 | | नीरज के स्कूल से बबुरहिया चौराहा होते हुए तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 550m | 9.99 | 0.1998 | 500 | 03 माह |
| 12 | | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर डाक्टर आवास कैम्पस में इन्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 100m | 8.75 | 0.175 | 500 | 03 माह |
| 13 | | ग्राम माझा खुर्द में नदी किनारे स्थित शमसान घाट/अन्त्येष्ठि स्थल के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 1 | 9.99 | 0.1998 | 500 | 03 माह |
| 1 | केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत अनटाईड फण्ड से कराये जाने वाले कार्य वर्ष 2021–22 | ग्राम पिपरौला में धोबी टोला से दक्षिण जाने वाले चक मार्ग पर पुलिया निर्माण 3 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 2 | | प्रतापपुर भेलवल मार्ग पर श्रवण कोहार के खेत के पास 03 मी0 स्पान आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 3 | | महादेवा में चन्द्रशेखर उपाध्याय के घर जाने वाले मार्ग पर 03 मी0 स्पान आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 4 | | पिपरा गौतम मस्त राम के खेत के पास 03 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 5 | | तिलाहवा माइनर पर दयालपुर ग्राम में फूलचन्द्र पाण्डेय के घर के पास 03 मी0. स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 6 | | पिपरा गौतम में दबिला कोहल मार्ग पर 03 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 7 | | ग्राम पंचायत पिपरौला में बन्धे से गांव जाने वाले मार्ग पर 03 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया | 1 | 8.37 | 0.1674 | 500 | 03 माह |
| 8 | | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर की बाउन्ड्रीवाल मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 1 | 6.2 | 0.124 | 500 | 03 माह |
| 9 | | ब्लाक बहादुरपुर कार्यालय से रविदास मंदिर तक प्रधानमंत्री सड़क के बायी तरफ पटरी पर इन्टरलाकिंग कार्य। | 170m | 9.32 | 0.1864 | 500 | 03 माह |
| 10 | | ब्लाक बहादुरपुर कार्यालय के सामने प्रधानमंत्री सड़क के दाहिनी तरफ पटरी पर इन्टरलाकिंग कार्य। | 250m | 9.79 | 0.1958 | 500 | 03 माह |
| 11 | | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर पुलिया से खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय तक प्रधानमंत्री सड़क के बायी तरफ पटरी पर इन्टरलाकिंग कार्य। | 80m | 7.8 | 0.156 | 500 | 03 माह |
| 1 | पंचम राज्य वित्त आयोग से कराये जाने वाले कार्य वर्ष 2021–22 | ग्राम पंचायत पिपरागौतम में पुनीत सिंह के घर भोला सिंह के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 2 | | ग्राम अरवापुर में जीतू की दुकान से इन्द्रदेव के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 3 | | ग्राम अरवापुर में ओमप्रकाश के घर से सुनील सिंह के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 4 | | ग्राम पिपरा गौतम बहादुरपुर मार्ग से अरवापुर में शिवसम्पत के पूरवे तक सी0सी0 रोड | 180m | 7.81 | 0.1562 | 500 | 03 माह |
| 5 | | ग्राम कटरूआ सोधिया मार्ग से पप्पू नाउ के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण। | 100m | 4.92 | 0.0984 | 500 | 03 माह |
| 6 | | ग्राम पिपरा गौतम में चन्दो ग्राम से सोनकर बस्ती तक सी0सी0 रोड निर्माण | 150m | 6.52 | 0.1304 | 500 | 03 माह |
| 7 | | ग्राम चन्दो सडक से राम नवल के घर से चन्दो में शत्रुघन के घर होते हुए पंकज के घर तक सी0सी0 रोड | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 8 | | ग्राम पंचायत पिपराखास के ग्राम पाथर भीर पीच से नेबूलाल के घर से पाथर भीर में बड़कन के घर हुये राम मिलन के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण। | 110m | 4.79 | 0.0958 | 500 | 03 माह |
| 9 | | ग्राम पिपरौला में दूसरे पुलिया से राजेन्द्र प्रसाद के घर तक सी0सी0 रोड | 110m | 4.79 | 0.0958 | 500 | 03 माह |
| 10 | | ग्राम पंचायत भेडिया ग्राम लखनपुर में संतोष पाण्डेय के घर से गणेश तिवारी के घर तक सी0सी0 रोड | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 11 | | ग्राम केवचा में पिच रोड से प्रा0 विद्यालय तक सी0सी0 रोड। | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 12 | | ग्राम पंचायत खडौआजाट के ग्राम मदारपुर में पिच रोड कब्रिस्तान से मौर्या के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 230m | 9.96 | 0.1992 | 500 | 03 माह |
| 13 | | ग्राम पंचायत केंवचा के ग्राम गोपालपुर में काली माता के स्थान से शिव मुरत के घर तक सी0सी0 रोड | 90m | 4.3 | 0.086 | 500 | 03 माह |
| 14 | | ग्राम सैफाबाद में छोटई नाऊ के घर से विजय पाल के खेत तक सी0सी0 रोड | 200m | 8.67 | 0.1734 | 500 | 03 माह |
| 15 | | ग्राम पंचायत रोझिया में जू0हा0 स्कूल से रवि कुमार पाण्डेय के बाग तक सी0सी0 रोड का निर्माण। | 175m | 8.25 | 0.165 | 500 | 03 माह |
| 16 | | ग्राम पंचायत रोझिया में कृष्ण कुमार के घर से रवि कुमार के बाग तक सी0सी0 रोड निर्माण। | 75m | 3.57 | 0.0714 | 500 | 03 माह |
| 17 | | बभनियांव में उजागिर राजभर के घर से दुर्गेश सिंह के घर तक सी0सी0 रोड | 100m | 4.36 | 0.0872 | 500 | 03 माह |
| 18 | | ग्राम पंचायत केंवचा में भोला चौधरी के घर से स्वामी नाथ यादव के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण | 100m | 4.36 | 0.0872 | 500 | 03 माह |
| 19 | | ग्राम पंचायत कचूरे में रामबहाल के घर से उत्तर पिच मार्ग तक सी0सी0 रोड | 230m | 9.96 | 0.0992 | 500 | 03 माह |
| 20 | | ग्राम पंचायत शेखपुरा में रमेश चन्द्र पाण्डेय के घर से जोखू के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण | 150m | 5.61 | 0.1122 | 500 | 03 माह |
| 21 | | ग्राम पंचायत पडरी में गोविद के घर से अनिल चौधरी के घर तक सी0सी0 रोड | 85m | 4.03 | 0.0806 | 500 | 03 माह |
| 22 | | ग्राम पकड़ी छब्बर में कुसौरा गुलरिया पिच मार्ग पर रामगोपाल के खेत से जगदम्बा पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड | 150m | 6.07 | 0.1214 | 500 | 03 माह |
| 23 | | खडौवा जाट में सरहद से कैथोलिया पुलिया तक सी0सी0 रोड | 120m | 4.86 | 0.0972 | 500 | 03 माह |
| 24 | | खडौवा जाट में प्रहलाद के घर से कृपाशंकर के खलगा तक सी0सी0 रोड | 150m | 6.52 | 0.1304 | 500 | 03 माह |
| 25 | | विकास खण्ड/क्षेत्र पंचायत सभा कक्ष का मरम्मत एवं सौन्दरीकरण व फर्नीचर व फाल्ससिंलिंक का कार्य। | 1job | 9.98 | 0.1996 | 500 | 03 माह |
| 26 | | ब्लाक परिसर में प्रमुख कक्ष के मरम्मत व फर्नीचर व फाल्ससिलिंग का कार्य। | 1job | 4.54 | 0.0908 | 500 | 03 माह |

शर्ते :–

1. प्रत्येक कार्य के कालम नं0–06 में अंकित धरोहर की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे–आर्डर/प्रतिभूति प्रमाण–पत्र जो खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर के नाम बंधक करते हुए निविदाफार्म के साथ संलग्न करना होगा तथा शेष 8 प्रतिशत धनराशि सम्बन्धित कार्य के प्रथम भुगतान में एक मुस्त कटौती कर ली जायेगी।
2. प्रत्येक निविदा 100 रु0 के स्टाम्प पेपर निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
3 बिना धरोहर राशि, निविदा मूल्य एवं प्रमाण–पत्र के डाली गई निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
4. निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग एवं ओबर राइटिंग मान्य नही होगी।
5. निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना होगा।
6. निविदा के किसी या सभी कार्यो को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर में निहित होगा।
7. प्रस्तावित कार्य पंचम राज्य/15वें0 केन्द्रीय वित्त आयोग के सिद्धांतों के विपरीत कोई परियोजना आती है तो वह तत्काल निरस्त कर दी जाएगी, जिस पर कोई वद नहीं स्वीकार किया जायेगा।
8. निविदा सूचना में अंकित कोई परियोजना यदि किसी अन्य विभाग द्वारा पूर्व निर्मित/प्रस्तावित/निर्माणाधीन अथवा स्वीकृत है तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
9. निविदा की स्वीकृति/अनुबंध धनराशि की उपलब्धता के अनुसार की जायेगी।
10. निविदा दाता को अपना रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र, फर्म का खाता एवं पासबुक की छायाप्रति, आयकर दाता स्वाप्रमाणित प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा साथ ही साथ आधार कार्ड एवं पैन नम्बर भै संलग्न करना होगा। जी0एस0टी0 एवं आयकर स्थायी रजिस्ट्रेशन के रूप में रजिस्टर्ड होना चाहिए।
11. कार्य को समय से पूर्ण करने की जिम्मेदारी सम्बन्धित निविदा दाता की होगी। अन्यथा की दशा में निविदा निरस्त भी की जा सकती है।
12. निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार निर्माण का परिरवर्तन/परिवर्धन/निरस्तीकरण का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। तथा सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी तथा बिना कारण बताएं ही किसी या कारण बताये सभी निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार समक्ष प्राधिकारी/अधोहस्ताक्षरी खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
13. कार्य का निर्माण कार्यदेश होने के पश्चात ही प्रारम्भ करना होगा अन्यथा की दशा में भुगतान सम्भव नहीं होगा।
14. भुगतान के समय बिल से नियमानुसार जी0एस0टी0, आयकर, सेस एवं रायल्टी की कटौती की जायेगी।
15. विकस खण्ड में कार्यरत सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी/प्रमुख द्वारा अथवा उनके किसी सम्बन्धी/परिवार के लोग निविदा डालने के लिए अधिकृत नहीं होगें।

**अवर अभियन्ता**
**(आर0ई0डी0)**
**बहादुरपुर–बस्ती**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बहादुरपुर–बस्ती**

**रामकुमार**
**प्रमुख**
**क्षे0पं0 बहादुरपुर–बस्ती**

# सौ करोड़ टीके

## महत्वपूर्ण उपलब्धि

**सौ** करोड़ टीके मील का एक बड़ा पत्थर है, पर वायरस के खिलाफ हमारे संघर्ष में अभी आधी विजय मिली है। भारत में सौ करोड़ टीके लग चुके हैं। यह बहुत विशाल उपलब्धि है। दुनिया के केवल दो देश इस रिकार्ड का दावा कर सकते हैं। दूसरा देश चीन है। वह सौ करोड़ के आंकड़े पर जून में तथा 200 करोड़ के आंकड़े पर सितंबर में पहुंचा। भारत सौ करोड़वीं खूराक का उत्सव मना रहा है, पर इसके साथ ही यह स्वीकार भी है कि अभी आधा काम हुआ है। अभी लगभग 100 करोड़ और खूराकों से सुनिश्चित होगा कि देश की वयस्क जनसंख्या का पूर्ण टीकाकरण हो गया है। भारत के सभी वयस्कों के लिए 1.8 अरब खूराकों की जरूरत है। इससे कम कुछ भी अस्वीकार्य है। भारत की 75 प्रतिशत जनसंख्या को एक खूराक मिल गई है जिसका अर्थ 707 मिलियन से अधिक लोग है। अभी 31 दिसंबर तक 70 दिन और बाकी हैं। इस कालखंड में पूरी वयस्क जनसंख्या को पूर्ण कवरेज देने के लिए रोज 12 मिलियन खूराकों की जरूरत है। इसके साथ ही 45 वर्ष से अधिक आयु वाले लगभग 70 मिलियन 'संकटग्रस्त' वयस्क हैं जिनको अभी एक खूराक और मिलनी है। इसके बाद बच्चों का नंबर आता है। जनसंख्या का 35 प्रतिशत 0-14 वर्ष आयुवर्ग समूह में है। जनसंख्या का 41 प्रतिशत हिस्सा 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे हैं। भारत को 12-17 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के टीकाकरण की जरूरत है। खूराकों की इतनी ही संख्या की जरूरत 12 वर्ष से कम आयु वालों को है।

उत्सवों के बीच एक प्रकार की सावधानी जरूरी है। पहला मुद्दा वैक्सीनों



की सप्लाई का है। सौ करोड़ खूराकों में से अधिकांश अंतिम दो या तीन महीनों में आईं। जनवरी में शुरू हुई टीकों की सप्लाई ने साल के पहले अर्धांश में गति नहीं पकड़ी क्योंकि टीकों की सप्लाई के साथ ही सप्लाई श्रृंखला की कुछ समस्यायें सामने आ रही थीं। सरकार को वैक्सीन निर्माताओं से आश्वासन प्राप्त करना पड़ा कि अब सप्लाई की गति कम नहीं होगी। सरकार चाहती है कि वर्ष के अंत तक यह कार्यक्रम पूरा हो जाए। इसका अर्थ है कि टीकाकरण की गति बहुत तेज करनी होगी। यह एक बड़ी लाजिस्टिक चुनौती होगी। सरकार को वैक्सीन के प्रति हिचक व वैक्सीन के प्रति लापरवाही जैसी आम समस्याओं का मुकाबला भी करना होगा। खबरें आ रही हैं कि अब भी स्वास्थ्यकर्मियों को अधिकांशतः सुदूर ग्रामीण इलाकों में लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए समझाना पड़ता है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से ऐसे लोगों के बारे में भी खबरें आ रही हैं जो टीके लगवाने के प्रति लापरवाह हैं। हजारों लोग टीकाकरण केन्द्रों पर अत्यधिक भीड़ के कारण या उनके घर से बहुत दूर होने के कारण दूसरी खूराक नहीं ले सके हैं। सरकार इस समस्या से निपटने के लिए ड्रोनों से वैक्सीन भेजने का का काम कर रही है। बच्चों का टीकाकरण सरकार के लिए इससे भी कठिन काम होगा। आपातकालीन प्रयोग का अधिकार कुछ वैक्सीनों को दिया गया है, लेकिन उनके समकक्षों की मानव प्रयोग रिपोर्टों का अभी अध्ययन भी नहीं हुआ है और वैक्सीनें प्रयोग के लिए जारी कर दी गई हैं। ऐसे में सबसे बड़ी चिन्ता ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकृत माता-पिता की होगी जो अपने बच्चों को टीके लगवाने टीकाकरण केन्द्रों में जाएंगे। इसके साथ ही सरकार को यह भी तय करना है कि क्या बाल रोग विशेषज्ञों को टीकाकरण की अनुमति दी जाएगी या नहीं। इससे टीकाकरण प्रक्रिया को गति मिल सकती है।

# चीन में उइगुरों पर अत्याचार

शिनजियांग में जो हो रहा है वह चिंताजनक है, मानव विरोधी है और प्रांत में इस्लामी आतंकवाद को नियंत्रित करने की आड़ में चीनी अधिकारियों द्वारा नरसंहार की तरह है।



**माखन सैकिया**
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



शिनजियांग के पश्चिमी प्रांत में उइगर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों को चीन द्वारा बड़े पैमाने पर हिरासत में लिए जाने से दुनिया भर में निंदा और चिंता पैदा हो गई है। यह अब कोई रहस्य नहीं है कि शी जिनपिंग शासन इन असहाय अल्पसंख्यकों के खिलाफ हथियार उठा रहा है। आज, इस प्रांत में अल्पसंख्यकों पर क्रूर निगरानी परिष्कृत हथियारों, जासूसी और पुलिसिंग के साथ की जाती है, जिसे सीधे बीजिंग द्वारा नियंत्रित किया जाता है। आधिकारिक तौर पर झिंजियांग उइघुर स्वायत्त क्षेत्र (एक्सयूएआर) के रूप में जाना जाता है, यह आज चीन की सबसे बड़ी प्रांतीय इकाई है। यह आधुनिक चीन के क्षेत्र का लगभग छठा हिस्सा है। हालाँकि, हालांकि बीजिंग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है, उइगर मुसलमान इस भूमि को एक्सयूएआर के बजाय पूर्वी तुर्किस्तान कहते हैं। इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में 40 से अधिक देशों ने शिनजियांग में उइगर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों पर चीन द्वारा निरंतर अत्याचार पर चिंता जताते हुए दहाड़ते हुए देखा है। चीन की आलोचना करने वाले बयान पर हस्ताक्षर करने वाले 43 देशों ने झिंजियांग में पुनर्शिक्षा शिविरों के अस्तित्व की विश्वसनीय रिपोर्टों पर कड़ी चिंता व्यक्त की, जिसका बीजिंग स्पष्ट रूप से खंडन करता है। पिछले तीन वर्षों में यह तीसरी बार था कि अमेरिका और उसके सभी यूरोपीय सहयोगियों ने उइगरों के उत्पीड़न पर चीन की आलोचना करने के लिए संरा महासभा की बैठक की मानवाधिकार समिति का इस्तेमाल किया। एक अन्य कम्युनिस्ट राष्ट्र क्यूबा ने 62 देशों के एक समूह के साथ तुरंत जोर देकर कहा कि शिनजियांग चीन का आंतरिक मामला है। हालांकि, क्यूबा भूल रहा है, कि मानवाधिकार उल्लंघन एक अंतरराष्ट्रीय मामला है, और इस तरह के अधिकारों को हासिल करना संयुक्त राष्ट्र चार्टर में ही बहुत कुछ अंकित है। हवाना और अन्य राष्ट्रों द्वारा इस तरह के प्रयास अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं, और लाखों लोगों को परेशान करने वाले संकेत भेजते हैं, जिनमें उइगर भी शामिल हैं, जो न्याय के लिए रो रहे हैं। ठीक है, चीन के दमन के स्थापत्य को समाप्त किया जाना चाहिए।

मुख्य रूप से, उइगरों को बीजिंग में कम्युनिस्टों द्वारा पुनः शिक्षा शिविर में एक अद्वितीय प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है, जिसमें अन्य कष्टप्रद गतिविधियों के अलावा, झिंजियांग के निवासियों के लिए अनिवार्य अवैतनिक श्रम में भाग लेना अनिवार्य है, जिसे 'हशर' के रूप में जाना जाता है। क्षेत्र। अधिकारी उन्हें उनके श्रम के लिए भुगतान नहीं करते हैं और उन्हें अपने परिवहन का खर्च खुद वहन करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, उइगर परिवार जिनके पास एक सक्षम कामकाजी सदस्य नहीं है, उन्हें भी इस प्रणाली से छूट नहीं है। 70 साल से ऊपर के पुरुषों और महिलाओं और 12 साल से कम उम्र के बच्चों को इन भयानक शिविरों में काम करने के लिए घसीटा जाता है। कभी-कभी ऐसा होता है कि उइगर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को केवल एक्सयूएआर में स्थानीय अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए कार्य कोटा को पूरा करने के लिए शिविरों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अलावा, इलाके की पुलिस इंटरनेट के उपयोग पर कड़ी निगरानी रखती है (हालांकि यह लगभग प्रतिबंधित है), खासकर युवाओं द्वारा कुछ विध्वंसक या चरम करने का प्रयास करने के लिए। अफसोस की बात है कि स्थानीय अधिकारियों ने उइगर किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार मूल्य से कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर किया है। यह हजारों उइगर परिवारों को घोर गरीबी की ओर धकेल रहा है। अब यह एक सामान्य प्रवृत्ति बन गई है कि उइगर की अधिकांश संपत्ति, जिसमें खेत और अन्य संपत्ति शामिल हैं, पहले सरकारी एजेंटों द्वारा जब्त की जाती हैं और फिर मुख्य भूमि के विभिन्न हिस्सों से इस क्षेत्र में आने वाले चीनी प्रवासियों को पुनर्वितरित की जाती हैं। और अगर उइगर शिकायत करते हैं या अपनी पैतृक संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने के लिए कानूनी उपायों का सहारा लेने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें एक्सयूएआर में जातीय सद्भाव का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किया जाता है।

एक्सयूएआर में जो सबसे अधिक परेशान करने वाली प्रवृत्ति है, वह उइगर मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता का अत्यधिक दमन है। उन्हें अपनी दाढ़ी भी बढ़ाने की अनुमति नहीं है और वे स्थानीय मस्जिदों में जितने घंटे बिता सकते हैं, वह भी प्रतिबंधित है। चीन की सरकारी एजेंसियों के मुताबिक दाढ़ी रखना चरमपंथी होने की निशानी है. इस क्षेत्र की सबसे दुखद बात यह है कि अधिकांश पुराने उइगर अपने मूल अधिकारों के बारे में जागरूक नहीं हैं। इसके पीछे कारण यह है कि उन्हें ये अधिकार कभी नहीं दिए गए और बुनियादी शिक्षा की कमी यातना की पूरी गाथा में एक बड़ी भूमिका निभाती है। फिर से, शी शासन ने एक आदेश दिया कि शिनजियांग प्रांत में दाढ़ी रखने और निकाह नामक मुसलमानों के पारंपरिक विवाह समारोह का संचालन करने पर सख्ती से प्रतिबंध लगा दिया। वास्तव में, चीनी अधिकारियों ने दाढ़ी रखने और निकाह का अभ्यास करने सहित उइगरों की धार्मिक गतिविधियों पर रिपोर्ट करने वाले व्हिसलब्लोअर के लिए पुरस्कारों की एक प्रणाली की घोषणा की, कुछ 50000 युआन (यूएसडी 7500) से अधिक। यहां तक ??कि उइगर माता-पिता को भी अपने नवजात बच्चों को मुस्लिम नाम देने की अनुमति नहीं है। कई मुस्लिम दुकान मालिकों को होतान प्रान्त में शराब और सिगरेट बेचने के लिए मजबूर किया जाता है ताकि इस क्षेत्र में इस्लाम की भावना को कमजोर किया जा सके। मस्जिदों के बाहर किसी को भी कुरान पढ़ाने की इजाजत नहीं है। और 18 साल से कम उम्र के बच्चे मस्जिद में प्रवेश नहीं कर सकते हैं और अक्सर इमामों को घर पर इस्लाम का अभ्यास करने के लिए दंडित किया जाता है। रमजान के पवित्र महीने के दौरान, हर साल इससे जुड़े लोकप्रिय उत्सवों को एक्सयूएआर में प्रतिबंधित कर दिया जाता है। श्रमिकों को नास्तिकता पर शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए मजबूर किया जाता है। सरकारी सेवकों, छात्रों और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के लिए काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को रमज़ान मनाने की मनाही है।

अंत में, उइगर महिलाओं को कभी-कभी अपने बच्चों का गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया जाता है ताकि उनकी जनसंख्या की वृद्धि पर नजर रखी जा सके। और आज, उइगरों को चीन छोड़ने की अनुमति नहीं है। शिनजियांग में जो हो रहा है वह चिंताजनक है, मानव विरोधी है और प्रांत में इस्लामी आतंकवाद को नियंत्रित करने की आड़ में चीनी अधिकारियों द्वारा नरसंहार की तरह है।

उइगर तुर्क मूल के जातीय समूह के हैं और मुख्य रूप से मुस्लिम हैं। उनमें से ज्यादातर मध्य और पूर्वी एशिया के आसपास रहते हैं। नवीनतम अनुमान के अनुसार, चीन के झिंजियांग क्षेत्र में लगभग 1.2 करोड़ उइगर रहते हैं। वे मुख्य रूप से सुन्नी हैं। हालाँकि उइगरों की उत्पत्ति उइगर विद्वानों और चीनी इतिहासकारों के बीच इतिहास का एक विवादित हिस्सा बन गई है। उइघुर विशेषज्ञों के अनुसार, वे एक सहस्त्राब्दी से अधिक समय तक तकलामाकन रेगिस्तान के किनारों पर तारिम घाटियों में रहते थे। उनका कहना है कि वे वहां हजारों सालों से रह रहे हैं। लेकिन चीनी विद्वानों का दावा है कि उइगर 9वीं शताब्दी में ही चीन चले गए थे। वास्तव में, उइघुर खगनेट या उइघुर साम्राज्य (टोक्ज़ ओघुज़ देश के रूप में स्व-परिभाषित) ने 8 वीं और 9वीं शताब्दी में वर्तमान झिंजियांग, मंचूरिया, मंगोलिया और आस-पास के क्षेत्रों के विशाल क्षेत्रों पर शासन किया। रिकॉर्ड बताते हैं कि यह मध्यकालीन यूरेशिया में बनाए गए सबसे बड़े साम्राज्यों में से एक था।

9वीं शताब्दी के शुरुआती दशकों में इसकी ऊंचाई पर, यह पश्चिमी मध्य एशिया से कोरिया तक फैला था। चीन ने पहली बार दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में हान राजवंश के दौरान तारिम बेसिन पर नियंत्रण प्राप्त किया। लेकिन एक बार फिर चीन ने प्रारंभिक मध्य युग में तांग राजवंश के शासन के दौरान उस क्षेत्र को नियंत्रित किया। आज चीन का दावा है कि यह क्षेत्र वहां उइगरों की उपस्थिति से बहुत पहले से उसका था।

अंत में, चीन ने 18वीं शताब्दी के मध्य में किंग राजवंश के क्षेत्र के दौरान झिंजियांग पर विजय प्राप्त की, आखिरी साम्राज्य जो कि पौराणिक माओत्से तुंग के तहत चीन के जनवादी गणराज्य के आगमन से पहले अस्तित्व में था। तब से उइगर और पश्चिमी प्रांत में रहने वाले अन्य अल्पसंख्यक चीन के नियंत्रण से बाहर निकलने के लिए विभिन्न स्वतंत्र आंदोलनों का आयोजन कर रहे हैं। बेशक, इन प्रयासों को बीजिंग ने अपनी विशाल सेना के साथ और अब खुफिया तंत्र के साथ बेरहमी से दबा दिया है।

क्या चीन दुनिया की सुनेगा? क्या उइगर में अल्पसंख्यकों को बुनियादी आजादी मिल सकती है? चीन संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों सहित किसी भी अंतरराष्ट्रीय संगठन की कभी नहीं सुनेगा। वर्तमान में, इस बात की कोई आशा नहीं की जा सकती है कि उइगरों को सभ्य जीवन जीने का उनका उचित अधिकार दिया जाएगा। लेकिन फिर बीजिंग खुद को एक विश्व शक्ति के रूप में पेश कर रहा है और तेजी से अमेरिका से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहा है।

अब तक कई वैश्विक मानवाधिकार निकायों और संगठनों ने चीनी सरकार के वर्गीकृत निर्देशों का खुलासा किया है जो अल्पसंख्यकों के खिलाफ नजरबंदी और अन्य मानव विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए परिचालन योजनाएं निर्धारित करते हैं।

# ब्रेक्सिट समझौते के कारण जारी है संकट

ब्रेक्सिट समझौते की विफलता के कारण उत्तरी आयरलैंड में नया संकट पैदा हो रहा है।

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अंतरराष्ट्रीय समझौता एक गंभीर मामला है। उनके लिए बातचीत करने में काफी समय और प्रयास लगता है तथा अंततः वे अंतरराष्ट्रीय कानून का हिस्सा बन जाते हैं। कोई राजनेता समझौते के लिए वार्ता करने के बाद विरले ही यह कहता है कि उसका देश इसके बारे में हमेशा थोड़े 'अस्थायित्व का अनुभव करते हुए इसे समीक्षा के योग्य' मानता था। लेकिन दो साल पहले ब्रेक्सिट होने के बाद ब्रिटेन के प्रमुख ब्रेक्सिट वार्ताकार लार्ड डेविड फ्रास्ट ने यही कहा था। इसका कारण यह था कि वे उस समय भी इस पर बातचीत जारी रखने का प्रयास कर रहे थे।

एक समय था जब उन्होंने ब्रेक्सिट समझौते को 'शानदार समझौता' की संज्ञा दी तथी प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन ने इसे 'असाधारण किस्म का समझौता' बताया था, लेकिन यह बात वर्ष के 2019 चुनाव से पहले की है। अब एक नया संकट उभर कर सामने आ रहा है क्योंकि समझौते का एक हिस्सा उत्तरी आयरलैंड इसका पालन नहीं कर रहा है। इससे ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ के बीच व्यापार युद्ध छिड़ सकता है तथा उत्तरी आयरलैंड में असली युद्ध की शुरुआत हो सकती है। लेकिन समझौता मुख्यतः इस कारण विफल हो रहा है क्योंकि कंजरवेटिव नेतृत्व वाली ब्रिटिश सरकार 2019 में समझौते के समय झूठ बोल रही थी। 2019 में बोरिस जान्सन अपने पद पर नए थे और वे 'ब्रेक्सिट समझौता करने' के लिए बहुत उतावले थे। ऐसा होने पर ही वे चुनाव करवा कर संसद में बहुमत की उम्मीद कर सकते थे।

इसलिए उन्होंने यूरोपीय संघ के साथ ब्रेक्सिट-पश्चात व्यापार संबंध समझौता किया जिसका संबंध मुख्यतः उत्तरी आयरलैंड से था। लेकिन वास्तव में यह




उनकी सरकार की इच्छा के अनुकूल नहीं था। एक साल पहले सत्ता के संघर्ष में पराजित होने के पहले जान्सन का दाहिना हाथ समझे जाने वाले डोमिनिक कमिंग्स ने पिछले सप्ताह कहा कि वे तथा कुछ अन्य सहयोगियों ने जान्सन से ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करवाये जिसका पालन करने का उनका कोई इरादा नहीं था। उनके अनुसार, 'यूरोपीय संघ से वार्ताओं के दौरान हम सर्वोत्तम विकल्पों से दूर हो गए। हमने जान्सन को थोड़ा धोखा देने को कहा क्योंकि वे लेबर पार्टी नेता जेरेमी कार्बिन के सामने झुकने को तैयार नहीं थे।' जल्दी चुनाव की स्थिति में ऐसा हो सकता था, अतः जान्सन इसके लिए तैयार हो गए।

कंजरवेटिवों ने कार्बिन को दिसंबर, 2019 चुनाव में भारी पराजय दी तथा ब्रिटेन ने अंततः जनवरी, 2020 में यूरोपीय संघ छोड़ दिया या अधिकांश सीमा तक ऐसा किया। समझौते के बारे में जो चीज नापसंद थी उसका संबंध अधिकांशतः उत्तरी आयरलैंड से था जो कस्टम के उद्देश्य से यूरोपीय संघ में बना रहा। इसका कारण यह था कि समझौते के समय ब्रिटेन तथा आयरिश गणतंत्र यूरोपीय संघ के सदस्य थे अतः दोनों के बीच सीमायें खुली रह सकती थीं। वहां कोई चेकपोस्ट नहीं थे, आवागमन पर कोई नियंत्रण नहीं था तथा कोई कस्टम ड्यूटी नहीं थी। इसके कारण राष्ट्रवादी अपनी इच्छा से आवागमन करते हुए स्वयं को आयरिश नागरिक मान सकते थे, जबकि उनके विरोधियों का विश्वास था कि वे ब्रिटेन में रहते हैं। अब वहां पूर्ण स्वतंत्रता के लिए जनता का आंदोलन जारी रह सकता है, जबकि उत्तरी आयरलैंड में ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ से आने वाली वस्तुओं व सेवाओं पर उत्तरी आयरलैंड के बंदरगाहों पर यूरोपीय संघ की कस्टम जांच होगी। वर्तमान में यही स्थिति है।

इस कारण उत्तरी आयरलैंड के बंदरगाहों पर कस्टम में भारी विलंब हो रहा है तथा यूरोपीय संघ ने केवल खाद्य पदार्थों और दवाइयों को सभी नियंत्रणों से मुक्त रखा है। यह अच्छी बात थी, पर जान्सन ने हाल ही में नई मांग की है। वे चाहते हैं कि यूरोपीय न्यायालय का क्षेत्राधिकार अब संधि के संभावित उल्लंघनों से समाप्त कर दिया जाए। लार्ड फ्रास्ट ने धमकी दी है कि यदि यूरोपीय संघ ऐसा नहीं करता है तो वे पूरी संघि 'स्थगित' कर देंगे।

यूरोपीय संघ के अधिकारियों को संदेह है कि जान्सन संधि को समाप्त करने के लिए यह बहाना बना रहे हैं ताकि वे व्यापार युद्ध का दोष यूरोपियनों पर डाल कर उनको उत्तरी आयरलैंड में युद्ध का दोषी भी ठहरा सकें।

ब्रिटेन में अनेक मोर्चों पर मामला और खराब हो रहा है तथा वह जनता का ध्यान दूसरी ओर भटकाना चाहता है। क्या वह वास्तव में ऐसा करने में सफल होगा? संभवतः वह स्वयं भी अभी इसका जवाब नहीं जानता है।

## आप की बात

### लज्जाजनक घटना

2012 में निर्भया कांड ने देश की बदनामी सारी दुनिया मे कर दिया। बलात्कारी पकड़े गए। लंबी कानूनी प्रक्रिया में 8 वर्ष बाद उनको मौत की सजा मिली ।उस समय भी अस्पतालों पर इलाज में कोताही बरतने के आरोप लगे थे। शुक्रवार को दिल्ली में पुनः रंजीत नगर इलाके में एक सात वर्षीय मासूम लड़की जो लंगर लेने गई थी। उसके साथ एक युवक ने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। बच्ची को मारपीट कर लहूलुहान कर भाग निकला। खून से लथपथ लौटी अपनी बेटी को चिकित्सकीय उपचार के लिये दिल्ली के अलग अलग अस्पतालों ने मारा मारा फिरता रहा, लेकिन किसी ने इलाज नही किया। पुलिस का मामला बता कर सभी दूसरे अस्पतालों में टालते रहे। देश के कर्णधारों को सोचना चाहिये ।देश एक अरब कोरोना वैक्सीन लगा कर गौरवान्वित हो रहा है। वहीं सरकारी अस्पतालों में गरीब लोगों को इलाज नही मिलता। पीड़ितों को टरकाया जाता है। मानवीय संवेदनाएं शायद मर चुकी है। जो बीमार और पीड़ित का इलाज न कर उनको टरकाया जाता है। सबसे देश के लिये लज्जा का विषय है। कोई भी नेताशाह और नौकरशाह लाखो रुपये महीने वेतन लेने के बाद जमीन पर नही चलता। यदि हमारा सक्रिय तन्त्र होता तो इस तरह की घटनाएं न होतीं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### सुकर्णोपुत्री की घर वापसी

**इंडोनेशिया** के बाली के सिंगराजा शहर में सुकमावती सुकर्णोपुत्री 26 अक्टूबर को औपचारिक रूप से इस्लाम छोड़ कर अपने पूर्वजों के मूल धर्म में वापसी करेंगी। सुकर्णोपुत्री इंडोनेशिया के संस्थापक राष्ट्रपति सुकर्णो और उनकी तीसरी पत्नी फातमावती की बेटी हैं। वह इंडोनेशिया की 5वीं राष्ट्रपति मेगावती सोकर्णोपुत्री की बहन भी हैं। उनके इस फैसले की काफी सराहना हो रही है। इस अवसर को 'सुधी वधानी' नाम से बड़े धूम धाम से मनाया जाना है। सुकमावती का यह फैसला उन्हें देश के दिग्गज लोगों में से एक बनाता है। यह कदम उन लाखों करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है, जो इस्लाम छोड़ वापस अपने मूल (हिंदू) धर्म को अपनाना चाहते हैं। ख़ास बात यह है कि वर्ष 2018 में उनके द्वारा एक कविता पाठ को इस्लाम की तौहीन बता उन्हें सार्वजनिक माफी मांगने पर मजबूर किया गया था। इसके अतिरिक्त उनकी दादी न्योमन राय सिरिम्बेन ने भी उन्हें हिंदू धर्म में वापसी के लिए प्रभावित किया है, जो एक हिंदू हैं। उनके इस धर्म परिवर्तन को प्राचीन हिंदु संत की भविष्यवाणी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। जिसके तहत इंडोनेशिया को इस्लाम के चंगुल से मुक्त होने और पुनः उसके मूल हिंदू धर्म के वर्चस्व की बात कही गई है।

– **युवराज पल्लव**, हापुड़


### अनगिनत उत्सव

**जितने** उत्सव और त्योहार हमारे देश में मनाए जाते हैं संभवतः किसी मुल्क में नहीं मनाए जाते। हमारे पूर्वज कुछ काम ऐसे कर गए हैं, जो हमारे डीएनए में उत्सव और त्योहार बनकर बह रहे हैं। हमें समझना चाहिए कि ये केवल हुड़दंग नहीं है। त्योहार हमें आपस में जोड़ते हैं और विश्राम के लिए पड़ाव देते हैं। आज व्यावसायिक जगत में इतनी चुनौतियां व प्रतिस्पर्द्धा हो गई है कि यदि शीर्ष पर पहुंचकर थक गए तो आप सफलता की दुनिया में भूतपूर्व ही नहीं, स्वर्गीय हो जाएंगे। कुछ लोगों के मन में तो यह बात बैठ गई है कि आगे बढ़ना है तो दूसरे को पीछे नहीं छोड़ना, उसे समाप्त ही कर देना है। ऐसे प्रतिस्पर्द्धी माहौल में त्योहार विराम देते हैं, शांति देते हैं। रचनात्मक सोचने का मौका और दूसरों के साथ खिलवाड़ न करने का संदेश देते हैं। खासतौर पर यह संदेश देते हैं कि जो भी करें, पूरी तरह डूबकर करें। भक्ति ऐसा ही उत्सव है जो हमें डूबो देता है। जैसे ही हम तल्लीन होते हैं, कर्म और कर्ता एक हो जाते हैं! हमें आगामी दीपावली का त्यौहार इसी भावना के साथ मनाना है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**नीतीश** कुमार प्रदेश की जनता का सामना करने से डरते हैं। इसीलिए वह चुनाव प्रचार के लिए हेलिकॉप्टर से यात्रा करते हैं।

– **तेजस्वी यादव**
राजद नेता



**जो** देश वहां (अफगानिस्तान में) 20 साल से लड़ रहे थे, वहां जो हो रहा है उसके लिए प्राथमिक जिम्मेदारी वहन करते हैं।

– **व्लादिमीर पुतिन**
रूस के राष्ट्रपति



**जब** आप पेट्रोल-डीजल खरीदते हैं तो याद रखें कि मोदी सरकार ने टैक्स के जरिए 23 लाख करोड़ रुपये कमाए हैं।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेत्री

# करवा चौथ के रंग पायनियर के संग

**घरों में दिन भर चलती रहीं करवा चौथ की तैयारियां**



संवाददाता। सीतापुर

**करवा चौथ** पर रविवार को सोलह श्रृंगार में सज संवरकर महिलाएं दाम्पत्य जीवन को सुखी, समृद्ध और चिरकाल बनाए रखने की कामना की। रविवार को रोहिणी नक्षत्र के शुभ संयोग में करवा चौथ के महाव्रत के महिलाएं शिव-पार्वती पूजा, सत्यवान-सावित्री कथा, चंद्रदर्शन, अर्घ्य समर्पण समेत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर रात्रि में चांद निकलने पर पति की लम्बी आयु की कामना की। करवा चौथ पूजन के बाद विभिन्न कार्यक्रम कर सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाया।













**महमूदाबाद पुलिस को मिली कामयाबी**

# ओम मार्केट की घटना में दबोचे पांच बदमाश

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** महमूदाबाद पुलिस ने ओम मार्केट में हुई घटना का पर्दाफाश कर पांच बदमाशों को दबोचने की कार्रवाई की है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने 25820 नगदी, जेवरात, तीन बाइकें व तीन ही अवैध तमंचे व कारतूस बरामद किए है। इनके खिलाफ कई थानों में पहले से केस दर्ज है। एसपी आरपी सिंह के निर्देश पर गठित तीन टीमों ने यह कार्रवाई की है। पत्रकारवार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि बीते चौदह अक्तूबर को

## ● पत्रकार वार्ता में एएसपी ने किया मामले का खुलासा

महमूदाबाद कोतवाली इलाके के ओम मार्केट कस्बा महमूदाबाद में बदमाशों ने घटना को अंजाम देकर लाखों का माल समेट ले गए थे। इस मामले में कोतवाली में केसदर्ज किया गया था। इस घटना के खुलासे के लिए एसपी आरपी सिंह ने तीन टीमें गठित की थी। इस पर पुलिस टीमें घटना का पर्दाफाश करने में जुटी थी। मुखाबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने नूरपुर पुल के पास पांच संदिग्ध लोगों को पकड़ा, पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपना नाम नरेंद्र कुमार निवासी बेहटी छावनी, ओम प्रकाश निवासी खरेहटी थानगांव, अभिप्रीत सिंह वर्मा निवासी बघाइन, मोहम्मद शादाब निवासी रहिलामऊ व हिमांशु रावत निवासी जगदीशपुर थाना बडडूपुर बाराबंकी बताया। पुलिस ने इनके पास से 25820 रूपये, दो अदद पायल बरामद किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त तीन बाइकें, तीन तमंचा व कारतूस भी बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्त नरेंद्र, अभिप्रीत ने चौदह अक्तूबर को तथा अभियुक्त ओम प्रकाश, नरेंद्र ने सोलह अगस्त को गुलरामऊ तथा नरेंद्र, ओम प्रकाश व मोहम्मद शादाब ने 18 सितंबर को सिधौली रोड पर कोरियर डिस्ट्रीब्यूटर के साथ हुई घटना एवं अभियुक्त हिमांशु, मोहम्मद शादाब ने एक सितंबर को हाजीपुर में हुई घटना में संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सतेन्द्र विक्रम सिंह, अजय कुमार रावत, हेड कांस्टेबल राहुल भदौरिया, सुमित राघव, कांस्टेबल सोहन पाल, राहुल कुमार, रवि वर्मा व उमेश मिश्रा शामिल रहे।

**17 को सीतापुर पहुंचेगी प्रसपा अध्यक्ष की यात्रा**

# यूपी में पूरी ताकत से लड़ेंगे शिवपाल यादवः रामसिंह

संवाददाता। सीतापुर

**17 नवम्बर** को सीतापुर आने वाली शिवपाल यादव की सामाजिक परिवर्तन रथ यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए करते हुए कहा कि सीतापुर पहुंचने वाली यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का जगह-जगह स्वागत करेंगे व सम्बोधित भी करेंगे। बैठक के दौरान लखनऊ जिलाध्यक्ष संजीव यादव, सीतापुर जिलाध्यक्ष अशोक यादव,



उनमें जोश भरने आए राष्ट्रीय महासचिव मंडल प्रभारी रामसिंह यादव ने कहा कि पूरी ताकत से प्रसपा यूपी में लड़ेगी। उन्होंने कहा कि शिवपाल यादव किसानों, बेरोजगारों, जरूरतमंदो की लड़ाई हमेशा से लड़ी है, वह भाजपा को उखाड़ फेंकने को लेकर सामाजिक परिवर्तन रथ यात्रा पूरे प्रदेश में निकाली है जिसका शुभारम्भ वृंदावन से शुरू किया था। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित प्रदेश महासचिव बीनू शुक्ला, अजय प्रताप सिंह, तरून रावत, धीरज सिंह, रिंकी सिंह, शिवबालक यादव, मनोज यादव जनपद के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद राष्ट्रीय महासचिव ने प्रेसवार्ता भी की जिसमें कहा कि भाजपा ने सिर्फ जनता को धोखा दिया, महंगाई लोग कराह रहे है इसीलिए 2022 में शिवपाल सिंह यादव के बिना मिले कोई सरकार नहीं बन सकेगी।

# धरने पर बैठे भाजपा नेता साकेत मिश्रा, चिकित्सक पर आरोप

## ● इलाज के दौरान लड़की की हुई मौत को लेकर धरने पर बैठे भाजपा नेता

संवाददाता। सीतापुर


**शहर स्थित** मेडिसिटी हॉस्पिटल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब भाजपा नेता साकेत मिश्रा परिसर में ही धरने पर बैठ गए और वहां के चिकित्सक पर एफआईआर करने को लेकर प्रदर्शन करने लगे। आपको बता कि थाना खैराबाद के अमीरपुर गांव के चन्द्रभाल के बेटी 17 वर्षीय दीक्षी का इलाज करवाने के लिए परिजनों ने मेडिसिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जिसमें चिकित्सक ने उनसे 50 हजार रूपये भी इलाज के नाम पर ले लिए लेकिन रात में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि जब हालत नाजुक थी तो रेफर क्यों नहीं किया, जिसपर हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों के कहने पर भाजपा नेता साकेत मिश्रा जब हॉस्पिटल पहुंचे तो चिकित्सक से कहासुनी होने लगी। बात न सुनने पर भाजपा नेता वहीं अस्पताल गेट पर ही धरने पर बैठ गए और एफआईआर न लिखे जाने व 50 हजार रूपये वापस किए जाने तक धरने पर बैठने की बात कही।

## राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष ने डफरिन में परखीं स्वास्थ्य सेवाएं

**सीतापुर ।** सीतापुर के दो दिनी दौरे पर आई राज्य महिला आयोग लखनऊ उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष अंजू चौधरी ने शनिवार को जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया और वहां की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। साथ ही महिलाओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी ली। निरीक्षण में उन्होंने निर्देश दिये कि महिलाओं को मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ समय से उन्हें उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में भी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किया। महिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर उन्होंने व्यवस्थाओं व संबंधित अभिलेखों को भी देखा। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मधु गैरोला, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ सुषमा कर्णवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**क्विक न्यूज**

### एसडीएम को ग्राम प्रधान संगठन ने सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष एवं अन्य

**संडीला(हरदोई)।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्राम प्रधान संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर 25 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन धरने एवं प्रदर्शन की चेतावनी दी है। प्रधानसंघ के ब्लाक अध्यक्ष डॉ0 उमेश सूर्या ने अन्य कई ग्राम प्रधानों के साथ एसडीएम से भेंट की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रधानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संघ लगातार विभिन्न स्तरों पर अपनी मांगों को उठा रहा था लेकिन मांगों पर कोई कार्रवाही नहीं हुई। इससे विवश होकर ग्राम प्रधानसंघ सोमवार से नवीन तहसील परिसर में अनिश्चित कालीन धरना एवं प्रदर्शन शुरू करेगा।

### मछली पकड़ने गए व्यक्ति की मौत

**संडीला(हरदोई)।** मछली पकड़ने गए एक व्यक्ति की पैर फिसल जाने से तालाब में डूबकर दुखद मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम बेहसार निवासी 45 वर्षीय गंगाराम गांव के बाहर तालाब में मछली पकड़ने गया था। इस दौरान पैर फिसल जाने के कारण वह तालाब के अंदर चला गया और गहरे पानी में डूब गया। जब काफी समय तक वह घर नहीं लौटा तो घरवालों को चिंता हुई। तलाश करने पर उसका शव तालाब से बरामद हुआ।

### ट्रेन से कटकर युवक की जान गई

**संडीला(हरदोई)।** ट्रेन की चपेट में आकर युवक की दुखद मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम शिवपुरी निवासी 25 वर्षीय मंजीत पुत्र कल्लू बालामऊ में किसी धर्मकांटे पर नौकरी करता था। देर रात वह धर्मकांटे से घर जाने के लिए निकला। जब वह देवनपुर रेलवे क्रासिंग पर पहुंचा तो किसी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी। मृतक की जामा तलाशी से मिले कागजों से उसकी पहचान हुई तथा पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजन को सौंप दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संडीला(हरदोई)।** एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना थाना बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम गिरधरपुर की है। ग्राम निवासी 28 वर्षीय गिरधर पास के गांव उमरारी में जागरण देखने गया था तथा वापस नहीं लौटा। दूसरे दिन उसका शव गांव के बाहर अंगोछे की सहायता से नीम से लटकता हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बरेली कॉलेज के छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत

**बरेली ।** बरेली कॉलेज में लगे रोजगार मेले से वापस घर लौट रहे बरेली कॉलेज के एक छात्र की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बहेड़ी थाने के लोधी पुर निवासी सुरेंद्र पाल सिंह के 19 वर्षीय बेटे जितेंद्र पाल सिंह की कल शाम इज्जत नगर थाना क्षेत्र में बैरियार दो पुलिस चौकी के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जितेंद्र बरेली कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था स कल दिन में उसको कॉलेज में रोजगार मेला आयोजित किया गया था स वह रोजगार मेले में शामिल होने के लिए आया था स जहां से वापस मोटरसाइकिल से अपने घर लौटते समय रास्ते में ही बैरियर 2 पुलिस चौकी के पास पीछे से आ रहे एक मिनी लोडर ने उसे टक्कर मार दी स वह गंभीर रूप से घायल हो गया स दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाले वाहन को पकड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी स लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची जितेंद्र की मौत हो चुकी थी स मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी गई जो मौके पर पहुंची और लाश की शिनाख्त कर ली स पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया स

# विधायक ने बांटी राहत सामग्री और लंच पैकेट



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बेमौसम हुई बारिश से आई भीषण बाढ़ में लगातार कई दिनों से गोला विधायक व उनकी पूरी टीम गोला विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में लंच पैकेट व राहत सामग्री वितरित कर रही है। इसी क्रम में गोला तहसील व विधानसभा क्षेत्र गोला के ब्लॉक बिजुआ के अंतर्गत बाढ़ चौकी पूजागांव आषाढ़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप बाढ़ प्रभावित जंगल नम्बर 9 के 75 परिवारों व जौहरा गुजारा के 210 परिवारों को गोला विधायक अनुज धर्मेंद्र गिरि मोंटी, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता ने राशन किट वितरित की। इस मौके पर विधायक अनुज धर्मेंद्र गिरि ने कहा कि बाढ़ प्रभावित एक-एक गांव में प्रत्येक बाढ़ पीड़ित को शासन द्वारा आने वाली सुविधाएं मुहैय्या कराई जाएंगी। तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता ने लेखपाल को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप बाढ़ प्रभावित गांवों के प्रत्येक परिवार को राशन किट व बेमौसम बाढ़ से हुई द्वक्तसलों की क्षति का जांच कर अतिशीघ्र मुआवजा दिलाया जाएगा। इस मौके पर लेखपाल आदित्य कुमार मिश्रा, वेद प्रकाश दीक्षित, पंकज मिश्रा, बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, दीपक मिश्रा ,संदीप शुक्ला, सचिन सिंह, सुरेंद्र त्रिवेदी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# वर्ल्ड पोलियो दिवस पर चिकित्सा शिविर आयोजित

**लखीमपुर-खीरी।** वर्ल्ड पोलियो दिवस पर वामा सारथी, उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक विजय ढुल के निर्देशन एवं जनपद अध्यक्षा वामा सारथी, पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, जनपद खीरी, श्रीमती अंशू (पत्नी पुलिस अधीक्षक खीरी) की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि डॉ. विकास सिंह (डब्लूएचओ), डॉ. आरपी दीक्षित (डीआईओ) एवं डॉ उज्जवल कांत यादव (डीवाई-डीआईओ) की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में बोन डेंसिटी टेस्ट, ब्लड शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर टेस्ट एवं दंत परीक्षण टेस्ट का आयोजन किया गया।

शिविर में साई फिजीयोथेरेपी केन्द्र एवं रोटरी क्लब लखीमपुर सेन्ट्रल के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क शिविर में डॉ. प्रदीप कुमार मेहता, डॉ रोचर टण्डन, डॉ प्ररुप




मेहता, डॉ शांतनु अवस्थी एवं डॉ विकास सिंह द्वारा पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजनों का बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) टेस्ट, ब्लड शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर टेस्ट एवं दंत परीक्षण टेस्ट किया गया। शिविर के दौरान डॉ. आरपी त्रिपाठी द्वारा हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम व आयरन को एक साथ न लेने के लिए बताया गया, जैसे कोई व्यक्ति सुबह सेब खाता है तो उसके तुरन्त बाद दूध नही पीना चाहिए। डॉ. रोचर टण्डन द्वारा हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा को पूर्ण करने के लिए दिन में पर्याप्त मात्रा में हरी शब्जी एवं दूध के सेवन की सलाह दी गई एवं शुगर के मरीजों को दिन में एक साथ पूर्ण रुप में भोजन न कर, दिन में कई बार भोजन करने की सलाह दी गई। डॉ. प्रदीप मेहता द्वारा वर्ल्ड पोलियो दिवस के बारे में जागरुक करते हुए बताया गया कि अपने देश में पोलियो को पूर्ण रुप से खत्म कर दिया गया है, परन्तु अन्य देशों में अभी भी पोलियो पूर्ण रुप से खत्म नही हुआ है। हमें पोलियो के प्रति सतर्क एवं जागरुक रहने की आवश्यकता है। जनपद अध्यक्षा वामा सारथी, पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, जनपद खीरी, श्रीमती अंशू (पत्नी पुलिस अधीक्षक खीरी) द्वारा शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ. विकास सिंह, डॉ. उज्जवलकांत यादव एवं डॉ. आरपी दीक्षित को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रोटेरियन चन्द्रभूषण साहनी एवं रोटेरियन राजेश सक्सेना द्वारा भी जनपद अध्यक्षा वामा सारथी, अंशू (पत्नी पुलिस अधीक्षक खीरी) को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### प्रधान पति व महिला लेखपाल ने बांटी बाढ़ राहत सामग्री



**निघासन खीरी।** ग्राम पंचायत बरोठा में बाढ़ के कहर से निपटने के लिए प्रधान पति चन्द्रहास व महिला लेखपाल अंशुल वैश्य ने आज तीसरे दिन शेष बचे मजरों बोझिया बस्ती पुरवा, देवीदीनपुरवा, करमूपुरवा, पहुंच कर लंचपैकेट व राहत सामग्री पहुंची। पूरी पंचायत में हर तरफ बाढ़ का पानी ही पानी नजर आ रहा है। लोग बाढ़ के पानी में जाने से घबरा रहे हैं। ऐसे में प्रधानपति चंद्रहास व लेखपाल अपनी जान की फिक्र न करते हुए समस्त मजरों का भ्रमण करते हुये। सभी का हाल चाल जाना प्रधान पति चंद्रहास ने बताया कि ग्राम पंचायत में किसी को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ये आपदा सभी के लिए है। यदि किसी भी प्रकार भोजन आदि की दिक्कत हो रही है। हमारे आवास बरोठा में लंचपैकेट बराबर बनाए जा रहे हैं। यहां आकर खा सकते हैं। अपने परिवार के लिए भी ले जा सकते हैं। प्रशासन से जो भी सुविधा बाढ़ पीडितों के लिए आयेगी तो तुरन्त मुहैय्या कराया जाएगा।

# शूटिंग के नाम पर अधिवक्ता से ठगे दस हजार

## ● पीड़ित अधिवक्ता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**लखीमपुर की** सरजमीं से निकलकर मुम्बई में फिल्म बनाने वाला डायरेक्टर असल जिंदगी में लोगों के लिए विलेन साबित हो रहा है। 'ए' ग्रेड पास एकमात्र फिल्म रिलीज होने के बाद से युवक-युवतियों को हीरो-हिरोइन व गायक बनाने के नाम पर पचासों हजार रुपए की ठगी के कई मामले सामने आए। वहीं इस फेहरिश्त में अब एक अधिवक्ता से भी दस हजार रुपए ठगने का मामला भी जुड़ गया है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में अधिवक्ता रामजी शर्मा ने बताया कि मूलतः फरधान थाने के मन्यौरा गांव का निवासी एवं हालपता सेक्टर-5, राजापुर रोहिणी सेक्टर 7 थाना रोहिनीनार्थ उत्तरी पश्चिमी दिल्ली निवासी आदित्य वर्मा 'जलज' ने उनसे 10 हजार रुपये उधार लिए थे। कहा था कि वह फिल्म की शूटिंग कर रहा है। जैसे ही फिल्म कम्प्लीट होगी वह उनके पैसे वापस कर देगा। पीड़ित रामजी ने उसे दो महीने के लिए पैसे दिए। जब दो महीने बाद उन्होंने पैसे वापस मांगने शुरू किए तो आदित्य वर्मा टालमटोली करने लगा। 9 अक्टूबर 2021 की सायं 4 बजे उन्होंने एक बार फिर पैसे वापस करने को कहा तो आदित्य ने अपशब्दों से नवाजते हुए कोई भी पैसा देने से इंकार कर दिया। अधिवक्ता का आरोप है कि आदित्य ने सोशल साइट पर उनके खिलाफ पोस्ट डालकर उनकी सामाजिक छवि भी धूमिल की है। पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अधिवक्ता ने उक्त डायरेक्टर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पैसे वापस दिलाने की मांग की है।

### तब हीरोइन बनाने के नाम पर ठगे थे दस हजार

**लखीमपुर-खीरी।** करीब सात साल पहले की बात है। लखीमपुर शहर के मोहल्ला शिवकालोनी निवासी गुड़िया मिश्र पत्नी प्रमोद मिश्र इन्हीं डायरेक्टर साहब को गिरेबान पकड़कर कोतवाली घसीटते लेकर आई थी। गुड़िया ने बताया कि डायरेक्टर ने हीरोइन बनाने के नाम पर उसकी बेटी से तीन साल पहले दस हजार रुपए ठगे थे। लगातार वह और उसकी बेटी डायरेक्टर साहब के घर मन्यौरा से लेकर दिल्ली तक दौड़ते रही मगर तब भी उन्होंने टालामटोली के सिवाए कुछ नहीं किया। नतीजन महिला उन्हें खुद ही कोतवाली तक घसीट लाई। आखिर में डायरेक्टर साहब को पैसे वापस करने पड़े थे।

### 2012 में भी चार पीड़ितों ने की थी अपील

लखीमपुर-खीरी। 9 जून 2012 को मुम्बई निवासी बिपिन पाण्डेय, दिल्ली निवासी धर्मेंद्र व अनिल तथा उप्र के राम बाबू ने 'कम्प्लेंट बोर्ड' साइट पर एक अपील पोस्ट की थी। तीनों ने बताया कि आदित्य वर्मा ने फिल्म में रोल देने के नाम पर चारों से 12-12 हजार के हिसाब से कुल 48 हजार रुपए लिए थे। 24 अप्रैल 2009 को फिल्म की शूटिंग करने के लिए कहा था। मगर काफी समय बीत जाने के बाद जब शूटिंग शुरू नहीं हुई तो उक्त चारों ने उससे पैसे मांगने शुरू कर दिए नतीजा उक्त फिल्म डायरेक्टर ने उन लोगों का फोन तक उठाना बंद कर दिया था। इस पर चारों ने वेबसाइट पर लोगों से डायरेक्टर के झांसे में फंसकर किसी प्रकार का पैसा न देने की अपील की थी।

### पानी में डूबने से युवक की मौत

**ढखेरवा-खीरी।** रमिया बेहड़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत दुलही के मजरा बदनपुरा गांव निवासी उमेश कुमार गौतम (22) की 23 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे बंधा रोड के पास बाढ़ के पानी में डूब जानें से मौत हो गई थी। कल से बारी-बारी करके लोगों ने शव को ढूंढने में लगे थे। रविवार को शव पानी से जाल से निकाला गया है। युवक के पिता बहादुर कुमार गौतम मौके पर मौजूद रहे। ग्राम पंचायत के प्रधान, ढखेरवा चौकी इंचार्ज हर्षित कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल मोहम्मद अली खान व कांस्टेबल राम सजीवन पूरी फोर्स के साथ मौजूद रहे। शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए लखीमपुर भेजा गया है। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। डूबने वाले व्यक्ति की शादी 2 साल पहले हुई थी।

## विभिन्न मामलों में आठ लोग गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी पुलिस द्वारा दो वांछित अभियुक्त मोहम्मद नदीम व अहिल अंसारी उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान मोहम्मद नदीम पुत्र सरताज अली व अहिल अंसारी उर्फ छोटू पुत्र सज्जाक हुसैन निवासीगण मोहल्ला जुलाहनटोला थाना व जनपद खीरी के रूप में हुई। वहीं थाना ईसानगर पुलिस ने जुआं खेलते पांच लोगों को पकड़ा। सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते हुए संतोष मिश्रा पुत्र बदलूराम, रमेश चन्द्र मिश्रा पुत्र रामलखन मिश्रा, प्रमोद मिश्रा पुत्र सिपाही लाल मिश्रा, राजेश कुमार पुत्र बैजनाथ व रिंकू पुत्र रामपाल सर्वनिवासी कस्बा व थाना ईसानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से ताश के पत्ते, 4400 रुपये नगद भी बरामद किया गया। वहीं मोहम्मदी पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ पुनीत अवस्थी को पकड़ा। पुलिस अभियुक्त पुनीत अवस्थी पुत्र श्याम सुन्दर अवस्थी निवासी ग्राम नकेडा थाना मोहम्मदी जनपद खीरी के पास से 315 बोर तमंचा व एक जिन्दा कारतूस भी बरामद की। आठों को जेल भेज दिया गया है।

# कोविड वैक्सीनेशन में 34 पायदान के सुधार के साथ 27वीं रैंक पर पहुंच गया खीरी

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**रुकावटों का** सामना करते हुए स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने अन्य विभागों व समाजसेवी संस्थाओं, पत्रकारों की मदद से एक सितंबर से 23 अक्टूबर के बीच कोविड वैक्सीनेशन की पहली खुराक की रैंक में 34 पायदान का सुधार किया है। यह जानकारी सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने देते हुए सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया है।उन्होंने बताया कि पहले किसान आंदोलन और फिर बाढ़ की विभीषिका के बीच कोविड वैक्सीनेशन की पहली खुराक में जिले ने 34 पायदान का सुधार किया है। एक सितंबर को वैक्सीनेशन में प्रदेश भर में खीरी जिले की 61 रैंक थी जो इन समस्याओं के बीच भी काम करते हुए सभी की मेहनत से 23 अक्टूबर 2021 को 27वीं रैंक हासिल की है।

इसके लिए समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं अन्य विभागों एवं समाजसेवी संस्थाओं सहित सभी सहयोगी पत्रकारों को बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से यह जोश और लगन तब तक बनाए रखने की अपील की है। जब तक वैक्सीनेशन 100 प्रतिशत ना हो जाए। वैक्सीनेशन को बढ़ाने के लिए लगातार बिग डे का आयोजन किया जा रहा है और समाजसेवियों सहित समाजसेवी संगठनों, बुद्धिजीवियों के आग्रह पर उनके बताए हुए स्थानों पर भी कैंप लगाने की व्यवस्था लगातार की जा रही है।

## ● सीएमओ ने दी जानकारी

## ● शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन तक मेहनत करने की अपील

# हास्पिटल का शिलान्यास 27 को

**मोहम्मदी खीरी।** संस्था मर्सी फाउंडेशन के चेयरमैन शकील सिद्दीकी ने मर्सी फाउंडेशन द्वारा संचालित मोहम्मदी शाहजहांपुर रोड स्थित बबौरी में 27 अक्टूबर को इलियास आजमी मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल (चैरिटेबल) के शिलान्यास कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हॉस्पिटल चंद महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। हॉस्पिटल मोहम्मदी क्षेत्र के विकास व स्वास्थ्य संसाधनों की उपलब्धता एवं विस्तार हेतु सभी आधुनिक जांच सुविधाओं व आधुनिक शल्य चिकित्सा कक्ष सहित 100 बेड का होगा। श्री सिद्दीकी ने यह भी बताया कि कार्यक्रम पूर्व सांसद इलियास आजमी की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किसान नेता राकेश टिकैत व विशिष्ट अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी सहित तमाम गणमान्य नागरिक पधार रहे हैं।

# डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने एआरटीओ को थमाया नोटिस

● अनैतिक कार्यों को लेकर चर्चा में आए संभागीय अधिकारी

● ज्यादार पटलों पर प्राइवेट कर्मियों को बैठाने पर हुई कार्रवाई

**संवाददाता**। उरई ( जालौन )

**योगी** सरकार की आंखों में धूल झोंककर सहायक संभीय अधिकारी दफ्तर में सरकारी पटलों पर प्राइवेट कर्मियों के द्वारा कार्य कराये जाने का खुलासा होते ही जहां आगरा डिवीजनल कार्यालय के डिप्टी ट्रांसपोर्ट जयशंकर तिवारी ने एआरटीओ को नोटिस थमा दिया। हैरानी की बात तो यह है कि एआरटीओ कार्यालय में लंबे समय से चल रहे अनैतिक कार्यों को लेकर जिला प्रशासन तक को गुमराह करने का फंडा अपनाया जा रहा था।

उल्लेखनीय हो कि समाचार पत्र द्वारा निरंतर एआरटीओ दफ्तर में चल रही कथित घूसखोरी व प्राइवेट कर्मियों के सरकारी पटलों पर बैठकर बाकायदा सरकारी कर्मी बनकर कार्य करने के साथ ही विभाग के गोपनीय दस्तावेजों तक भूरे नामक प्राइवेट व्यक्ति की पहुंच होना कार्यालय की सारी कहानी बयां करने के लिये काफी है। इन्हीं बिंदुओं को लेकर जब समाचार पत्रों का प्रकाशन किया तो उसका संज्ञान लेते हुए डिवीजनल कार्यालय आगरा के डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर जयशंकर तिवारी द्वारा एआरटीओ नोटिस थमा दिया गया। उक्त घटनाक्रम जिस तरह से घूमा और उसकी भनक एआरटीओ को पता चली तो मानो पूरे दफ्तर में हड़कंप मच गया और फिर जितने प्राइवेट कर्मी लंबे समय से कथित तरीके से सरकारी कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने में अपना पसीना बहाते नजर आते थे उनके चेहरों पर मायूसी का आलम देखा। लेकिन ऐसे कथित प्राइवेट कर्मियों के पास कितना पॉवर था इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि वह कार्य कराने पहुंचे व्यक्ति से खुलेआम पहले नजराना, बाद में सुकराना और काम होने के बाद हकराना लेने के लिये तत्पर नजर आते हैं। कुल मिलाकर आलम यह है कि एआरटीओ दफ्तर में जिस गति से प्राइवेट कर्मियों का कुनवा अमरवेल की तरह अपनी जड़े मजबूत करने में लगा हुआ है।

## कृषि पंजीकरण वाहनों पर भी करते हैं खेल

**उरई**। सहायक संभागीय कार्यालय में प्राइवेट कर्मी श्याम न्यू गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन, फिटनेस लाइसेंस, परमिट, के नाम पर दलाली, एजेंसी रजिस्ट्रेशन बाहर के डीलरों से पैचप करके, अधिकारीयों तक फाइलों को पहुंचा कर दलाली करना, इस आड़ में सिंडिकेट चलाना, जबकि शासन द्वारा सारे कार्य ऑनलाइन कर दिए गए हैं। 100 रुपए प्रतिदिन कमाने वाला ब्रोकर लाखों का मालिक है जो खुद दलाली के लिए चार-पांच लड़के लगाए हैं ऑफिस के बगल में ही उसके कार्यायल खुले है।

## किसने दिया लाइसेंस टेस्टिंग का अधिकार

**उरई**। लाइसेंस टेस्टिंग, बाहर की फाइल्स को पास कराने के अधिकार मात्र आरआई का है। लेकिन दफ्तर में रहकर उक्त काम शिवेंद्र नाम के इस कर्मी को लाइसेंस टेस्टिंग की ट्रेनिंग कहां से कब प्राप्त हुआ। इस बारे में खोजी मीडिया माथापच्ची करने में जुटी है।

## सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख पतियों की लंबी आयु की कामना की

जालौन ( **उरई** )। सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ का पर्व आस्था व विश्वास के साथ मनाया गया। रविवार को कार्तिक मास की चतुर्थी के दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ का व्रत रखा गया। पूरे दिन, निर्जला रहकर इस कठिन व्रत को महिलाओं ने अपने पति की लम्बी आयु के लिए पूरी आस्था व विश्वास से रखा। महिलाओं ने सुबह से ही घरों की सफाई करके घर की छत को गाय के गोबर से लीपकर उस पर चौक पूर कर भगवान गणेश, भगवान शंकर उनके पुत्र कार्तिकेय व माता पार्वती की प्रतिमा रखकर विधि विधान से पूजन किया। सायं के समय अपने हाथों से अपने परिवार के लिए भोजन पकाया। तत्पश्चात सोलह श्रृंगार करके भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना की तथा जीवनसाथी के बेहतर स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। रात्रि के समय जब धवल चांदनी के साथ चंद्रमा का उदय हुआ, तब महिलाओं ने आंखों के सामने चलनी लगाकर चंद्रमा के दर्शन किए। इसके साथ ही महिलाओं ने उन्हें जल दिया व आरती उतारी।

# दीपावली में भक्तों का भगवान की तरह हो स्वागतः अजीत

**संवाददाता**। चित्रकूट।



**दीपावली** अमावस्या मेले में तीर्थक्षेत्र आने वाले लाखों भक्तों का स्वागत भगवान की तरह किया जाना चाहिए। बुन्देली सेना ने व्यापारियों और आमजनता से इस कार्य में अपना योगदान देने की अपील की है। हमें केवल घर-प्रतिष्ठान ही नहीं सजाना है, बल्कि भक्तों का स्वागत कर सुखद संदेश भी देना है, ताकि यहां के पर्यटन और रोजगार में चार-चांद लग जाएं।

रविवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि हाइवे और चित्रकूट की सड़कों के किनारे बने प्रत्येक घर और प्रतिष्ठानों का सामना धनतेरस से यदि सज जाएं तो तीर्थ यात्रियों के लिए स्वागत जैसा नजारा होगा। भरतकूप से लेकर शिवरामपुर, बेड़ीपुलिया, सीतापुर, शिवरामपुर-खोही मार्ग, सूरजकुण्ड रोड, परिक्रमा मार्ग, रामघाट टैम्पो स्टैंड, पुराना सीतापुर चौगलिया समेत हर मुख्य सड़क के सामने के दुकानदार और घर वाले लोग यदि अपने-अपने प्रतिष्ठान और घरों का सामना ही सजा दें तो तीर्थयात्रियों का अभूतपूर्व स्वागत होगा। पांच दिन के ऐतिहासिक मेले में यदि थोड़ा-थोड़ा योगदान हम सभी दे दें तो लाखों भक्त सुखद अनुभूति लेकर जाएंगे। कर्वी शहर के भी मुख्य मार्गों में व्यापारी अपनी दुकानों को सजा लें तो दीपावली में लाखों भक्त जगमग रोशनी में यात्रा का आनंद लेंगे। बुन्देली सेना ने सभी से योगदान की अपील की है। भक्तों का जब भगवान की तरह स्वागत होगा तो धर्मनगरी के पर्यटन में भी चारचांद लगेंगे। पर्यटन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, बाहरी पैसे की आवक बढ़ेगी और और यहां समृद्धि आएगी।

## विधायक ने किसानों को बांटीं मिनी किट

**चित्रकूट**। कृषक इंटर कालेज भौंरी में लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के बीच विधायक आनन्द शुक्ला ने किसानों ने मिनीकिट व स्प्रेयर तथा वेस्ट डिकम्पोजर बांटे। कृषि विभाग की प्रदर्शनी में किसानों को दलहन, तिलहन की खेती को बढावा देने की चर्चा हुई।

रविवार को विधायक आनन्द शुक्ला व जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने किसानों की आय बढाने को उन्नतशील प्रजातियों की खेती पर जोर दिया। दलहनी, तिलहनी फसलों का क्षेत्रफल बढाने बाबत चर्चा हुई।

खुद के उपजाये दाल व तिलहनी फसलें बाजार में उपलब्ध चीजों से ज्यादा गुणकारी हैं। किसानों को निःशुल्क बीज दिये गये।

कृषि विभाग ने दस किसानों को वेस्ट डिकम्पोजर निःशुल्क किया। किसानों से खेतों में फसल अवशेष जलाने की बजाय उन्हें खेत में मिलाकर खाद बनाने की सलाह दी। इस मौके पर उपकृषि निदेशक डॉ राकेश कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी बाल गोविन्द, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने किया खाद समिति का सघन निरीक्षण कर्मचारियों को लगाई जमकर फटकार

● किसान बोले खाद खरीदने के नाम पर कर्मी करते हैं पक्षपात

**संवाददाता**। कदौरा (जालौन)



**जिले** में खाद की किल्लत व किसानों की शिकायतो को देखते हुए रविवार को डीएम के आदेश पर सीडीओ डॉ अभय कुमार श्रीवास्तव ने कदौरा स्थित सहकारी समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक व वितरण रजिस्टर चेक किए। रजिस्टर में किसानों को 10 व पांच बोरी खाद चढ़ी होने पर कर्मचारियों से जबाब तलब किया। सचिव के नदारत रहने पर कर्मचारी जबाब नही दे पाए। जिस पर उन्होंने कर्मचारियों को कड़ी फऊटकार लगाई। किसान रामकुमार राजपूत ने बताया कि समिति के कर्मचारी खाद वितरण में पक्षपात करते है। जिससे किसानो को खाद नहीं मिल रही है।

वह प्राइवेट दुकानदारों से महंगे दामों में खाद लेने को मजबूर है। सीडीओ डॉ अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द खाद समितियों में आने वाली है। किसानों के साथ पक्षपात नही होगा। लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी वह अपनी रिपोर्ट डीएम को सौपेंगे।

# किसानों के लिए महज धोखा साबित हो रहे हैं तकनीकी एक्सपर्ट किसान सहायक

कृषि विभाग का हाल बेहाल

● साप्ताहिक कार्यक्रम कागजों में बनाकर शासन को कर रहे हैं गुमराह

**संवाददाता**। हमीरपुर

**तकनीकी** जानकारी देने के लिए शासन से नियुक्त प्राविधिक सहायक (टीए) किसानों के लिये महज धोखा साबित हो रहे है। हरेक टीए क्षेत्रीय सप्ताहिक कार्यक्रम कागजों में बनाकर शासन को गुमराह कर देते है,किसी भी गांव में सप्ताह में एक दिन खेतीबाड़ी से संबंधित तकनीकि जानकारी नही दी जाती है।

जानकारी के मुताबिक किसानों को तकनीकि ढंग से खेती करने के लिये शासन ने जिले में तीन साल पहले हरेक न्यायपंचायत यानी 59 न्याय पंचायतों में तकनीकि सहायक(टीए) की नियुक्ति की थी वर्तमान मे केवल 39 तकनीकि सहायक बचे है। अभी हाल ही में शासन ने 10 तकनीकी सहायकों की जिले मे भेजने की संस्तुति कर दी है। हरेक न्याय पंचायत में एक किसान सहायक नियुक्त होता है। एक न्याय पंचायत में कम से कम छह या सात गांव सभाएं होती है।

किसान सहायक अपने न्यायपंचायत क्षेत्र में हर रोज का एक एक गांव मे लिखित मे कार्यक्रम दिन निश्चित करता है और वहा पर जाकर किसानों की पंचायत बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनने के बाद उन्हे तकनीकि जानकारी देता है ताकि किसान उन्नत खेती कर सके मगर यह सब कार्यक्रम महज कागजों में चलता है। मौदहा ब्लाक के ग्राम भुलसी, छानी, खंडेह, छिरका, रीवन व सुमेरपुर ग्राम के भौरा, बरुआ, सुरौलीबुजुर्ग, सिमनौड़ी, विरखेरा, भौनिया व कुरारा ब्लाक के ग्राम डामर, मनकीखुर्द, टोडरपुर, बेरी लहरा,खरौज, शिवनी, चकोठी, मिश्रीपुर के अलावा गोहांड ब्लाक चिकासी,पवई, बडाखरका आदि गांव के किसानों ने बताया कि उन्हे आज तक यही जानकारी नहीं है कि गांवों में तकनीकि जानकारी देने के लिये किसान सहायक भी नियुक्त है न ही आज तक कोई पंयायत बुलायी गयी न ही कोई जानकारी दी गयी, जबकि रवी की फसल में ढेर सारे फसलों में मर्ज लग जाते है मगर उसकी कोई जानकारी नही दी जाती है। ग्रामीण अपने स्तर से फसल का उपचार करते रहते है। शासन से किसानों के बताने के लिये ढेर सारे नियम कानून आते है मगर वह सभी कागजों में कैद होकर रह जाते है।

## डंपर से टकराने के बाद बाइक सवार की मृत्यु

सुमेरपुर ( **हमीरपुर** )। सुमेरपुर कस्बे से घर वापस आ रहे तीन बाइक सवार युवक आगे चल रहे डंपर में घुस गए। जिससे एक युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सुमेरपुर कस्बा निवासी पवन (22) पुत्र रामकिशन धुरिया अपने साथी सुनील व गोनू पंडित के साथ फैक्टरी एरिया से बिना हेलमेट लगाए बाइक से कस्बे की तरफ आ रहे थे। कल देर रात पावर हाउस के पास हाईवे पर आगे जा रहे एक डंपर में पीछे से घुस गए। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल भेजा। जहां पवन की हालत नाजुक होने पर कानपुर रफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद पवन के परिजन शव को लेकर वापस कस्बे में ले आए और बिना पोस्टमार्टम कराए ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# ईश्वर को चाहो ईश्वर से ना चाहोः स्वामी गिरिशानंद

**संवाददाता**। सुमेरपुर (हमीरपुर)



**सुमेरपुर** कस्बा के उदय गार्डन में चल रहे प्रवचन के कार्यक्रम में बोलते हुए स्वामी गिरिशानंद ने कहा कि ईश्वर से मांगने पर सब कुछ अपने आप मिल जाएगा। परमात्मा को पाने के लिए ज्ञान और कर्म का मार्ग कठिन लगता है तो भक्ति का मार्ग सबसे सरल है। परमात्मा की सच्चे हृदय से भक्ति करके जीवन को सफल बनाया जा सकता है। उनका कहना था कि जब परमात्मा का सानिध्य मिल जाता है तो इच्छाएं खुद समाप्त हो जाती है। जिसकी इच्छाएं समाप्त हो जाए तो समझ लो कि वह ईश्वर को पा लिया। देश समाज पर चर्चा करते हुए स्वामी जी ने कहा कि देश का नेतृत्व नई शिक्षा नीति लेकर आया है इससे शिक्षा में सुधार शुरू हो गया है। जब तक शिक्षा नहीं बदलेगी तो मानसिकता नहीं बदलेगी और मानसिकता नहीं बदलेगी समाज नही बदलेगा । उन्होंने कहा कि शिक्षा में परिवर्तन बहुत जरूरी है, शिक्षा से समाज बदलेगा तो देश अपने आप बदल जाएगा, इस अवसर पर राजस्थान से पधारे संत स्वामी मुक्तानंद जी ने कर्मयोग पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि कर्म सभी को करना पड़ता है बिना कर्म के कोई नहीं रह सकता अच्छे कर्म करने से अच्छा फल मिलता है और बुरा कर्म करने से बुरा फल मिलता है, इसलिए हमें हमेशा सत्कर्म करना चाहिए।

# 27 को प्रियंका गांधी की यात्रा का होगा भव्य स्वागत

**संवाददाता**। चित्रकूट

**कांग्रेस** राष्ट्रीय महासचिव/प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी की बाराबंकी से चली प्रतिज्ञा यात्रा 27 अक्टूबर को राजापुर में आने पर भव्य स्वागत बाबत बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष जयवंत सिंह, प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला व प्रदेश सचिव श्रवण साहू की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई। निर्णय लिया कि यात्रा के स्वागत को नुक्कड़ सभाएं की जाएगी।

रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष जयवंत सिंह ने बैठक में कहा कि कांग्रेसी प्रतिज्ञा यात्रा के स्वागत की जोरदार तैयार करें। आठ नवम्बर को महोबा की रैली में प्रियंका गांधी सम्बोधित करेंगी। कांग्रेस ने प्रतिज्ञा ली है कि सरकार बनने पर प्रतिज्ञा को पूरा करेंगे। प्रदेश सचिव श्रवण साहू ने कांग्रेसियों से दोनों विधानसभा में आवेदन करने वाले नेताओं से अपेक्षा जताई कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा जगहों पर यात्रा का स्वागत करायें। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने प्रतिज्ञा यात्रा को सफल बनाने की अपील की।

जिला उपाध्यक्ष रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि प्रतिज्ञा यात्रा का भव्य ढंग से स्वागत होगा। 2022 में प्रियंका की अगुवाई में प्रदेश में सरकार बनायेंगे। प्रियंका ने जिन सात वचनों की घोषणा की है उसे सरकार बनने पर पूरा किया जायेगा।

बैठक में अवधेश करवरिया, वीरेन्द्र पाण्डेय, राकेश वर्मा, अनिल गुप्ता, कालीचरन राजपूत, विजयमणि त्रिपाठी समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## संगठन को और मजबूत करेंगेः आनन्द

**चित्रकूट**। उप्र बिजली कर्मचारी संघ मंडल कमेटी की कार्यकारिणी बैठक रामलीला मैदान में प्रान्तीय उपमहामंत्री का रामलाल पाल की अध्यक्षता में हुई।

रविवार को हुई बैठक में दक्षिणांचल महामंत्री आनन्द पाल ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि संगठन की मजबूती और आन्दोलन में धार देने को खंड और मंडल कमेटी गठित की जाये, ताकि आन्दोलन को धार मिल सके। का रामलाल पाल ने कहा कि संविदा कर्मियों को सीधे विभाग में समायोजित किया जाये। महामंत्री आनन्द पाल ने कहा कि संगठन कर्मचारियों का उत्पीडन बर्दास्त नहीं करेगा। सरकार को पुरानी पेंशन लागू करनी होगी। बैठक का संचालन मंडल मंत्री उमतपाल ने किया। बैठक में शिवसागर, नन्दकिशोर, अवधेश, सुशीलचन्द्र जोशी, वकीलराम, लक्ष्मीनारायण, विजय कुमार, बृजेश श्रीवास्तव, राकेश त्रिपाठी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों के मिलने पर पिता के चेहरे पर खिल उठी मुस्कान

**संवाददाता**। चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल की अगुवाई में आपरेशन मुस्कान के तहत दो घंटे के अन्दर गुमशुदा बालकों को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। परिजनों के चेहरे बालक पाकर खिल गये।रविवार को रैपुरा थानाध्यक्ष अजीत पाण्डेय को सूचना मिली कि शाम छह बजे राजकुमार पुत्र बच्चीलाल कोल निवासी नयाचन्द्रा के पुत्र दशरथ (14) व सुदीप (10) कक्षा नौ व पांच के छात्र विद्यालय पढने जाने के दौरान कहीं गायब हो गये हैं।

सूचना पर पुलिस ने तत्काल सुरागरसी शुरु कर दी। दोनों बच्चों को रात आठ बजे कर्वी से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि राजकुमार कोल ने दूसरी शादी कर ली थी। दोनों बच्चे पहली पत्नी के थे। दोनों बच्चे अपनी मां के पास चले गये थे। उन्हें पिता से मिलवाया तो पिता के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। टीम में रैपुरा थानाध्यक्ष अजीत पाण्डेय, दरोगा शिवपूजन यादव, दरोगा अनिल गुप्ता शामिल रहे।

# हथियार और देसी बम के साथ गिरफ्तार

**संवाददाता**। कदौरा (जालौन)



**शनिवार** को थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है, जब दो देसी बमों सहित अवैध असलहे बेचने जा रहे एक तस्कर को घेरा बंदी करके पकड़ लिया, जबकि दूसरा साथी पुलिस को चकमा दे कर फरार हो गया। पूछताछ में उक्त युवक ने बताया कि वो लोग उक्त माल को हमीरपुर जनपद के कुरारा थाना क्षेत्र के एक गांव में बेचने जा रहे थे ।

शनिवार शाम को प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्रनाथ यादव अपने हमराहियों के साथ बेरी रोड पर वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी सूचना मिली कि अवैध असलहे लेकर तस्कर एक मोटरसाइकिल से तमंचा व कारतूस बेचने कुरारा की ओर जा रहे है। तभी पुलिस को एक स्टार सिटी बाइक में दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देख कर उक्त युवको ने झोला फेक दिया और भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर एक युवक सुनील कुमार बाथम उर्फ पप्पू को पकड़ लिया। तलाशी पर उसके पास से दो देसी बम, दो तमंचा 315 बोर चार कारतूस बरामद किए। पुलिस की पूछताछ में उक्त युवक ने अपने साथी का नाम भूरा बताया।

**सपा प्रांतीय महासचिव का सपाजनों ने किया जगह-जगह स्वागत**:जालौन (उरई)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव तिलकचंद अहिरवार के नगर आगमन पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह जगह स्वागत किया। जिला पंचायत सदस्य रामेन्द्र त्रिपाठी ने अपने घर आगमन पर अपने साथियों दीपू त्रिपाठी, लल्लन श्रीवास्तव, इमरान अंसारी, बलवान गुर्जर आदि के साथ स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष सोनू मंसूरी ने व उनकी कार्यकारिणी ने अपने नेता के नगर आगमन पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर नगराध्यक्ष सोनू मंसूरी, पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल मंसूरी, कुलदीप श्रीवास्तव, अजीत पाथरे लल्ला राजावत, शकील खान, इंद्रजीत यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# बांदा का नाम बदल कर बामदेव नगर रखने को सदर विधायक ने लिखा पत्र

**संवाददाता**। बांदा

**महर्षि** बामदेव नगर एक्शन फोरम के ज्ञापन को सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने इनेबल संस्कृति के साथ उत्साहित करते हुए मुहिम की सफलता के लिए हर संभव योगदान करने का आश्वासन दिया।

जिला बांदा का नाम बदलकर महर्षि बामदेव नगर रखे जाने की मुहिम त्रिवेणी फाउंडेशन ट्रस्ट के संबंधित महर्षि रामदेव नगर एक्शन फोरम द्वारा चलाई जा रही है जिसमें हर वर्ग के लोगों का जोरदार समर्थन मिल रहा है। विगत दिवस फोरम का प्रतिनिधिमंडल सदर विधायक के साथ चंदू बेदी ने मुलाकात की मुख्यमंत्री संबंधित मांग पत्र सौंपा। जिसमें बांदा शहर का नाम बदलकर रामदेव नगर रखे जाने की बात कही। आप को बता दे की लगातार प्रदेश में जिलों का नाम बदला जा रहा है। इसके चलते बांदा सदर विधायक प्रकाश दिवेदी ने एक पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को बांदा शहर का नाम बदलकर बामदेव नगर रखने के लिए भेजा है उत्तर प्रदेश विभिन्न शहरों को उनके वास्तविक ऐतिहासिक पराक्रम महत्त्व एवं गरिमा के अनुसार नाम सुधार पुनकारण की प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के कई शहरों को विगत समय पर नाम परिवर्तन किया गया है

बांदा शहर का नाम बांदा इसलिए पड़ा क्योंकि बांदा रामायण काल से ही गौतम ऋषि के पुत्र महर्षि बामदेव की तपोस्थली रही है। वेदों के अनुसार सप्तर्षियों के महर्षि बामदेव का नाम भी आता है, जिसके आधार पर ज्ञात स्त्रोतों से अनुसार पूर्व में इस स्थान क्षेत्र का नाम बंधा हुआ था फिर बाद में बांदा पड़ गया केन नदी किनारे इस तरफ बामदेव का प्राचीन मंदिर और उनके द्वारा स्थापित शिव ने भी मौजूद है।

मानता है कि कि त्रेता युग के वनवास के दौरान भगवान राम माता जानकी एवं लक्ष्मण जी के साथ महेश बामदेव से मिलने इस स्थान पर आए थे क्योंकि किसी के लिए भी बांदा शब्द के उच्चारण एवं प्रथम दृष्टया अंदाजा लगाना बहुत ही मुश्किल होता है बांदा शब्द का इतिहास क्या है। उक्त प्रकरण को गंभीरता से विचार करते हुए बांदा जिले का नाम परिवर्तन करने और महर्षि बामदेव नगर रखने की के साथ क्षेत्र को चित्रकूट धाम मंडल की तरह रामायण सर्किट योजना में जोड़ने की कृपा करें जिले का तीर्थ क्षेत्र विकास संभव हो सके।

# हिन्दी फिल्मों ने करवाचौथ व्रत को चढ़ाया परवान

● सुहागिनों के साथ कुंवारी भी रखती हैं व्रत

**संवाददाता**। चित्रकूट

**हिन्दी** फिल्मों ने करवा चौथ को खासा ग्लैमराइज कर दिया है। आधुनिकता के चलते पौराणिक काल के पति-पत्नी के बीच सामंजस्य और रिश्तों की गरमाहट तथा समर्पण के प्रतीक इस व्रत को प्रेमी-प्रेमिका भी करने लगे हैं।

करवा चौथ के ग्लैमराइज्ड हो जाने से बाजारों में व्रत के एक सप्ताह पहले रौनक बढ़ जाती है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात तथा हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र के साथ हिन्दी फिल्मों ने जिस कलात्मकता से साथ करवा चौथ को प्रदर्शित किया है। उसका यहां भी खासा असर देखने को मिल रहा है। भारतीय समाज में हिन्दू पति-पत्नी अपने दाम्पत्य जीवन आदर्श भगवान शिव और पार्वती को मानते हैं। करवा चौथ शिव-पार्वती की पूजा का पर्व तो है ही, लेकिन भगवान गणेश की भी पूजा कर सुहागिने और अपने पति की लम्बी आयु और मंगल कामना के लिए यह व्रत करती हैं। सतयुग में सावित्री व द्रौपदी के इस व्रत को करने का वर्णन लोक कथाओं में मिलता है।

बालीवुड की हिन्दी फिल्मों ने इस व्रत को और भी ग्लैमराइज्ड कर दिया है। इसके चलते वर्तमान युग में करवाचौथ के दिन सुहागिनों में जहां खासा उत्साह देखने को मिलता है, वहीं युवतियां भी इस व्रत को करने में पीछे नहीं हैं।

इसके चलते बाजारों की रौनक कुछ ज्यादा ही इन दिनों बढ़ गई है। बाजारों में एक सप्ताह पहले से नव विवाहितायें एवं सुहागिनों के साथ युवतियों की भी सौंदर्य प्रसाधन



चूड़ियां, गहनें तथा दीपक, करवा, पूजा सामग्री की दुकानों में खासी भीड़ देखने को मिली है। आज करवाचौथ के दिन सर्राफा बाजार में भी रौनक देखने को मिली।

सोने के असमान चूमते भाव के बावजूद अपनी प्रेयसी व पत्नी के प्रति समर्पण के चलते कई लोगों ने जेबें खाली करने में कंजूसी नहीं की। हिन्दी फिल्मों का इस व्रत में खासा असर देखने को मिला। सुहागिनें जहां व्रत करने में पीछे नहीं हैं, वहीं पति भी दाम्पत्य जीवन जीने को व्रत रखते हैं। युवतियों ने तो करवाचौथ के पहले से अपने हाथों में मेंहदी रचा ली है। करवाचौथ के व्रत को फिल्म दिल वाले दुल्हनियां ले जायेंगे, बागवान, राजा हिन्दुस्तानी, बीवी नम्बर-1, कभी खुशी कभी गम जैसी पारिवारिक फिल्मों ने कुछ इस कदर ग्लैमराइज्ड कर दिया है कि ये फिल्में आज के दिन खासतौर पर देखी गईं। करवाचौथ को परम्परा के साथ फैशन से भी लोगों ने जोड़ लिया है। जिन घरों में परम्परागत तौर पर ये व्रत मनाने की परम्परा नहीं हैं, उन घरों की भी सुहागिनों ने ये व्रत रखना शुरू कर दिया है। देर रात तक पति का इंतजार कर छन्नी के छिद्रों से पति की सूरत देखने के बाद ही व्रत को तोड़ने की परम्परा है।

ऐसे में जो अनब्याही युवतियां इस व्रत को रखें हैं, उनके व्रत तोड़ने का गुपचुप अंदाज कुछ निराला ही बताया गया। ऐसी व्रती युवतियां घरों में चुपके से अपने प्रेमी की तस्वीर का ही नजारा कर व्रत को तोड़कर अपने समर्पण का इजहार कर लेती है।

# सपा नेता पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

### ● पीएम व सीएम के खिलाफ की थी अमर्यादित टिप्पणी

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली



**महराजगंज इन्हौना** मार्ग की बदहाली पर बाबा राम केवल अनशन कारी के नेतृत्व में चल रहे धरना प्रदर्शन में तिलोई क्षेत्र के रहने वाले कथित समाजवादी पार्टी के नेता द्वारा देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर अभद्र अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के मामले में क्षेत्र के दो युवकों ने अपने साथियों संग कोतवाली पहुंच कर पुलिस को एक लिखित शिकायती पत्र देकर संबंधित समाजवादी पार्टी के नेता पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही है, बताते चलें कि महाराजगंज इन्हौना मार्ग की बदतर बदसूरत हालत पर क्षेत्र के सिकंदरपुर के रहने वाले बाबा राम केवल अनशन कारी के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में लोग कस्बे के सुखई पुरवा तिराहे पर धरने पर बैठे हैं, बताते हैं कि विगत 21 तारीख को तिलोई क्षेत्र के रहने वाले महताब खान द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए संबोधन किया गया है, जिस के संबंध में जनई गांव के रहने वाले अनुराग सिंह उर्फसनी सिंह व कुलदीप सिंह ने कोतवाली पुलिस को एक लिखित शिकायती पत्र देकर सपा नेता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की लिखित शिकायत की है, दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है, कि दिनांक 21 10 2021 को क्षेत्र में चल रहे महराजगंज इन्हौना मार्ग को लेकर धरने में पहुंचे समाजवादी पार्टी के नेता महताब खान तिलोई मोहनगंज जनपद अमेठी के रहने वाले है, उनके द्वारा देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के विषय में अमर्यादित टिप्पणी की गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, और जिससे क्षेत्र में सामाजिक व सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का माहौल उत्पन्न होता दिख रहा है, ऐसे में संबंधित सपा नेता पर मुकदमा दर्ज किया जाए मामले में कोतवाली प्रभारी नारायण कुशवाहा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कराई जा रही है, जो भी तथ्य सामने निकल कर आएंगे उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय की बैठक हुई आयोजित

### ● नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई फागिंग इत्यादि की जानकारी ली

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी अरुण** कुमार ने शुक्रवार देर शाम कैम्प कार्यालय में स्थानीय निकाय की बैठक कर शहरी क्षेत्र में कराए गए कार्यों की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में साफसफाईए फागिंग इत्यादि की जानकारी ली एवं संचारी रोगों के दृष्टिगत नियमित साफ सफाई फागिंग तथा नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था हेतु क्रय किए गए उपकरणों के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने मुसाफिरखाना तथा गौरीगंज में कूड़ा निस्तारण केंद्र तथा अमेठी व मुसाफिरखाना में कान्हा गौशाला के निर्माण की प्रगति की जानकारी ली एवं जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त ईओ को शहरी क्षेत्र में नालियोंध्सड़कों की बेहतर साफसफाई कराने के निर्देश दिएए इसके साथ ही उन्होंने सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी ईओ को पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाकर पॉलिथीन विक्रेताओं पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने शहरी क्षेत्र में समस्त मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 सुशील प्रताप सिंह समस्त अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## नवागत डिप्टी कलेक्टर बनीं उप जिलाधिकारी तिलोई

**अमेठी।** जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार ने बताया कि जनहित एवं कार्यहित में जनपद में नवागत डिप्टी कलेक्टर शिवानी सिंह को उप जिला अधिकारी उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील तिलोई के पद पर तैनात करते हुए तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा से दलीय प्रत्याशी होने की इच्छा रखता हूं: विनोद बाजपेई



**रायबरेली।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भाजपा (सेवा भारती) के पूर्व जिलाध्यक्ष व वायुसेना से रिटायर्ड वारंट ऑफिसर विनोद बाजपेई ने कहा कि जनसंघ के समय से ही मेरा जुड़ाव भाजपा नेतृत्व से रहा है। मैं भाजपा में था। भाजपा मे हूं और भाजपा में आजीवन रहूंगा। इस सोच के तहत मैं इस बार विधानसभा चुनाव में 2022 के लिए सदर विधानसभा में भाजपा से दलीय प्रत्याषी होने की इच्छा रखता हूं। मैने पार्टी नेतृत्व से आवेदन भी किया है। श्री बाजपेयी ने कहा कि यदि यदि पार्टी ने विष्वास जताया और मौका दिया तो मैं सदर विधानसभा 180 में विकास की गंगा बहा दूंगा, इस बार के विधानसभा चुनाव में मेरी तमन्ना है कि सदर विधानसभा में पहली बार कमल खिलाऊ और उसी के सहारे पूरी विधानसभा क्षेत्र में विकास करूं। इसके लिए मैने पार्टी नेतृत्व ाके पत्र भेजकर आवेदन भी किया है अगर पार्टी नेतृत्व ने आषीर्वाद दिया तो सदर क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।

# फौजी हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

### ● घटना में प्रयोग की गई पिकअप को भी पुलिस ने किया बरामद

संवाददाता। अमेठी



पुलिस के गिरफ्त में अभियुक्तगण घटना की जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी

**मुंशीगंज पुलिस** व एसओजी अमेठी द्वारा हत्या का खुलासा करते हुए हत्या में प्रयुक्त वाहन के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया है प् हत्या की घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि जिले के मुंशीगंज थानाध्यक्ष संदीप राय व एसओजी प्रभारी धीरेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर पिकअप वाहन संख्या यूपी0 33 टी 9114 में सवार दो अभियुक्त विजय प्रताप सिंह उर्फ गल्लन सिंह पुत्र चन्द्रबहादुर सिंह निवासी पश्चिम दुआरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी व श्याम बिहारी शुक्ला पुत्र चन्डीदत्त शुक्ला निवासी भुसियांवा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को दरपीपुर गरथोलिया रोड़ से समय करीब 07रू30 बजे प्रातरू गिरफ्तार किया गया । घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा कुल 04 टीमों का गठन किया गया था । टीमों द्वारा निरंतर प्रयास कर घटना के बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तलाशी गई जिससे उपयुक्त गाड़ी यूपी 33 टी 9114 को तलाश कर बरामद किया गया । सर्विलांस व एसओजी टीम द्वारा निरंतर प्रयास कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि विजय प्रताप उर्फ गल्लन व उदय प्रताप सिंह की मृतक संतोष सिंह से काफी समय से रंजिश चलती आ रही है । इसी रंजिश के चलते साजिश के तहत अभियुक्तों द्वारा गाड़ी यूपी 33 टी 9114 को खरीदा गया था तथा आपस में बातचीत के लिए 02 अदद नयी मोबाइल फोन 02 अदद नया सिम खरीदा गया था । इन दोनो फोन के द्वारा मृतक संतोष सिंह की रैकी करते हुए मृतक लोकेशन गाडी चालाक अभियुक्त श्याम बिहारी शुक्ला को देते रहे तथा इसी साजिश के तहत अभियुक्त श्याम बिहारी शुक्ला ने 17ण10ण2021 को संतोष सिंह ;फौजीद्ध का पीछाकर दीनापुर पुलिया के पास पिकप संख्या यूपी 33 टी 9114 से संतोष सिंह को टक्कटर मारकर हत्या कर दी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी । घटना करने के बाद अभियुक्तो द्वारा मोबाइल फोन व सिम को नष्ट कर दिया । इस घटना को अंजाम देने के लिए अभियुक्त विजय प्रताप व उदय प्रताप द्वारा अभियुक्त श्याम बिहारी शुक्ला को यूपी 33 टी 9114 को रुपये 01 लाख 85 हजार में खरीद कर दी गयी थी कि घटना के बाद गाड़ी श्याम बिहारी शुक्ला हो जायेगी ।

# एसडीएम कोर्ट के स्टे के आदेश को भी नहीं मानती लालगंज पुलिस

## रोके के बावजूद पुलिस की शह पर हुआ निर्माण

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव में एसडीएम कोर्ट से स्टे के बावजूद अवैध निर्माण कराया जा रहा है। मामले में पीड़ित पक्ष पप्पू पुत्र रामनाथ के द्वारा कोतवाली लालगंज में शिकायत करने पर पुलिस के द्वारा उसे और उसके पुत्र को ही थाने में बैठा लिया गया और उधर बहाई गांव में प्रति पक्षी के द्वारा निर्माण कार्य कराया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा सुनवाई न किए जाने पर मुकदमा वादी पप्पू मौर्य के दूसरे पुत्र ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली और एसडीएम लालगंज से भी मामले की शिकायत की लेकिन ना तो निर्माण कार्य पुलिस ने रुकवाया और ना ही पीड़ित पक्ष को रिहा किया। दोपहर बाद 4 बजे लालगंज पुलिस ने वादी मुकदमा पप्पू और उसके पुत्र अंकित का चालान धारा 151 में करके मामले की इतिश्री कर दी । पीड़ित पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार पप्पू पुत्र रामनाथ बनाम रज्जन लाल ,प्रेम शंकर ,सुंदरलाल पुत्र गण सूर्य बली निवासी बहाई का एक बंटवारे का मुकदमा लालगंज एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है। जहां से वाद निस्तारित होने तक मामले में यथास्थिति का आदेश एसडीएम ने किया है ।पूर्व में 6 अक्टूबर को लालगंज पुलिस ने दोनों पक्षों मे इन शर्तों पर सुलह नामा कराया था कि जब तक स्टे रहेगा कोई भी पक्ष निर्माण नहीं करेगा। लेकिन अब उसी स्टे को लालगंज पुलिस नहीं मान रही है और उल्टा वादी मुकदमा को ही बंद कर दिया जिससे न्याय के लिए कोतवाली पहुंचे पप्पू मौर्य का परिवार बुरी तरह दहशत में है। वही वादी मुकदमा पप्पू मौर्य के परिजनों ने यह भी बताया कि एसडीएम को दूरभाष पर निर्माण की सूचना देने पर उन्होंने बहाई लेखपाल को मौके पर जाकर कार्य रुकवाने का निर्देश दिया लेकिन लेखपाल भी कार्य रुकवाने मौके पर नहीं गए उल्टा पीड़ित पक्ष को ही लेखपाल धमकाने लगे ।अब पीड़ित पक्ष के द्वारा मामले की शिकायत कार्यालय खुलने पर सोमवार को डीएम से करने की बात कही गई है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न




प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विशेषज्ञ

संवाददाता। तिलोई अमेठी

**कृषि विज्ञान** केंद्र कठौरा में तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के अंतिम दिन चार विकास खंड सिंहपुरए तिलोई एजगदीशपुर और मुसाफिरखाना के 72 कृषकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। ;आत्मा योजनान्तर्गत कराया गया प् जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिंहपुर विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी व पूर्व सिंहपुर प्रधान संघ के अध्यक्ष अर्जुन सिंह भदौरिया व विकास खंड सिंहपुर नीरेश कुमार तिलोई बीटीएम अरुण कुमार जगदीशपुर बी टी एम् देव मणि त्रिपाठी व मुसाफिरखाना बी टी एम् सीताराम व कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकध्अध्यक्ष डॉ आर के आनंद जीएडॉ सुरेंद्र सिंह जी डॉ ए के सिंह व विभागीय अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में विभिन्न विकास खंड से धीरेंद्र तिवारी अमर बहादुर अशोक तिवारी जय श्याम मिश्रा प्रेम प्रकाश सोनू मोहन लाल राम प्रकाश आदि कृषक मौजूद रहे इस प्रशिक्षण में कोविड.19 का प्रोटोकॉल स्वच्छ भारत मिशनए फसल पराली प्रबंधन पशुपालन फसल बीमा आत्मा फसल प्रदर्शन व रवी सीजन की फसल प्रबंधन के साथ साथ यूरिया सीरम मिनिरल बल्क व नई प्रजाति के बीज विषय में चर्चा की गई।

# आरईडी ने कोयला व ऐशपांड का लिया जायजा

**ऊंचाहार।** एनटीपीसी ऊंचाहार मे कोयला की कमी व ऐशपांड से राख को लेकर हुए विवाद मामला एनटीपीसी के उच्चाधिकारियो तक के चौखट पर पहुंच गया है जिसको लेकर उसकी जांच करने के लिए दिल्ली से आरईडी स्वयं रविवार के दिन जांच करने एनटीपीसी ऊंचाहार पहुंचे है ।ऊंचाहार एनटीपीसी मे दिल्ली हेडक्वाटर से प्रयागराज की ओर से बाईरोड आरईडी पहुंचे जहां पर उन्होने प्लांट के सीएचपी एरिया का निरीक्षण किया जहां पर कोयला की स्टाक व उसके उतारने व मालगाड़ी के खाली करने के समय तक का आंकलन किया और उसके बाद यूनिटो का निरीक्षण किया जहां पर एनटीपीसी की 210मेगावाट प्रति घण्टा विद्युत उत्पादन करने वाली यूनिट नंबर दो ओवरहालिंग के कारण बंद चलने तो विगत एक सप्ताह से यूनिट नंबर 1 विद्युत की डिमांड कम होने पर बंद चलती हुई पाया गया ।एनटीपीसी मे 210मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली कुल 5 यूनिट है जबकि 500मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली महज एक यूनिट है ।जिसमे दो यूनिटें बंद होने पर 210मेगावाट की यूनिट नंबर 3;4;5 व 500मेगावाट की यूनिट नंबर 6 को चलाया जा रहा है लेकिन क्षमता से कम भार पर ही यूनिटो को संचालित किया गया पाया गया ।जिस दौरान रेलवे के अधिकारियो तक से जानकारी लिया उसके बाद ऊंचाहार कोतवाली के अरखा स्थिति एनटीपीसी की अरखाऐशपांड मे विगत कुछ माह से राख लोडिंग को लेकर चल रहे विवाद मे सीआईएसएफ तक की मदद एनटीपीसी को लेना पड़ा है जिसके हालातो को जानने के लिए आरईडी अरखाऐशपांड गए जहां की राख को बेंचने के लिए टेंडर करने जैसी प्रक्रिया की औपचारिकता निभाया एवं राख के विवाद की विस्तृत जानकारी हासिल किया है ।जिसको लेकर एनटीपीसी के स्थानीय अधिकारी व कर्मचारियो मे हड़कंप व्याप्त था।

## राजकीय भंडार पर हुआ बीज वितरित

**तिलोई अमेठी।** भारत सरकार कृषि विभाग द्वारा तिलहन ;सरसोंद्ध के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को नि:शुल्क बीज वितरण किया है ।राजकीय बीज भंडार सिंहपुर में शनिवार को कृषि विभाग द्वारा किसानों को नि:शुल्क तिलहन बीज ;सरसोंद्ध का वितरण किया गया ।सिंहपुर राजकीय बीज भंडार पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरीश जायसवाल एवम सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रयासरत है किसानों को नि:शुल्क बीज वितरण करना किसानों के हित मे पहला कदम है ।राजकीय बीज भंडारप्रभारी डा पवन वर्मा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत किसानों को सरसो मिनी कीट वितरण करते हुए कहा कि किसानों को तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा नि:शुल्क बीज वितरण किया गया है। इस मौके पर प्रगतिशील किसान मदन सिंह कालिका रिंकू सिंह राज बहादुर आदि मौजूद रहे।

## गांजा समेत पकड़ा, भेजा जेल



**लालगंज, रायबरेली** ।पुलिस ने गांजा समेत एक व्यक्ति को पकड़ा है। उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है ।कोतवाल इंद्रपाल सिंह सेंगर ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम कुंडवल निवासी अयोध्या पुत्र रामाश्रय को पुलिस ने एक किलो सौ ग्राम गांजे के साथ अचाकापुर गांव के मोड़ के निकट से पकड़ा है। उसके विरूद्ध सम्बन्धित धाराओ में मामला दर्ज किया गया है।

## चुनावी रंजिश को लेकर हुई मारपीट, शांतिभंग में किया पाबंद

**लालगंज, रायबरेली।** चुनावी रंजिश को लेकर आपस में मारपीट पर अमादा दो लोगों को पुलिस ने शांतिभंग की धाराओ में पाबंद किया है ।बताया गया है कि टिकरान गांव निवासी लाला व सूरजलाल आपस में विवाद कर रहे थे। जिसके चलते उनके विरूद्ध धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है।

# सुहागिनों ने रखा पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत

### ● पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने तोड़ा व्रत



**जगदीशपुर अमेठी** । सुहागिनों ने पति की दीर्घायु व सुख समृद्धि जीवन के लिए रखा करवा चौथ का व्रत और रात्रि में चाँद का दीदार कर महिलाओ ने तोड़ा अपना व्रत ।जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत विभिन्न गांवों में करवा चौथ के मौके पर महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु व सुख समृद्धि जीवन की कामना के साथ साथ सुहागिनों ने बड़े चाव से करवा चौथ का व्रत रखा। घरों में हर्षोल्लास के साथ गूंजते लोकगीतों के बीच दिन भर पूजा.अर्चना चली और शाम से ही सोलह श्रृंगार में सजी महिलाएं चांद की झलक दिखाई दी तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और देखते ही शोर मच गया ।जहाँ सुहागिनों ने विधि.विधान से उगते चंदा को अर्घ्य देकर छलनी में अपने पिया के प्यारे मुखड़े का दीदार किया और इसके बाद कठिन निर्जला व्रत समाप्त हुआ ।सुबह से ही महिलाओं ने दीवारों पर करवा माता के चित्र बनाए और रंग.बिरंगे रंगों से कलश और पूजन सामग्री से सजाते हुए सोलह श्रृंगार किए और खुशी में दमकता चेहरा लिए घरों के आंगन में करवा माता की पूजा करते हुए सत्यवान के प्राण बचाने के लिए सावित्री द्वारा यमराज से वरदान मांगने की कथा सुनी तथा परंपरागत लोकगीतों की गूंज घर घर सुनाई देने लगी।

# रामलीला मैदान से राम दरबार की निकली भव्य शोभा यात्रा

संवाददाता। श्रावस्ती

**सिरसिया- राम** लीला कमेटी सिरसिया का रविवार को राम लीला के अंतिम दिन राम लीला मैदान से राम दरबार की शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा अखण्ड परमधाम डगमरा से होते हुए बालापुर चौराहा,सिरसिया नई पुरानी बाजार,निरालानगर,चाँदग ?ी होते हुए पुन:रामलीलील मैदान पहुची शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धलुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर आरती उतारी गयी ।समित के अध्यक्ष सुरेन्द्र कान्त ने बताया कि शोभा यात्रा के अन्तिम दिन भगवान राम माता सीता,लक्ष्मण जी व हनुमान जी की राज्याभिषेक के बाद सोमवार को विशाल भण्डारे का आयोजन कर समापन किया जाएगा ।इस दौरान हनुमान प्रसाद श्रीवास्तव,हरिशिव प्रसाद सोनी,शोभा राम धुरिया,अयोध्या प्रसाद सोनी, ज्ञान चन्द मौर्या,कुंवर चन्द गुप्ता,रिंकू गुप्ता, दिनेश, प्रदीप, प्रमोद, शनि, उमा शंकर तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**श्रावस्ती।** रविवार को प्रसारित किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का रेडियो प्रसारण हुआ। इस दौरान जिले के सभी बूथों परभाजपा कार्यकर्ताओ ने इस कार्यक्रम को सुना ।इस दौरान भिनगा नगर के बूथ संख्या 158 पर बूथ अध्यक्ष सुनील रावत एवं बूथ समिति के कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी ।भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद कुमार साहू , अभिषेक पांडे समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।इसी प्रकार जिले के सभी बूथों पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी।

# समाज सेवा मंच के पदाधिकारियों ने बाकरगंज की गलियों का किया मुआयना

**बरेली** । समाज सेवा मंच के पदाधिकारियों ने बाकरगंज की गलियों का मुआयना किया कुछ घरों में पानी भरा हुआ था और कुछ परिवार घर छोड़कर दूसरी जगह चले गए कुछ गलियों में सड़के नहीं पड़ी हुई थी और गड्ढे ही गड्ढे थे सबसे बड़ी समस्या बिजली के तार वलियों पर लगे हुए हैं पानी भर रहा है अगर कोई बिजली का तार गिरता है तो किसी की भी जान जा सकती है अभी कुछ दिन पहले बरेली में घटना हो चुकी है लगता है बिजली विभाग के अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ा मलिन बस्ती मैं सरकार द्वारा करोड़ों रुपए भेजे जा रहे हैं लगता है खानापूरी कागजों में की जा रही है और पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है सैकड़ों बलिया ऊपर तार झूल रहे हैं नीचे तक तार फैले हुए हैं बिजली के अधिकारी घटना का इंतजार कर रहे हैं समाज सेवा मंच के अध्यक्ष नदीम शमसी ने कहा हमने पहले धरने का नोटिस दिया था बाकरगंज में लगभग 50 खंबे एक ट्रांसफार्मर लगाया गया था यह कई साल पहले की बात है अब हम दोबारा धरने का नोटिस देंगे और बिजली के अधिकारियों के खिलाफअनशन पर बैठेंगे लोगों की जान ज्यादा कीमती है उसको जाया होने नहीं दिया जाएगा बिजली विभाग के अधिकारी चुपचाप नहीं बैठे खंबे लगवाएं अगर कोई घटना गठित होती है तो समाज सेवा मंच की ओर से बिजली विभाग के अधिकारियों के ऊपर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की चली गई जान

**बरेली** । साइकिल सवार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी स उसकी मौके पर ही मौत हो गई स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ससीबी गंज थाने के गांव मिलक गोटिया निवासी 30 वर्षीय श्रीपाल पुत्र चुन्नीलाल की कल शाम 7. 30 बजे फतेहगंज पश्चिमी के गांव ट्यूलिया में पुल पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि श्रीपाल कल दोपहर में साइकिल लेकर घर से निकला था । जाते समय उसने घर वालों को अपने जाने के संबंध में जानकारी नहीं दी स रात में लगभग 7.30 बजे उसकी लाश टियूलिया गांव में पुल पर पाई गई समझा जाता है कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी थी स जिससे उसकी मौत हो गई ।

# पति की हत्या का पत्नी पर लगा आरोप, तहरीर

**ऊंचाहार।** पति की हत्या करने का आरोप पत्नी पर ही लगाया गया है ।जिसमे सास ने बहू के खिलाफ हत्या करके उसका शव फांसी के फंदे मे लटकाने का आरोपित तहरीर तक कोतवाली मे दिया है ।जिसको लेकर पुलिस जांच मे जुट गई है ।ऊंचाहार कोतवाली के गांव बाबूंगंज निवासी मुकेश कुमार का शव घर के गेट के टीनशेड के पाइप मे रस्सी के सहारे फांसी के फंदे में लटकता मिला था ।जिसका शव पुलिस ने कब्जे मे लेकर पोस्टामार्टम हेतु भेजा था ।जिसमे मृतक की मां सुमन देवी पत्नी गंगाराम ने कोतवाली मे तहरीर देकर अपने ही बहू पर पुत्र की हत्या करके उसका शव फांसी के फंदे मे लटका देने का आरोप लगाया है ।जिसमे हत्या के कारण को लेकर बहू के मोबाइल का काल डिटेल तक की जांच करवाने की मांग किया गया है सास ने अपने बहू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके उसके खिलाफ कार्यवाही करने तक की मांग किया है ।जिसकी लीखित तहरीर मे पति की हत्या का आरोप पत्नी पर ही लगने पर मामला चर्चा का विषय बन गया है ।उधर कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिली है जिसकी जांच किया जा रहा है।

## सीआईएसएफ के हवलदार घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के एनटीपीसी गेट नंबर दो के सामने सीआईएसएफ के हवलदार सुरेश 50वर्ष को सलोन से ऊंचाहार मार्ग पर बस ने टक्कर मारकर घायल कर दिया ।जिनको एनटीपीसी अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है ।जहां पर उनका उपचार जारी है।

# मुफलिसी में जी रहा 'ब्लॉक प्रमुख' बहादुरपुर का परिवार

**पायनियर टीम के पड़ताल में हुआ खुलासा**

- दलित ब्लॉक प्रमुख को परिवार का भरण-पोषण करना हो रहा मुश्किल
- झोपड़ी गिरने के बाद पड़ोस के घर में परिवार ने ले रखा है शरण
- प्रमुख बनाने वालों ने घर बनवाने का किया था वादा, मगर अब पूछते तक नहीं
- खर्च चलाने के लिए हजार पांच सौ मिल जाते हैं : रामकुमार

**संवाददाता।** बस्ती

**...कहने** को तो ब्लॉक प्रमुख हैं, मगर न तो रहने को आशियाना और न परिवार के भरण-पोषण की कोई व्यवस्था। यह सच, बहादुरपुर ब्लॉक के दलित ब्लॉक प्रमुख 'रामकुमार' के परिवार का है। वीआईपी कहे जाने वाले इस प्रमुख परिवार के पास इतनी भी व्यवस्था नहीं हैं, कि वे अपने बच्चों को किसी अच्छे स्कूल में पढ़ा सके, या फिर अपनी पत्नी के लिए एक अच्छी सी साड़ी ला सके। देखा जाए तो पूरे खलीलपटटी ग्राम पंचायत में सबसे दयनीय स्थित ब्लॉक प्रमुख के परिवार की है। प्रमुख का परिवार होने के बावजूद प्रमुख की पत्नी सीतारा का चेहरा मुफलिसी के कारण मुरझाए हुए था। गंदी बनियाइन पहने छोटे-छोटे बच्चे किसी उम्मीद में टकटकी लगाए हुए देखते मिले। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि जिन लोगों ने उन्हें बीडीसी से लेकर ब्लॉक प्रमुख बनाया, अब उन्हीं लोगों ने किनारा कस लिया। जबकि यही लोग प्रमुख बनने से पहले रोज यह कहते हुए नहीं थकते थे कि प्रमुख बनते ही सबसे पहले हम लोग तुम्हारा घर बनवाएंगे, मगर जीतने के बाद एक बार भी यह देखने नहीं आए कि उनका परिवार किस हाल में रह रहा है, और कैसे परिवार का भरण-पोषण हो रहा है। कहते हैं कि कभी कभार हजार पांच सौ खर्चे के लिए मिल जाता है। कहते हैं कि यह सही है, कि जिसके पास पर्चा दाखिला तक की व्यवस्था नहीं थी, आज वह दूसरों के बदौलत ब्लॉक प्रमुख बना हुआ। पत्नी सितारा देवी को तो यह तक एहसास नहीं कि अब वह वीआईपी की पत्नी बन चुकी हैं। कहती हैं, कि ऐसे वीआईपी की पत्नी होने से क्या फायदा जिसका परिवार दूसरे के घर में इज्जत बचाने के लिए शरण लिए हुए है।

रामकुमार के परिवार को देखकर कौन कह सकता है, कि यह ब्लॉक प्रमुख का परिवार है। शासन-प्रशासन और समाज के लिए भले ही रामकुमार ब्लॉक प्रमुख बन गए हैं, मगर इनके पास रहने को झोपड़ी तक नहीं है। पिछले बीस साल में अन्य आवासहीन की तरह इन्हें किसी भी आवास का लाभ तक नहीं मिला। अपनी जाति के ब्लॉक प्रमुख के बनने पर दोनों दलित बस्ती के लोगों में कोई खुशी नहीं नजर आई। बिरादरी के लोग कहते हैं कि ऐसे प्रमुख के होने से क्या फायदा जिसके पास रहने को घर नहीं और ठीक से भोजन करने की व्यवस्था नहीं। अधिकतर लोगों का कहना था, कि सरकार भले ही हम लोगों को आरक्षण देकर प्रधान, प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठा दें, मगर जब तक दलितों का शोषण करने वाले रहेगें, तब तक उन्हें उनका अधिकार नहीं मिलेगा। दलित बस्ती के कुछ नौजवानों का कहना हैं, कि आजादी के इतने साल बीत गए, मगर आज भी दलितों का शोषण और उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। लोग अपने फायदे के लिए पहले भी और अब भी दलितों का इस्तेमाल कर रहे है। दलितों के नाम पर यह लोग अपनी तिजोरी तो भर ले रहे हैं, मगर दलितों को उनके हाल पर छोड़ दे रहे है। कहते हैं कि यह गांव भले ही वीआईपी गांव बन गया है, मगर इस गांव के दलित आज भी आवास, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और नाली जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के लिए तरस रहे है। इन नौजवानों का कहना है कि इस गांव में डीएम और सीडीओ को आकर देखना चाहिए कि मनरेगा मजदूर होने के बाद भी क्यों नहीं उन्हें काफी दिनों से कोई काम मिल रहा? सवाल करते हैं कि जब काम नहीं मिला तो भुगतान लाखों का कैसे हो गया?



आवासहीन ब्लॉक प्रमुख बहादुरपुर की झोपड़ी व खाली जमीन — पायनियर

## घर में घुसकर महिला से की बदसलूकी

**संवाददाता।** करनैलगंज-गोंडा

**कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम बसालतपुर में एक घर में घुसकर महिला के साथ बदसलूकी एवं दुष्कर्म करने का प्रयास के साथ-साथ घर में रखे जेवर, नगदी आदि उठा ले जाने के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित महिला के पति ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजा है। ग्राम बसालतपुर निवासी सूरज का कहना है कि 16 अक्टूबर को दिन में परिवार के सभी लोग बाहर गए हुए थे और घर में उसकी पत्नी मौजूद थी। कुछ लोग उसके घर में घुस आए और उसके साथ अभद्रता की और उसके कपड़े फाड़ दिए। जब वह बेहोश हो गई तो घर में रखा जेवर आदि भी उठा ले गए। इसकी सूचना कोतवाली में दी गई मगर पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि इस संबंध में कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि ऐसी किसी घटना की जानकारी यह तहरीर उन्हें नहीं मिली है।

## बाढ़ पीड़ितों में बांटी राहत सामग्री किट

**गोंडा।** करनैलगंज के बाढ़ प्रभावित गांव नकहरा में स्थिति अब सामान्य होने की तरफ बढ़ रही है। घाघरा का जलस्तर घटने के साथ-साथ बाढ़ से प्रभावित गांवों से भी पानी निकलना शुरू हो गया है। इसी बीच रविवार को सांसद प्रतिनिधि व उप जिलाधिकारी द्वारा 435 बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री किट का वितरण किया गया। वहीं 1562 जनसं या को जब राहत मिली तो उनके चेहरे खिल गए। रविवार को सरयू व घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर चल रहा था। वहीं तेजी से घट रहे जलस्तर से सोमवार तक खतरे के निशान से नीचे आ जाने की उ मीद जताई जा रही है। घाघरा में आई बाढ़ के कारण करनैलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम नकहारा के 16 मजरों के 435 परिवार एवं 1562 जनसं या प्रभावित हो रही थी। यह सभी 435 परिवार अपना घर बार छोड़कर खुले आसमान के नीचे या बांध पर व सुरक्षित स्थानों पर शरण ले चुके थे। उन्हें राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा था। मगर रविवार को उप जिलाधिकारी हीरालाल, सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह ने संयुक्त रूप से 435 परिवारों को राहत किट का वितरण किया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि राहत किट में 10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, 5 किलो लइया, 2 किलो चना, 2 किलो अरहर दाल, नमक, मिर्च एवं सब्जी मसाला, मोमबत्ती, बिस्कुट, माचिस, साबुन, रिफाइंड, गुड आदि को शामिल करके किट बनाया गया था। जिसका वितरण किया गया है। एसडीएम ने बताया कि जो परिवार आसमान के नीचे थे। उन्हें त्रिपाल छाजन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पेयजल के लिए पानी का टैंकर मंगाया गया है और लगातार बाढ़ राहत केंद्र पर सभी विभागों की टीम मौजूद रहकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में निगरानी कर रही है।

## भाजपा को लगा झटका, बहादुरपुर प्रमुख ने थामी साइकिल

- दुबौलिया के बाद बहादुरपुर ब्लॉक की प्रमुखी सपा के खाते में आई
- सपाइयों में खुशी की लहर, बांटी मिठाई

**संवाददाता।** बस्ती



-बहादुरपुर ब्लॉक रामकुमार का सपा में जाते ही मिठाई बांटी गई — पायनियर

**मुफलिसी** के दिन गुजार बहादुरपुर ब्लॉक के प्रमुख रामकुमार ने रविवार को अपने साथियों के साथ सपा ज्वांइन कर लिया। इनकी ज्वांनिगं विधानपरिषद सदस्य एवं सपा कार्यालय प्रभारी अरविंद सिंह एवं मुलायम सिंह यादव के युवा बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस रजा और बस्ती सपा जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव की मौजूदगी में लखनउ में हुआ। इस ज्वांनिगं से भाजपा खेमे को बड़ा झटका लगा है। अब सपा के खेमे में दुबौलिया के बाद बहादुरपुर का ब्लॉक भी आ गया। इसे लेकर न्याय मार्ग पर वरिष्ठ सपा नेता चंद्रभूषण मिश्र की अगुवाई में मिठाई बांटी गई। बताया कि इससे भाजपा को बड़ा धक्का लगा है, कहते हैं कि इससे स्पष्ट हो गया कि सपा की लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढ़ रही है, और अब अन्य भाजपा के ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी खतरे में पड़ती नजर आ रही है, क्यों कि अगली सरकार सपा की बनने जा रही है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि अब सपा की ओर देख रहे है। बधाई देने वालों में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी, जमीन अहमद, सईद खां, मधुबन यादव, रामकेवल यादव, मुरलीधर पांडेय, धर्मराज यादव, रामनाथ प्रजापति एवं राजकपूर यादव, वीरेंद्र चौधरी सहित अन्य शामिल रहे।

## साइट न चलने से छात्र छात्राएं घंटों रहे परेशान

**गोंडा।** टीईटी, सीटीईटी व स्कालरशिप की साइट न चलने से छात्र-छात्राएं परेशान हो रहे हैं। परीक्षार्थियों के लिए फार्म भरने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि अंतिम तिथि 25 अक्टूबर निर्धारित है।

साइट न चलने से स्नातक व परास्नातक उत्तीर्ण कर चुके परीक्षार्थियों द्वारा टेट व सीटेट की परीक्षा में बैठने की हसरतें अधूरी रह सकती हैं। साथ-साथ उनके स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर रखी गई थी। मगर बीते 1 सप्ताह से साइट न चलने के कारण छात्र छात्राओं का आवेदन नहीं भरा जा सका। जिससे छात्र छात्राएं परेशान हैं। वही स्कॉलरशिप की साइट भी न चलने के कारण अधिकांश छात्र-छात्राओं का फार्म नहीं भरा जा सका है। तमाम छात्र छात्राएं ऐसे हैं कि उनके आवेदन तो हो चुके हैं मगर फीस जमा नहीं हो पा रही है। सुचारु रुप से साइट न चलने के कारण यह अव्यवस्था फैली हुई है। छात्र-छात्राओं में रश्मि, कुमारी वंदना, विनोद कुमार, गौरव, सरिता, सोनिया का कहना है लगातार एक सप्ताह से आवेदन कराने के लिए चक्कर काट रहे हैं। मगर साइट न चलने के कारण उनका आवेदन नहीं हो सका। वही कंप्यूटर संचालक मोह मद उबैद, राकेश तिवारी का कहना है कि कुछ बच्चों का आवेदन हो भी गया। उसके बाद उनकी फीस नहीं जमा हो पा रही है। इसी तरह स्कॉलरशिप के लिए अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है और उसके भी फॉर्म सबमिट नहीं हो पा रहे हैं। जिससे छात्र छात्राएं परेशान हैं।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



सपा नेताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष — पायनियर

- 2022 में आ रही समाजवादी की सरकार: नरेश उत्तम

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**चुनावी** मुख्यमंत्री का अब आराम करने का दिन आ गया है। देश के चुनावी प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के चुनावी मुख्यमंत्री को जनता आगामी विधानसभा चुनाव में नकारते हुए उत्तर प्रदेश के अन्दर समाजवादी की सरकार बनायेगी। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कही। श्री पटेल रविवार को लखनऊ से जाते समय जनपद संतकबीरनगर में सपा जिलाध्यक्ष गौहर अली खॉ के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत हुआ इस दौरान उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार देश के कई प्रान्तो में हार चुकी है जिनमें बंगाल, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली शामिल है। अब उत्तर प्रदेश का नम्बर आ चुका है। यहॉ भी मुख्यमंत्री को जनता नकारते हुए समाजवादी की सरकार प्रदेश के अन्दर बनायेगी। स्वागत के दौरान सपा युवा यूथ आईकान प्रदीप सिंह सिसौदिया, जावेद खॉ, ग्राम प्रधान कर्री कौशल चौधरी, परवेज अहमद सहित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मरम्मत के बाद सरयू पुल पर यातायात बहाल

**गोंडा।** सरयू पुल क्षतिग्रस्त होने से एक माह चली मर मत के बाद शनिवार की शाम को सभी वाहनों के लिए यातायात बहाल कर दिया गया। यातायात बहाल होने के बाद आसपास के जिलों के लिए लोगों की राह आसान हो गई है। बीते एक माह पूर्व 25 सितंबर को सरयू पुल में दरार व अप्रोच क्षतिग्रस्त हो जाने पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया था। लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण के बाद वीआईपी व वीवीआईपी और एंबुलेंस वाहन को निकलने की अनुमति थी। दो पहिया वाहन भी निकल रहे थे पुल के दोनों तरफईंट की दीवाल बना दी गई थी। 15-15 दिनों में दोनो तरफ का अप्रोच बना कर पुल चालू करने में विभाग को सफलता मिली। पुल की खराबी से मंडल मु यालय गोंडा से राजधानी लखनऊ का सफर करने वाले लोगों के मुश्किलें बढ़ गई थीं। वहीं दूसरे मार्गों का उपयोग करने में कठिनाई हो रही थी। अगल बगल के सभी रास्ते भी भारी वाहनों के निकलने से बर्बाद हो चुके हैं। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन विनोद त्रिपाठी ने बताया कि पुल के मर मत का कार्य पूरा हो चुका है और यातायात बहाल कर दिया गया है। इसके अलावा पुल पुराना होने के कारण नए पुल का प्रस्ताव भी शासन स्तर पर भेजा जा रहा है।

## पत्रकार हितों पर हुई चर्चा

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई रुधौली की बैठक रविवार को रुधौली स्थित पुराना डाक बंगला में हुई। जिला ग्रापए के विधि सलाहकार कुलदीप सिंह की मौजूदगी में सांसद खेल महाकुंभ के निःशुल्क पंजीकरण पर चर्चा हुई और पत्रकार हितों पर गहन मंथन किया गया। तहसील अध्यक्ष परशुराम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संतोष कसौधन उर्फ पप्पू, गुंजेश्वरी प्रताप सिंह, लाल मोहम्मद, शंकर यादव, अरुण मिश्रा, राजन चौधरी, आलोक कुमार, मोहित गुप्ता व सत्यप्रकाश बरनवाल आदि मौजूद रहे।

## जीएसटी के विरोध में ईंट निर्माता करेंगे आंदोलन, देंगे धरना-प्रदर्शन

- ईंट निर्माता समिति ने बैठक कर बनायी रणनीति

**संवाददाता।** संतकबीरनगर।



बैठक को सम्बोधित करते अध्यक्ष रवि उदय पाल — पायनियर

**जिला** मुख्यालय स्थित एक होटल में जिला ईंट निर्माता समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता कोषाध्यक्ष इकबाल अहमद तथा संचालन समिति के अध्यक्ष रवि उदय पाल ने की। बैठक में ईट भठ्ठा संचालकों ने जीएसटी के विरोध में धरना प्रदर्शन किये जो का निर्णय लिया। बैठक में आगामी 08 नवम्बर 2021 को बढ़े हुए जीएसटी के विरोध में धरना प्रदर्शन करने पर सभी भठ्ठा मालिकों ने सहमति जतायी। साथ ही मौजूदा सत्र में 15 जनवरी से पहले ईट भठ्ठो की फुकाई नही की जाएगी यह भी निर्णय लिया गया है। कोषाध्यक्ष इकबाल अहमद तथा समिति के अध्यक्ष रवि उदय पाल ने कहा कि जीएसटी के विरोध में होने वाला धरना वृहद स्तर पर होगा। बैठक में दिनेश सिंह, अमरेश कुमार सिंह, अष्टभुजा पाण्डेय, अनिल कृपलानी, सुभाष जैन, राम आशीष उपाध्याय, सुधीर जैन, अनूप जैन, अमित जैन, वहीद अहमद, मनोज तिवारी, इनामुल हसन खां, रामू प्रसाद चौधरी, शैलेन्द्र चौधरी, सुड्डू खान, दीपू यादव, गुलाम हुसैन, बृजेश यादव, जमील अहमद, शमशाद अहमद खां, जनार्दन चौधरी, मृत्युंजय प्रताप सिंह, कौशल कुमार चौधरी, अलाउद्दीन खान, सुशील सावलानी सहित अन्य ईट भठ्ठा मालिक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गोताखोरों के सहयोग से बाढ़ में फंसे तीन पीड़ितों को बचा लिया

- एसपी के निर्देशन में चला रेस्क्यू अभियान

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



पीड़ितों को नाव से ले आती टीम — पायनियर

**धनघटा** थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामजंगला निवासी 03 व्यक्ति बाबुलाल निषाद पुत्र स्व0 बदल निषाद, उम्र 60 वर्ष, राजमन निषाद पुत्र बाबूलाल निषाद, उम्र 45 वर्ष, पारस निषाद पुत्र रजई निषाद, उम्र 50 वर्ष की खेती मांझा क्षेत्र है। वे लोग माझा क्षेत्र में अपने खेत में धान के फसल की कटाई करने गए थे, उसी दौरान नदी के जलस्तर में वृद्धि होने लगी और धीरे-धीरे नदी का पानी पूरे मांझा क्षेत्र में फैलकर विकराल रुप धारण कर लिया। घटना संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी धनघटा व प्रभारी निरीक्षक धनघटा को बाढ़ में फंसे लोगों को अविलंब सहायता उपलब्ध कराकर बाहर निकालने हेतु निर्देशित किया गया था। धनघटा पुलिस द्वारा स्थानीय नाविकों व गोताखोरों से संपर्क स्थापित कर कड़ी मशक्कत के बाद रविवार को बाढ़ में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। इस रेस्कूयू आपरेशन की मानीटरिंग प्रभारी निरीक्षक धनघटा विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में प्रभारी चौकी जगदीशपुर थाना धनघटा उ0नि0 लालबिहारी निषाद द्वारा करके सभी व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकाला गया। परिजनों द्वारा संतकबीरनगर पुलिस का हृदयातल से धन्यवाद किया गया।

## अब थाने के सहारे खेल रहे 'माननीयों' के हरकारे!

**संवाददाता।** बस्ती

- खुलेआम 25 हजार के बदले काम कराने की बात 'छोटे भइया' नामक व्यक्ति कर रहा
- पैसा लेकर विधायक के घर आने औरसिफारिश कराने की बात कही गई
- इससे पहले आवास में एक 'माननीय' के करीबी का 50 हजार मांगने का आडियो हो चुका है वायरल

**...सुनने** में अजीब लग रहा होगा, मगर यह सच है कि 'माननीयों' के करीबी थानों की दलाली में लिप्त होते नजर आ रहे हैं। इसके लिए पीड़ित माननीयों को अपने लोगों पर कड़ी नजर रखने की सलाह दे रहे हैं, क्यों कि चुनाव सिर पर है। माननीयों के करीबी खुले आम गलत और सही काम कराने के लिए भारी रकम की मांग करते पकड़े जा रहे हैं। दुखी होकर पीड़ित अब माननीयों के करीबियों की पोल खोलने लगे हैं। इससे पहले भानपुर नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना में एक अपात्र से 50 हजार का कमीशन मांगने का आडियो वायरल हो चुका है, और थानों की दलाली करने का आडियो वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे आडियो ने आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। ये लोग रकम को लेकर सौदेबाजी तक करते पकड़े जा रहे है। गरीब आदमी गिड़गड़ाता रहता है, मगर धन के आगे इन लोगों का दिल तक नहीं पसीजता। ऐसा ही एक और आडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कोई पांडे नामक फरियादी छोटे भईया नामक व्यक्ति जो अपने आपको विधायक का करीबी बताता है, से निवेदन कर रहा है, कि विपक्ष वालों ने दरोगा को धन देकर उनके दीवार को जोड़वाने से रोकवा दिया, जबकि वह पहले ही पांच हजार रुपया दरोगा को दे चुका हैं। फरियादी किसी भ्रष्ट विनय कुमार नामक सिपाही का जिक्र कर रहा है। इस पर छोटे भईया कहते सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने दरोगा से बात कर लिया है, और वह 25 हजार मांग रहा हैं, क्योंकि मिश्री लाल नामक विपक्षी दरोगा को पहले ही 25 हजार दे चुका है। लेकिन हमने तुम्हारी गरीबी का हवाला देकर दस हजार कम करवा दिया। इस पर बार-बार फरियादी कहता है कि कितना धन और देना है, और कब और कहां देना है, इस पर छोटे भईया फरियादी को 15 हजार लेकर बस्ती विधायक के घर इस हिदायत के साथ आने को कहते हैं, कि पैसे का लेनदेन विधायक के घर के बाहर होगा, और उसके बाद वह विधायक से कहकर दरोगा से पैरवी भी करवा देंगे। फरियादी बार-बार कह रहा कि छोटे भईया इज्जत नहीं जानी चाहिए, नहीं तो सारा आरोप हम पर लगेगा। वायरल आडियो में न तो किसी विधायक का नाम लिया गया, और न किसी थाने का जिक्र किया गया। चूंकि बस्ती में तीन विधायक रहते है, और थाने कई हैं, इस लिए कह पाना मुश्किल हो रहा है, कि मामला किस थाने से और किस विधायक से जुड़ा हुआ है। मगर इतना तो सच है, कि 'माननीय' के करीबी थाने से लेकर तहसील और सरकारी कार्यालयों तक में दलाली करने में लिप्त नजर आ रहे है। इस दलाली से कौन-कौन लाभान्वित हो रहा हैं, यह अलग विषय है, मगर इतना तो तय है, कि इसका नुकसान सरकार को अधिक हो रहा है, माननीयों के साथ-साथ शासन और प्रशासन की छवि खराब हो रही है। वैसे ही नहीं आमजन कह रहे हैं, कि जो काम पहले तहसील और थानों में पांच से दस हजार में हो जाता था, उसी काम को करवाने के लिए भाजपा सरकार में जरुरतमंदों को 25 से 30 हजार खर्च करने पड़ रहे है। कहते हैं कि एक तरफसरकार कें मंत्री ईमानदारी का ढ़कोसला पिटते नहीं थकते और दूसरी तरफ उन्हीं के करीबी गरीब जनता को चूसने में लगे हुए है।

# पाक ने भारत को दी मात

## पहले मैच में 10 विकेट से हारी टीम इंडिया

भाषा। दुबई



**बल्लेबाजों** के लचर प्रदर्शन और गेंदबाजों के परिस्थितियों के अनुकूल गेंदबाजी करने में नाकाम रहने के कारण भारत को आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 के ग्रुप दो मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान से 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे उसका अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछले 29 वर्षों से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया। भारत ने विश्व कप (वनडे और टी20) में 1992 के बाद इस मैच से पहले तक सभी 12 मैचों (वनडे में सात और टी20 में पांच) में जीत दर्ज की थी लेकिन पहले शाहीन शाह अफरीदी (31 रन देकर पांच) की अगुवाई में पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चले और बाद में रही सही कसर कप्तान बाबर आजम (52 गेंद पर नाबाद 68, छह चौके, दो छक्के) और मोहम्मद रिजवान (55 गेंदों पर नाबाद 78, छह चौके तीन छक्के) की पहले विकेट के लिए अटूट शतकीय साझेदारी ने पूरी कर दी।

भारत ने सात विकेट पर 151 रन बनाए थे लेकिन पाकिस्तान ने 17.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 152 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज करके अपने विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत ने टॉस गंवाया और इसके एक समय वह तीन विकेट पर 31 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। विराट कोहली (49 गेंदों पर 57 रन, पांच चौके, एक छक्का) ने ऋषभ पंत (30 गेंदों पर 39 रन, दो चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 53 रन की साझेदारी की जिससे भारत सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया। इसके उलट पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने शुरू से ही भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। कोहली के गेंदबाजों से लेकर क्षेत्ररक्षण की सजावट में वह आक्रामकता नहीं दिखी जिसके कारण उन्हें दुनिया के सफल कप्तानों में गिना जाता है। विश्व कप के बाद टी20 की कप्तानी छोड़ने का मन बना चुके कोहली को यह हार वर्षों तक सालती रहेगी। रिजवान ने भुवनेश्वर के पहले ओवर में ही चौका और छक्का लगाया। कोहली को पावरप्ले में ही वरुण चक्रवर्ती को गेंद सौंपनी पड़ी। पाकिस्तान ने पहले छह ओवरों में बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए। बाबर और रिजवान का फुटवर्क, प्लेसमेंट और टाइमिंग बहुत अच्छा था जिसके सामने भारत के तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की एक नहीं चली। इन दोनों ने स्ट्राइक रोटेट करके भारत पर दबाव बनाया। भारत के दोनों स्पिनरों ने आठ ओवर में 61 रन लुटाए जबकि तेज गेंदबाजों में पैनापन नहीं दिखा। बाबर जल्द ही अपने आक्रामक रंग में उतर आए। उन्होंने रविंद्र जडेजा पर छक्के से शुरुआत की और फिर चक्रवर्ती के एक ओवर में दो छक्के लगाए। इनमें से दूसरे छक्के से उन्होंने अर्धशतक भी पूरा किया। भारतीय स्पिनरों को ओस के कारण गेंद पर पकड़ बनाने में परेशानी हो रही थी। रिजवान ने 41 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और जल्द ही वह अपने कप्तान की बराबरी पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने मोहम्मद शमी पर छक्का और दो चौके लगाकर 18वें ओवर में अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले भारत के लिए शुरुआत किसी भी तरह से अनुकूल नहीं रही। कोहली ने टॉस गंवाया और भारत ने उसके बाद 13 गेंद और छह रन के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा (शून्य) और केएल राहुल (तीन) के विकेट गंवा दिए।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

भाषा। शारजाह



**युवा** बल्लेबाज चरित असालांका के 49 गेंद में नाबाद 80 रन और भानुका राजपक्षा के आक्रामक अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर 12 चरण ग्रुप एक के मैच में रविवार को बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया।

श्रीलंका का मध्यक्रम लड़खड़ा गया था लेकिन समय पर वापसी करते हुए उसने 172 रन का लक्ष्य सात गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। असालांका और राजपक्षा (31 गेंद में 53 रन) ने 8 . 4 ओवर में पांचवें विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। इस मैच से पहले आठ वनडे और चार टी20 खेल चुके असालांका ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और पांच छक्के लगाए।

दसवें ओवर में आए 30 वर्ष के राजपक्षा ने 31 गेंद की पारी में तीन चौके और तीन छक्के जड़े। बांग्लादेश के लचर क्षेत्ररक्षण ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों का काम आसान कर दिया। लिटन दास ने राजपक्षा औरर असालांका दोनों के कैच टपकाए.इससे पहले श्रीलंका की शुरूआत खराब रही थी और चौथी ही गेंद पर नासुम अहमद ने कुसल परेरा को पवेलियन भेजा। इसके बाद हालांकि असालांका ने महेदी हसन के साथ पारी को आगे बढाया।

शाकिब अल हसन ने पाथुम निसांका (24) और अविष्का फर्नांडो (0) को आउट करके श्रीलंकाई पारी को झटके दिए। श्रीलंका ने नौ रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए.इसके बाद हालांकि असालांका और राजपक्षा ने पारी को संभाला। इससे पहले सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम और मुशफिकुर रहीम के अर्धशतकों की मदद से बांग्लादेश ने चार विकेट पर 171 रन बनाए। बांग्लादेश का स्कोर आठवें ओवर में दो विकेट पर 56 रन था जिसके बाद नईम और रहीम ने 8 . 3 ओवर में 73 रन की साझेदारी की। नईम ने 52 गेंद में छह चौकों की मदद से 62 रन बनाए जबकि रहीम 37 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 57 रन बनाए।

बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों नईम और लिटन दास ने बड़े शॉट खेलने के लिए कुछ ओवरों तक इंतजार किया। दोनों की साझेदारी मजबूत होती दिख रही थी लेकिन दास को छठे ओवर में लाहिरू कुमारा ने पवेलियन भेज दिया। फुल लैंग्थ गेंद को खेलने के प्रयास में दास ने दासुन शनाका को मिड आफ में कैच थमाया। इसके बाद गेंदबाज और बल्लेबाज में तीखी बहस हो गई और अंपायर को दखल देना पड़ा। कुमारा आक्रामक अंदाज में दास की तरफ बढे। दोनों के बीच बहस हुई और सिर आपस में लगभग टकरा ही गए थे कि दोनों को अलग करना पड़ा। स्टार हरफनमौला शाकिब अल हसन ने सातवें ओवर में चरित असलांका को दो चौके लगाए लेकिन अगले ओवर में चमिका करूणारत्ने की गेंद पर बोल्ड हो गए। पावरप्ले के आखिर में स्कोर एक विकेट पर 41 रन था और दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 72 रन हो गया। रहीम ने 11वें ओवर में वानिंदु हसरंगा को छक्का लगाया और 13वें ओवर में बिनुरा फर्नांडो को छक्का जड़ा। नईम ने 14वें ओवर में 44 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। रहीम ने 15वें ओवर में हसरंगा को दो चौके लगाए। दोनों ने पांच ओवर में 46 रन जोड़े। बांग्लादेश ने आखिरी पांच ओवर में 53 रन बनाए। नईम 17वें ओवर में फर्नांडो को पूल शॉट खेलने के प्रयास में कैच दे बैठे।

## टी-20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने शाकिब



भाषा। शारजाह

**बांग्लादेश** के स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर टी20 विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। शाकिब ने रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ सुपर 12 मैच में पथुम निसांका को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। शाकिब ने इस मैच से पहले 28 मैचों में 39 विकेट लिए थे। ओमान के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट लेने वाले शाकिब ने पहले निसांका को आउट करके अफरीदी को पीछे छोड़ा और फिर अविष्का फर्नांडो के रूप में अपना 41वां विकेट हासिल किया। अफरीदी ने 34 मैचों में 39 विकेट लिए थे। शाकिब टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं।

## क्विक न्यूज

### मास्टर्स चैंपियन मात्सुयामा ने जोजो गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता

**चीबा (जापान)।** मास्टर्स चैंपियन हिदेकी मात्सुयामा ने चौथे दौर के आखिरी नौ होल में तीन बर्डी और एक ईगल लगाकर पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ रविवार को यहां पीजीए टूर जोजो गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उन्होने 18वें होल में ईगल लगाकर पांच शॉट के बड़े अंतर से शानदार जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 15 अंडर 265 रहा। जापान में पीजीए टूर में यह उनका पहला खिताब है। अमेरिका के दो खिलाड़ी ब्रैडन स्टील और कैमरन ट्रिंग 10 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। स्टील ने चौथे दौर मे 66 जबकि ट्रिंग ने 69 का कार्ड खेला। ब्रिटिश ओपन चैम्पियन कोलिंस मोरिकावा ने आखिरी दौर मे 69 का कार्ड खेला और वह मात्सुयामा से 10 शॉट पीछे संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे।

### खालिद जामिल किसी आईएसएल क्लब के पहले भारतीय मुख्य कोच बने

**गुवाहाटी।** खालिद जामिल को आगामी सत्र से पहले नार्थईस्ट यूनाईटेड एफसी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस तरह से वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के इतिहास में किसी क्लब के पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने वाले पहले भारतीय बन गए है। जामिल ने पिछले सत्र मे गॅोड नुस से जिम्मेदारी संभाली थी और उनके अंतरिम कोच रहते हुए नार्थईस्ट की टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी। इस बीच टीम लगातार नौ मैचो मे अजेय रही थी। पूर्व मिडफील्डर 44 वर्षीय जामिल इससे पहले मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के भी कोच रह चुके है।

### पूर्व चैंपियन वर्धन, बालू ने मुख्य ड्रा में प्रवेश किया

**नई दिल्ली।** पूर्व चैंपियन विष्णु वर्धन और शर्मदा बालू ने आसान जीत दर्ज करके रविवार को यहां फेनेस्टा राष्ट्रीय हार्डकोर्ट टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष और महिला एकल के मुख्य ड्रा मे प्रवेश किया। विष्णु ने अजय मलिक को 6-2, 6-1 से जबकि शर्मदा बालू ने किरण कलकल को 6-1, 6-2 से हराया। परीक्षित सोमनानी और सिद्धार्थ विश्वकर्मा ने भी पुरुष एकल के मुख्य ड्रा मे जगह बनाई। परीक्षित ने जगमीत सिंह को 6-3, 6-2 से और लखनऊ के सिद्धार्थ ने लोहित अक्ष बत्रीनाथ को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। क्वालीफाईंग के अंतिम दौर के मैचो मे श्रुति अहलावत ने अंजलि राठी को 6-2, 6-1 से जबकि सुदीप्त सेन ने ईश्वरी अनंत को 6-3, 6-0 से हराया। फरहत अलीन कमर ने सोनाशी भटनागर को 6-3, 6-3 से और शेफाली अरोड़ा ने राधिका यादव को 6-4, 6-0 से पराजित किया।



रूबैक्स में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग विश्वचैम्पियनशिप में र्मनी के लिसा ब्रेननौएर, स्वर्ण पदक के साथ जर्मनी के रजत पदक विजेता फ्रांज़िस्का ब्रूसेए बाएं और जर्मनी के कांस्य पदक विजेता मिके ग्रोगर के साथ जश्न मनाते हुए

## मेलबर्न रेनेगेड्स की जीत में हरमनप्रीत चमकीं डब्ल्यूबीबीएल में शेफाली के लिए निराशाजनक दिन



**मेलबर्न।** भारत की टी20 कप्तान हरमनप्रीत कौर के हरफनमौला खेल से मेलबर्न रेनेगेड्स ने रविवार को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स को सात विकेट से हराया। हरमनप्रीत ने अपने चार ओवरों में 17 रन देकर दो विकेट लेने के बाद नाबाद 35 रन की पारी खेली जिससे उनकी टीम ने जीत के लिए मिले 119 रन के लक्ष्य को 18 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच 32 साल की हरमनप्रीत ने 29 गेंदों की नाबाद पारी में एक चौका और दो छक्के जड़े। सिडनी की टीम ओर से खेल रही भारत की युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के लिए हालांकि यह निराशाजनक दिन रहा। वह खाता खोले बगैर मेलबर्न की कप्तान सोफी मोलिनेक्स की गेंद पर आउट हो गई। सिडनी सिक्सर्स में शेफाली की भारतीय टीम की साथी राधा यादव ने दो ओवर में 12 रन खर्च कर एक विकेट लिया, लेकिन यह मेलबर्न को रोकने के लिए काफी नहीं था। दिन के एक अन्य मैच में पूनम यादव ने दो ओवर में 19 रन लुटा दिए लेकिन उनकी टीम ब्रिसबेन हीट बारिश से प्रभावित मैच में एडिलेड स्ट्राइकर्स को पांच विकेट से हराने में सफल रही।

## एशियाई चैम्पियन पूजा रानी क्वार्टर फाइनल में

**हिसार।** गत एशियाई चैम्पियन पूजा रानी ने पांचवीं महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के 81 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हरियाणा की रानी ने केरल की पार्वती पी को प्री क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दौर में हराया। रानी के पंच में इतना दम था कि रैफरी ने पहले ही दौर में मुकाबला रूकवा दिया। विश्व युवा चैम्पियन हरियाणा की नीतू और असम की अंकुशिता बोरो ने क्रमश: 48 और 66 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। नीतू ने पश्चिम बंगाल की पूरबी करमाकर को 5 . 0 से हराया। वहीं अंकुशिता ने पंजाब की अमनदीप कौर को मात दी। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की मंजू रानी ने भी 48 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने उत्तराखंड की शोभा कहाली को 5 . 0 से हराया। तमिलनाडु की एस कालाइवानी ने गुजरात की शीतल दतानिया को मात दी। हरियाणा की परवीन और मध्यप्रदेश की मंजू बम्बोरिया ने 63 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## बीसीसीआई को नई आईपीएल टीमों से सात से 10 हजार करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद

भाषा। दुबई

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को सोमवार से यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो नई टीमों की नीलामी प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रत्एक फ्रेंचाइजी से 7000 करोड़ रुपए से 10,000 करोड़ रुपए तक मिलने की उम्मीद है। अभी हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई नीलामी की बोली का तकनीकी मूल्यांकन करने के बाद सोमवार को ही सफल बोली लगाने वालों की घोषणा करेगा या नहीं। ऐसी 22 कंपनियां हैं, जिन्होंने 10 लाख रुपए के निविदा (टेंडर) दस्तावेज लिए हैं। नई टीमों के लिए आधार मूल्य 2000 करोड़ रुपए रखा गया है। ऐसे में केवल पांच से छह गंभीर बोली लगाने वालों के होने की उम्मीद है। बीसीसीआई फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाने के लिए तीन कंपनियोंव्यक्तियों के कॉन्सॉर्टियम (समूह) को भी अनुमति दे रहा है। इस नीलामी में बोली लगाने वाले किसी व्यक्ति या कंपनी के मामले में, उस विशेष इकाई का वार्षिक कारोबार न्यूनतम 3,000 करोड़ रुपए होना चाहिए और कॉन्सॉर्टियम के मामले में तीनों संस्थाओं में प्रत्एक का वार्षिक कारोबार 2,500 करोड़ रुपए होना चाहिए। ऐसे में भारत के सबसे अमीर लोगों में शामिल गौतम अडानी और उनके अडानी समूह से अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाने की उम्मीद है। अडानी समूह अगर बोली लगाता है तो उसके नई फ्रेंचाइजी के मालिक बनने की संभावना अधिक होगी।

# बोलोग्ना को हराकर एसी मिलान शीर्ष पर

एपी। मिलान

**ज्लाटन** इब्राहिमोविच और इस्माइल बेनेकर के अंतिम मिनटों में दागे गोल की बदौलत एसी मिलान की टीम सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में बोलोग्ना को 4-2 से हराकर शर्मसार होने से बच गई क्योंकि विरोधी टीम आधे घंटे से अधिक समय तक नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी। मैदान पर अधिक खिलाड़ी होने के बावजूद ऐसा लग रहा था कि मिलान की टीम को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा लेकिन बेनेकर ने 84वें और फिर इब्राहिमोविच ने 90वें मिनट में गोल दागकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले राफेल लियाओ ने 16वें मिनट में मिलान को बढ़त दिलाई जबकि डेविड कैलेब्रिया ने 35वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। बोलोग्ना के गोल का खाता 49वें मिनट में इब्राहिमोविच ने आत्मघाती गोल करके खोला जबकि मुसा बोरो ने 52वें मिनट में स्कोर 2-2 कर दिया। बोलोग्ना की टीम ने 20वें मिनट में ही एक खिलाड़ी गंवा दिया जब डिफेंडर एडामा सुमाओरो को लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया। बोलोग्ना को 58वें मिनट में एक और झटका लगा जब रॉबर्टो सोरियानो को भी लाल कार्ड दिखाया गया और टीम को बाकी बचा मुकाबला नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस जीत से मिलान की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

### एथलेटिक बिलबाओ ने विलारीयाल को हराया

**मैड्रिड (एपी)।** विलारीयाल को स्पेनिश फुटबॉल लीग में शनिवार को एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ।-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चैंपियन्स लीग में यंग ब्वायज के खिलाफ पिछले मैच में 4-। की जीत दर्ज करने वाले विलारीयाल को स्पेनिश लीग में लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है और टीम अंक तालिका में 13वें स्थान पर चल रही है। इस बीच विलारीयाल के गेरार्ड मोरेनो को मांसपेशियों में चोट के कारण पहले हाफ के बीच में ही मुकाबले से हटना पड़ा। डिफेंडर युआन फॉयथ भी मांसपेशियों में समस्या के कारण दूसरे हाफ में हट गए। एथलेटिक के लिए दोनों हाफ में राउल गार्सिया और इकेर मुनियन ने एक-एक गोल किया जिससे टीम 16 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है। वह शीर्ष पर चल रहे रीयाल सोसीदाद से चार अंक पीछे है। एथलेटिक के एलेक्स बेरेनगुएल की 82वें मिनट में पेनल्टी किक को विलारीयाल के गोलकीपर गेरोनिमो रुली ने रोक दिया। विलारीयाल की ओर से एकमात्र गोल फ्रांसिस कोकेलिन ने 32वें मिनट में किया।

### इंग्लिश प्रीमियर लीग में चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी जीते



**लंदन (एपी)।** खिताब के दावेदारों में शामिल चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल मुकाबलों में शनिवार को अपने मुख्य स्ट्राइकरों के बिना खेलते हुए जीत दर्ज की। दोनों टीमों ने कुल मिलाकर 11 गोल दागे।

चेल्सी की टीम अपने चोटिल स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकु और टिमो वर्नर के बिना उतरी लेकिन इसके बावजूद मेसन माउंट की हैट्रिक की बदौलत नॉर्विच को 7-0 से रौंदकर सत्र की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में सफल रही। माउंट के अलावा चेल्सी की ओर से कैलम हडसन ओडोई, रीसी जेम्स और बेन चिलवेल ने भी एक-एक गोल किया। नॉर्विच के मैक्स आरोन्स ने दूसरे हाफ में एक आत्मघाती गोल भी दागा। सिटी की टीम सत्र ब्रेक के दौरान सर्जियो एगुएरो की जगह समान स्तर के खिलाड़ी से अनुबंध करने में नाकाम रही थी और स्टार स्ट्राइकर के बिना खेल रही है लेकिन टीम को ब्राइटन को 4-। से हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। सिटी की ओर से फिल फोडेन ने दो गोल दागे।

### लिली को ब्रेस्ट ने बराबरी पर रोका


**पेरिस (एपी)।** गत चैंपियन लिली को फ्रेंच फुटबॉल लीग में शनिवार को ब्रेस्ट ने।-। से ड्रॉ पर रोका। मैच के दोनों गोल पहले हाफ में हुए। कनाडा के फारवर्ड जोनाथन डेविड ने 18वें मिनट में मेजबान टीम लिली को बढ़त दिलाई जब उन्होंने जोस फोंटे के थ्रो इन को गोल में पहुंचाया। रोमेन फेवरे ने 31वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागकर ब्रेस्ट को बराबरी दिलाई। मौजूदा सत्र में लिली के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और टीम 11 मैचों के बाद शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन से 12 अंक पीछे है। पीएसजी ने अभी एक मैच कम खेला है और टीम रविवार को मार्सेल से भिड़ेगी। लिली की टीम अंक तालिका में नौवें जबकि ब्रेस्ट की टीम 18वें स्थान चल रही है। शनिवार के एक अन्य मैच में नांतेस ने क्लेयरमोंट को 2-। से हराया।

# टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन का गठन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** टेनिस बॉल क्रि केट एसोसिएशन का गठन हुआ। जिसकी मान्यता उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट ने दी। उत्तर प्रदेश ओलिम्पिक एसोसिएशन और मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स से सम्बद्ध टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त है। इसकी जानकारी देते हुए इस एसोसिएशन के चैयरमैन डॉ. एहसान ज़ैदी ने बताया कि हमने इसका गठन लखनऊ में टेनिस बॉल क्रिकेट को बढ़ाने और इससे खिलाड़ियों को जनपदीय, मण्डलीय, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कराने के लिए किया गया है और जल्द ही हम लखनऊ में विद्यालय स्तर पर टेनिस बॉल क्रिकेट की प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे। इसीलिये हमने विभिन्न विद्यालयों के खेल अध्यापको को इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए आमंत्रित किया हैं। इस अवसर पर पीआर पाण्डे,मोंटफोर्ट कॉलेज, सुषमा सिंह,मेहबूब खान,राजेश सिंह,आदिल खान इरम कॉलिज, आशीष सिंह हॉर्नर कॉलेज, कलीम अहमद जयपुरिया स्कूल, रोचक जागरण पब्लिक स्कूल, राकेश दुबे कॉनोसा कॉलेज, आज़म खान, संदीप, वाकिफ़ रासफि ल अकैडमी आदि खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे। एसोसिएशन के सचिव मुशाहिद अल्लाह खां ने मीटिंग में आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



# फैशनेबल ढंग से करें संवाद

**डॉ. सुनीता गुप्ता कोंवर** कहती हैं कि विक्रेता ब्रांड जागरूकता और स्मृति में बने रहने के लिए सर्च एडवरटाइजिंग, ईमेल मार्केटिंग और सर्च इंजन मार्केटिंग जैसे डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।

फैशन मार्केटिंग वो जगह है जहां फैशन और व्यवसाय ब्रांड के मूल दर्शन और उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करने, लक्षित दर्शकों से जुड़ने, बिक्री और राजस्व बढ़ाने के कोशिश में सक्रिय रहते हैं। फैशन उद्यमियों को विपणन संचार प्रवृत्तियों के बारे में पूर्णतया अवगत होना चाहिए और अपने ब्रांड को शीर्ष विकल्प के रूप में ग्राहकों के लिए स्थापित करना चाहिए। अन्य क्षेत्रों के विपरीत, फैशन संचार अभियान अपने लक्ष्यों व उद्देश्यों को उनकी शुरुआत के बाद कम समय में हासिल करने में सक्षम होना चाहिए। इस कारण, शार्ट सर्किल फैशन मार्केटिंग अभियानों की मुख्य विशेषता है।

फैशन उद्योग अत्यधिक गतिशील है, जिसमें रुझान तेजी से विकसित हो रहे हैं। कई नए ब्रांडों के प्रवेश से प्रतिस्पर्धा भी कड़ी है। फैशन उद्योग को पुन: परिभाषित करने वाले कुछ विपणन संचार रुझान यहां दिए जा रहे हैं।

डिजिटल बदलाव की तीव्रता ने फैशन संचार परिदृश्य को पुन: परिभाषित किया है। ब्रांड जागरूकता और स्मृति में बने रहने के लिए मार्केटिंग पेशेवर तेजी से डिजिटल टूल जैसे सर्च विज्ञापन, ईमेल मार्केटिंग, सर्च इंजन मार्केटिंग आदि का लाभ उठा रहे हैं। फिर भी, किसी अन्य चैनल पर मोबाइल उपकरणों से बढ़ते ट्रैफिक के कारण मोबाइल-अनुकूल वेबसाइट, विज्ञापन और लैंडिंग पेज फैशन उद्योग के शीर्ष रुझानों में से एक बन गए हैं।

मोबाइल मार्केटिंग ग्राहकों को चलते-फिरते वैयक्तिक, स्थान और समय के प्रति संवेदनशील जानकारी प्रदान करती है। फिर भी, डिजिटल मंच का उदय किसी भी तरह से पारंपरिक मार्केटिंग के लिए मौत की घंटी नहीं है। जहां डिजिटल मंच जुड़ाव और पहुंच को बढ़ावा देने में मदद करते हैं, वहीं पारंपरिक मीडिया जागरूकता और याद्दाश्त का निर्माण करता है। दोनों माध्यम एक साथ फलेंगे-फूलेंगे क्योंकि फैशन ब्रांड मूर्त परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनी संचार रणनीतियों को बढ़ाते हैं।

कोविड-19 ने डिजिटलीकरण को उत्प्रेरित किया है, जिससे फैशन शो के डिजिटल होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। डिजाइनर नए कलेक्शन को प्रदर्शित करने के लिए कंप्यूटर एडेड मॉडल का उपयोग करने के लिए तकनीकी कंपनियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इन आयोजनों की मुख्य विशेषता संवर्धित वास्तविकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नवीन तकनीकों का उपयोग करना है ताकि क्यूरेटेड अनुभव प्रदान किए जा सकें। उदाहरण के लिए, द फैब्रिक ऑफ रियलिटी ने प्रदर्शनी हॉल की ओर एक फ्यूचरिस्टिक संग्रहालय में नीचे जाने वाले मेहमानों को बैंगनी कालीन का तजुर्बा कराया।

> ई-कॉमर्स की पैठ, उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रसार और सोशल मीडिया की बढ़ती खपत ने विपणक को मौजूदा प्लेटफार्मों को अधिक प्रभावी ढंग से मुद्रीकृत करने और उनसे अपने आरओआई को अधिकतम करने के लिए अपनी मार्केटिंग संचार रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया है।

फैशन, संगीत और ग्राफिक्स के मिश्रण समेत, शो का हॉलमार्क 360-डिग्री का जबरदस्त अनुभव था। इसने एनिमेटेड वीडियो बनाने के लिए डिजिटल विशेषज्ञों और डिजाइनरों के बीच सहयोग की शक्ति का भी लाभ उठाया।

दक्षता बढ़ाने, सस्ती लागत सुनिश्चित करने और फैशन संचार अभियानों पर निवेश करने पर लाभ (आरओआई) को अधिकतम करने के लिए प्रौद्योगिकी भी रामबाण के रूप में उभरी है। एआई जैसी प्रौद्योगिकियां विपणक को अपने लक्षित दर्शकों के व्यवहार और खरीद पैटर्न की समझ हासिल करने , उन्हें विभाजित करने और तदनुसार अपनी रणनीति बनाने में में मदद करती हैं।

सामाजिक खरीदारी अपेक्षाकृत नए फैशन मार्केटिंग रुझानों में से एक है। फैशन ब्रांड अपने सोशल मीडिया हैंडल को अपनी वेबसाइटों से जोड़ रहे हैं ताकि दर्शक एक क्लिक पर कभी भी और कहीं भी खरीदारी कर सकें।

फैशन ब्लॉगर/ व्लॉगर्स नए बाजारों तक पहुँचने, अग्रणी पीढ़ी तक अपनी पहुंच बढ़ाने और व्यवसायों के लिए बिक्री बढ़ाने में मदद करते हैं।

लाइव स्ट्रीमिंग एक और निरंतर विकासशील तरीका है। लाइव स्ट्रीमिंग वीडियो फैशन ब्रांडों को उसी समय में अपने उपकरणों से घटनाओं को देखने में नेटिजन्स को सक्षम बनाकर अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद करते हैं। फैशन संचार रणनीति को तीसरे पक्ष के खिलाड़ियों पर निर्भर होने के बजाय अपने आधिकारिक लाइवस्ट्रीम चैनल स्थापित करने के लिए तैयार किया जाना चाहिए, यूट्यूब के अलावा, इंस्टाग्राम लाइव, फेसबुक लाइव, वीमियो लाइवस्ट्रीम, स्ट्रीमशार्क और यूस्ट्रीम शानदार लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हैं।

ई-कॉमर्स की पैठ, उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रसार और सोशल मीडिया की बढ़ती खपत ने विपणक को मौजूदा प्लेटफार्मों को अधिक प्रभावी ढंग से मुद्रीकृत करने और उनसे अपने आरओआई को अधिकतम करने के लिए अपनी मार्केटिंग संचार रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया है। फिर भी, सशक्त कहानी कहने और भावनाओं के साथ शानदार सामग्री सफल मार्केटिंग अभियानों का प्रमुख घटक बनी रहेगी।

**लेखक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफआर्ट एंड डिजाइन में फैशन बिजनेस मैनेजमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर व कोर्स लीडर हैं।**

# डिजिटल भूमिकाओं के लिए तैयार करें इंजीनियरों को

**नारायण महादेवन का कहना है कि देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना समय की मांग है।**



नारायण महादेवन
फाउंडर, ब्रिजलैब्ज

ऑक्सफोर्ड लैंग्वेज डिक्शनरी के अनुसार, इंजीनियर शब्द का अर्थ उस व्यक्ति से है जो इंजन, मशीनों या संरचनाओं का डिजाइन, निर्माण या रखरखाव करता है। इसी तरह, इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वह शाखा है जो इंजन, उपकरणों और सुविधाओं के डिजाइन, निर्माण और उपयोग से संबंधित है। इस शब्द की उत्पत्ति संरचनात्मक या भवन चमत्कारों से जुड़े लोगों के बारे में बताने, उन्हें परिभाषित करने के लिए हुई थी। हालांकि, समय के साथ, इंजीनियर की परिभाषा का विस्तार हुआ है।

आज, हमारे पास इंजीनियरिंग के कई क्षेत्र हैं – सिविल से लेकर मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सॉफ्टवेयर तक। हर क्षेत्र में तीव्र डिजिटलीकरण होने से, प्रत्येक इंजीनियरिंग क्षेत्र से भविष्य के इंजीनियरों को डिजिटल भूमिकाओं के लिए तैयार करना महत्वपूर्ण है। भारत में, इंजीनियरिंग कोर्स सिद्धांतों, रटंत शिक्षण और उच्च अंक प्राप्त करने तक सीमित हैं, जिनमें से कोई भी नौकरी पाने में फायदेमंद नहीं है बल्कि उन्होंने इंजीनियरिंग स्नातकों की नौकरी की संभावनाओं को सीमित ही कर दिया है।

पूरे भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों में अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना समय की मांग है। कंपनियां आजकल ऐसे कर्मचारियों की तलाश करती हैं जो अपनी भूमिकाओं के साथ नवीन और प्रयोगधर्मी हों। व्यावहारिक ज्ञान की कमी के कारण, भारत में इंजीनियर उपलब्ध जॉब प्रोफाइल के लिए उपयुक्त नहीं हैं। यह उन कारणों में से एक है कि इतनी बड़ी संख्या में इंजीनियरों को पैदा करने के बावजूद भारत ने तकनीकी नवाचार का नेतृत्व करने में पीछे है क्योंकि यहां प्रयोगात्मक होने को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है, यहां नए विचारों को इंजीनियरिंग संस्थानों में बढ़ने में अवसर नहीं दिया जाता है।

पाठ्यक्रम को बदलने के अलावा, भारतीय इंजीनियरों को भावी तकनीकों के लिए तैयार करने हेतु उन्हें कौशल प्रदान करना और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इंजीनियरिंग संस्थानों को अपने प्रशिक्षण- आधार को परियोजना-आधारित शिक्षा में स्थानांतरित करके समस्या-समाधान व महत्वपूर्ण चिंतन-कौशल को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। भविष्य के भारतीय इंजीनियरों को तकनीक-प्रेमी बनाने के लिए कुछ अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं।

**बूट कैम्प**

ज्यादातर इंजीनियर अपने कॉलेज के दौरान बूट कैंप के लिए जाते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण है जिनमें अक्सर इंजीनियरिंग स्नातकों को डिग्री के दौरान बूट कैंप और इंटर्नशिप में अधिक सीखने के अवसर मिलते हैं। यही कारण है कि कुछ कंपनियां ऐसे सीवी पसंद करती हैं जिनके पास बूट कैंप का अनुभव है क्योंकि इसका मतलब बेहतर कौशल है। इसलिए, इंजीनियरों के लिए अधिक बूट कैम्प को प्रोत्साहित करना एक और विकल्प है।

**आईटी लैब**

जब प्रतिभा के निर्माण और पोषण की बात आती है, तो यह केवल इंजीनियरिंग संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं होती है। कंपनियों को ऐसे अवसरों के साथ आगे आने की जरूरत है जहां छात्र शुरू से अंत तक अनुप्रयोगों के निर्माण की प्रक्रिया सीख सकें। यह उन्हें तकनीक-आधारित उत्पाद बनाने की यात्रा के अन्य हिस्सों के साथ-साथ एक विचार के साथ उभरने, इसे डिजाइन करने और परियोजना प्रबंधन की प्रक्रिया से अवगत कराएगा। इसलिए, युवा इंजीनियरों को आईटी प्रयोगशालाओं में ले जाना उन्हें बेहतर कार्यबल बनाने का एक तरीका है।

कल के इंजीनियरों के लिए, समूची शिक्षा और प्रशिक्षण प्रक्रिया के भीतर से बदलाव आना होगा। संक्षेप में, जिस तरह से इंजीनियरिंग और इंजीनियर अन्य क्षेत्रों में शामिल हो गए हैं, इन क्षेत्रों के बेहतर भविष्य के लिए तकनीकी प्रगति को शामिल करना महत्वपूर्ण है। भारत ने गूगल और फेसबुक जैसे तकनीक दिग्गजों को सीईओ दिए हैं। अब समय आ गया है कि हम उस स्तर के इंजीनियरिंग उत्पाद बनाना शुरू करें जो दुनिया भर के बाजारों की जरूरतों को पूरा करते हों।

# डिजिटल रूप से समृद्ध होने का समय

**डिजिटल पाठ्यक्रम के उपयोग ने अगले कुछ वर्षों में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, लघु ऋण और वाणिज्य जैसे विभिन्न वर्गों में आमूलचूल बदलाव की उम्मीदें बढ़ा दी हैं**



हमने हाल ही में भारत में इंटरनेट सेवाओं के शुभारंभ की 26वीं वर्षगांठ मनाई है। पिछले 26 वर्षों में, हमारे देश ने अनेक डिजिटल प्रौद्योगिकी आयामों को छुआ है। इंडियास्टैक उनमें से एक है, जो समग्र डिजिटल विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह देश को एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा प्रदान करने हेतु अनेक डिजिटल प्रौद्योगिकी परियोजनाओं का एक संयोजन है। आज भी इसने देश की कई जटिल समस्याओं का समाधान किया है। इंडियास्टैक का मंत्र है कागज रहित, गैर-उपस्थिति, गैर-मुद्रा सेवा और लेनदेन प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना।

स्टैक सूचना प्रौद्योगिकी में एक आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है, जिसमें सॉफ्टवेयर, वेब ऐप या मोबाइल ऐप बनाने वाली संगत प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। स्टैक के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम, सर्वर, प्रोग्रामिंग भाषा, डेटाबेस और अन्य संबंधित तकनीकी पहलुओं का सुसंगत होना आवश्यक है। भारत सरकार ने इंडियास्टैक को पहचान, सत्यापन और भुगतान सहित विभिन्न सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करते हुए पूरे देश के लिए विकसित किया है। वर्तमान में उपलब्ध बुनियादी सेवाएं हैं आधार प्रमाणीकरण, आधार ई-केवाईसी, इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर, डिजिलॉकर, यूपीआई और डिजिटल सहमति (वर्तमान में विकास के अधीन)। इसकी सेवाओं ने हमारे देश को फिनटेक में अग्रणी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है। यह लॉन्च किया जाने वाला एकमात्र स्टैक है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है, और जिसमें शासन, प्रौद्योगिकी और नियामकों का उचित संयोजन है। साल 2009 में दो संस्थानों – भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई)- की स्थापना के साथ फिनटेक अस्तित्व में आया। 2012 में, यूआईडीएआई ने ई-केवाईसी को सक्षम करके व्यवसायियों के लिए उपभोक्ता सत्यापन की सुविधा प्रदान की। 2015 में, सीसीआई ने आधार धारकों के लिए डिजिटल हस्ताक्षर की सुविधा के लिए एक ई-साइन एपीआई की शुरुआत की। एनपीसीआई द्वारा 2016 में डिजिटल सार्वजनिक भुगतान प्रणाली यूपीआई की शुरुआत एक क्रांतिकारी कदम साबित हुई। उसी वर्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक संगठन, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (छमळक) ने भी आम जनता को डिजिलॉकर सेवाएं प्रदान करके दस्तावेजों व प्रमाणपत्रों का डिजिटल सत्यापन सुनिश्चित किया। इस विकास की मेहरबानी है कि अब भौतिक दस्तावेजों को ले जाना अनावश्यक हो गया है। ये सभी सेवाएं भारत सरकार की इंडियास्टैक योजना का हिस्सा हैं। इसमें शामिल सेवाओं के कारण योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचा। किसान, वरिष्ठ नागरिक, या बीपीएल परिवार, सभी को 100 फीसदी भत्ता, पेंशन और अन्य लाभ सीधे उनके खातों में मिलते हैं। अब दूर-दराज के इलाकों के लोग यूपीआई एप की मदद से अपने मोबाइल फोन से वित्तीय लेनदेन कर सकते हैं।

**– प्रभात सिन्हा, आईटी विशेषज्ञ और इनोवेट एंड सीज योर सक्सेस के अमेजॅन बेस्टसेलर लेखक हैं।**

# सभी के लिए शिक्षा

**आंचल जैन** का कहना है कि एलजीबीटीक्यूआईए प्लस युवाओं को मान्यता और समर्थन देने वाली नीतियों और प्रथाओं की कमी और मौजूदा सुरक्षा उपायों को लागू करने में विफलता उन्हें शारीरिक व मनोवैज्ञानिक जोखिम में डालती है, जिससे उनकी शिक्षा में उन्नति प्राप्त करने की क्षमता सीमित हो जाती है



आज के समय में, स्कूल समानता को प्राथमिकता दे रहे हैं और एक ऐसा वातावरण प्रदान करने पर काम कर रहे हैं जहां सभी बच्चे सीख सकें, आगे बढ़ सकें और सफल हो सकें। यह सुनिश्चित करने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण या अभिन्न हो सकती है कि एलजीबीटीक्यूआईए प्लस. छात्रों को उनके लिए समर्थन और वकालत करके एक सुरक्षित वातावरण में बढ़ने और सीखने का समान अवसर मिले। शोध के आधार पर, एलजीबीटीक्यूआईए प्लस के लगभग 96 प्रतिशत छात्रों का मानना है कि उनके शैक्षणिक संस्थान में कम से कम एक वयस्क समर्थन, समझ और आश्वासन देता है।

एलजीबीटीक्यूआईए प्लस युवाओं को मान्यता व समर्थन देने वाली नीतियों व प्रथाओं की कमी और मौजूदा सुरक्षा उपायों को लागू करने में विफलता का मतलब है कि इन छात्रों को अपने बड़े होने के सबसे प्रभावशाली वर्षों के दौरान बदमाशी, बहिष्करण और भेदभाव का लगातार सामना करना पड़ेगा। यह उन्हें शारीरिक और मनोवैज्ञानिक जोखिम में डालता है जिससे उनकी शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। इसलिए, समावेशी स्कूलों के महत्व के बारे में दिशानिर्देशों को उजागर करना महत्वपूर्ण है जो एलजीबीटीक्यूआईए प्लस. समुदाय के अधिकारों का समर्थन करते हैं।

**समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम विकसित करना**


इतिहास और घटनाओं में लेस्बियन, गे , उभयलिंगी, ट्रांसजेंडर, क्वीर / क्वेश्चनिंग, इंटरसेक्स, एजेंडर/ एरोमेंटिक / ́असेक्सुअल व्यक्तियों के प्रति पूर्वाग्रह को खत्म करने और सकारात्मक प्रतिनिधित्व करने वाले पाठ विकसित करके एक तरह से शिक्षक एक सकारात्मक क्लासरूम वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। यूनिसेक्स या लिंग-तटस्थ या जेंडर न्यूट्रल नामों की एक और विशेषता हो सकती है! कक्षा में क्वीर वैज्ञानिकों, ऐतिहासिक शख्सियतों या गणितज्ञों के बारे में बातचीत को सामान्य बनाएं। उस बातचीत को समावेशी पाठ्यक्रम वाले स्कूलों में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्र प्रतिकूल स्कूली अनुभवों से जोड़ सकते हैं और स्कूल समुदाय से संबंधित होने की अपनी भावना को मजबूत कर सकते हैं।

**भावनात्मक भलाई पर ध्यान दें**

स्कूल सुरक्षात्मक कारकों को विकसित करने और समझने तथा एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों पर उनके प्रभाव संबंधी प्रयासों को अक्सर संस्थागत चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। स्कूल नेटवर्किंग, सहायक शिक्षकों, दबंग-रोधी रणनीतियों जैसे सुरक्षात्मक कारकों की भूमिका पर प्रारंभिक शोध ने एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के आशाजनक तरीके दिखाए हैं।

**सकारात्मक वातावरण विकसित करें**

सहायक शिक्षक एलजीबीटीक्यूआईए प्लस बच्चों के लिए एक जीवन-रेखा हैं, और स्कूल अक्सर एकमात्र ऐसा स्थान होता है जहां वे ऐसे साथियों और वयस्कों से जुड़ सकते हैं जो अस्वीकृति को घटा सकते हैं और स्वीकृति प्रदान कर सकते हैं। जैसा कि जॉन डेवी ने बताया है, “ स्कूल हमारे समाज का प्रतिबिंब हैं” यह महत्वपूर्ण है कि स्कूल एक सुरक्षित और सहायक शिक्षण का माहौल बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाएं। यह सरल तरीकों से किया जा सकता है जैसे गलियारों में “सुरक्षित स्थान” संकेत या इंद्रधनुष के झंडे लगाना। स्कूल स्कूल असेंबली में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में बात कर सकते हैं, पुस्तकालय आदि में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस प्रतिनिधित्व के साथ किताबें प्रदर्शित कर सकते हैं। समय के साथ, ये छोटी चीजें दूसरों के दृष्टिकोण में बदलाव लाने में मदद करेंगी।



आंचल जैन
पर्सनल केयर क्वाडीनेटर,
आदित्य बिरला वर्ल्ड एकेडमी

**जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करें**

जब यौन रूझान और लिंग पहचान के बारे में छात्रों को पढ़ाने और एलजीबीटीक्यूआईए प्लस व्यक्तियों और परिवारों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात आती है, तो इसकी शुरूआत के लिए यौन शिक्षा एक सामान्य क्षेत्र है। फिलहाल, यौन शिक्षा कार्यक्रमों में शायद ही कभी, यौन रुझान और लिंग पहचान शामिल होते हैं, और जब वे ऐसा करते हैं, तो सामग्री अक्सर भ्रामक और बेहद नकारात्मक होती है। इसलिए, इस स्थान को एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समावेशी यौन शिक्षा को लागू करने के लिए समस्त हितधारकों की ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है। इस पर काम करते समय हमें कानूनी पहलुओं पर भी गौर करने की आवश्यकता हो सकती है।

**छात्र सहायता समूहों को प्रोत्साहन दें**

एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों के लिए प्राइड क्लब और इसी तरह के अन्य छात्र समूह, विशेष रूप से मददगार वयस्कों के साथ छात्रों को जोड़ने का अत्यावश्यक मंच हैं। लगातार मिलते साक्ष्यों से पता चलता है कि कैंपस में गे-स्ट्रेट एलायंस (जीएसए) होने से छात्र के स्वास्थ्य, कल्याण और शैक्षणिक उपलब्धि पर एक लंबा और स्वस्थ प्रभाव पड़ता है। छात्र-नेतृत्व वाले जीएसए, एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्र-उत्पीड़न से निपटने में स्कूलों की सहायता कर सकते हैं, विविधता संबंधी संवाद को बढ़ावा दे सकते हैं और स्कूल में क्वीर और ट्रांस युवाओं के लिए एक संपन्न सुरक्षित स्थान-निर्माण को स्वीकृति दे सकते हैं।

**कर्मचारियों और शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करें**

स्कूलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके कर्मचारी एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों को प्रभावित करने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने हेतु प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए सांस्कृतिक कौशल प्रशिक्षण व सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे शिक्षण-अवसरों को लागू करने की क्षमता में प्रतिस्पर्धी और आश्वस्त हैं। स्कूलों को बदमाशी, भेदभाव और बहिष्करण से संबंधित अपनी उन नीतियों की भी जांच करनी चाहिए, जो कर्मचारियों के लिए सभी प्रकार के दुर्व्यवहार का जवाब देने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती हैं। स्कूलों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि व्यावसायिक प्रशिक्षण में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस विविध और अतिव्यापी पहचान वाले छात्र शामिल हों, क्योंकि यह वास्तव में फर्क डालने में मदद कर सकता है!